अधिकतम 18 डिग्री से.
न्यूनतम 09 डिग्री से.
सूर्योदय 7.20
सूर्यास्त 5.31
सोना 24 कैरेट: 1,36,350.00
चांदी (प्रति किलो) : 2,40,000
सेंसेक्स : 84,692.15
अमेरिका : 89.73
कैनेडियन : 65.62
आस्ट्रेलिया : 60.20



दैनिक खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

# अर्थ प्रकाश

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




**बातों बातों में मन की बात**

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

जिस व्यक्ति के पास सबसे कम शिकायतें हैं, वही सबसे सुखी है।


वर्ष 41 | चंडीगढ़, वीरवार, 01 जनवरी, 2026 | पौष शुक्ल पक्षः द्वादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 01 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 16




सम्पादकीय

## नए संकल्पों का सवेरा है, नूतन नववर्ष

धरा सूर्यदेव की परिक्रमा का एक ओर चक्र पूरा कर चुकी है। साल 2025 अब इतिहास हो गया है और हमारे सामने साल 2026 का नूतन सवेरा है। प्रति वर्ष यही प्रक्रिया होती है और हम एक नए कालखंड में प्रवेश कर जाते हैं। यह अवसर हमें बतौर व्यक्ति, समाज, राज्य, देश एवं विश्व नूतन को अंगीकार करने और जीवन के सभी पक्षों को शांति, खुशहाली से जीने की प्रेरणा देता है। आज हमेशा कल की नींव पर टिका होता है, आज का सवेरा कल के सायंकाल से हुआ है। ऐसे में कल की भूमिका को कभी कमतर करके नहीं आंका जा सकता। नूतन नववर्ष उस नवजात की भांति है, जिसने अभी-अभी अपनी नन्हीं आंखों को खोला है और पूरी दुनिया उसके समक्ष है। नूतन वर्ष में क्या होगा, किस तरह के हालात राज्य, देश और दुनिया में बनेंगे, यह कोई नहीं जानता। हालांकि सभी इसकी आकांक्षा में करबद्ध हैं कि यह वर्ष हमारे लिए मंगलकारी हो और कोई भी अनिष्ट न हो। स्थानीय से लेकर वैश्विक फलक तक उन सभी समस्याओं का निराकरण हो जोकि मानवता के समक्ष चुनौती बन कर खड़ी हैं।

**नया साल हमें यह विचारने का अवसर प्रदान कर रहा है कि साल 2047 तक देश भारत का स्वरूप कैसा होगा। इस समय देश का राजनीतिक नेतृत्व प्रखरता से देश को गतिमान करने में जुटा है। बीते वर्षों की तुलना में देश ने आर्थिक मोर्चे पर बड़ी कामयाबी हासिल की है। भारत अब दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और उसने जापान को पीछे छोड़ा है। संभव है, वह दिन भी दूर न रहे जब देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए। बीते साल में हरियाणा, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश ने तरक्की के नए सोपान हासिल किए हैं। हरियाणा, पंजाब में विभिन्न क्षेत्रों में अपार कार्य हुए हैं। दोनों राज्यों में सशक्त और प्रगतिशील सरकारों का स्वरूप सामने आया है। हरियाणा अब जनकल्याण के अनुसंधान का केंद्र है और यहां जो योजनाएं लागू की गई हैं।**

बीते साल में राज्य, देश एवं विश्व में ऐसी घटनाओं की कमी नहीं रही, जिन्होंने समाज में विचलन पैदा किया। इन सबके बावजूद आजादी के अमृत काल में भारत का स्वरूप निरंतर निखर रहा है, उसका आज जितना ठोस और सुदृढ़ हो रहा है, उसका कल उतना ही प्रखर बन रहा है। नववर्ष किसी व्यक्ति, समाज, देश के जीवन में नए संदर्भों और लक्ष्यों का प्रतीक होता है। नया साल महज तारीख का बदलाव भी हो सकता है और जीवन में नई ऊंचाइयां हासिल करने का एक मील का पत्थर भी। इसलिए यह कहा जाता है कि नववर्ष के लिए हमारे संकल्प और लक्ष्य निर्धारित हों और हम उनको हासिल करने के लिए आगे बढ़ें। निश्चित रूप से साल 2026 देश के लिए अनेक संदर्भों में विशेष होने जा रहा है। साल 2025 भी भारत के लिए एक निर्णायक वर्ष रहा। इसी वर्ष वैश्विक स्तर पर भारत का नाम रोशन हुआ। यह देश के लिए बहुत गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक पटल पर देश का मान ऐसे बढ़ाया कि भारत अब विश्व में भाईचारे और समन्वय का संचार केंद्र बन गया है। उसकी आवाज को सुना जाता है और समझा जाता है। बीते वर्ष जब पहलगाम में आतंकी हमला हुआ तो देश ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान के अंदर घुसकर वह सबक सिखाया, जिसे पाक की मौजूदा और आने वाली पीढ़ियां कभी नहीं भुला सकेंगी। यह 140 करोड़ देशवासियों के स्वाभिमान और साहस का मूर्त रूप था कि कायर पाकिस्तान को भारत के समक्ष एक बार फिर गिड़गिड़ाना पड़ा और क्षमा दान की मांग करनी पड़ी। इसी बीते वर्ष देश ने अमेरिका समान विश्व के स्वयंभू चौधरी को भी उसकी स्थिति का भान कराया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत की अर्थव्यवस्था को मृत बताया और टैरिफ के जोर पर भारत को झुकने को कहा लेकिन हमने अमेरिका की आंख में आंख डालकर इसका बखूबी अहसास कराया कि भारत के प्रति अपनी धारणाओं को बदल लेने में ही भलाई है। भारत ने बताया कि दुनिया को हमारी न्यायपूर्ण सोच एवं वैश्विक समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सम्मान करते हुए हमारे साथ कदमताल करनी होगी।

नया साल हमें यह विचारने का अवसर प्रदान कर रहा है कि साल 2047 तक देश भारत का स्वरूप कैसा होगा। इस समय देश का राजनीतिक नेतृत्व प्रखरता से देश को गतिमान करने में जुटा है। बीते वर्षों की तुलना में देश ने आर्थिक मोर्चे पर बड़ी कामयाबी हासिल की है। भारत अब दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और उसने जापान को पीछे छोड़ा है। संभव है, वह दिन भी दूर न रहे जब देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए। बीते साल में हरियाणा, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश ने तरक्की के नए सोपान हासिल किए हैं। हरियाणा, पंजाब में विभिन्न क्षेत्रों में अपार कार्य हुए हैं। दोनों राज्यों में सशक्त और प्रगतिशील सरकारों का स्वरूप सामने आया है। हरियाणा अब जनकल्याण के अनुसंधान का केंद्र है और यहां जो योजनाएं लागू की गई हैं, उन्होंने न केवल जनता के जीवन को सुगम बनाया है, अपितु उसे पूरी तरह से बदल दिया है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां नायब सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं अपितु दूसरे राज्य यहां के प्रशासनिक मॉडल का अनुसरण कर रहे हैं। इसी तरह से पंजाब में राज्य सरकार मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रही है और जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रही है।

वास्तव में देश एवं राज्यों का नववर्ष का संकल्प यही होना चाहिए कि हमें प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को श्रेष्ठ बनाना है। देश से उन समस्याओं, तकलीफों को खत्म करना है, जोकि उसके रास्ते की अड़चन बनी हुई हैं, वहीं राज्यों को अपने आंतरिक व्यवधानों को खत्म करना होगा। नया साल प्रत्येक देशवासी के जीवन में नई ऊर्जा, विचार और संकल्प लेकर आए, उन्हें पूरा करने का सामर्थ्य मिले। ईश्वर से प्रार्थना है कि नववर्ष सभी के लिए मंगलमय हो। -हार्दिक शुभकामनाएं!

# योग्यता की परीक्षा या नीति की विफलता? हरियाणा में शिक्षक चयन कटघरे में?

**दैनिक अर्थ प्रकाश**



संघ लोक सेवा आयोग की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से अपनी जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुपात से कहीं अधिक योग्य अधिकारी देने वाला हरियाणा आज आदर्श और बेहतर शिक्षक देने में क्यों पिछड़ रहा है। क्या इस मामले में प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं, शैक्षणिक वातावरण, गुरुजनों या फिर हरियाणा लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया को दोषी माना जाए। एक बात तो जरूर है जब हरियाणा के बच्चे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में झंडे गाढ़ रहे हैं तो एचपीएससी की परीक्षाओं मे सफल न हो पाना बहुत ही विचारणीय विषय है। इस लेख में यही इंगित किया गया है कि सूटेबल शिक्षक सिलेक्ट करने में एचपीएससी की नियत में खोट तो नहीं है।जब बात शिक्षकों की नियुक्ति की आती है, तो यही प्रदेश एक असहज सवाल के सामने खड़ा है।



हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा लागू की गई नई भर्ती प्रक्रिया और विशेष रूप से सब्जेक्टिव नॉलेज टेस्ट में अनिवार्य 35 प्रतिशत अंकों की शर्त इस बहस के केंद्र में है। यह शर्त गुणवत्ता की कसौटी के नाम पर लागू की गई, लेकिन इसका परिणाम यह निकला कि हजारों पद खाली रह गए और बड़ी संख्या में योग्य उम्मीदवार चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए। सबसे मुख्य बात यह है कि इस भर्ती प्रक्रिया ने आरक्षण नीति को पूरी तरह खत्म करने का प्रयास किया गया है। इसके साथ-साथ जो भी अभ्यर्थी योग्य पाए गए हैं, उनमें अधिकतर अभ्यर्थी दूसरे राज्यों से हैं।

कॉलेज स्तर पर असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती ने हालात को और चिंताजनक बना दिया है। कुल 1010 पदों के लिए, नियमानुसार लगभग 2020 उम्मीदवारों को अगले चरण के लिए योग्य ठहराया जाना था, लेकिन वास्तव में केवल 502 अभ्यर्थी ही सफल घोषित किए गए। अंग्रेज़ी विषय में 613 पदों के सामने मात्र 151 चयन, अर्थशास्त्र में 43 में 24 और डिफेंस स्टडीज़ में 23 में सिर्फ 7 अभ्यर्थियों का चयन यह दर्शाता है कि विश्वविद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था किस संकट की ओर बढ़ रही है।

आरक्षित वर्गों की स्थिति यहाँ और भी खराब दिखाई देती है। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में बीसी-बी वर्ग के 130 संभावित चयन के मुकाबले केवल 46, बीसी-ए के 298 में से सिर्फ 47, अनुसूचित जाति के 192 में से मात्र 23 और ईडब्ल्यूएस के 196 में से केवल 44 उम्मीदवार ही योग्य ठहराए गए। यह आँकड़े इस बात की ओर इशारा करते हैं कि यह नीति न केवल पदों को खाली छोड़ रही है, बल्कि सामाजिक संतुलन को भी बिगाड़ रही है।

पीजीटीऔर आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर की भर्ती के आँकड़े इस स्थिति को और भी साफ़ तौर पर उजागर करते हैं। इनमें कुल 3382 पदों के मुकाबले केवल 2129 अभ्यर्थी ही चयनित हो सके। यानी हर तीसरा पद खाली रह गया। गणित जैसे मुख्य विषय में 414 पदों के सामने 345 ही भरे जा सके, जबकि फिजिक्स में स्थिति और भी खराब रही–410 पदों में से मात्र 100 चयनित हुए। मेवात क्षेत्र में गणित के 42 पदों में से केवल 1 और फिजिक्स के 59 पदों में से सिर्फ 2 अभ्यर्थियों का चयन होना बताता है कि यह नीति पिछड़े क्षेत्रों के लिए कितनी घातक साबित हो रही है।

भाषा और मानविकी विषयों में भी तस्वीर उत्साहजनक नहीं है। संस्कृत के 69 पदों में 43, पंजाबी के 50 में 39 और उर्दू के 4 पदों में केवल 2 ही भर पाए। राजनीति विज्ञान में 283 पदों के मुकाबले 192 चयन हुए, जबकि मेवात में यही संख्या 59 में से सिर्फ 2 रही। शारीरिक शिक्षा, फाइन आर्ट्स और इतिहास जैसे विषयों में भी दर्जनों पद खाली रह गए, जिससे स्कूलों में पढ़ाई की निरंतरता पर सीधा असर पड़ना तय है।

सबसे गंभीर असर आरक्षित वर्गों पर पड़ा है। क्नञ्ज और, स्ह्व भर्ती में जहाँ अनारक्षित वर्ग के 1852 पदों में से 1458 भरे गए, वहीं बीसी-ए वर्ग में 345 में से केवल 125, बीसी-बी में 177 में से 69, अनुसूचित जाति में 674 में से 324 और ईडब्ल्यूएस में 334 में से सिर्फ 164 अभ्यर्थी ही चयनित हो सके। यह साफ़ दर्शाता है कि 35 प्रतिशत की अनिवार्यता सामाजिक प्रतिनिधित्व की भावना को कमजोर कर रही है।

जब पीएचडी, यूजीसी-नेट और वर्षों का अध्यापन अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी बड़ी संख्या में असफल घोषित किए जा रहे हों, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि परीक्षा वास्तव में योग्यता परख रही है या फिर नीति खुद अव्यावहारिक बन चुकी है। गुणवत्ता के नाम पर यदि कक्षाएँ खाली रह जाएँ और छात्रों को शिक्षक ही न मिलें, तो ऐसी चयन प्रक्रिया पर पुनर्विचार ज़रूरी हो जाता है। अभी हाल ही में हरियाणा सरकार ने एसीएस पदों की चयन प्रक्रिया में दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 45 प्रतिशत कट ऑफ क्राइटेरिया को हटाकर 35 प्रतिशत कर दिया है।

हरियाणा लोक सेवा आयोग की 'नॉट फाउंड सूटेबल' नीति को लेकर को लेकर अभ्यर्थियों ने पंचकूला में अनिश्चितकाल का धरना शुरू कर दिया है। इसके साथ-साथ उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का भी रुख किया है। इन अभ्यर्थियों की मांग है कि असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्तियों में 35 प्रतिशत का क्राइटेरिया खत्म किया जाए और कुल पदों के दोगुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाकर सभी पदों को भरा जाए। इसी प्रकार से आरक्षित वर्ग के मामलों में भी सभी पदों को भर जाए। आरक्षित पदों को खाली छोड़ना तो संवैधानिक नियमों का सरेआम उल्लंघन है।

हरियाणा सरकार को अब यह तय करना होगा कि प्रदेश सिर्फ राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में ही योग्य अधिकारी देने में सक्षम है या फिर शिक्षा और बौद्धिक नेतृत्व में भी अपनी पहचान मजबूत करना चाहता है। जो हरियाणा देश को जवान, किसान और पहलवान देता है, वही अगर शिक्षकों के मामले में पीछे छूटने लगे, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के साथ अन्याय होगा।

**–सतीश मेहरा**

### अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

#### दिल्ली नगर निगम चुनावों की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** आज दिल्ली नगर निगम के चुनावों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। चुनाव सभी 134 वार्डों के लिए कराया जाएगा। अनुसूचित जातियों के लिए 25 सीटें आरक्षित रखी गई है जबकि जनरल सीटों में से 36 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। चुनावों की तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। गौरतलब है कि नगर निगम के चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर लगाईगई रोक दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति वार्ड के सब्रवाल ने कल हटाई थी। न्यायमूर्ति सब्रवाल की अवकाश कालीन खण्डपीठ ने रोक हटाने का यह आदेश नगर निगम के आयुक्त की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामफल बंसल की बहस सुनने के बाद दिया।

#### बेअंत का तीन विधायकों को नए साल का तोहफा

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह ने आज कुछ विधायकों को मुख्य संसदीय सचिव तथा संसदीय सचिव के पद की शपथ दिलाकर उन्हें नये साल का तोहफा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिजर्व सीट फिल्लौर से निर्वाचित विधायक संतोख सिंह को मुख्य संसदीय सचिव तथा मोगा की विधायिका श्रीमती मल्ली थापर व मलेरकोटला के विधायक अब्दुल गफार को संसदीय सचिव बनाया गया है। इन सभी को आज मुख्यमंत्री बेअंत सिंह ने अपने कार्यालय में पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इसके साथ ही अब बेअंत मंत्रिमंडल की संख्या मुख्यमंत्री सहित 28 हो गई है।

#### कस्बे के अंदर चालान न करने की मांग

मनीमाजरा। कस्बे के युवा कांग्रेस प्रधान रमेश्वर गिरी ने प्रशासन से मांग की है कि कस्बे की गलियों व बाजारों के अन्दर बिना हैलमेट के वाहन चलाने पर चालान न काटे जाए।

### ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1664- | छत्रपति शिवाजी ने सूरत अभियान शुरू किया। | 1992- | भारत और पाकिस्तान ने पहली बार अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूचियों की अदला-बदली की। |
| 1862- | 'भारतीय दंड संहिता' लागू किया गया। | 1993- | चेकोस्लोवाकिया का दो स्वतंत्र गणराज्यों- चेक एवं स्लोवाक के रूप में विभाजन। |
| 1877- | इंग्लैण्ड की महारानी विक्टोरिया भारत की साम्राज्ञी बनी। | 1994- | 'उत्तरी अफ्रीका मुक्त व्यापार समझौता' (नाफ्टा) व्यापारिक बना। |
| 1915- | महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिये वायसरॉय ने 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया। | 1995- | विश्व व्यापार संगठन अस्तित्व में आया। |
| 1941- | भारतीय हिन्दी फ़िल्मों के ख्याति प्राप्त हास्य अभिनेता असरानी का जन्म। | 1996- | सिंगापुर एशिया में जापान के बाद दूसरा विकसित देश बना। |
| 1949- | कश्मीर में युद्धविराम की घोषणा हुई। | 1997- | भारत-बांग्लादेश के मध्य जल बंटवारे की संधि प्रभावी। |
| 1955- | भूटान ने पहला डाक टिकट जारी किया गया। | 1999- | यूरोप के 11 देशों की साझी मुद्रा यूरो का प्रचलन प्रारम्भ। |
| 1959- | बिहार की राजनीतिज्ञ तथा लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी का जन्म। | 2000- | न्यूजीलैंड से 860 कि.मी. पूर्व दिशा में स्थित मोरिओरी चैटहैम द्वीप पर सहस्त्राब्दी की प्रथम किरण पड़ी। |
| 1964- | भारतीय थल सेना के प्रथम थल सेनाध्यक्ष राजेन्द्र सिंहजी जडेजा का निधन। | 2001- | कलकत्ता का नाम आधिकारिक तौर पर कोलकाता हुआ। |
| 1978- | हिन्दी फिल्मों की अभिनेत्री विद्या बालन का जन्म। | 2002- | संयुक्त राज्य अमेरिका ने कहा कि आतंकवाद से निपटने के लिए भारत पाकिस्तान को मोहलत दे, ब्रिटेन ने पाक की कार्रवाई को अपर्याप्त माना। |
| 1978- | बम्बई (अब मुंबई) में एयर इंडिया के जंबो जेट बोइंग-747 विमान हादसे में 213 लोगों की मौत हुई। | | |

### बोल ब्यूटीफुल



**प्रियंका चतुर्वेदी:** बांग्लादेश की राजनीति दशकों तक जिन दो महिलाओं के इर्दगिर्द घूमती रही, उनमें से एक खालिदा जिया का निधन हो गया और शेख हसीना देश छोड़कर विदेश में रहने पर विवश है। एक पड़ोसी होने के नाते हम यही उम्मीद कर सकते है कि बांग्लादेश नाकाम पाकिस्तान की राह पर न जाए और चुनाव के वक्त कट्टरता के बजाय विकास को प्राथमिकता दें।

**ताहा सिद्दीकी:** बेनजीर भुट्टो की बरसी पर एक कार्यक्रम में बिलावल भुट्टो ने भाषण में सेना के भारत विरोधी एजेंडे को ही आगे बढ़ाया। उन्होंने उसी सेना का महिमामंडन किया, जिसके बारे में आशंका जताई जाती है कि उसकी शह पर ही बेनजीर भुट्टो की हत्या हुई। पतन की मिसाल बने बिलावल।

# वर्ष 2025 : भारतीय खेलों का निर्णायक क्षण

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

**लेखक- राहुल बोस,**
रग्बी इंडिया के अध्यक्ष हैं और पूर्व अंतरराष्ट्रीय रग्बी खिलाड़ी

वर्ष 2025 भारत के खेलों के लिए एक निर्णायक वर्ष साबित हुआ। यह साल सिर्फ अंतरराष्ट्रीय मेडल जीतने के लिए महत्वपूर्ण नहीं था, बल्कि इसलिए भी खास रहा क्योंकि भारत के खेल तंत्र में बड़े बदलाव शुरू हुए। सरकार और निजी क्षेत्र ने खेलों में निवेश बढ़ाया, नई नीतियां बनाई गई और खेल सुविधाओं का विस्तार किया गया। अब इन कदमों को आगे बढ़ाने की जरूरत है ताकि भारत खेलों में मज़बूत और सफल राष्ट्र बन सके।

इस साल सरकार ने नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दी। यह नीति भारतीय खेलों के लिए एक लंबी अवधि की सोच और बेहतर अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन का लक्ष्य तय करती है। भारत पहले ही 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर रहा है और 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा भी जताई है।

इसके बाद नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट 2025 लागू किया गया। इस कानून ने खेल प्रशासन की व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया है। अब फैसले मनमर्जी से नहीं, बल्कि पारदर्शी तरीके और तय नियमों के अनुसार होंगे। इस कानून में खिलाड़ियों को केंद्र में रखा गया है। चयन प्रक्रिया, फंडिंग से जुड़े फैसले और शिकायत निवारण जैसी चीजों के लिए साफ नियम, मानक और समय-सीमा तय की गई है। इससे अनियमितता कम होगी और खिलाड़ियों, खासकर छोटे शहरों और कम सुविधाओं वाले पृष्ठभूमि से आने वाले खिलाड़ियों के बीच भरोसा बढ़ेगा।

मेरे लिए सबसे खास बात यह है कि पहली बार इस कानून के तहत खेल संगठनों को अनिवार्य रूप से एक 'सेफ स्पोर्ट्स पॉलिसी' अपनानी होगी, ताकि महिलाओं, नाबालिग खिलाड़ियों और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार एक आचार संहिता भी लागू करनी होगी। एक स्वतंत्र नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड और विशेष स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल निगरानी रखेंगे, जिससे स्थिरता और निरंतरता बनी रहेगी। वहीं, खिलाड़ियों की भागीदारी और महिलाओं को निर्णय लेने वाली समितियों में शामिल करना, खेल संघों में शक्ति संतुलन को बेहतर बनाता है। इन सभी बदलावों से खेल व्यवस्था में निष्पक्षता, भरोसा और लंबी अवधि की स्थिरता आएगी, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जरूरी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों में व्यक्तिगत रुचि दिखाई है। वे खिलाड़ियों और टीमों को अपने घर बुलाकर सिर्फ सम्मान ही नहीं देते, बल्कि उनसे खुलकर बातचीत भी करते हैं। इन मुलाकातों में खिलाड़ियों की जीवन यात्रा, उनकी चुनौतियाँ, त्याग और सफलताओं पर बात होती है।

मैं भी अलग-अलग खेलों में भारत की प्रगति को बड़ी दिलचस्पी से देख रहा हूँ। इसी महीने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और अनाहत सिंह ने इतिहास रचा, जब भारत ने हांगकांग को 3-0 से हराकर पहली बार स्क्वैश वर्ल्ड कप का खिताब जीता।

भारतीय महिलाओं ने 2025 में दुनिया के खेल मंच पर शानदार प्रदर्शन किया। नवंबर 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीता। इसी तरह, भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने भी अपनी पहली टी20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा।

मुक्केबाज़ी में भी भारत ने शानदार शुरुआत की और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल 2025 में नौ स्वर्ण पदक जीते। एशियन यूथ गेम्स 2025 में भी भारत ने अब तक का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बिहार के राजगीर में हुए एशिया कप 2025 में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब जीता और आठ साल बाद फिर से एशियाई चैम्पियन बनी।

18 साल की शीतल देवी पैराआर्चरी में विश्व चैंपियन बनीं, और दिव्या देशमुख पहली भारतीय महिला बनीं जिन्होंने फाइड (FIDE) महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता।2025 में भारत की खेल सफलताएँ सिर्फ कुछ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों तक फैलीं। हाल ही में एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप तमिलनाडु में हुआ, और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल ग्रेटर नोएडा में आयोजित किए गए। अहमदाबाद में बने नए और विश्वस्तरीय वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11वीं एशियन एक्वेटिक्स चैम्पियनशिप आयोजित हुई।

रग्बी में भी बड़ी उपलब्धि देखी गई। बिहार के राजगीर में एशिया रग्बी एमिरेट्स



अंडर-20 सेवन टूर्नामेंट हुआ, जिसमें भारतीय महिला टीम ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ब्रॉन्ज मेडल जीता। एशिया रग्बी के अध्यक्ष क़ैस अल धलाई ने कहा कि बिहार में इस तरह का बड़ा युवा रग्बी टूर्नामेंट होना न सिर्फ खेल का जश्न है, बल्कि पूरे एशिया में खेल के फैलते विकास का मजबूत प्रमाण भी है।

कई मायनों में रग्बी की प्रगति भी भारत के बड़े खेल बदलाव का ही हिस्सा है। जून 2025 में मुंबई में पहली बार रग्बी प्रीमियर लीग (RPL) का आयोजन हुआ। यह दुनिया की शुरुआती फ्रेंचाइज़ी आधारित रग्बी सेवन्स लीगों में से एक है। इसमें छह शहरों की टीमें (जैसे चेन्नई बुल्स, हैदराबाद हीरोज़, मुंबई ड्रीमर्स आदि) शामिल थीं, जिनमें भारतीय खिलाड़ियों के साथ न्यूज़ीलैंड, साउथ अफ्रीका, फिजी और ऑस्ट्रेलिया जैसे बड़े रग्बी देशों के 30 से ज्यादा विदेशी खिलाड़ी भी खेले।

15 जून को मुंबई के अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए पहले मैच में बड़ी संख्या में लोग उत्साह के साथ देखने आए। मैच टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी लाइव दिखाए गए। चार-चौथाई वाले रोमांचक मैच फॉर्मेट ने नई पीढ़ी के दर्शकों को आकर्षित किया और यह भरोसा दिलाया कि रग्बी भी भारत के व्यावसायिक खेलों का हिस्सा बन सकता है।

इससे यह साफ दिखता है कि रग्बी कितनी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि सिर्फ एक महीने बाद भारत ने बिहार के राजगीर जैसे शहर में एशियाई स्तर की रग्बी चैंपियनशिप की मेजबानी भी की। केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय ने खेलो इंडिया के तहत कई शहरों में अलग-अलग खेलों के लिए फ्रेंचाइज़ी आधारित लीग शुरू करने की बड़ी योजना बनाई है। मैं अपने अनुभव से कह सकता हूँ कि अस्मिता (ASMITA) महिला रग्बी लीग ने देश के कई शहरों में युवा लड़कियों के बीच रग्बी को काफी बढ़ावा दिया है। साथ ही, निजी क्षेत्र की भागीदारी भी लगातार बढ़ रही है। टीवी चैनल और ओटीटी प्लेटफॉर्म खेलों के प्रसारण अधिकार ले रहे हैं और स्पॉन्सर भी अब भारतीय खेलों को एक मजबूत और फायदेमंद अवसर के रूप में देखने लगे हैं।

इस साल युवा मामले और खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशंस को मिलने वाली मदद की योजना में बड़े बदलाव किए। अब फेडरेशंस के लिए फंड पाने के लिए साफ नियम तय किए गए हैं। उदाहरण के तौर पर, जिन फेडरेशंस का वार्षिक बजट 10 करोड़ रुपये से ज्यादा है, उन्हें अब एक फुल-टाइम हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर रखना ज़रूरी है, जो खेल की तकनीकी और प्रदर्शन से जुड़ी योजनाओं को संभाले। हर खेल संगठन को अपने बजट का कम से कम 20 प्रतिशत हिस्सा जमीनी स्तर के विकास, यानी जूनियर और युवा खिलाड़ियों की ट्रेनिंग पर खर्च करना होगा, और कम से कम 10 प्रतिशत हिस्सा कोच और सपोर्ट स्टाफ की ट्रेनिंग पर लगाना होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के संभावित खिलाड़ियों को अब नॉन-कैम्प दिनों में भी 10,000 रुपये मासिक डाइट भत्ता दिया जाएगा, ताकि कोई खिलाड़ी आर्थिक कमी की वजह से खाना छोड़कर अपने सपने पूरे करने से पीछे न रह जाए।

इसी बीच 'फिट इंडिया' आंदोलन, खासकर 'सन्डेज ऑन साइकिल' पहल (दो बार मैं खुद हिस्सा रहा हूँ), पूरे देश में लोगों को हर हफ्ते साइकिल चलाने और फिट रहने के लिए प्रेरित कर रहा है। यह पहल केंद्रीय खेल मंत्री ने शुरू की है और भारतीयों में शारीरिक फिटनेस बढ़ाने की दिशा में एक अच्छा कदम है।

मैं पहले भी कह चुका हूँ और फिर कहूँगा-खेल और फिटनेस समाज की जीवनशैली का हिस्सा बनने चाहिए। तभी असली और टिकाऊ बदलाव आएगा। हमें खेल से जुड़ा एक मानवीय और मजबूत सिस्टम बनाना होगा। सोने के मेडल किसी देश के लिए गर्व का बड़ा कारण होते हैं, लेकिन असली पहचान तब बनती है जब देश में हर किसी के लिए खेल सुलभ हों और खेल संस्कृति आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन जाए।

**संक्षेप में:** नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी के पाँच स्तंभ हर खेल को देश निर्माण में योगदान देने का मौका देते हैं- सिर्फ प्रदर्शन के जरिए नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर लोगों की भागीदारी, सामाजिक और आर्थिक प्रभाव और शिक्षा से जुड़ाव के माध्यम से भी।

नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट खेल व्यवस्था में पहले से कहीं ज्यादा मजबूत नियम और व्यवस्था लाता है और फेडरेशंस को हर स्तर पर बेहतर प्रशासन और पारदर्शिता अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

यह नीति ऐसे नेताओं के लिए बड़ा अवसर देती है जो ईमानदारी से खेल क्षेत्र में योगदान देना चाहते हैं।

खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन और केंद्र व राज्य सरकारों की सक्रिय भूमिका सभी हितधारकों-फेडरेशन से लेकर स्पॉन्सर तक को अपनी सोच और लक्ष्यों को और बड़ा करने के लिए प्रेरित करती है।

खेलों के विकास के लिए सुरक्षित खेल माहौल बनाना और उम्र की गलत जानकारी (एज फ्रॉड) जैसी समस्याओं को रोकना बहुत ज़रूरी है, खासकर रग्बी जैसे खेलों के लिए।

2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और अन्य बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी का अधिकार हासिल करना खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए फायदेमंद है। इससे उन्हें विश्व स्तर के खेल देखने और खेलने का मौका मिलता है।

सरकार ने लक्ष्य रखा है कि अगले दस वर्षों में भारत दुनिया के टॉप 10 खेल राष्ट्रों में शामिल हो। इसके लिए मज़बूत नींव तैयार हो चुकी है। अब ज़रूरत है कि हम दिशा बदलने के बजाय लगातार मेहनत, अनुशासन और रफ्तार बनाए रखें। यह भारत, भारतीय खेलों और पूरे समाज के लिए बेहद उत्साहजनक समय है। आगे बढ़ते रहें, नई ऊँचाइयों की ओर!

अधिकतम 18 डिग्री से.
डिग्री से. 09 न्यूनतम
सूर्योदय 7.20
सूर्यास्त 5.31
सोना 24 कैरेट: 1,36,350.00
चांदी (प्रति किलो) : 2,40,000
सेंसेक्स : 84,692.15
अमेरिका : 89.73
कैनेडियन : 65.62
आस्ट्रेलिया : 60.20

दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित



**बातों बातों में मन की बात**
*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*
जिस व्यक्ति के पास सबसे कम शिकायतें हैं, वही सबसे सुखी है।

वर्ष 41 | चंडीगढ़, वीरवार, 01 जनवरी, 2026 | पौष शुक्ल पक्ष: द्वादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 01 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12

# वेलकम–2026

## खट्टी-मीठी यादों से गुजरा साल 2025

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अपने साथ कई यादों को समेटे साल 2025 खट्टी-मीठी यादों के साथ समाप्त हो गया। इसी के साथ साल 2026 का लोगों ने खुले दिल से स्वागत किया। 2025 की शुरुआत जम्मू-कश्मीर के लिए ऐतिहासिक सौगातों के साथ हुई थी। जनवरी में जम्मू को रेल मंडल का तोहफा मिला, सोनमर्ग टनल की सौगात मिली। प्रदेश इन उपलब्धियों का ठीक से जश्न भी नहीं मना पाया था कि 22 अप्रैल को पहलगाम के बायसरन में पाकिस्तानी आतंकियों ने धर्म पूछ-पूछकर 25 निर्दोष पर्यटकों व एक स्थानीय गाइड की नृशंस हत्या कर पूरे देश को झकझोर दिया। यह महज आतंकी वारदात भर नहीं थी, बल्कि सीधे तौर पर देश की सांप्रदायिक सद्भावना को छिन्न-भिन्न करने की साजिश भी थी। इससे पूरा देश गम-गुस्से से उबल पड़ा। देश ने दशकों बाद ऑपरेशन सिंदूर जैसी प्रतिकार की कार्रवाई देखी। एक वक्त था जब लोगों को उम्मीद नहीं थी कि पहलगाम की घटना के बाद वहां से सटे क्षेत्र अमरनाथ की यात्रा भी हो पाएगी लेकिन एलजी प्रशासन व केंद्र सरकार के प्रयासों ने इस यात्रा को सफल बनाया। देश-दुनिया के करीब 5 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के सकुशल दर्शन कर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया।



### मोदी के विजन और संकल्प से उपलब्धियों का साक्षी रहा 2025



साल 2025 भी पीएम मोदी की दूरदृष्टि, विजन और समृद्ध भारत बनाने के संकल्प से उन वर्ष में दर्ज हो गया है, जिसने भारत की दिशा, दृष्टि और सामर्थ्य– तीनों को नए सिरे से परिभाषित किया है। तकनीक, आस्था, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, विज्ञान, खेल और संस्कृति—हर क्षेत्र में यह वर्ष निर्णायक साबित हुआ है। इस साल की सफल यात्रा वह दस्तावेज है, जिसमें भारत ने खुद को और अधिक संगठित, सक्षम और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में साबित कर दिखाया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में13 जनवरी 2025 से प्रयागराज में शुरू हुआ महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक शक्ति का विराट प्रदर्शन बन गया। 7 मई 2025 को भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाक को कड़ा सदेंश दिया। स्पेस के क्षेत्र में एक और छलांग लगाते हुए इसरो ने जुलाई 2025 में चंद्रयान–4 मिशन की अहम टेस्ट फ्लाइट को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। भारत ने रक्षा उत्पादन और निर्यात में अगस्त 2025 में नया रिकॉर्ड बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कराई थी। पीएम मोदी की मौजूदगी में यह समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। अब इस साल 25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की पूर्णता के साथ इतिहास का स्वर्णिम अध्याय लिखा गया।

### चौथी अर्थव्यवस्था बना, जापान को पीछे छोड़ा



साल 2025 भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक साबित हुआ। इस साल हम जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने। दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ बढ़कर 8.2 फीसदी रही। नवंबर में खुदरा महंगाई दर गिरकर 0.71 फीसदी पर आ गई। वहीं, नवंबर में बेरोजगारी दर कम होकर 4.7 फीसदी रह गई है, जो अप्रैल 2025 के बाद का सबसे निचला स्तर है। देश में ग्रोथ रेट ऊंची है और महंगाई बेहद कम, इसे 'गोल्डिलॉक्स पीरियड' कहा जाता है। भारत की जीडीपी का कुल वैल्यूएशन अब 4.18 ट्रिलियन डॉलर (करीब 350 लाख करोड़) हो गया है। जापान को पीछे छोड़ने के बाद अगले 2.5 से 3 साल में भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़ देगा और साल 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर (655 लाख करोड़) की इकोनॉमी के साथ दुनिया में तीसरे नंबर पर आ जाएगा।

### लंबी दूरी की मारक क्षमता और सटीक प्रहार ब्रह्मोस





एक दिसंबर 2025 को अंडमान और निकोबार कमांड के तत्वों के साथ दक्षिणी कमान की एक ब्रह्मोस इकाई ने लंबी दूरी की सटीक हमले की तैयारी को मजबूत करते हुए एक लड़ाकू मिसाइल लॉन्च को अंजाम दिया। एक्सटेंडेड रेंज के ब्रह्मोस का डेवलपमेंट/परीक्षण को भी जारी है क्योंकि भारत लंबी पहुंच और तेज 'सेंसर–टू–शूटर' साइकल पर जोर दे रहा है।









# जगराओं के सिधवां बेट रोड पर दो मासूमों बच्चों की मौत

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगरांव, 31 दिसंबर।** जगरांव के सिधवां बेट रोड पर रहने वाले एक मजदूर परिवार पर दुखों का ऐसा पहाड़ टूट पड़ा कि हर आंख नम हो गई। आज सुबह करीब 3ः15 बजे हुए एक दिल दहला देने वाले हादसे ने हंसते-खेलते परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। एक बेकाबू ओवरलोडेड ट्रक के पलटने से सड़क किनारे झुग्गी में सो रहे दो मासूम बच्चों–7 साल की पिंकी और 5 साल के गोपाल–की दम घुटने से मौत हो गई।

हादसे का मंजर बेहद इमोशनल और दिल दहला देने वाला था। पीड़ित पिता सदासुख, जो सड़क किनारे %टेडी बियर% (खिलौने) बेचकर अपने बच्चों का पेट पालते थे, उन्हें नहीं पता था कि जिन खिलौनों से वह दूसरे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाते थे, आज उन्हीं खिलौनों के साथ उनके अपने फूल जैसे बच्चे पत्थरों के ढेर के नीचे दब जाएंगे। कुदरत का यह करतब देखकर हर कोई डर गया।

**कैसे किया गया करतब? :** मौके से मिली जानकारी के मुताबिक, सुखराम का पूरा परिवार हर दिन की तरह अपनी झोपड़ी में गहरी नींद में सो रहा था। अचानक, क्रशर (पत्थर का मलबा) से भरा एक ओवरलोडेड ट्रक बैलेंस बिगड़ने से झोपड़ी के सामने पलट गया। पलक झपकते ही, टनों वजनी क्रशर झोपड़ी में सो रहे बच्चों पर गिर गया।



अपने जिगर के टुकड़े खोने वाले बदनसीब पिता सदासुख ने भारी मन से कहा, ÷मैं बड़ी मुश्किल से मलबे से बाहर निकला। मेरे बच्चे अंदर तड़प रहे थे। मैंने ड्राइवर को ट्रक से निकलकर भागते देखा।÷ मैंने उसके लिए दुआ की, हाथ जोड़े, कहा, %भाई, रुक जाओ, मेरे बच्चे मर जाएंगे, मेरी मदद करो...% लेकिन उस बेरहम आदमी ने मेरी एक नहीं सुनी और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।÷

**राहगीरों की कोशिश भी उसकी जान नहीं बचा सकी :** पिता की चीखें सुनकर पास की फैक्ट्रियों के मजदूर और राहगीर मदद के लिए दौड़े। बड़ी मशक्कत से बच्चों को क्रैश से निकालकर तुरंत सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया। लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था; डॉक्टरों ने पिंकी और गोपाल को मृत घोषित कर दिया। हादसे में माता-पिता और दो अन्य बच्चे भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

**पुलिस कार्रवाई :** सदर जगराओं पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए कहा कि शुरुआती जांच में हादसे का कारण ट्रक का ओवरलोड होना और टायर फटना माना जा रहा है। पुलिस ने ट्रक मालिक आशीष गोयल (बरनाला निवासी) से संपर्क किया है। फरार ड्राइवर की तलाश में छापेमारी चल रही है और पीड़ित परिवार को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बयानों के आधार पर लिया गया।

# पंजाब विधानसभा का समूचा कामकाज पूर्णतः डिजिटल और पेपरलेस हुआ : डॉ. रवजोत सिंह

*वर्ष 2025 का संसदीय कार्य विभाग का लेखा–जोखा; पंजाब सरकार ने स्कूली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए श्री आनंदपुर साहिब में मॉक विधानसभा सत्र आयोजित किया

बी.बी.एम.बी. और मनरेगा मामलों से संबंधित विशेष विधानसभा सत्र आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** पंजाब सरकार ने संविधान दिवस के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के कार्यक्रमों के तहत विशेष रूप से तैयार की गई पंजाब विधानसभा में राज्य के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए मॉक विधानसभा सत्र आयोजित कर उन्हें प्रोत्साहित किया, ताकि प्रदेश के विद्यार्थी राजनीति में भागीदारी करें और भविष्य के नेता बनने के योग्य बन सकें।

इस अवसर पर पंजाब के संसदीय कार्य मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने विभिन्न नेताओं की भूमिका निभा रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के नेता हैं और पंजाब सरकार की यह विशेष पहल राज्य के बच्चों को शासन करने योग्य बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने इस मौके पर स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए राजनीति में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील भी की।

डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि चालू वर्ष के दौरान बी.बी.एम.बी. और मनरेगा मामलों से संबंधित विशेष विधानसभा सत्र भी आयोजित किए गए हैं।

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 से पंजाब विधानसभा के समूचे कामकाज को कागज-रहित कर दिया गया है और विधानसभा सत्र का पूरा कार्य पूर्णतः डिजिटल और पेपरलेस तरीके से किया जा रहा है। पंजाब विधानसभा में पहली बार नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) परियोजना लागू की गई है। विधायकों और प्रशासनिक सचिवों को नई प्रणाली के तहत कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया है। पंजाब विधानसभा के कामकाज को हाई-टेक बनाने और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए डिजिटल विंग की स्थापना की गई है। डिजिटल विंग में आईटी सेल, एनआईसी सेल, हाई-टेक ट्रेनिंग रूम (नेवा सेवा केंद्र), हाई-टेक कंट्रोल रूम और नेटवर्क कंट्रोल रूम शामिल हैं।

नेवा ऐप के उपयोग से जहां सदन की कार्यवाही की लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से जनता की भागीदारी बढ़ी है, वहीं पंजाब विधानसभा सचिवालय का कामकाज भी अधिक सुगम हुआ है। सदन में कागजात भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत किए जा रहे हैं और विधानसभा सदस्यों तथा स्टाफ को कागज-रहित सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

# बिजली व्यवस्था बदहाल, खंभों पर उलझे तार बने जानलेवा खतरा

बारिश और हवा में स्पार्किंग, बच्चों की जान पर मंडरा रहा खतरा, विभाग पर लापरवाही के आरोप

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

**जीरकपुर।** ढकोली स्थित न्यू गणेश विहार और शक्ति नगर में बिजली व्यवस्था की बदहाली को लेकर स्थानीय निवासियों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। क्षेत्र में बिजली के खंभों पर वर्षों से उलझे तारों का खतरनाक जाल बना हुआ है, जो कभी भी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हल्की बारिश या तेज हवा चलने पर तारों में स्पार्किंग शुरू हो जाती है और कई बार खंभों के आसपास करंट फैलने की स्थिति बन जाती है। जिस स्थान पर ये खंभे लगे हैं, वहीं बच्चों का रोज़ाना आना-जाना और खेलकूद भी होता है, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



इस कारण महिलाओं और अभिभावकों में भय और तनाव का माहौल है।

निवासियों का आरोप है कि वे कई बार बिजली बोर्ड में इस समस्या को लेकर शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन अब तक न तो कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा और न ही तारों को सुरक्षित तरीके से व्यवस्थित किया गया। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में अभी तक मीटर बॉक्स तक नहीं लगाए गए हैं। कई जगह बिजली मीटर खुलेआम खंभों पर लटक रहे हैं, जो सीधे तौर पर जानलेवा साबित हो सकते हैं। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि लगाए गए ट्रांसफॉर्मर पर क्षमता से अधिक लोड है, जिसके चलते गर्मियों में बार-बार स्पार्किंग होती है और बिजली सप्लाई बाधित रहती है। विभाग की इस लापरवाही को लेकर लोगों में भारी रोष है। निवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे प्रशासन और सरकार के समक्ष बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि किसी अनहोनी से पहले हालात सुधारे जा सकें। इस मौके पर शक्ति एनक्लेव निवासी,राधा शर्मा, दीपाली,तिवारी, अनिता झा, गीता, रीना,कल्पना शर्मा,पूजा,अंजू, मंदीप,राकेश सहित कई अन्य स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

स्थानीय निवासियों के साथ मौके का जायजा लिया जाएगा और उनकी बिजली की तारों संबंधित जो भी दिक्कत परेशानियां हैं उनका समाधान किया जाए।

*मोहन प्रीत सिंह*

*एसडीओ बिजली विभाग जीरकपुर*

# नगर कौंसिल में पवनदीप सिंह को पदोन्नति, बने असिस्टेंट म्युनिसिपल इंजीनियर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**डेरा बस्सी।** नगर कौंसिल डेराबस्सी में कार्यरत जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) पवनदीप सिंह को पदोन्नत कर असिस्टेंट म्युनिसिपल इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) नियुक्त किया गया है। उनकी इस पदोन्नति को नगर कौंसिल में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर नगर कौंसिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए खुशी जताई।

पदोन्नति के अवसर पर नगर कौंसिल डेराबस्सी के कार्यकारी अधिकारी रवनीत सिंह ढट्ट, नगर कौंसिल की प्रधान आशु उपनेजा, उनके पति नरेश उपनेजा, दविंदर सिंह लंबरदार तथा नगर कौंसिल का अन्य स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने पवनदीप सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कार्यकारी अधिकारी रवनीत सिंह ढट्ट ने कहा कि पवनदीप सिंह एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और अनुभवी अधिकारी हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान नगर कौंसिल के इलेक्ट्रिकल विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों को सफलतापूर्वक और समय पर पूरा किया है। उनकी पदोन्नति से नगर में विद्युत व्यवस्था और विकास कार्यों को और मजबूती मिलेगी। नगर कौंसिल की प्रधान आशु उपनेजा ने पवनदीप सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनकी तकनीकी समझ और कार्य के प्रति समर्पण से नगर के विकास कार्यों में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी निभाते हुए वे नगर कौंसिल की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

वहीं नरेश उपनेजा और दविंदर सिंह लंबरदार सहित अन्य कर्मचारियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

पदोन्नति के बाद पवनदीप सिंह ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे नगर कौंसिल डेराबस्सी के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से आगे बढ़ाते रहेंगे।




# इनर व्हील क्लब जीरकपुर ग्रीन्स द्वारा जरुरतमंद लड़कियों की शादी में मदद और कन्यादान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

**जीरकपुर।** इनर व्हील क्लब जीरकपुर ग्रीन्स व लीनेस क्लब द्वारा सहयोगपूर्वक गरीब ल?कियों की शादी में मदद कर कन्यादान किया गया।

कन्याओ को विवाह हेतु आवश्यक सामान जैसे बेड कवर, बेड शीट्स,मेकअप किट, ब्लैंकेट, सूट-साड़ियाँ, बर्तन, गर्म कपड़े,बेबी सूट एवं आर्टिफ़िशियल ज्वेलरी व कैश देकर कन्यादान किया । ये सब सामान उनके आगामी जीवन मे काफी मददगार रहेंगे।

अध्यक्ष निहारिका गर्ग ने बताया कि कन्या दान महा दान है अतः हमें ऐसे सेवा कार्यो में जरूर सहयोग देना चाहिए ।

इनर व्हील क्लब संस्था द्वारा समय समय पर ऐसी सेवाएं सहयोग पूर्वक दी जाती रही हैं। संस्था जरूरमंदों की सेवा और सहयोग में सदैव अग्रणी रहती है।

# गुरमीत खुड्डियां द्वारा वेटरनरी इंस्पेक्टरों की मांगों के शीघ्र समाधान का आश्वासन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज राज्य के वेटरनरी इंस्पेक्टरों से उनकी लंबे समय से लटक रही मांगों के संबंध में मुलाकात की।

स. खुड्डियां ने यहां पंजाब सिविल सचिवालय में प्रधान गुरदीप सिंह बसी के नेतृत्व में पंजाब स्टेट वेटरनरी इंस्पेक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से विस्तृत विचार-विमर्श किया और एसोसिएशन को आश्वासन दिया कि उनकी जायज मांगों का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

एसोसिएशन ने बैठक के दौरान वर्ष 2011 में भर्ती हुए 400 वेटरनरी इंस्पेक्टरों की 18 महीने की सेवा को नियमित सेवा के रूप में विचार करने, तहसील स्तर पर वेटरनरी इंस्पेक्टरों के 87 नये पद सृजित करने तथा छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग रखी। स. खुड्डियां के आश्वासन के बाद एसोसिएशन ने अपनी प्रस्तावित लंबी की रैली को रद्द करने का फैसला किया है।



स. खुड्डियां ने पशुपालन विभाग के निदेशक को एसोसिएशन की मांगों से संबंधित तुरंत उचित कार्रवाई शुरू करने के निर्देश भी दिए हैं। कैबिनेट मंत्री ने एसोसिएशन को मुख्य मुद्दों के समाधान के लिए विशेष रूप से पंजाब के वित्त मंत्री स. हरपाल सिंह चीमा के साथ बैठक करवाने का भी आश्वासन दिया।

# शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** शुक्रवार को नगर परिषद जीरकपुर एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग द्वारा शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी के आदेशों पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया।

इस दौरान नगर परिषद एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग की टीम ने ढकोली एरिया पर स्थित सब्जी मंडी और मार्केट की दुकानों में छापा मारा और 10 किलो के करीब प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिफाफे बरामद किए। नगर परिषद की टीम ने ढकोली इलाके में 40 दुकानों को चेक किया जिनमें से नगर परिषद एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग की टीम ने मौके पर 3 दुकानदारों के चालान कर 10400 जुर्माना वसूला। नगर परिषद के सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार और पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग के एसडीओ अतुल शर्मा ने बताया कि पॉलिथीन के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगी हुई है फिर भी कुछ दुकानदार द्वारा अवैध तौर पर पॉलिथीन का इस्तेमाल कर रहे है। उन्होंने बताया कि वातावरण को बचाए रखने के लिए पंजाब सरकार द्वारा पॉलिथीन के लिफाफों पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई हुई है। नगर परिषद द्वारा पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग के साथ मिलकर समय समय पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। इसी के तहत बुधवार को ढकोली एरिया पर स्थित मार्केट एवं सब्जी मंडी में चेकिंग की गई। विक्रेताओं से करीब 10 किलो पॉलिथीन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के तहत 3 दुकानों पर कार्यवाही की गई और 10400 रुपए का चालान किया गया। सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।



# अरावली पहाड़ियों की परिभाषा पर पुनर्विचार संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 31 दिसंबर।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर सरदार कुलतार सिंह संधवां ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा माइनिंग रेगुलेशन कमेटी की सिफारिशों पर अगले आदेशों तक रोक लगाने के फैसले का स्वागत किया है। स्पीकर संधवां ने कहा कि पहले सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की कमेटी द्वारा सिफारिश की गई अरावली पहाड़ियों की नई परिभाषा को मंजूरी दे दी थी, लेकिन इससे संबंधित गंभीर शंकाओं के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मुद्दे पर पुनर्विचार किया है और पिछले आदेशों पर रोक लगा दी है।

स्पीकर ने कहा कि व्यावसायिक उद्देश्यों की बजाय पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अरावली पहाड़ियों की 'परिभाषा' में बदलाव के कारण यह विवाद पैदा हुआ है। नई परिभाषा के अनुसार, केवल वही क्षेत्र पहाड़ी माना जाएगा जिसकी ऊंचाई आसपास की जमीन से कम से कम 100 मीटर अधिक हो।

पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार इस परिभाषा से अरावली क्षेत्र की लगभग 90 प्रतिशत छोटी पहाड़ियां कानूनी सुरक्षा से बाहर हो सकती हैं, जिससे वहां माइनिंग और रियल एस्टेट गतिविधियां शुरू हो सकती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अरावली पहाड़ियों को नुकसान पहुंचता है, तो रेगिस्तान से आने वाली हवाएं दिल्ली-एन.सी.आर. की ओर बहेंगी। ये पहाड़ियां 'ग्रीन वॉल' की तरह काम करती हैं जो रेत और धूल को आगे बढ़ने से रोकती हैं।

# पार्षद वार्ड के लोगों से वोट लेने तक सीमित न रहकर कूड़े का पक्का हल निकालें : अरुण गिल

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं 31 दिसंबर।** नगर कौंसिल जगराओं के लिए पिछले कई सालों से कूड़ा एक गंभीर समस्या बनी हुई है। कोई भी राजनीतिक नेता या सिविल प्रशासन इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाल रहा है।

इसके लिए हमेशा सफाई कर्मचारियों को ही दोषी ठहराया जाता है। इस संबंध में सफाई यूनियन के जिला अध्यक्ष अरुण गिल ने कहा कि कूड़े के लिए केवल राजनीतिक नेता और नगर कौंसिल जगराओं का प्रशासन जिम्मेदार है, सफाई कर्मचारी नहीं। उन्होंने जगराओं के लोगों से सहयोग की मांग करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों का काम केवल गलियों और सड़कों पर झाड़ू लगाना है, जहां भी छोटी-बड़ी नालियों में रुकावट है और गैप को साफ करना सफाई कर्मचारियों का काम है। उन्होंने आगे कहा कि जब भी कूड़े की समस्या होती है तो पार्षद खूब पैसे कमाने के लिए अपने-अपने यार्ड से कूड़ा उठवाना शुरू कर देते हैं। वे बाड़ों से कूड़ा उठाकर उन डंपों पर फेंक देते हैं। लेकिन जब म्युनिसिपल काउंसिल जगराओं के सफाई कर्मचारी वही कचरा उन डंपों पर फेंकते हैं, तो उनका विरोध किया जाता है। उन्होंने साफ और स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जो पार्षद शहर के लोगों को गुमराह कर रहे हैं और सफाई कर्मचारियों की इमेज खराब कर रहे हैं, वे उनके खिलाफ लड़ने को मजबूर होंगे। उन्होंने सिविल एडमिनिस्ट्रेशन से यह भी मांग की है कि म्युनिसिपल काउंसिल में जल्द से जल्द एक एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर की नियुक्ति की जाए क्योंकि न तो कोई परमानेंट सैनिटरी इंस्पेक्टर है और न ही कोई दूसरा ऑफिसर परमानेंट पोस्टेड है और म्युनिसिपल काउंसिल जगराओं ने शहर के 23 वार्डों में घर-घर से कचरा इकट्ठा करने के लिए 23 सफाई कर्मचारियों का प्रस्ताव पास किया है और टेंडर भी हो गया है, लेकिन आज तक उनका वर्क ऑर्डर जारी नहीं हुआ है।



इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल किया जाए और अगर कचरा डंप करने की पक्की जगह और दूसरी मांगों का परमानेंट हल नहीं किया गया, तो यूनियन परमानेंट हड़ताल पर जाने को मजबूर होगी। प्रेसिडेंट अरुण गिल ने यह भी साफ कर दिया है कि जब तक कचरा डंपिंग या सेकेंडरी पॉइंट्स का परमानेंट हल नहीं हो जाता, वे कचरा नहीं उठाएंगे। अगर कूड़े की वजह से कोई बीमारी या किसी तरह की दिक्कत होती है तो इसके लिए सीधे तौर पर पार्षद और नगर परिषद के अधिकारी जिम्मेदार होंगे जो संबंधित डंप पर कूड़ा डालने से रोकते हैं। इस मौके पर सफाई यूनियन के सेक्रेटरी राजिंदर कुमार, प्रेसिडेंट सनी सुंदर, प्रदीप कुमार, सोमवीर, सुरजीत सिंह, संदीप कुमार, अनल सिंह, बिक्रम कुमार, भूषण गिल आदि मौजूद थे।

# हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड

पांच को बदलेगा मौसम, कोल्ड-वेव का यलो अलर्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला/ चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले की अधिक ऊंची चोटियों पर मंगलवार की शाम और रात में हल्की बर्फबारी हुई। जिले के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फ के फाहे देख किसानों-बागवानों के साथ साथ पर्यटकों के चेहरे खिल भी उठे है। वहीं मैदानी इलाके चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी समेत करीब उत्तर भारत कड़ाके की ठंड से कांप रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने वीरवार को भी ऊंचे पहाड़ों पर अच्छी बर्फबारी का पूर्वानुमान लगाया है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल स्पीति की अधिक ऊंची चोटियों पर अगले 72 घंटे तक बर्फबारी का पूर्वानुमान है। इसी तरह शिमला, सोलन और सिरमौर समेत प्रदेश के अन्य भागों में हल्की बारिश हो सकती है। अधिक ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद तापमान में कमी आएगी। अगले दो से तीन दिनों के दौरान लाहौल स्पीति के कई भागों में तापमान में माइनस 10 डिग्री तक गिर सकता है। प्रदेश में दो जनवरी तक मौसम खराब बना रहेगा।

### 5 जनवरी को फिर से बर्फबारी के आसार

इस दौरान अधिकांश भागों में हल्की बारिश व बर्फबारी होगी। तीन और चार जनवरी को मौसम साफ हो जाएगा। पांच जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस फिर से एक्टिव होने के आसार है। इससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में दोबारा से हल्का हिमपात हो सकता है।

मौसम विभाग ने तीन दिन तक कोल्ड वेव चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। आज यह चेतावनी कुल्लू, मंडी और शिमला जिला में दी गई है, जबकि कल के लिए ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू जिला को भी दी गई है। सोलन और सिरमौर में कल आंधी-तूफान का पूर्वानुमान है।

## दिल्ली में चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली (अप्रस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ज्योति नगर पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से चोरी की गई नकदी, सोना, चांदी, घर तोड़ने के औजार और अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि हाल के दिनों में शहर में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। लगातार शिकायत आने के बाद मुखबिर की सहायता से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान हर्ष विहार मंडौली चौक निवासी आमिर, लोनी बंथला फाटक निवासी शंकर और प्रमोद के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन आरोपियों से पूछताछ के दौरान उन्होंने अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया। उनके पास से कुल 1.35 लाख रुपए नकदी, 13 ग्राम पिघला हुआ सोना, एक सोने का पेंडेंट, 941 ग्राम पिघली हुई चांदी और यूपी 19 पी 6320 रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। साथ ही अपराध में इस्तेमाल किए गए घर तोड़ने के औजार भी पुलिस ने जब्त किए। आरोपियों की निशानदेही पर अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी प्रमोद पहले भी लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत 12 मामलों में शामिल रहा है। फिलहाल मामले की आगे की जांच जारी है।

# बाढ़ बचाव प्रबंधन को लेकर अभी से तैयारियों शुरू करें अधिकारी : डीसी अपराजिता

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 31 दिसंबर।** मानसून से पहले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में डीसी अपराजिता ने सिंचाई एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ बचाव प्रबंधन को लेकर अधिकारी अभी से तैयारियों शुरू कर दें। प्रबंधों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 57वीं बैठक लेकर सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी अपराजिता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी पंप सेटों की तत्काल इन्वेंट्री (सूची) तैयार की जाए। जो पंप खराब स्थिति में हैं, उनकी समय रहते मरम्मत सुनिश्चित की जाए ताकि जलभराव के समय कोई तकनीकी बाधा न आए। जो कार्य अधिक महत्वपूर्ण और संवेदनशील हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। डीसी ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। विशेष रूप से नदियों पर बनाए जाने वाले स्टड या दीवार मजबूत और मानक के अनुरूप होने चाहिए। काम पूरा होने के बाद स्थानीय जनता से भी फीडबैक लिया जाए। संभावित बाढ़ प्रभावित या क्रूशियल इलाकों के लिए उपायुक्त ने एडवांस प्लानिंग के निर्देश दिए। ऐसे क्षेत्रों में पहले से ही पर्याप्त मात्रा में मिट्टी और बजरी के कट्टे भरकर रख लें। मानसून आने से पहले जिले की सभी नहरों और ड्रेन (नालों) की सफाई का काम हर हाल में पूरा हो जाना चाहिए। धरातल पर काम नजर आना चाहिए।

### सरस्वती नदी में प्रदूषण पर कड़ा संज्ञान

बैठक में पोलड गांव के पास सरस्वती नदी में गंदा पानी छोड़े जाने के मामले पर कड़ा संज्ञान लेते हुए डीसी अपराजिता ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को मौके का निरीक्षण करने और संबंधित व्यक्तियों पर भारी जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री के निर्देश और आगामी समीक्षा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 57वीं राज्य स्तरीय बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि सभी प्रोजेक्ट्स को समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अटल भू जल योजना के अंतर्गत एसटीपी से निकलने वाले पानी को कृषि कार्य में उपयोग लाने के दृष्टिगत प्लान तैयार कर किसानों को लाभ पहुंचाए। डीसी ने मुख्यमंत्री के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं उनमें तेजी लाएं और जिन पर काम शुरू नहीं हुआ है, उन्हें तुरंत शुरू करें। बाढ़ बचाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मई माह में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी विभागों के कार्यों का बारीकी से ऑडिट होगा। सभी अधिकारी बाढ़ बचाव प्रबंधन कार्य को गंभीरता से लेते हुए अपने किए गए कार्यों का ब्यौरा तैयार रखें।

# ईडी की बड़ी कार्रवाई, सोने और हीरे के आभूषण समेत करोड़ों की नकदी बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली, 31 दिसंबर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकदी, सोना-हीरा जड़े आभूषण और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज बरामद किए हैं। यह कार्रवाई 30 दिसंबर 2025 को शुरू की गई, जो अभी भी जारी है।

ईडी ने यह तलाशी अभियान इंदरजीत सिंह यादव, उसके सहयोगियों, अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा उससे जुड़ी अन्य संस्थाओं/व्यक्तियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत चल रही जांच के दौरान किया।

ईडी की जांच के अनुसार, इंदरजीत सिंह यादव पर अवैध वसूली, निजी फाइनेंसरों से जबरन कर्ज निपटान, हथियारों के दम पर धमकी देने और इन गैरकानूनी गतिविधियों से कमीशन कमाने के आरोप हैं। इसी सिलसिले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की गई थी।

यह जांच हरियाणा पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज 15 से अधिक एफआईआर और दाखिल चार्जशीट के आधार पर शुरू की गई है। ये मामले शस्त्र अधिनियम, 1959, बीएनएस, 2023 और भारतीय दंड संहिता, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत इंदरजीत सिंह यादव और उसके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज हैं।

30 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली के सर्वप्रिय विहार स्थित अमन कुमार, जो इंदरजीत सिंह यादव का सहयोगी बताया जा रहा है, उससे जुड़े एक ठिकाने पर की गई तलाशी के दौरान ईडी को बड़ी बरामदगी हाथ लगी।

इस दौरान लगभग 5.12 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए, जिसकी गिनती के लिए बैंक अधिकारियों और कैश काउंटिंग मशीनों को बुलाया गया। एक सूटकेस में सोने और हीरे के आभूषण भी बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 8.80 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

इसके अलावा, एक बैग में चेक बुक और संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 35 करोड़ रुपए है। ईडी ने इन्हें जब्त कर लिया है।

ईडी अधिकारियों के अनुसार, मामले से जुड़े अन्य ठिकानों पर भी तलाशी अभियान जारी है और जांच आगे बढ़ने के साथ और खुलासे होने की संभावना है।

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल सफल

# कोटा-नागदा खंड पर 180 किमी प्रति घंटे की भरी रफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 31 दिसंबर।** भारतीय रेलवे ने रेल सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की देखरेख में स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह परीक्षण कोटा-नागदा खंड पर किया गया, जिसके दौरान ट्रेन ने 180 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की। यह उन्नत और आत्मनिर्भर रेल टेक्नोलॉजी की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

परीक्षण के दौरान वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की तकनीकी खूबियों का पूरी तरह से मूल्यांकन किया गया। इसमें ट्रेन की सवारी की स्थिरता, झूलन और कंपन, ब्रेकिंग क्षमता, आपातकालीन ब्रेकिंग और सुरक्षा प्रणाली जैसे कई महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच की गई। हाई-स्पीड ट्रायल के दौरान ट्रेन का प्रदर्शन पूरी तरह संतोषजनक पाया गया और सीआरएस ने इसे सफल घोषित किया।

रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर हाई-स्पीड ट्रायल का वीडियो साझा किया। इसमें कोटा-नागदा मार्ग पर 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलती दिख रही है। वीडियो में पानी से भरे गिलास भी तेज गति पर स्थिर रहे, जो ट्रेन की सवारी गुणवत्ता, बेहतर सस्पेंशन और तकनीकी मजबूती को दर्शाता है।

16 कोच वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की यात्राओं के लिए बनाई गई है और इसमें कई आधुनिक सुविधाएं हैं, जैसे- आरामदायक स्लीपर बर्थ, उन्नत सस्पेंशन सिस्टम, स्वचालित दरवाजे, आधुनिक शौचालय, अग्नि सुरक्षा और निगरानी प्रणाली, सीसीटीवी आधारित निगरानी और डिजिटल यात्री सूचना प्रणाली।

इसके अलावा ट्रेन में सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए कवच से सुसज्जित कोच, क्रैशप्रूफ और जर्क-फ्री कपलर, प्रत्येक कोच में अग्निरोधक दरवाजे, शौचालयों और विद्युत कैबिनेट में अग्नि पहचान और शमन प्रणाली, पूरी तरह सीलबंद दरवाजे, सभी कोचों में सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन टॉक-बैक यूनिट, दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष शौचालय और ऊपरी बर्थ पर चढ़ने के लिए एर्गोनॉमिक डिजाइन वाली सीढ़ी की व्यवस्था की गई है।

सीआरएस हाई-स्पीड ट्रायल की सफलता वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की शुरुआत का रास्ता साफ करती है। यह ट्रेन आत्मनिर्भर भारत की सोच के तहत सुरक्षा, नवाचार और स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देती है।

# घरेलू नौकरानी ने की चोरी, 3.80 लाख रुपए और गहनों के साथ गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**नई दिल्ली, 31 दिसंबर।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के द्वारका में एंटी-बर्गलरी सेल ने एक महिला नौकरानी को गिरफ्तार किया है, पुलिस को उसके घर से चोरी के रुपए और गहने भी बरामद हुए हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 13 दिसंबर को शिकायतकर्ता प्रीति ने अपने घर से गहनों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ शहर से बाहर गई थी और 7 से 13 दिसंबर के बीच उनके घर से सोने और चांदी के गहने चोरी हो गए थे।

पुलिस ने जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी महिला की पहचान की। फुटेज में एक नकाबपोश महिला को शिकायतकर्ता के घर में घुसते हुए और 15 मिनट में बाहर निकलते हुए देखा गया। महिला की पहचान घर की नौकरानी किरण के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस ने किरण की गतिविधियों पर नजर रखना शुरू किया और उसकी पहचान करने में सफल रही।

पुलिस ने आरोपी को जानकीपुरी में उसके किराए के फ्लैट से गिरफ्तार किया, जहां वह अपनी चोरी की रकम का इस्तेमाल करके फ्लैट खरीदने की योजना बना रही थी।

आरोपी के पास से पुलिस ने सोने का लॉकेट, सोने की चेन, सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने के झुमके, चांदी की पायल और दो जोड़ी चांदी की बिछिया बरामद की।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने चोरी की रकम को अपने एसबीआई अकाउंट में जमा किया था, जो कि लगभग 3.80 लाख रुपए थे। उसने यह पैसा अपने और अपने बच्चे के लिए एक छोटा फ्लैट खरीदने के लिए इकट्ठा किया था। आरोपी की पहचान किरण (27) के रूप में हुई, जो कि अंकित नामक व्यक्ति की पत्नी है।

इंस्पेक्टर विवेक मैंडोला के नेतृत्व में पुलिस ने इस मामले को सुलझाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 305 बीएनस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि अगर कोई घर में नौकरानी रख रहा है तो वह पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करा ले।

## गिग वर्कर्स की मदद की जानी चाहिए: टीकाराम जूली

**नई दिल्ली (अप्रस)।** गिग वर्कर्स की मांगों को लेकर कांग्रेस नेता टीकाराम जूली ने कहा कि उनकी मदद की जानी चाहिए। उन्होंने जयपुर में आईएएनएस से बातचीत में कहा कि इस देश में ऐसा कौन सा वर्ग है, जो अच्छे से काम कर पा रहा है। सभी की परेशानी है, कोई सुनने वाला नहीं है। राजस्थान में हम लोगों ने गिग वर्कर्स का कानून सबसे पहले देश में बनाया था। सरकार इसे लागू नहीं कर रही है। हमने सोशल मीडिया और कई पत्रों के माध्यम से भी मांग रख चुके हैं। गिग वर्कर्स की मदद होनी चाहिए। लेकिन, सरकार ऐसा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट की घोषणा के बाद भी राहत नहीं मिल रही है। गिग वर्कर्स बहुत बड़ा सेक्टर है, इसमें युवा हैं, बेरोजगार हैं, जो फ्रीलांस के तौर पर काम करते हैं।

# दिल्ली में नकली ब्रांडेड सामान बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, क्राइम ब्रांच ने चार आरोपी पकड़े

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली, 31 दिसंबर।** दिल्ली में रोजमर्रा के काम आने वाले सामान को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो घरों में इस्तेमाल होने वाले नामी और भरोसेमंद ब्रांड्स के नकली सामान तैयार कर बाजार में बेच रहा था। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी घी, ईनो, वीट, टाटा साल्ट जैसे बड़े और मशहूर ब्रांड्स के नकली प्रोडक्ट बना रहे थे। ये वही सामान हैं जिन पर लोग आंख बंद करके भरोसा करते हैं और रोजाना इस्तेमाल करते हैं। आरोपी पहले इन सामानों की मैन्युफैक्चरिंग खुद करते थे। इसके बाद असली ब्रांड जैसी दिखने वाली पैकिंग में इन्हें भरकर बाजार में सप्लाई कर देते थे, ताकि किसी को शक न हो।

क्राइम ब्रांच को लंबे समय से इस तरह की शिकायतें मिल रही थीं कि बाजार में कुछ सामान असली नहीं लग रहे हैं, लेकिन पैकिंग बिल्कुल ब्रांडेड जैसी है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने छानबीन शुरू की और आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली सामान, पैकिंग मटेरियल, मशीनें और लेबल बरामद किए गए हैं।

अधिकारियों का कहना है कि यह सिर्फ धोखाधड़ी का मामला नहीं है, बल्कि लोगों की सेहत से सीधा खिलवाड़ है। खासतौर पर घी और खाने-पीने से जुड़े प्रोडक्ट अगर नकली या घटिया क्वालिटी के हों, तो इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। वहीं, वीट जैसे पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

यह कोई पहली बार नहीं है जब क्राइम ब्रांच ने ऐसा मामला पकड़ा हो। कुछ समय पहले भी दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया था, जो एक्सपायर्ड हो चुकी खाद्य सामग्रियों को दोबारा पैक करके बाजार में बेच रहा था। उस समय भी बड़ी संख्या में नकली और खराब सामान बरामद किया गया था। फिलहाल पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि नकली सामान किन-किन इलाकों में सप्लाई किया गया और इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# जिया सुपुर्द-ए-खाक, जयशंकर ने रहमानह्यह्यह्य को सौंपा मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**ढाका, 31 दिसंबर।** बंगलादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रहीं बेगम खालिदा जिया को बुधवार को प्रशंसकों एवं समर्थकों की भारी भीड़ के बीच शाम करीब 4.30 बजे सुपुर्द-ए-खाक किया गया। बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष एवं देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को राजधानी के शेर-ए-बांग्ला नगर स्थित संसद भवन में उनके पति और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र के निकट दफनाया गया। इस दुख की बेला पर हजारों लोगों ने उनके लिए दुआ की। प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान और बैतुल मुकर्रम मस्जिद के खतीब मुफ्ती मोहम्मद अब्दुल मलेक ने 3.02 बजे माणिक मिया एवेन्यू पर जनाजे की नमाज पढ़ायी। बेगम जिया के दफन में शामिल होने की कुछ चुनिंदा लोगों को ही इजाजत थी। इसमें उनके परिवार के सदस्य, वरिष्ठ राज्य अधिकारी, सरकारी अधिकारी, विदेशी मेहमान, राजनयिक और बीएनपी के वरिष्ठ राजनेता मौजूद थे। इससे पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने बेगम खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान से निजी रूप से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र सौंपा। पत्र में भारत की ओर से शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी थी।

उनके दफन में मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस, अंतरिम सरकार के सलाहकार, चुनिंदा बीएनपी नेता, अन्य राजनीतिक पार्टियों के नेता और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए।

पूर्व प्रधानमंत्री के आखिरी सफर में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण तथा दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के प्रतिनिधि और अन्य विदेशी गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

इससे पहले श्री जयशंकर ने बेगम खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान से निजी रूप से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र सौंपा। पत्र में भारत की ओर से शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी थी।

श्री जयशंकर को भारतीय उच्चायोग और बीएनपी के शीर्ष नेताओं और अन्य राजनीतिक नेताओं ने ढाका में तेजी से घट रही राजनीतिक घटनाओं की भी जानकारी दी।

उम्मीद है कि तारिक अपनी मां की विरासत संभालेंगे और फरवरी में होने वाले संसदीय चुनावों में बीएनपी का नेतृत्व करेंगे। पूर्वाह्न करीब 11:50 बजे खालिदा जिया के बड़े पुत्र तारिक रहमान के गुलशन एवेन्यू वाले घर से लाल और हरे रंग के राष्ट्रीय झंडे से लिपटा एक फ्रीजर-वैन खालिदा जिया का शव लेकर एवेन्यू पहुंची।

कड़ाके की ठंड के बावजूद अपनी नेता को आखिरी बार अलविदा कहने के लिए यहां देश भर से हजारों लोग इकट्ठा हो गये थे। इस कारण कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए मानिक मियां एवेन्यू के आसपास कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। एक महीने से ज्यादा समय तक बीमार रहने के बाद 80 वर्ष की आयु में मंगलवार की सुबह बेगम खालिदा जिया का निधन हो गया था। उनके आखिरी सफर में शामिल होने के लिए फेनी, ब्रह्मणबरिया, मैमनसिंह, कुमिल्ला, गाजीपुर, मुंशीगंज और नारायणगंज जैसे जिलों से हजारों की संख्या में उनके समर्थक और प्रशंसक आये थे।

मीटिंग | पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक

# महाराष्ट्र में नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट कॉरिडोर में छह लेन की नई परियोजना को मंजूरी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र में बीओटी (टोल) मोड पर 374 किमी लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग की छह लेन की नयी परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है।

बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इसके तहत महाराष्ट्र में नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट कॉरिडोर में 374 किलोमीटर लंबी 6-लेन की ग्रीनफील्ड एक्सेस-नियंत्रित सड़क का निर्माण किया जाना है जिस पर कुल 19,142 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। इस परियोजना का निर्माण बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर बीओटी आधार पर किया जाना है। उन्होंने बताया कि परियोजना नासिक, अहिल्यानगर, सोलापुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय शहरों को कुरनूल से जोड़ेगी और प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान सिद्धांत के तहत एकीकृत परिवहन बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण साबित होगी। यह मार्ग करीबी टोलिंग के साथ 6-लेन एक्सेस-नियंत्रित ग्रीनफील्ड कॉरिडोर होगा जिसे 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से वाहन चलाने के लिए डिज़ाइन किया जा रहा है, लेकिन इस पर औसत गति 60 किमी प्रति घंटा होगी।

परियोजना को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (वधावन बंदरगाह इंटरचेंज के पास), आगरा-मुंबई कॉरिडोर (नासिक में एनएच-60 अदेगांव जंक्शन पर) और समृद्धि महामार्ग (पांगरी, नासिक के पास) से जोड़ा जाएगा। चेन्नई बंदरगाह से हसापुर (महाराष्ट्र सीमा) तक लगभग 700 किमी का फोर-लेन कॉरिडोर पहले से निर्माणाधीन है, जो इसे पूर्ण सूरत-चेन्नई एक्सप्रेसवे का हिस्सा बनाता है।

परियोजना के पूरे होने पर कई लाभ देखने को मिलेंगे। इनमें यात्रा समय में 17 घंटे (31 घंटे से 45 प्रतिशत कमी) की बचत, यात्रा दूरी में 201 किमी की कमी, औसत वाहन गति 60 किमी/घंटा, डिजाइन गति 100 किमी/घंटा, क्लोज टोलिंग सिस्टम के साथ सुरक्षित, तेज और निर्बाध यातायात, लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार, खासकर एनआईसीडीसी नोड्स (कोप्पार्थी और ओरवाकल) के लिए माल ढुलाई और नासिक-तलेगांव दिघे खंड पुणे-नासिक एक्सप्रेसवे की

### ग्रोथ के लिए नेक्स्ट-जेन इंफ्रास्ट्रक्चर: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ग्रोथ के लिए नेक्स्ट-जेन इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहे हैं। कैबिनेट ने महाराष्ट्र में सिक्स-लेन नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट ग्रीनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। पीएम गतिशक्ति के तहत, यह बड़ा प्रोजेक्ट ट्रैवल टाइम को काफी कम करेगा, पश्चिम से पूर्व कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा, लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देगा और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करेगा, जिससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत एकीकृत परिवहन अवसंरचना विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कॉरिडोर नासिक, अहिल्यानगर (अहमदनगर), धराशिव (ओसमानाबाद) और सोलापुर जिलों को जोड़ेगा तथा आगे कुरनूल (आंध्र प्रदेश) तक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यह पश्चिमी तट से पूर्वी तट तक सीधी कनेक्टिविटी देगा।

# प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा: आरती सिंह राव

उच्च जोखिम औद्योगिक सॉल्वेंट्स की बिक्री व लेबलिंग को लेकर जारी की सख्त एडवाइजरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च जोखिम सॉल्वेंट्स एवं एक्सीपिएंट्स के मामले में औद्योगिक-ग्रेडस को अपने प्रोडक्ट्स की बिक्री एवं ट्रांसपोर्ट के मामले में नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। अगर किसी भी निर्माता ने उलंघन किया तो उसका लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकता है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन हरियाणा के स्टेट ड्रग्स कंट्रोलर ललित कुमार गोयल ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के दिशा निर्देशों के अनुसार जन-स्वास्थ्य को ध्यान में रख कर एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक-ग्रेडस उच्च जोखिम सॉल्वेंट्स एवं एक्सीपिएंट्स के दुरुपयोग को रोकने और जन स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। यह एडवाइजरी हरियाणा स्टेट फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के माध्यम से प्रदेश के सभी फार्मास्युटिकल निर्माता, व्यापारी, आयातक एवं वितरकों को सूचित की गई है।

उन्होंने बताया कि यह निर्देश 22 दिसंबर 2025 को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ), प्रवर्तन प्रभाग, महानिदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं, भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुपालन में जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक-ग्रेड उच्च जोखिम सॉल्वेंट्स की बिना पर्याप्त सुरक्षा के बिक्री से जन स्वास्थ्य को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है और इससे दवा आपूर्ति श्रृंखला की गुणवत्ता व सुरक्षा प्रभावित होती है।

एडवाइजरी के अनुसार, सभी उच्च जोखिम औद्योगिक सॉल्वेंट्स के कंटेनरों पर स्पष्ट और पढ़ने योग्य रूप में फार्मास्युटिकल उपयोग के लिए नहीं अंकित करना अनिवार्य होगा। यह चेतावनी बिक्री बिल, डिलीवरी चालान एवं अन्य सभी लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों पर भी प्रमुखता से दर्शाई जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्च जोखिम सॉल्वेंट्स एवं एक्सीपिएंट्स की खुली (लूज़) बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। इन उत्पादों की बिक्री केवल मूल, सीलबंद और टैम्पर-प्रूफ कंटेनरों में ही की जाएगी, जिन पर पूर्ण लेबलिंग एवं बैच-ट्रेसबिलिटी से संबंधित जानकारी उपलब्ध होनी अनिवार्य है।

श्री गोयल ने कहा कि इन निर्देशों का पालन न करने पर संबंधित इकाइयों के विरुद्ध सख्त नियामकीय कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस का निलंबन या रद्दीकरण तथा कानूनी अभियोजन भी शामिल हो सकता है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जन स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे कदम लगातार उठाए जा रहे हैं। यह निर्देश पूरी तरह से जन स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में जारी किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री ने नववर्ष एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को जन्मदिन पर दिया तोहफा

**पानीपत (अप्रस)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को नववर्ष एवं उनके जन्मदिन पर तोहफा दिया। मुख्यमंत्री ने जिले के मतलौडा गांव को नगरपालिका बनाने की घोषणा की है। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। मतलौडा विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का पैतृक गांव भी है। मतलौडा ग्राम पंचायत को नगरपालिका बनाए जाने पर क्षेत्रवासियों तथा विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस घोषणा पर श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि नववर्ष एवं मेरे जन्मदिन पर मुख्यमंत्री द्वारा यह मेरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक घोषणा है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से मतलौडा व आसपास के क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष और उल्लास का माहौल है। लम्बे समय से नगरपालिका की मांग कर रहे क्षेत्रवासियों का सपना मुख्यमंत्री जी ने आज नववर्ष 2026 पर साकार किया है।

## प्रेस शाखा के अतिरिक्त निदेशक डॉ. साहिब राम गोदारा 23 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** हरियाणा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की प्रेस शाखा में अतिरिक्त निदेशक के पद पर कार्यरत डॉ. साहिब राम गोदारा आज 23 वर्षों की संतोषजनक एवं अनुकरणीय सेवा पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए।

डॉ. साहिब राम गोदारा ने 1 जनवरी, 2003 को जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के रूप में विभाग में अपनी सेवाएं प्रारंभ कीं। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने सिरसा, जींद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी तथा फतेहाबाद जिलों में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए विभागीय दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

विभागीय सेवाओं से पूर्व डॉ. गोदारा गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार तथा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में जर्नलिज्म विभाग में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जिससे उनके प्रशासनिक कार्यों में अकादमिक अनुभव की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

वर्ष 2014 में उन्हें उपनिदेशक के पद पर पदोन्नति मिली। फील्ड पोस्टिंग के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अन्य अति विशिष्ट विभूतियों के कार्यक्रमों के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 21 जुलाई 2022 को उन्होंने हरियाणा सिविल सचिवालय की आठवीं मंजिल स्थित प्रेस अनुभाग में संयुक्त निदेशक (प्रभारी) का कार्यभार संभाला, जहां वे 8 जुलाई 2025 तक कार्यरत रहे। इसके उपरांत 9 जुलाई, 2025 को उन्हें अतिरिक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया।

प्रेस प्रभारी के रूप में उनके कार्यकाल में कई उल्लेखनीय सुधार किए गए। इनमें मीडियाकर्मियों के लिए प्रेस रूम का नवीनीकरण, संयुक्त निदेशक कार्यालय का जीर्णोद्धार तथा प्रेस अनुभाग में इनकंबेंसी बोर्ड की शुरुआत प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री एवं अन्य महत्वपूर्ण बैठकों व कार्यक्रमों की पूर्व सूचना सूचना पट पर प्रदर्शित करने की व्यवस्था भी उनके द्वारा की गई, जिससे मीडिया कर्मियों को समय रहते जानकारी उपलब्ध हो सके।

## एचटेट परीक्षा के आवेदन हेतु अनिवार्य नहीं है आधार कार्ड: बोर्ड सचिव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित करवाए जाने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2025 के लिए आवेदन हेतु आधार कार्ड अनिवार्य नहीं है।

इस संदर्भ में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बोर्ड सचिव श्री मुनीश शर्मा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने परीक्षाओं में आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं किया है, बल्कि कहा है कि इसे पहचान के लिए स्वीकार किया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के मध्यनजर एचटेट-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार कार्ड अनिवार्य नहीं है। अभ्यर्थी एचटेट-2025 के लिए अन्तिम तिथि 04 जनवरी, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि अभ्यर्थी अपने विवरण, फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठें का निशान, लेवल, विषय के चयन (लेवल 2 व 3), जाति वर्ग, दिव्यांग श्रेणी व गृह राज्य में 4 व 5 जनवरी, 2026 को ऑनलाइन संशोधन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें तथा नवीनतम अपडेट के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट 222.ड्ढह्यद्गद्ध.शह्द्द.द्बठ्ठ का नियमित तौर पर अवलोकन करते रहें, ताकि वे किसी भी महत्वपूर्ण व अति-आवश्यक जानकारी/सूचना से वंचित न रह जाएं।

## सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा-2026 के लिए चैक-लिस्ट जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी बोर्ड से संबद्ध सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2026 के लिए सभी राजकीय एवं अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के परीक्षार्थियों की चैक-लिस्ट 1 जनवरी, 2026 तथा अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय 3 जनवरी, 2026 से अपलोड की जा रही है। विद्यालय मुखिया, विद्यालयों को जारी किए गए लॉगिन आई0डी0 व पासवर्ड से चैक-लिस्ट डाउनलोड कर सकते हैं।

बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सभी राजकीय एवं अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के परीक्षार्थियों की चैक-लिस्ट में दर्ज विवरणों जैसे विषय, फोटो, हस्ताक्षर, आधार नम्बर, विषय/विषयों का माध्यम इत्यादि में कोई अशुद्धि है तो वे 1 जनवरी, 2026 से 7 जनवरी, 2026 तक तथा अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय 3 जनवरी, 2026 से 7 जनवरी, 2026 तक परीक्षार्थियों के विवरणों में निःशुल्क ऑनलाइन पोर्टल पर शुद्धि कर सकते हैं। इन विवरणों के अतिरिक्त यदि विद्यालय द्वारा परीक्षार्थी/परीक्षार्थियों के अन्य विवरणों में शुद्धि करवाई जानी है तो विद्यालय मुखिया/प्रतिनिधि सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी शाखा में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कार्यालय कार्यदिवसों में साक्ष्यों/दस्तावेजों सहित नियमानुसार शुद्धि शुल्क के साथ शुद्धि करवा सकते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि इसके अतिरिक्त यदि परीक्षार्थी पहले लिए गए विषयों के स्थान पर कोई प्रायोगिक विषय लेना चाहता है तो उस अवस्था में 100 रूपये प्रायोगिक शुल्क प्रति परीक्षार्थी शुल्क सहित ऑनलाइन पोर्टल पर शुद्धि कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यदि कोई परीक्षार्थी सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा से सम्बन्धित कोई छटा अतिरिक्त विषय लेना चाहता है तो उस अवस्था में 200 रूपये अतिरिक्त विषय शुल्क के साथ-साथ 1000 रूपये विलम्ब शुल्क सहित ऑनलाइन पोर्टल पर शुद्धि कर सकते हैं। यदि परीक्षार्थी द्वारा अतिरिक्त विषय के रूप में प्रायोगिक विषय का चयन किया जाता है तो 100 रूपये प्रायोगिक शुल्क भी देय होगा।

उन्होंने आगे बताया कि इसके अतिरिक्त सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2026 हेतु ग्रामीण क्षेत्र के राजकीय व अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त तथा अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों/गुरूकुल/विद्यापीठों द्वारा 01 जनवरी, 2026 से 07 जनवरी, 2026 तक आनलाइन माध्यम से केन्द्र ऑप्शन भी भरी जानी है। सभी विद्यालय मुखिया विद्यालय की लॉगिन आईडी से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक से केन्द्र ऑप्शन भर सकते है। विद्यालयों द्वारा प्राथमिकता क्रम में पांच ग्रामीण/शहरी परीक्षा केन्द्र भरे जाने है। सम्बन्धित विद्यालय मुखिया पांचों परीक्षा केन्द्रों की प्राथमिकता निर्धारित अवधि में भरना सुनिश्चित करें।

## श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में नव वर्ष के स्वागत में हुआ भजन संकीर्तन का आयोजन

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 31 दिसंबर।** मारकंडा नदी के तट पर श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में बीते वर्ष 2025 के आभार एवं नव वर्ष 2026 के स्वागत के लिए हर वर्ष की भांति संत महापुरुषों के सान्निध्य में दो दिवसीय भव्य संकीर्तन एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि मंदिर के व्यवस्थापक एवं अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी आजकल महाराष्ट्र प्रवास पर हैं तो उनकी गैरमौजूदगी में यह कार्यक्रम स्वामी रामनाथ व अन्य संतों के सान्निध्य में आयोजित किया गया। इस मौके पर स्वामी रामनाथ पुरी के साथ स्वामी संतोषानंद, स्वामी ठाकुर दास, स्वामी पृथ्वी पुरी एवं स्वामी अमरदास ने ऐसा भजनों का गुणगान किया कि श्रद्धालु झूमने को मजबूर हुए। इसी कार्यक्रम के दौरान ध्यान शिविर में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में बिल्लू पुजारी, रविंद्र सिंह, आकाश, राम कुमार, रवि सैनी, जोगिंदर, सावित्री, शोभा, संतोष, राकेश कुमार इत्यादि भी मौजूद रहे।


केनरा बैंक Canara Bank
A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

ई-नीलामी बिक्री सूचना

वसूली एवं विधिक अनुभाग, परिमंडल कार्यालय, द्वितीय तल, सेक्टर 34-ए, चंडीगढ़
दूरभाष संख्या 0172-2602431, 2663733, ई-मेल rlcochd@canarabank.com

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2), 8 (6) एवं (9) के अधीन ई-नीलामी के माध्यम से चल/अचल संपत्तियों की बिक्री सूचना

ईएमडी प्राप्ति की अंतिम तिथि 19.01.2026 को सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथिः 20.01.2026 को प्रातः 11.30 बजे से दोप. 12.30 बजे
(बिक्री के समापन तक 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित)

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल संपत्तियों का प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के प्रवर्तन तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के प्रावधानों के अधीन कब्जा प्राप्त किया गया है, जिनकी निम्नलिखित नियम एवं शर्तों पर ई-नीलामी द्वारा बिक्री की जाएगी। सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस लि. द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com/ के माध्यम से ई-नीलामी का प्रबंध किया गया है। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए केनरा बैंक की वेबसाइट (www.canarabank.com) पर प्रदान किए गए ''ई-नीलामी'' लिंक का संदर्भ लें।

| क्र.सं. | शाखा का नाम/ऋणी/ गारंटर का नाम एवं पता | संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण | निर्दिष्ट तिथि पर कुल देयताएं | आरक्षित कीमत (रु. में) | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (रु. में) | खाता संख्या का विवरण आईएफएससी कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केनरा बैंक, एसएआरएम चंडीगढ़ शाखा, श्री मनोज एस.आर., सहायक महाप्रबंधक, दूरभाषः 0172-2601664, 8727971300 ई-मेलः cb5220@canarabank.com | शहजादपुर, तहसील शाहबाद मारकंडा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा स्थित औद्योगिक सह रिहायशी प्लाट एवं स्ट्रक्चर, 1 कनाल 8 मरला, 3 कनाल 4 मरला का 7/16 हिस्सा बियरिंग खेवट सं. 5, खतौनी सं. 5, आयत सं. 32 खसरा सं. 12/2/3(3-4)। 1 कनाल 3 मरला, 2 कनाल 14 मरला का 27/54 हिस्सा बियरिंग खेवट सं. 6, खतौनी सं. 6, खसरा सं. 13/2/2/2(2-14)। कुल भूमि-2 कनाल 11 मरला। सब-रजिस्ट्रार शाहबाद (मा) के साथ पंजीकृत, वसीका सं. 426 दिनांक 21.05.2019 के अंतर्गत पंजीकृत। | 30.09.2025 को कुल देयताएंः रु. 2,33,03,933.09 जमा 01.10.2025 से आगामी ब्याज | रु. 1,64,00.000/- | रु. 16,40,000/- | 209272434 सीएनआरबी0005220 भौतिक कब्जा |

**ऋणीः-** मेसर्स एमडीएफ फूड्स एण्ड फार्मा, गाँव नलवी, तहसील शाहबाद, कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136130, भागीदार- (1) श्री मंदीप पांचाल पुत्र सुभाष चंद्र, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा 136135 (2) श्री रवि पुत्र सुभाष चंद्र, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 (3) श्रीमती संतोष रानी पत्नी सुभाष चंद्र, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135, गारंटरः- (1) श्रीमती राखी पुत्री अमरनाथ, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 (2) श्रीमती अनु पुत्री किशन, गांव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 (3) श्री मनोज कुमार पुत्र जगदीश चंद, मकान सं. 119, वार्ड सं. 6, अनाज मंडी चीका, हरियाणा-136034

**अन्य नियम एवं शर्तेंः** बिक्री निम्नलिखित शर्तों से तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्दिष्ट शर्तों का विषय होगी। ए. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है एवं जो है जैसा है' आधार पर भारों, यदि कोई हो, सहित बेचा जाएगा। (बैंक को भारों का ज्ञान नहीं है। भारों के विवरण हेतु निम्न 7(डी) में संदर्भित जमा धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने से पूर्व अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें। बी. बैंक के रिकार्ड के अनुसार संपत्ति के अंतर्गत स्थानीय स्वयं सरकार की बकाया देय राशि बैंक को ज्ञात नहीं है, इसलिए इस हेतु सूचना प्राप्त नहीं हुई है। खरीददार देय, यदि कोई हो, की अदायगी करने हेतु जिम्मेदार होगा। सी. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट https://baanknet.com/ के माध्यम से 'ऑनलाईन विद्युत बोली' के माध्यम से की जाएगी। बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट के माध्यम से जाने का परामर्श दिया जाता है। डी. संपत्ति का निरीक्षण प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व अनुमति के साथ 12.01.2026 एवं 13.01.2026 को सायं 03.00 बजे से सायं 5.00 बजे के मध्य किया जा सकता है। ई. संपत्ति आरक्षित कीमत से कम में नहीं बेची जाएगी तथा प्रतिभागी बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया के दौरान अपने प्रस्ताव सुधार सकते हैं। एफ. अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री उक्त वर्णित तिथि एवं समय पर वेबसाइट https://baanknet.com/ पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपना मोबाईल सं. एवं ई-मेल आईडी उपयोग करते हुए पोर्टल (https://baanknet.com/) पर पंजीकृत होने का निवेदन किया जाता है (क्रेता पंजीकरण लिंक वेबसाईट के होम पेज पर प्रदान किया गया है)। आगे इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंजीकरण और ई-केवाईसी पूरा करना और बैंक विवरण जोड़ने का निवेदन किया जाता है। एकबार पंजीकरण और ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूरा हो जाता है तो इच्छुक बोलीदाता/क्रेता ईएमडी अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व ईएमडी राशि जमा करेंगे। कृपया नोट करें कि ईएमडी राशि https://baanknet.com/ पर बनाए गए केवल ई-वॉलेट में हस्तांतरित की जाएगी। ई-वॉलेट में निधि/राशि जमा करने की प्रक्रिया निम्नानुसार हैः (i) 'ई-वॉलेट' में निधि/राशि जमा करने की विधि ऑनलाईन है अर्थात https://baanknet.com/ से चालान जनरेट करने के पश्चात अथवा भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाईन है, चालान जनरेशन के मामले में भुगतान किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से एनईएफटी ट्रांसफर/आरटीजीएस के माध्यम से किया जा सकता है। (ii) पंजीकरण, ई-केवाईसी और ई-वॉलेट में निधि/राशि का हस्तांतरण अग्रिम में पूरा किया जाना है। केवल उनके ई-वॉलेट में पर्याप्त निधि/राशि होने के पश्चात इच्छुक बोलीदाता ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व ईएमडी का भुगतान करने में सक्षम होंगे। यदि प्रस्ताव एक से अधिक संपत्ति हेतु है तो बोलीदाता ई-वॉलेट प्रत्येक संपत्ति के लिए ईएमडी के समान राशि जमा करेगा। यदि राशि ईएमडी राशि के बराबर ई-वॉलेट में उपलब्ध नहीं है तो सिस्टम ईएमडी जमा करने की अनुमति नहीं देगा। (iii) इच्छुक बोलीदाता आरक्षित कीमत की 10 प्रतिशत की ईएमडी राशि 19.01.2026 को सायं 5.00 बजे अथवा पूर्व में जमा करेगा। जी. इच्छुक बोलीदाता पोर्टल https://baanknet.com/ पर अपना नाम पंजीकृत करे और निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। भावी बोलीदाता सेवाप्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा. लि., कारपोरेट कार्यालयः- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेलः support.BAANKNET@psballiance.com से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। एच. असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी Ebkray.in (मेसर्स पीएसबी एलायंस लि.) के साथ बनाए गए संबंधित ई-वॉलेट में वापस कर दी जाएगी। इसके पश्चात बोलीदाता अपने पंजीकृत खाते में ई-वॉलेट से निधि/राशि निकाल सकते हैं। कृपया नोट करें कि ईएमडी पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा। आई. इच्छुक बोलीदाता पोर्टल https://baanknet.com/ पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। भावी बोलीदाता सेवाप्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा.लि., कारपोरेट कार्यालयः- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेलः support.BAANKNET@psballiance.com से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। जे. असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी Ebkray.in (मेसर्स पीएसबी एलायंस लि.) के साथ बनाए गए संबंधित ई-वॉलेट में वापस कर दी जाएगी। इसके पश्चात बोलीदाता अपने पंजीकृत खाते में ई-वॉलेट से निधि/राशि निकाल सकते हैं। कृपया नोट करें कि ईएमडी पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा। के. नीलामी उक्त वर्णित आरक्षित कीमत से प्रारंभ की जाएगी। बोलीदाता अपने प्रस्ताव में रु.10,000/- के गुणज में सुधार कर सकते हैं। बोलीदाता 'ऑनलाईन' नीलामी के समापन पर उच्चतम बोली (जो आरक्षित कीमत से कम न हो) प्रस्तुत करेंगे, उन्हें सफल बोलीदाता के तौर पर घोषित कर दिया जाएगा। बिक्री की पुष्टि सफल बोलीदाता के पक्ष में की जाएगी, जो सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा इसकी पुष्टि का विषय होगा। एल. सफल बोलीदाता के तौर पर घोषित होने पर तत्काल बिक्री राशि का 25 प्रतिशत (पहले से अदायगी की गई ईएमडी सहित) जमा करेगा तथा शेष राशि सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर अदायगी की जाएगी। यदि सफल बोलीदाता उक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर बिक्री राशि की अदायगी करने में असफल होगा तो उसके द्वारा जमा की गई राशि बिना कोई सूचना दिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त की जाएगी तथा संपत्ति की पुनः बिक्री की जाएगी। एम. कन्वेयंस, स्टैंप ड्यूटी तथा पंजीकरण प्रभार आदि हेतु सभी प्रभार लागू अनुसार केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे। एन. जब संपत्ति की बिक्री को विचारा जाएगा 50.00 लाख उक्त सफल बोलीदाता की बिक्री प्रक्रिया पर श्1ह्र टीडीएस की स्त्रोत पर कटौती की जाएगी और फार्म 26 क्यूबी में चालान प्रस्तुत करके इसे जमा करवाया जाएगा और बैंक को टीडीएस प्रमाण पत्र की मूल प्रति जमा करनी होगी। ओ. चल संपत्ति की बिक्री उस पर लागू जीएसटी और उक्त बिक्री मूल्य का विषय अधीन है। पी. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों को बदलने अथवा स्थगित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। क्यू. अधिक जानकारी के लिए केनरा बैंक एसएआरएम चंडीगढ़ शाखा या सेवा प्रदाता मेसर्स मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा. लि., कारपोरेट कार्यालयः- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेलः support.BAANKNET@psballiance.com से या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com से संपर्क करें। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए केनरा बैंक की वेबसाइट (www.canarabank.com) पर प्रदान किए गए ''ई-नीलामी' लिंक का संदर्भ लें।

विशेष निर्देशन/सावधानी

बोलीदाता द्वारा अपने हित में अंतिम मिनट/क्षण में बोली से बचें। बोलीदाता अथवा वेंडर की ओर से इस प्रकार के मामलों में न तो केनरा बैंक और न ही सेवा प्रदाता किसी लैप्स/असफलता (इंटरनेट असफलता, पावर असफलता आदि) हेतु जिम्मेदार होगा। वार्ड ऑफ तथा फुटकर स्थिति से क्रम में बोलीदाता को सभी वांछित प्रबंध/विकल्प जैसेकि बैकअप, पावर सप्लाई करने का निवेदन किया जाता है तथा जिससे वह इस प्रकार की परिस्थितियों से बचने में सफल हों तथा सफलतापूर्वक नीलामी में भाग लेने हेतु सक्षम हों।

15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना (यथासंशोधित प्रतिभूति हित नियम 2002 के अनुसार)

दिनांक : 31.12.2025 स्थानः चंडीगढ़ प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक


## प्रदेश सरकार ने मतलौडा को नगर पालिका बनाने का किया नोटिफिकेशन जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पानीपत जिले के मतलौडा गांव को नगरपालिका बनाने की घोषणा की है। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

मतलौडा प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का पैतृक गांव भी है। मतलौडा ग्राम पंचायत को नगरपालिका बनाए जाने पर क्षेत्रवासियों तथा विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। इस घोषणा पर श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि नववर्ष पर मुख्यमंत्री द्वारा यह मेरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक घोषणा है।

मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मतलौडा को नगरपालिका का दर्जा मिलने से क्षेत्र में सुनियोजित शहरी विकास को ब?ावा मिलेगा तथा बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मतलौडा नगरपालिका बनने पर क्षेत्र में स?क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, स्ट्रीट लाईट, पार्कों का विकास, बाजारों का सौन्दर्यकरण होगा तथा अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार में तेजी आएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश निरतंर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मंत्री ने क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया कि अब नगरपालिका बनने के बाद विकास कार्यों को और अधिक प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा, ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके।

## विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा के सरकारी स्कूल में मल्टी एक्टिविटी हाल का किया उद्घाटन

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण में आज घरौंडा के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 42 लाख रुपये की लागत से बने मल्टी एक्टिविटी हाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को क?ी मेहनत करने, नशे से दूर रहने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने और अध्यापकों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। श्री हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा के मॉडल संस्कृति स्कूल में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत बनवाए गए साढे 86 फुट लंबे और 36 फुट चौड़े मल्टी एक्टिविटी हॉल का उद्घाटन किया।


ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ



ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ





Plot No 1216, Sector- 68, SAS Nagar ਦੇ 50% Share ਦੇ ਮਾਲਕ Sh. Pardhan Singh Guliani s/o Sh. Mohar Singh, R/o Plot No 1216, Sector- 68, SAS Nagar ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 03.02.2025 [illegible] ਮਿਤੀ 11.02.2025 ਅਨੁਸਾਰ) ਅਤੇ ਬਾਕੀ 50% Share ਦੇ ਮਾਲਕ Sh. Sukhvinder Singh ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 13.03.2017 [illegible] ਮਿਤੀ 28.03.2017 ਅਨੁਸਾਰ) ਹੋ ਗਈ ਹੈ। Sh. Manmohan Singh, Superintendent, Punjab Civil Secretariat, Chandigarh (Card No. 5068/R/ADO-1/211021) [illegible]

1. Smt. Ramanjeet Kaur - Daughter-in-Law/ Wife
2. Ms. Karmanjot Kaur - Grand Daughter/ Daughter
3. Sh. Gurasees Singh - Grand Son/ Son

Sh. Manmohan Singh, Superintendent, Punjab Civil Secretariat, Chandigarh (Card No. 5068/R/ADO-1/211021) [illegible] ਮਿਤੀ 18.07.2025 (Date of Registration 07.11.2025) ਅਨੁਸਾਰ Ms. Manpreet Kaur (Unmarried) D/o Sh. Pardhan Singh Guliani ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 28.10.2005 [illegible] Legal Heir Ms. Karmanjot Kaur (Pan No. JJFPK4692R) [illegible] Smt. Ramanjeet Kaur (Pan No. ANXPK3606N) ਨੂੰ ਮਿਤੀ 11.04.2023 ਨੂੰ General Power of Attorney [illegible] ਮਿਤੀ 11.04.2023 ਨੂੰ Document No. 2023-24/3/4/72 [illegible] Legal Heir Sh. Gurasees Singh (Pan No. OVWPS5056R) [illegible] Smt. Ramanjeet Kaur (Pan No. ANXPK3606N) ਨੂੰ ਮਿਤੀ 20.12.2021 ਨੂੰ General Power of Attorney [illegible] ਮਿਤੀ 20.12.2021 ਨੂੰ Document No. 2021-22/3/4/1438 Book No. 4 [illegible]

[illegible] Ignored [illegible] Plot No 1216, Sector-68, SAS Nagar ਦੇ 100% Share [illegible] Plot No 1216, Sector 68, SAS Nagar ਦੇ 100% share [illegible]

[illegible]
ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ

AP-6912


## पारदर्शिता एवं ईमानदारी से करें कर्तव्यों का निर्वहनः डा. चांद राम

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में बुधवार को आयोजित अपनी सेवानिवृत्ति समारोह में बतौर मुख्यातिथि केयू लोकल ऑडिट चांद राम भुक्कल ने कहा कि कर्त्तव्य पथ पर दृढ़ होकर पादर्शिता एवं ईमानदारी से अपने हमें अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में कितनी भी चुनौतियां आएं आप डटकर उनका सामना करें तभी रास्ता स्वयं बनता जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑडिट का कार्य ऑब्जेक्शन के साथ उसका निदान करना भी होता है। उन्होंने केयू रेजिडेंट लोकल ऑडिट स्कीम के आरएसए भूपेन्द्र सिंह व पूरी ऑडिट टीम की सराहना करते हुए कहा कि बिना टीम के लीडर सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हाल ही उनकी टीम द्वारा पोस्ट ऑडिट के कार्य को बखूबी पूरा किया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सकारात्मक सहयोग के लिए कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल का भी आभार व्यक्त किया। वहीं सेवानिवृत्ति समारोह में पहुंचने पर डॉ. चांद राम भुक्कल ने निदेशक लोकल ऑडिट हरियाणा नीरज यादव, पूर्व निदेशक आनन्द स्वरूप, पूर्व संयुक्त निदेशक विनोद बिश्नोई, संयुक्त निदेशक स्टेट ऑडिट हरियाणा राजपाल यादव सहित केयू डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह का बतौर विशिष्ट अतिथि पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान केयू रेजिडेंट लोकल ऑडिट स्कीम की ओर से तैयार वीडियो संदेश व लघु वीडियो भी दिखाई गई। नीरज यादव, निदेशक लोकल ऑडिट, हरियाणा ने कहा कि डॉ. चांद राम उत्कृष्ट व्यक्तित्व के धनी है तथा उन्होंने अपने कार्य से सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि केयू डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने डॉ. चांद राम अपने कार्यों द्वारा ईमानदारी, कर्मठता एवं सच्ची निष्ठा का परिचय दिया जो हम सभी के लिए अनुकरणीय है।

### नए साल पर एक्शन मोड में नगर निगम

# अनाधिकृत वेंडिंग पर एन्फोर्समेंट ड्राइव तेज, एफआईआर की तैयारी

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** सिटी ब्यूटीफुल में पैदल चलने वालों की आवाजाही को आसान बनाने और नागरिक व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से चंडीगढ़ नगर निगम नए साल में एक्शन मोड में आ गया है। पूरे शहर में अनाधिकृत और अवैध स्ट्रीट वेंडिंग के खिलाफ निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है। एन्फोर्समेंट विंग ने शहर में निरीक्षण कर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ एफआईआर करने की भी तैयारी कर ली है। निगम की एनफोर्समेंट विंग ने पाया है कि बड़ी संख्या में वेंडर स्टॉल, रेहड़ी और टेबल लगाकर फुटपाथ, पक्की सड़कों और सार्वजनिक रास्तों पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर रहे हैं, जिससे पैदल चलने वालों को असुविधा हो रही है और सार्वजनिक आवाजाही में बाधा आ रही है।

ऐसी गैर-कानूनी वेंडिंग एक्टिविटीज़ ज्यादातर सेक्टर 15, 17, 19, 22, 41 और मनीमाजरा में पाई गई हैं। एनफोर्समेंट ब्रांच द्वारा बार-बार चालान करने और वेंडिंग का सामान जब्त करने के बावजूद, ये वेंडर नागरिक नियमों की अनदेखी करते हुए बिना इजाज़त के वेंडिंग करना जारी रखे हुए हैं। हालांकि चंडीगढ़ नगर निगम ने नागरिकों से इस पहल को सपोर्ट करने की अपील की है, जिसका मकसद शहर के हित में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना, लोगों की सुविधा सुनिश्चित करना और नगर निगम के कानूनों का पालन करवाना है।

**काम बाधा डालने तक की नौबत:** यह भी देखा गया है कि एन्फोर्समेंट और अतिक्रमण विरोधी अभियानों के दौरान, इनमें से कुछ वेंडर हंगामा करते हैं, सरकारी काम में बाधा डालते हैं और कभी-कभी गाली-गलौज और हाथापाई भी करते हैं, जिससे कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा होती है।

**पुलिस की कार्रवाई के निर्देश:** इस समस्या से सख्ती से निपटने के लिए, नगर निगम ने चंडीगढ़ पुलिस को निर्देश दिया है कि नगर निगम, नागरिकों या किसी और से शिकायत मिलने पर, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 के संबंधित प्रावधानों के तहत अवैध और बिना इजाज़त वाले वेंडरों के खिलाफ केस दर्ज करे।

**नागरिक इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत:** इसके साथ ही, नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग को निर्देश दिया गया है कि रजिस्टर्ड स्ट्रीट वेंडरों के लिए तय वेंडिंग ज़ोन में नागरिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत किया जाए, जिसमें सही लाइटिंग, पर्याप्त पानी की सप्लाई, पेवर ब्लॉक लगाना और वेंडिंग साइट्स की साफ़ पहचान करना शामिल है, ताकि कानूनी और व्यवस्थित वेंडिंग हो सके।

## यूटी पुलिस के पीओ एंड समन स्टाफ पुलिस ने 11 महीनों में 340 पीओ को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस के पीओ एंड समन स्टाफ पुलिस द्वारा हत्या, लूट, एनडीपीएस ,डकैती जैसे केसों में फरार चल रहे भगौड़ो को आए दिन गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा रहे है। पीओ एंड समन स्टाफ की टीम हर रोज एक भगौड़े को गिरफ्तार कर रही है। एसएसपी कंवरदीप कौर के नेतृत्व में पीओ एंड समन स्टाफ ने 11 महीने में करीब 340 भगौड़े गिरफ्तार कर चुकी है। जिनमें करोड़ो की ठगी करने वाले गुरप्रीत समेत अन्य बिल्डर शामिल है। पीओ एंड समन स्टाफ के इंचार्ज शेर सिंह की टीम ने सबसे ज्यादा चेक बाउंस मामले में फरार चल रहे भगौड़े को काबू किया है। चेक बाउंस मामले में 205 भगौड़े पीओ सेल की टीम गिरफ्तार कर चुकी है।इसके अलावा पीओ एंड समन स्टाफ की टीम ने 2025 में हीनियर क्राइम करने वाले 74 भगौड़ काबू किए है। जिनमें पांच भगौड़े धोखाधड़ी के, आठ भगौड़े एनडीपीएस मामले के, दो भगौड़े आर्म्स एक्ट मामले के और 60 भगौड़े अन्य अपराधिक मामले में शामिल थे।

### इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम को साल के आखिरी दिन में बड़ी कामयाबी

# दो अलग अलग मामलों में कमानीदार चाकू सहित पेंटर व दो आरोपी काबू

पकड़े गए एक आरोपी के खिलाफ 6 अलग अलग मामले दर्ज

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी




**चंडीगढ़।** यूटी साउथ डिविजन का अहम थाना हरदम से मुस्तैद रहने वाले और नए साल के आखिरी दिन में थाना 31 पुलिस को फिर उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली।जब पुलिस एरिया से दो अलग अलग मामलो में कमानीदार चाकू रखने के मामले में पेंटर समेत दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान राम दरबार के रहने वाले 23 वर्षीय सौरभ उर्फ काली जिसके खिलाफ पहले भी 6 अलग अलग मामले दर्ज पाए गए हैं।और 22 वर्षीय राजा उर्फ काकू के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पहले भी थाना 31 में एक मामला दर्ज पाया गया है।और पेंटर का काम करता है। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम में शामिल एएसआई अनिल कुमार अन्य पुलिस पार्टी के साथ मंगलवार रात करीब 8 बजे एरिया में गश्त ड्यूटी पर थे।जैसे ही पुलिस पार्टी राम दरबार स्थित धार्मिक स्थल के पास पार्किंग से पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ।पुलिस ने तुरंत मामले में आर्म्स एक्ट के तहत कारवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**केस नंबर-2:** जानकारी के अनुसार थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम में शामिल एएसआई विवेक बीते मंगलवार रात करीब 8 बजे एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस पार्टी हल्लो माजरा स्थित सीआरपीएफ दीवार के पास खुले मैदान पर पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में आर्म्स एक्ट के तहत कारवाई करते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए आरोपी की पहचान राजा उर्फ काकू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पेंटर का काम करता है। जिसके खिलाफ पहले भी थाना 31 में एक मामला दर्ज पाया गया है।

# चंडीगढ़ व्यापार मंडल ने प्रशासक के व्यापार-हितैषी उपायों का स्वागत किया

अध्यक्ष ने कहा व्यापारियों के अनुकूल कदम उठाने से चंडीगढ़ में बड़े निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** चंडीगढ़ व्यापार मंडल (सीबीएम) ने प्रशासक गुलाब चंद कटारिया द्वारा नगर निगम की हाउस बैठक में घोषित व्यापार-हितैषी उपायों का स्वागत किया है। सीबीएम के अध्यक्ष संजीव चड्ढा ने व्यापारियों के अनुकूल कदम उठाने के लिए प्रशासक का आभार व्यक्त किया, विशेष रूप से ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना के लिए, जिसे पड़ोसी राज्यों के पैटर्न पर घोषित किया जाना है। उन्होंने कहा कि इस योजना से न केवल सरकारी खजाने में उल्लेखनीय राजस्व प्राप्त हुआ है, बल्कि व्यापारियों की ओर से भी इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। सीबीएम के अध्यक्ष संजीव चड्ढा, जिन्होंने दो सप्ताह पहले व्यापारियों की ओर से व्यापक मांगों का ज्ञापन लेकर राज्यपाल से मुलाकात करने वाले उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था, ने कहा कि ओटीएस योजना शहर के व्यापारियों की ओर से रखी गई सबसे महत्वपूर्ण मांगों में से एक थी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी राहतें और बिल्डिंग बाय-लॉज़ में आवश्यकतानुसार बदलावों की समय पर अधिसूचना से चंडीगढ़ में बड़े निवेश को प्रोत्साहित करेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा।

सीबीएम के चेयरमैन चरणजीव सिंह ने कहा कि लंबे समय के बाद प्रशासन द्वारा व्यापारियों की पुरानी मांगों पर विचार किया जा रहा है। सीबीएम के उपाध्यक्ष एवं आधिकारिक प्रवक्ता दिवाकर सहूंजा ने प्रशासक द्वारा उठाए गए इन सक्रिय कदमों के लिए कृतज्ञता व्यक्त की और आशा जताई कि इन उपायों से व्यापारिक प्रतिष्ठानों का पड़ोसी राज्यों की ओर पलायन रुकेगा। सीबीएम ने यह भी निर्णय लिया है कि जैसे ही इन उपायों की आधिकारिक अधिसूचना जारी होगी, प्रशासक द्वारा उठाए गए इन ऐतिहासिक कदमों के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित करने हेतु एक विशेष वार्षिक आम सभा (एजीएम) बुलाई जाएगी।

## प्रदीप पुहाल वाल्मीकि राष्ट्रीय वाल्मीकि धर्म समाज की चंडीगढ़ इकाई के प्रधान नियुक्त

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** राष्ट्रीय वाल्मीकि धर्म समाज (रावाधस) रजि.ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक वीर दिलबाग टांक आदिवासी और राष्ट्रीय मुख्य संचालक संगम कुमार वाल्मीकि ने प्रदीप पुहाल वाल्मीकि को चंडीगढ़ प्रधान नियुक्त किया और मोहित कल्याण को चंडीगढ़ सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदीप पुहाल वाल्मीकि ने उन्हें प्रधान पद की कमान सौंपे जाने पर रावाधस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक वीर दिलबाग टांक आदिवासी और राष्ट्रीय मुख्य संचालक संगम कुमार वाल्मीकि का आभार जताया और भरोसा दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वो ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज की विचारधारा और नीतियों को समाज के लोगों में लेकर जाएंगे। उन्होंने वाल्मीकि समाज पर हो रहे अन्याय अत्याचार पर रोक लगाने और समाज को जागरूक व मज़बूत करने का ऐलान भी किया।

# ज़ीरकपुर की बादल कॉलोनी में चोरी, चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस कर्मी के घर को बनाया निशाना

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह





**जीरकपुर, 31 दिसंबर।** शहर की बादल कॉलोनी में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुए और सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल तथा आधा तोला वज़न की सोने की अंगूठी चोरी कर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सतबीर सिंह चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस में कार्यरत हैं। घटना के समय वह घर पर मौजूद नहीं थे। जब सतबीर सिंह वापस घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर का सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। अलमारी और दराजें खुली हुई थीं, जिससे चोरी की आशंका पुख्ता हुई।

चोरी की सूचना ज़ीरकपुर थाना पुलिस को दे दी गई है। नव वर्ष की व्यवस्था के चलते समाचार लिखे जाने तक पुलिस की तरफ से मौके का जायजा नहीं लिया गया। पीड़ित सतबीर सिंह अपने स्तर पर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं , ताकि चोरों का सुराग लगा सके।

स्थानीय लोगों में घटना को लेकर दहशत का माहौल है। कॉलोनीवासियों ने इलाके में गश्त बढ़ाने और रात्रि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## 10 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक काबू, केस दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर, 31 दिसंबर।** नशे के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत ढकोली थाना पुलिस ने गश्त के दौरान 10 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवकों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर 2025 को एसआई हरजिंदर सिंह अपनी टीम–एएसआई मनिंदर सिंह और हेड कांस्टेबल हरनेक सिंह–के साथ निजी वाहन में गश्त पर थे। टीम गांव गाजीपुर जट्टां के कृष्णा इनक्लेव रोड पर स्थित पुष्प इनक्लेव सोसायटी के गेट के पास मौजूद थी। इसी दौरान ढकोली की ओर से पैदल आ रहे दो युवक पुलिस पार्टी को देखकर घबरा गए। इनमें से एक युवक ने अपनी काली जैकेट की जेब से एक मोमी, पारदर्शी लिफाफा सड़क किनारे घास में फेंक दिया और दोनों पीछे मुड़कर भागने लगे।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को काबू कर लिया। पूछताछ में लिफाफा फेंकने वाले युवक ने अपना नाम सुखविंदर सिंह उर्फ मुन्ना, निवासी अपोजिट पेट्रोल पंप, मुबारिकपुर, थाना डेराबस्सी बताया, जबकि उसके साथी ने अपना नाम कमलजीत सिंह, निवासी मकान नंबर 630, हिम्मतगढ़ ढकोली, थाना ढकोली बताया।

पुलिस ने मौके पर लिफाफे की जांच की तो उसमें हेरोइन बरामद हुई। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर लिफाफे सहित कुल 10 ग्राम हेरोइन पाई गई। बरामद नशे को कपड़े की थैली में डालकर सील किया गया। बरामदगी को सबूत के तौर पर पुलिस कब्जे में लिया गया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने 10 ग्राम हेरोइन अपने कब्जे में रखकर एनडीपीएस एक्ट की धाराएं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है ।

## शिक्षा, नवाचार और एकजुटता से नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ें : प्रो. रेनू विग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) की कुलपति प्रो. रेनू विग ने नववर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों को विश्वविद्यालय की आत्मा, शक्ति और सफलता की आधारशिला बताया।

प्रो. विग ने वर्ष 2025 को उद्देश्यपूर्ण सहभागिता, अकादमिक प्रगति तथा सामूहिक दृढ़ता का प्रतीक करार देते हुए कहा कि इस वर्ष पीयू ने ज्ञान के नए आयाम स्थापित किए, संस्थागत प्रणालियों को मजबूत बनाया, नवाचार को बढ़ावा दिया तथा उत्कृष्टता, समावेशन और सामाजिक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और गहरा किया। इन सभी उपलब्धियों का श्रेय उन्होंने साझा दृष्टि और टीमवर्क को दिया।

कुलपति ने शिक्षकों की शोध, मार्गदर्शन और बौद्धिक नेतृत्व की भूमिका की सराहना की, तो गैर-शिक्षण कर्मचारियों की कार्यकुशलता और संस्थागत संतुलन बनाए रखने के योगदान को रेखांकित किया। विद्यार्थियों के बारे में उन्होंने कहा कि उनकी जिज्ञासु एवं सामाजिक रूप से जागरूक सोच ने पीयू की गौरवशाली विरासत को परिसर के अंदर और बाहर सम्मानजनक ढंग से आगे बढ़ाया है।

नववर्ष 2026 के स्वागत में प्रो. रेनू विग ने पूरे विश्वविद्यालय समुदाय से अकादमिक ईमानदारी, नवाचार, करुणा और सहयोग पर आधारित वातावरण को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाला वर्ष शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने, शोध के नए अवसर तलाशने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने तथा शैक्षणिक गतिविधियों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक चुनौतियों से जोड़ने का सुनहरा अवसर लेकर आया है।

अंत में कुलपति ने विश्वास जताया कि साझा मूल्यों और एकजुट उद्देश्य के साथ पंजाब विश्वविद्यालय भविष्य में नई ऊंचाइयों को छुएगा और ज्ञान, नेतृत्व तथा सेवा का प्रमुख केंद्र बना रहेगा। उन्होंने पीयू परिवार के सभी सदस्यों एवं उनके परिजनों के लिए अच्छे स्वास्थ्य, शांति, पेशेवर संतोष और व्यक्तिगत खुशी की कामना करते हुए एक सुखद, सार्थक एवं समृद्ध नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं।

## शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ने चलाया विशेष छापेमारी अभियान

नगर परिषद एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग की टीम ने 3 दुकानदारों के काटे चालान, 10 किलो के करीब प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिफाफे किए जब्त

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 31 दिसंबर।** बुधवार को नगर परिषद जीरकपुर एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग द्वारा शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी के आदेशों पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर परिषद एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग की टीम ने ढकोली एरिया पर स्थित सब्जी मंडी और मार्केट की दुकानों में छापा मारा और 10 किलो के करीब प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिफाफे बरामद किए। नगर परिषद की टीम ने ढकोली इलाके में 40 दुकानों को चेक किया जिनमें से नगर परिषद एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग की टीम ने मौके पर 3 दुकानदारों के चालान कर 10400 जुर्माना वसूला। नगर परिषद के सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार और पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग के एसडीओ अतुल शर्मा ने बताया कि पॉलिथीन के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगी हुई है फिर भी कुछ दुकानदार द्वारा अवैध तौर पर पॉलिथीन का इस्तेमाल कर रहे है। उन्होंने बताया कि वातावरण को बचाए रखने के लिए पंजाब सरकार द्वारा पॉलिथीन के लिफाफों पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई हुई है। नगर परिषद द्वारा पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग के साथ मिलकर समय समय पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। इसी के तहत बुधवार को ढकोली एरिया पर स्थित मार्केट एवं सब्जी मंडी में चेकिंग की गई। विक्रेताओं से करीब 10 किलो पॉलिथीन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के तहत 3 दुकानों पर कार्यवाही की गई और 10400 रुपए का चालान किया गया। सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## मूक पशुओं की सेवा ही परम धर्म : सलाहकार दिनेश मुनि



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 31 दिसंबर।** जब नववर्ष 2026 के स्वागत में देश-दुनिया आतिशबाज़ी, पार्टियों और भौतिक उल्लास में डूबी हुई थी, उसी समय मोहाली की धरती पर एक ऐसा दृश्य आकार ले रहा था जो शांति, करुणा और अहिंसा के मूल्यों को जीवंत कर रहा था। जैन संत पूज्य श्री जीनेश मुनि जी महाराज एवं श्रमण संघीय सलाहकार दिनेश मुनि जी महाराज की पावन प्रेरणा से श्री एस.एस. जैन सभा, मोहाली ने नववर्ष का आरंभ सेवा और संवेदना के संकल्प के साथ किया।

सभा के अध्यक्ष अशोक जैन, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि नववर्ष का स्वागत केवल आत्मकेन्द्रित आनंद से नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व निभाकर होना चाहिए। इसी भावना के अंतर्गत 'जीवदया' को समर्पित अनेक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर अपने आध्यात्मिक संबोधन में श्रमण संघीय सलाहकार दिनेश मुनि ने मूक पशुओं की सेवा को धर्म का सर्वोच्च स्वरूप बताया। उन्होंने कहा, ÷बेजुबान जानवरों की पीड़ा को समझना और विशेषकर इस कड़कड़ाती ठंड में उनके आहार की व्यवस्था करना ही वास्तविक सेवा धर्म है।

## ज़ीरकपुर में क्लीनिक से लाइसेंसी रिवॉल्वर और नकदी चोरी, अज्ञात पर केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह




**जीरकपुर, 31 दिसंबर।** सिटी इनक्लेव भबात रोड स्थित एक निजी क्लीनिक से लाइसेंसी रिवॉल्वर, नकदी और दस्तावेज चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर ज़ीरकपुर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति/व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए बयान में सिटी इनक्लेव, भबात रोड निवासी 51 वर्षीय सुरिंदरपाल सिंह सैणी ने बताया कि वह एससीओ नंबर 24/25, सिटी इनक्लेव में पिछले करीब 12 वर्षों से क्लीनिक चला रहे हैं। उनके नाम पर वैध असला लाइसेंस है, जिसके तहत .32 बोर का रिवॉल्वर है।

शिकायतकर्ता के अनुसार 4 सितंबर 2025 को वह अपना लाइसेंस, रिवॉल्वर, 6500 रुपये नकद और आधार कार्ड एक बैग में रखकर क्लीनिक पहुंचे थे। उक्त बैग उन्होंने क्लीनिक के दराज में सुरक्षित रखा। शाम करीब 8ः15 बजे क्लीनिक बंद कर घर जाते समय जब उन्होंने दराज से बैग उठाने की कोशिश की तो वह वहां मौजूद नहीं था। उन्होंने क्लीनिक में काफी तलाश की, लेकिन बैग नहीं मिला।

इसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर भी काफी खोजबीन की, लेकिन रिवॉल्वर और बैग का कोई सुराग नहीं लगा। उनका आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों ने बैग सहित लाइसेंसी रिवॉल्वर और नकदी चोरी कर ली है।

मामले में 30 दिसंबर को शिकायतकर्ता थाना ज़ीरकपुर पहुंचे, जहां एएसआई लाभ सिंह ने उनका बयान दर्ज किया। पुलिस ने बयान की तस्दीक के बाद बीएनएस की धाराओं 305 और 331(3) के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस टीम शिकायतकर्ता के साथ मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। थाना प्रभारी के अनुसार क्लीनिक और आसपास के इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जल्द खुलासे का दावा किया है।

## राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की बधाई दीं

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नव वर्ष 2026 के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी हैं।

अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि नव वर्ष प्रत्येक घर में शांति, सुख और समृद्धि लेकर आएगा तथा प्रगति एवं विकास के नए सुअवसरों का सृजन होगा।

राज्यपाल ने कहा कि नव वर्ष आशाओं, सकारात्मक सोच और एक मजबूत, स्वस्थ एवं समावेशी समाज के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प लेने का समय है। उन्होंने प्रदेश और राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्पण और सौहार्द के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अनुशासन, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को अपनाने तथा नशा मुक्त, स्वस्थ और समृद्ध प्रदेश के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

राज्यपाल ने वर्ष 2026 में प्रदेश के निरंतर विकास और सौहार्द के लिए प्रार्थना की।

### मुख्यमंत्री ने नव वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं

# नव वर्ष नए संकल्पों का प्रसार करें : सुक्खू

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2026 की हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि नया साल आप सबके लिए अपार खुशियां लेकर आए तथा नव वर्ष नई आशाओं, नए संकल्पों और नई ऊर्जा का प्रसार करें।

उन्होंने कहा कि गत वर्ष प्रदेश ने कई आपदाओं का सामना किया और प्रदेश की जनता ने सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कई चुनौतियों का सामना किया। यह वर्ष हमारे प्रदेश के लिए विकास और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों भरा साल रहा है। हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार की चिट्टा मुक्त हिमाचल मुहिम को अपार जन समर्थन मिला है। भविष्य में भी सरकार अपने लोगों तथा प्रदेश के हितों के लिए मजबूती से ख?ी रहेगी।

श्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कांग?ा वैली कार्निवल, शिमला विंटर कार्निवल और डलहौजी विंटर फेस्ट जैसे आयोजनों की अभिनव पहल की। प्रदेश के इतिहास में नव वर्ष के अवसर पर शुरू की गई इन पहलों से पहली बार पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहन मिला है। इस शुरूआत से शिमला, चंबा और धर्मशाला में पर्यटकों के आवागमन में भारी वृद्धि देखी गई है जिससे क्षेत्र के पर्यटन को ब?ावा मिला है।

उन्होंने हिमाचलवासियों का आह्वान किया कि इस नए साल में सब मिलकर अपने प्रदेश को स्वच्छ, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि आपकी सहभागिता ही हमारी असली शक्ति है।

उन्होंने कामना की कि यह नव वर्ष सभी के जीवन में सुख, शांति और अपार समृद्धि लेकर आएगा।

### गिरिराज साप्ताहिक का वर्ष 2026 का कैलेंडर जारी



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज गिरिराज साप्ताहिक का वर्ष 2026 का कैलेंडर जारी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिराज साप्ताहिक प्रदेश सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने समाज के प्रत्येक वर्ग के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए कई कल्याणकारी निर्णय लिए हैं और इन पहलों को सही परिप्रेक्ष्य में प्रचारित करने में गिरिराज साप्ताहिक की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। इस अवसर पर सचिव सूचना एवं जन संपर्क राकेश कंवर, संपादक गिरिराज रीना नेगी, योग राज, सहायक संपादक विवेक शर्मा, लुभित सिंह और उप संपादक चन्द्रशेखर भी उपस्थित थे।

### शिमला बार एसोसिएशन ने सीएम राहत कोष में किया अंशदान



**शिमला** बार एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बुनेश पाल एवं सचिव पुनीत धानटा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 1,11,111 रुपये का चैक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे योगदान पी?ित मानवता और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने शिमला के चक्कर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की अधिसूचना जारी करने तथा न्यायिक परिसर चक्कर के भवन के रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 31 दिसंबर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कटाराई के तत्वावधान में बेटी बचाओङ्कबेटी पढ़ाओ योजना तथा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्रान में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पाठशाला के 141 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुभाष, आयुष चिकित्सा अधिकारीङ्कहरिपुर ने की। उन्होंने बच्चों को मासिक धर्म स्वच्छता एवं उससे जुड़ी आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता आदतों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर कु0 सीता, किशोर स्वास्थ्य परामर्शदात्री ने पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर बच्चों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। बाल विकास परियोजना अधिकारी कटाराई धनी राम ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बताया कि यह अभियान सम्पूर्ण देश में 4 दिसंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियमङ्क2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल विवाह रोकथाम हेतु जनसमुदाय की सहभागिता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक सुभाष, विनोद, पर्यवेक्षिका श्अनिला तथा पर्यवेक्षिका कुमारी प्रमिला ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं विभागीय कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

## छात्रों को भविष्य सफल बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक : संजय अवस्थी

12 लाख रुपए से निर्मित पटवार वृत्त दानोंघाट का किया लोकार्पण

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि भविष्य को सफल बनाने के लिए छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है ताकि समाज के विकास में वह सहयोगी बन सके। संजय अवस्थी आज अर्की विधायक क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दानोंघाट सहित कलस्टर के 08 विद्यालयों के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने इससे पूर्व 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित पटवार वृत्त दानोंघाट का लोकार्पण भी किया। विधायक ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित करें। भविष्य को सफल बनाने के लिए लक्ष्य का निर्धारण आवश्यक है। इससे जहां



छात्र लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकाग्र होकर कार्य योजना तैयार करेंगे वहीं सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर भी होंगे। उन्होंने कहा कि आज नशा एक चुनौती बना हुआ है। नशे जैसी कुरीति से निपटने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि विशेषकर अभिभावकों को अपने बच्चों का ध्यान रखना होगा ताकि वह नशे की ओर न जाएं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय बिताएं, उनकी कठिनाओं और उनकी संगत पर ध्यान दें ताकि बच्चे किसी भी गलत आदत में न प?ें।

संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और म?बूत बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में 5वें स्थान पर आ गया है। यह उपलब्धि प्रदेश सरकार के सकारात्मक प्रयासों, अध्यापकों की लगन और बच्चों के परिश्रम का परिणाम है। विधायक ने कहा कि दानोंघाट से सेरी स?क मार्ग के लिए 34.67 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है। उन्होंने कहा कि दानोंघाट से साझाहाडा स?क मार्ग के लिए लगभग 07 करो? रुपए की राशि स्वीकृत हो गई है। इसका कार्य शीघ्र आरम्भ हो जाएगा। इससे आस-पास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में ग्राम पंचायत दानोघाट में विकास कार्यों के लिए लगभग 50 लाख रुपए की राशि दी गई है। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन की एकजुटता का संदेश : प्रो. प्रेम कुमार

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** नव वर्ष की संध्या पर हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने समीरपुर में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रो. धूमल ने सभी कार्यकर्ताओं को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि भाजपा एक अनुशासित एवं विचारधारा आधारित संगठन है, जिसे भाईचारे, एकजुटता और आपसी समन्वय के साथ और अधिक मजबूत किया जा सकता है। प्रो. धूमल ने कार्यकर्ताओं को संगठन हित में समर्पण भाव से कार्य करने तथा जनसेवा को अपना मुख्य उद्देश्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की



मेहनत और निष्ठा ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और आने वाले समय में सभी को मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।

इस दौरान पूर्व कौशल विकास चेयरमैन नवीन शर्मा, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं ग्राम पंचायत दुरूही की लगातार तीन बार की प्रधान उषा बिरला, भाजपा वरिष्ठ नेता आदर्श कांत, भाजपा नेता विकास शर्मा, कुलभूषण, पवन ठाकुर, अश्विनी शर्मा, अशोक कुमार, अजय शुक्ला सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नए वर्ष पर विकसित, सुरक्षित और सशक्त भारत का संकल्प : अनुराग सिंह ठाकुर

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पांचवीं बार सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने नववर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों एवं अपनी संसदीय क्षेत्र हमीरपुर की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 और आने वाले वर्षों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर नई ऊँचाइयों को छुएगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत की भूराजनीतिक स्थिति पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है और आने वाले समय में भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, सीमाओं की अभेद्य सुरक्षा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती रणनीतिक भूमिका, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारत का केंद्रीय स्थान और आतंकवाद के खिलाफ



जीरो टॉलरेंस नीति–ये सभी परिवर्तन भारत को एक निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि 2026 के बाद भारत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि कूटनीतिक, तकनीकी और सामरिक दृष्टि से भी विश्व का मार्गदर्शक बनेगा।

इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के स्तंभ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने भी प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नया वर्ष जीवन में एक नई शुरुआत, नया संकल्प और नई ऊर्जा लेकर आता है। नया वर्ष हमें बीते अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ने, सकारात्मक सोच बनाए रखने और निरंतर परिश्रम के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। प्रो. धूमल ने कहा कि जीवन की यह नई यात्रा हमें समाज, प्रदेश और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को और अधिक समर्पण भाव से निभाने का अवसर प्रदान करती है।

भाजपा जिला हमीरपुर के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, महामंत्री अजय रिंटू एवं राजेश सहगल, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा सहित जिला के सभी पदाधिकारियों की ओर से भी जिला हमीरपुर की जनता को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि नया वर्ष संगठनात्मक मजबूती, जनसेवा और जनसंपर्क को और सशक्त बनाने का अवसर है। पार्टी कार्यकर्ता आने वाले समय में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और समाज के हर वर्ग के साथ संवाद बढ़ाने के संकल्प के साथ कार्य करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने जसवंत सिंह पटियाल के निधन पर शोक व्यक्त किया

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री के प्रेस सचिव अरुण पटियाल के 77 वर्षीय पिता जसवंत सिंह पटियाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका निधन परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति इस कठिन व दु:खद घ?ी में संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### ऊना के ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं मिलेगी क्रशर यूनिट की अनुमति



**ऊना (रोहित शर्मा)।** नगर निगम ऊना के आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम ऊना की सीमाएं स्थाई हो चुकी हैं और अब निगम क्षेत्र में शामिल पंचायतों में शहरी नियोजन मानकों के अनुसार किसी भी प्रकार की नई क्रेशर यूनिट स्थापित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। श्री गुर्जर ने नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने के पश्चात ये क्षेत्र शहरी क्षेत्र की श्रेणी में आ गए हैं, जहां क्रेशर इकाइयों की स्थापना नियमों के तहत निषिद्ध है।

### मुख्यमंत्री ने माल रोड और रिज का किया भ्रमण



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज नववर्ष की पूर्व संध्या पर शिमला के मॉल रोड और रिज का भ्रमण किया तथा 'क्वीन ऑफ हिल्स' शिमला में उम? पर्यटकों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने रिज पर लगे हिमाचल के पारंपरिक व्यंजनों और हस्तशिल्प को प्रदर्शित करने वाले स्टॉलों का भी अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों और लोगों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं, वहीं लोगों ने उत्साहपूर्वक उनके साथ सेल्फी ली। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### हजारों की संख्या में मनाली पहुंचे सैलानी


**शिमला।** नए साल का स्वागत करने के लिए हजारों सैलानी मनाली पहुंच गए हैं। पर्यटक यहां जश्न के माहौल में नए साल का अभिनंदन करेंगे और पुराने साल को विदाई देंगे । शहर में हर जगह उत्सव का माहौल देखा जा रहा है। प्रशासन ने सैलानियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। मनाली के मॉल रोड पर डीजे लगाया गया है। पर्यटकों के मनोरंजन के लिए मॉल रोड़ पर लाइव म्यूजिक की प्रबंध क्रिसमस से लेकर किया गया है।

## नववर्ष पर सैंज घाटी का शांघड़ बदहाल खस्ताहाल मार्ग से लौट रहे पर्यटक, पर्यटन पर संकट

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**सैंज (कुल्लू) 31 दिसंबर।** जिला कुल्लू का सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल सैंज घाटी का शांघ? जहां हर साल हजारों पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य और देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, इस बार खस्ताहाल स?कें यहां की सबसे बड़ी बाधा बन गई हैं। सड़क की इतनी खराब हालत है कि अधिकतर पर्यटक आधे रास्ते से ही लौटने को मजबूर हो रहे हैं। इससे न केवल पर्यटक परेशान हैं, बल्कि यहां का पर्यटन व्यवसाय भी भारी नुकसान झेल रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार आपदा के बाद विभाग ने सड़क को अस्थायी रूप से तो बहाल कर दिया, लेकिन मरम्मत इतनी अधूरी है कि समझ नहीं आता कि सड़क गड्ढों में है या गड्ढे सड़क में। कई जगह सड़कें धंस चुकी हैं, वहीं कुछ हिस्सों पर वाहनों का चलना जोखिम भरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शांघड़ की राह पर गड्ढों की भरमार के कारण वाहन फिसलने का खतरा बना हुआ है, जिससे पर्यटक यहां आने से डर रहे हैं। नव वर्ष मनाने के लिए बड़ी संख्या में



पर्यटक शांघड़ की ओर पहुंच रहे हैं, लेकिन रास्ते की हालत देखकर कई वाहन मध्य मार्ग से ही बापस लौटते देखे गए। पर्यटन व्यवसायियों का कहना है कि इस स्थिति के कारण होमस्टे, गेस्ट हाउस, कैफे और गाइड सेवाओं को भारी आर्थिक चोट पहुंच रही है।

उन्होंने आशंका जताई कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले महीनों में पर्यटन सीजन पर इसका असर साफ दिखेगा। ग्रामीणों व व्यवसायियों ने सरकार और प्रशासन से तत्काल स्थायी मरम्मत की मांग उठाई है, ताकि आम जनता और पर्यटक सुरक्षित यात्रा कर सकें। उन्होंने कहा कि शांघड़ प्रदेश और देश-विदेश के पर्यटकों के लिए एक अनमोल धरोहर है, इसलिए इसके लिए बेहतर सड़क सुविधा प्राथमिकता में होनी चाहिए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते शांघड़ सड़क सुधारी नहीं गई, तो यह क्षेत्र अपनी लोकप्रियता और पर्यटन विकास की रफ्तार खो सकता है।

## ग्राम पंचायत दुलेहड़ में सॉफ्ट टॉय प्रशिक्षण कोर्स का शुरू

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** पीएनबी आरसेटी ऊना द्वारा ग्राम पंचायत दुलेहड़ में दो सप्ताह की अवधि का सॉफ्ट टॉय निर्माण प्रशिक्षण कोर्स प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ यूको बैंक दुलेहड़ के शाखा प्रमुख अमित शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर पीएनबी आरसेटी ऊना के सीनियर फैकल्टी आकाश भारद्वाज तथा सॉफ्ट टॉय प्रशिक्षक उर्मिला भी उपस्थित रहीं।

पीएनबी आरसेटी ऊना के निदेशक सुधीर कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएनबी आरसेटी ऊना जिला ऊना का एकमात्र प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत तथा हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के सहयोग से



संचालित किया जा रहा है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को अल्पावधि के व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना तथा जिले में बेरोजगारी की समस्या को कम करना है।

उन्होंने बताया कि पीएनबी आरसेटी द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को तकनीकी कौशल के साथ-साथ बैंकिंग ज्ञान, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी, बाजार सर्वेक्षण तथा एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे एक सफल उद्यमी बन सकें।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के ग्रामीण युवाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिससे वे स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर आत्मनिर्भर बन सकें। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क संचालित किए जाते हैं।

इन-हाउस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आवास एवं भोजन की निःशुल्क सुविधा प्रदान की जाती है, जबकि ऑफ-साइट प्रशिक्षण के लिए डेबोर्डिंग की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है।

निदेशक ने प्रशिक्षणार्थियों को आश्वस्त किया कि संस्थान द्वारा उन्हें नौकरी तलाशने के बजाय स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु हर संभव मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर न केवल स्वयं रोजगार प्राप्त करें बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकें।

## राजकीय प्राथमिक पाठशाला, राजगढ़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला, राजगढ़ जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश में आज विद्यालय का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी शरभेश्वरानंद भैरव जी महाराज,पीठाधीश्वर ङ्क काली मठ एवं धर्माधीश हिंदू तख्त विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान स्वामी जी द्वारा विद्यालय को गोद लेने के प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया गया। यह प्रस्ताव विद्यालय की विभागीय प्रभारी श्रीमती मनोरमा ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती हिमांशु वर्मा, श्रीमती नीलम कुमार (छ्क्क्ष) तथा अन्य ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

स्वामी जी ने अपने संबोधन में आश्वस्त किया कि विद्यालय में यदि किसी भी प्रकार की शैक्षणिक, भौतिक अथवा अन्य आवश्यकताएँ उत्पन्न होती हैं, तो उनके समाधान हेतु वे स्वयं एवं काली मठ फाउंडेशन द्वारा हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विद्यार्थी को उच्च शिक्षा हेतु फाउंडेशन की सहायता की आवश्यकता होगी, तो वह सहायता पूर्ण रूप से उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर स्वामी जी द्वारा विद्यालय प्रबंधन को ?11,000/- (ग्यारह हजार रुपये) की धनराशि सहयोग स्वरूप प्रदान की गई तथा भविष्य में भी विद्यालय की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया गया।


**GOVERNMENT OF HIMACHAL PRADESH**
**JAL SHAKTI VIBHAG**
**NOTICE INVITING e TENDERS**

Executive Engineer Jal Shakti Division Bhoranj invites online bids on behalf of Governor of Himachal Pradesh from registered/eligible contractor/Firms for the following work (s) through online process.

| Sr No. | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Tender | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rejuvenation and Restoration of Dimmi Pond based on Natural Treatment System in Tehsil Bhoranj, Distt. Hamirpur HP (SH: C/O water retaining structure, C/O cascading and fountaining aeration system, C/O edge wall for walkway, M.S. railing and gate etc). | 43,04,860/- | 72,100/- | 1500/- | One year |
| 2. | Restoration of rain damage to LWSS Patna Nallah in GP Tikker Bhula in Tehsil. Bhoranj Distt. Hamirpur HP (SH: Shifting & Relaying of Gravity Main from Aman Tank to various village from Aman Panchayat Job No.-I). | 1,73,334/- | 3,467/- | 500/- | Three Months |

Last date of filing/ uploading the tender through e- tendering 09.01.2026 up to 11.00 AM The tender forms and other detailed conditions can be obtained from the website www.hptenders.gov.in.

HIM SUCHNA AVAM JANSMPARAK — Executive Engineer, Jal Shakti Division, Bhoranj.

RO No. 5365_2025-2026 | AP No. 6919

# शिमला-मनाली में फुल मस्ती, रात 12 बजे तक चला जश्न

## हिमाचल में न्यू ईयर सेलिब्रेशन शुरू, होटल-ढाबे 24 घंटे खुले

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आज शानदार अंदाज से न्यू ईयर की सेलिब्रेशन शुरू हो गया है। शिमला, धर्मशाला और डलहौजी में रात 12 बजे तक टूरिस्ट विंटर कार्निवल में थिरके। पर्यटन नगरी मनाली में देर रात तक डीजे की धुनों पर जश्न व नाच-गाना चलेगा। ब?े होटलों, रिसॉर्ट और कैफे में भी डीजे नाइट, लाइव म्यूजिक, बोनफायर और पार्टी चल रही है। धर्मशाला में रात 12 बजे विशेष आतिशबाजी की जाएगी।

नए साल 2026 के स्वागत को यादगार बनाने के लिए देशभर से ब?ी संख्या में टूरिस्ट पहा?ों पर पहुंचा है। पर्यटन स्थलों पर इससे रौनक ब?ी है। मनाली में सबसे ज्यादा भी? है। यहां के होटलों में 90 फीसदी कमरे आज रात के लिए एडवांस में बुक हो चुके है। शिमला, कसौली और डलहौजी में भी 75 फीसदी कमरे बुक है। देर शाम तक इसके 90 प्रतिशत पहुंचने के लिए आसार है। शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे होम स्टे भी काफी संख्या में टूरिस्ट पहुंच रहा है।

मनाली मॉल रोड पर डीजे पार्टी शुरू हो गई है जो कि देर रात तक चलेगी। यहां पर मॉल रोड को शानदार ढंग से सजाया गया है। मनाली मॉल रोड पर अगले 24 जनवरी तक डीजे पार्टी चलती रहेगी, ताकि नए साल मनाने आ रहे टूरिस्ट का मनोरंजन चलता रहे।

### लाइव म्यूजिक और गाला डिनर के इंतजाम



मनाली के मॉल रोड पर डीजे लगाया गया। पर्यटकों के मनोरंजन के लिए मॉल रोड़ पर लाइव म्यूजिक की प्रबंध क्रिसमस से लेकर किया गया। पर्यटकों के लिए रोहतांग दर्रा सहित शिंकुला दर्रा में बर्फ मौजूद है। दिनभर पर यहां बर्फ के दीदार करने के बाद मनाली के मॉल रोड पर लाइव म्यूजिक का आनंद उठाएंगे। बड़े होटलों में बोनफायर के साथ साथ लाइव म्यूजिक और गाला डिनर के भी इंतजाम किए गए हैं। पर्यटकों के लिए वोल्वो बस स्टैंड तक बड़े होटलों ने पिकअप के लिए विशेष गाड़ियां लगाई हैं।

### एसपी कुल्लू ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा।

मनाली में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। एसपी कुल्लू मदन लाल ने मनाली का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस ने पूरी तैयारी की है। मौसम विभाग द्वारा ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी के पूर्वानुमान के चलते बर्फबारी की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने दो एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं ताकि बर्फबारी होने पर स्नो प्वाइंट में जाने वाले पर्यटकों को प्रतिकूल परिस्थितियों में सहायता प्रदान की जा सके ।

## ऊना में एजेंसी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भरे सैंपल

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला के साथ लगते गाडुव कुठार खुर्द में एक एजेंसी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सैंपल भरे हैं। इस कार्रवाई के दौरान कुल पांच क्विंटल पनीर सप्लाई के लिए

दुकान पर रखा था। विभाग ने इसे नियमित कार्रवाई के हवाला देते हुए पनीर को जब्त नहीं किया है। इस कार्रवाई के बाद जिले भर दुग्ध पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया है।

बुधवार को सुबह खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए कुठार खुर्द में पनीर के सैंपल भरे हैं। यह पनीर पंजाब से जिले भर में सप्लाई होने के लिए पहुंचा था। जिले में भारी मात्रा में बाहरी राज्यों से दूध से संबंधित वस्तुओं की सप्लाई होती है। ऐसे में कई बार बाहरी क्षेत्रों से आने वाले इन उत्पादों में मिलावट होने की आशंका भी सबसे अधिक रहती है।बता दें कि दिवाली के समय भी उक्त एजेंसी के स्टोर से पनीर के सैंपल भरे गए थे। जो जांच रिपोर्ट में मानकों पर खरे नहीं उतर पाए थे। अब विभाग ने एक बार फिर उक्त एजेंसी में नियमित सैंपलिंग करते हुए कार्रवाई की है। सूत्रों के अनुसार जिले भर में इस प्रकार की विभिन्न एजेसियां हैं। जहां से फिर छोटे मालवाहक वाहनों से उक्त उत्पादों को छोटी छोटी दुकानों तक पहुंचाया जाता है। इस मामले पर खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त जगदीश धीमान ने बताया कि कुठार खुर्द में विभाग की टीम ने डेयरी एजेंसी से पनीर के सैंपल लिए हैं। सैंपल को जांच को लिए सीटीएल लैब कंडाघाट भेजा

जाएगा। नियमों के तहत सैंपल लेने पर पनीर मिलावटी होने की आंशका न होने पर पनीर को जब्त नहीं किया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान स्टोर में करीब पांच क्विंटल पनीर मिला है।

## पेंइग गेस्टहाउस, आवासीय कॉलोनियों एवं निजी घरों में ठहरने वालों को लेकर धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 31 दिसम्बर।** जिला बिलासपुर में कानून-व्यवस्था सुदृ? बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी बिलासपुर राहुल कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशों में उल्लेख किया गया है कि अन्य राज्यों से ब?ी संख्या में लोग रोजी-रोटी, व्यवसाय एवं विभिन्न सेवाओं से जु? कार्यों के लिए बिलासपुर जिला में आते-जाते रहते हैं। ऐसे व्यक्तियों के पूर्ववृत्त का सत्यापन तथा स्थानीय पुलिस थाना स्तर पर पंजीकरण किया जाना आवश्यक है।


इसके अतिरिक्त जिला में कई स्थानों पर पेंइग गेस्ट (पीजी) हाउस संचालित है, उनमें से कई आवासीय कॉलोनियों या निजी घरों में बिना सक्षम प्राधिकरणों जैसे नगर समिति, ग्राम पंचायत, स्थानीय पुलिस आदि की अनुमति से संचालन कर रहे है। साथ ही यह पेंइग गेस्ट हाउस विद्यालयों, महाविद्यालयों आदि में पढने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ कामकाजी पुरुषों एवं महिलाओं के पूर्ववृत्त को बिना सत्यापित ठहराया जा रहा है, जिससे कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित चुनौतियां उत्पन्न होने की संभावना है।

राहुल कुमार ने अन्य राज्यों से आजीविका कमाने के लिए जिला में आने वाले लोगों तथा पेंइग गेस्ट हाउस और समकक्ष सुविधाओं में रहने वाले विद्यार्थियों पर नजर रखने पर जोर दिया है ताकि जिला में असमाजिक तत्वों द्वारा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोका जा सके।

ऐसी स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी बिलासपुर ने जिला में आदेश जारी किए है कि कोई भी नियोजक, ठेकेदार अथवा व्यापारी बिलासपुर जिला में आने वाले किसी भी प्रवासी श्रमिक को तब तक कार्य पर नहीं लगाएगा, जब तक संबंधित श्रमिक द्वारा पासपोर्ट आकार के फोटो सहित अपनी पहचान एवं पूर्ववृत्त का सत्यापन संबंधित थाना प्रभारी (एसएचओ) से विधिवत रूप से न करा लिया हो। सत्यापन से संबंधित अभिलेख की प्रति नियोजक द्वारा सुरक्षित रखी जाएगी।

इसके साथ ही जिले में आने वाला कोई भी व्यक्ति यदि स्वरोजगार, सेवा अथवा किसी अन्य औपचारिक अथवा अनौपचारिक कार्य से जु?ना चाहता है, तो वह संबंधित थाना प्रभारी को पूर्व सूचना दिए बिना कार्य आरंभ नहीं करेगा। कोई भी मकान मालिक अपने मकानों अथवा पेंइग गेस्ट हाउस में स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई इत्यादि शिक्षण संस्थानों में बाहर से पढने आए विद्यार्थियों अथवा बाहरी राज्यों से आए कामकाजी व्यक्तियों की जानकारी सम्बन्धित स्थानीय निकाय तथा ग्राम पंचायतों में दर्ज करवाए बिना नहीं ठहराएंगे तथा ऐसे व्यक्तियों की सूचना दर्ज करवाना सुनिश्चित करेंगे।

## अनुकंपा आधार पर नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे पात्र आवेदकों को नए साल का तोहफा: सीएम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने अनुकंपा आधार पर नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे 202 पात्र आवेदकों को नियुक्ति प्रदान कर उन्हें नए वर्ष का तोहफा दिया है। इनमें शिक्षा विभाग में 127 आवेदकों को श्रेणी-3 व श्रेणी-4 के पदों पर नियुक्त किया गया है।

इनमें जेओए (आईटी) तथा मल्टी टास्क वर्कर शामिल हैं। वहीं गृह विभाग में 74 आवेदकों को नियुक्तियां दी गई हैं, जिनमें 70 जेओए (आईटी) और श्रेणी-4 के चार पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अभियोजन विभाग में भी एक आवेदक को नियुक्ति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इसे नव वर्ष का तोहफा बताते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में लंबे समय तक अनुकंपा आधार पर नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे लोगों की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि रोजगार की उम्मीद लगाए अनेक परिवार लंबे समय तक असमंजस की स्थिति में थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने इन परिवारों की पी?ा को समझते हुए ठोस कदम उठाते हुए नियुक्तियां प्रदान की हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इन परिवारों की भलाई तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है ताकि भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## भाजपा ने मोर्चा संगठनों का विस्तार किया, अनुसूचित जाति, ओबीसी और अनुसूचित जनजाति मोर्चों की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी, हिमाचल प्रदेश के विभिन्न मोर्चों में संगठन को और अधिक सशक्त करने की दिशा में बड़े स्तर पर संगठनात्मक विस्तार किया गया है। प्रदेश नेतृत्व से चर्चा के उपरांत अनुसूचित जाति मोर्चा, ओबीसी मोर्चा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी, पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है। ये सभी नियुक्तियां 31 दिसंबर 2025 से तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौहान द्वारा जारी आदेशों के अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में संजय कुमार को नियुक्त किया गया है। सोशल मीडिया सह संयोजक के दायित्व विसन लाल एवं बबली को सौंपे गए हैं। आईटी सह संयोजक के रूप में सुरेंद्र कुमार, राकेश अत्री, गोविंद भारद्वाज, हरीश कुमार एवं संजय सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में रजिंदर झल्ला, बालकर राम, खीरामनी, रमेश चंद, जैरी भारद्वाज, सुरजन कुमार, मदन सकलानी, यशपाल, मदन लाल, उमेश नाथ धीमान, लेखराज, भीम सिंह, महेंद्र सिंह, जय चंद घांटा, संदीप मंगल, नंद लाल राजू, रतन सिंह कोल, मोती राम कालटा, नीमा जस्टा, अशोक विक्रम, गोपाल चौहान, टेक चंद, जवाहर, सुनील कुमार एवं तरसेम लाल को शामिल किया गया है।

भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा, हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रामलोक धनोटिया द्वारा घोषित सूची के अनुसार संतोष चौधरी को प्रदेश सचिव, सुनील शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता तथा बलवंत कमल को मीडिया सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में खेम नंद शर्मा, कमलचंद चंदेल, नरेश शर्मा एवं निशा भुल्लर को स्थान दिया गया है। साथ ही जिला अध्यक्षों की घोषणा में शिमला जिला अध्यक्ष के रूप में धर्म प्रकाश वर्मा तथा मंडी जिला अध्यक्ष के रूप में द्रौपदी शर्मा को दायित्व सौंपा गया है।

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा, हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार संजीव चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश सचिव के रूप में रण सिंह चौहान एवं रमेश जयराम को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश प्रवक्ता के दायित्व आशीष ठाकुर एवं बद्री राम को सौंपे गए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में नसीब चौधरी, गुरबख्श सिंह, पवन बग्गा, अर्जुन सिंह, कर्म सिंह, कंवर प्रदीप सिंह, भूपेंद्र कंवर, नितिन, राकेश कपूर, जोगिंदर चारक, विनय सेन नेगी, संजीव कुमार, ललित कुमार, गंगा राम, काशी राम, विनोद ठाकुर, ओम प्रकाश, रत्न लाल, चंपा छेरिंग, हरदेव, संजीव कुमार एवं सुरज कुमार को शामिल किया गया है।

प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता से करेंगे। संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ सामाजिक समरसता और जनसंपर्क को और प्रभावी बनाने में ये नियुक्तियां अहम भूमिका निभाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डाकघर लघु बचत पुरस्कार राशि से निर्मित परिसंपत्तियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**केलांग(कुल्लू) 31 दिसंबर।** उपायुक्त कार्यालय लाहौल स्पीति में आज डाकघर लघु बचत योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त पुरस्कार राशि से निर्मित परिसंपत्तियों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड, हिमाचल प्रदेश, प्रकाश चंद कर? ने की। इस अवसर पर कार्यकारी सहायक आयुक्त उपायुक्त लाहौल स्पीति कुनिका एकर्स विशेष रूप से उपस्थित रही। बैठक में सहायक उपायुक्त ने बताया कि डाकघर लघु बचत पुरस्कार राशि से अब तक जिला मुख्यालय में 4 परिसंपत्तियाँ निर्मित की गई हैं, जिनमें एक बचत विकास केन्द्र केलांग, नवनिर्मित बचत भवन, बैठक हाल तथा बचत भवन निकट उपायुक्त आवास केलांग शामिल हैं। बैठक में परिसंपत्तियों के किराया निर्धारण, समय पर किराया प्राप्ति, पुनर्निर्धारण, तथा वार्षिक इकरारनामे से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक की जिला बचत एवं सेवा समिति फंड की आय-व्यय की स्थिति पर भी समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड, हिमाचल प्रदेश, प्रकाश चंद कर? ने संबंधित अधिकारियों को लघु बचत से निर्मित परिसंम्तियों के समयबद्ध किरायों की वसूली व जिला में अभिकर्ताओं की संख्या ब?ानें के निर्देश दिए तथा डाकघर लघु बचत योजनाओं से जु? पांच उत्कृष्ट अभिकर्ताओं से उनकी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि लघु बचत योजनाओं से संबंधित साइन बोर्ड अधिक आवादी वाले क्षेत्रों सहित बस स्टैण? में लगाए जाएँ, जिन पर सभी योजनाओं की पूर्ण जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो ताकि आमजनता लघु बचत योजनाओं के बारे में जागरूक होकर अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ उठा सकें। साथ ही, जिलाधीश को समय-समय पर लघु बचत अभिकर्ताओं के साथ बैठकें आयोजित करने हेतु भी सुझाव दिया गया, ताकि उनकी समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके।

## नालागढ़ में सिंचाई टयूबवैल का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/पवन कौशल



**नालागढ़।** नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा ने खिल्लियां पंचायत में पूजा अर्चना के बाद सिंचाई टयूबवैल का उद्घाटन किया। इस ट्यूबवैल के चालू होने से दो सौ बीघा जमीन का सिंचाई सुविधा मिलेगी। लोगों की काफी पुरानी मांग थी जिसे विधायक ने पूरा कर दिया है।

विधायक हरदीप सिंह बावा ने बताया कि खिल्लियां गांव की लगभग 150 बीघा जमीन सिंचाई से वंचित थी। सिंचाई के अभाव में यह जमीन बंजर हो गई थी। इस बारे में स्थानीय लोगों ने अवगत कराया था। विधायक ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ इस गांव का दौरा किया। अब यहां पर सिंचाई सुविधा तैयार हो गई है। इस टयूबवेल से दो सौ बीघा जमीन का पानी लगेगा। अभी तक जो खेत बंजर प? थे वह अपने फसल लहलाने लगेंगी।

खिल्लियां के प्रधान धर्मचंद ने बताया कि एक महिने पहले स्थानीय लोगों ने विधायक के समय यह मांग रखी थी जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए लोगों को यह सुविधा मुहैया करा दी है। अब सिंचाई सुविधा होने से लोग अपने खेतो में मुरझा रही गेहूं की भी पानी देंगे। स्थानीय लोगों ने विधायक का अभार जताया। इस मौके पर उप प्रधान राम रतन, जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता जसविंदर सिंह, बिजली बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता किशन देव, राम गोपाल शर्मा, केशव कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य हरमेश चौधरी, गुरबचन चौधरी, प्यारा सिंह, मंगल सिंह फौजी, कमलनयन, त्रिलोचन, पम्मी फौजी, निर्मल सिंह, हरिराम, पहुलाल, बालकराम, सोहन सिंह, शमशेर सिंह, जोगिंदर सिंह, हरिचंद शास्त्री समेत गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बाराहार पंचायत में आपदा के बाद सड़क बंद, प्रधान ने डीसी से लगाई गुहार

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 31 दिसंबर।** बाराहार पंचायत के लोगों की मुश्किलें आपदा के महीनों बाद भी कम नहीं हुई हैं। पंचायत क्षेत्र में मुख्य सड़क मार्ग अभी तक बहाल नहीं हो पाया है, जिसके कारण स्थानीय निवासियों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए 8 से 10 किलोमीटर तक पैदल सफर करना पड़ रहा है।

स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों और बीमार लोगों तक, सभी को रोजाना इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पंचायत के प्रधान परस राम ने बुधवार को डीसी कुल्लू से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सड़क टूटने के बाद हालात जस के तस बने हुए हैं, जबकि विभागीय स्तर पर अभी तक बहाली के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ÷आम जनता, स्कूली छात्र और बाहर से आने वाले लोग भारी बैग और सामान लेकर लंबा रास्ता पैदल तय करने को मजबूर हैं। यहां तक कि खाद्य सामग्री और जरूरी सामान भी पीठ पर ढोकर ले जाना पड़ रहा है,÷ परस राम ने कहा।

उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग बजट की कमी का हवाला देकर बहाली में देरी कर रहा है, जिससे क्षेत्र की जनता नाराज और परेशान है। परस राम ने जिला प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग को तुरंत सड़क सुधार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और लोगों की आवाजाही सामान्य हो सके।

स्थानीय लोगों ने भी जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि सड़क बंद होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जरूरतों पर गंभीर असर पड़ रहा है और अब धैर्य की सीमा समाप्त हो चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि शीघ्र समाधान निकालकर उन्हें इस मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला जाए।


## ऊना जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर मे हवन और भंडारे का आयोजन होगा

**ऊना।** जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधिवत हवन कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में न्यायालय परिवार के सदस्यों, अधिवक्ताओं तथा कर्मचारियों ने सहभागिता की और न्याय व्यवस्था की सुचारूता, शांति एवं समृद्धि की कामना करेंगे।

इस अवसर पर परिसर में स्वच्छता एवं व्यवस्था से जुड़ी योजनाओं पर भी चर्चा होगी। अधिवक्ताओं ने आमजन की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर जोर और कार्यक्रम के दौरान सामाजिक दायित्वों से जुड़ी पहलों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ऊना जिला बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता मनोज राणा ने बताया कि न्यायालय परिसर में प्रतिवर्ष इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य आपसी सौहार्द, सकारात्मक वातावरण और न्यायिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखना है।

## 2025 में कुल्लू पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 40 किलो चरस व 1 किलो 640 ग्राम चिट्टा बरामद : एसपी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 31 दिसंबर।** जिला कुल्लू में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को पुलिस ने वर्ष 2025 में मजबूती के साथ अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि एक वर्ष के दौरान कुल्लू पुलिस ने विभिन्न कार्रवाइयों में 40 किलोग्राम चरस और 1 किलो 640 ग्राम से अधिक चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर नशा तस्करी नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया है। एसपी ने बताया कि पुलिस की विशेष टीमें लगातार सड़कों, संवेदनशील क्षेत्रों और संदिग्ध स्थानों पर निगरानी कर रही हैं।

थाना स्तर पर भी गश्त को बढ़ाया गया है, जिससे नशा तस्करों की कमर टूट रही है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबारी कितने भी शातिर क्यों न हों, लेकिन पुलिस की नजरों से बच पाना संभव नहीं होगा।

कौशल ने कहा कि कुल्लू पुलिस ÷नशा मुक्त हिमाचल÷ के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अभियान को और अधिक आक्रामक तरीके से चला रही है। हर मामले में गिरफ्तार आरोपियों से अन्य नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है तथा तस्करों के सम्पर्कों और सप्लाई चेन को खंगाला जा रहा है।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा, ÷जिला कुल्लू में नशे के कारोबारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। नशा माफिया के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी और समाज को नशे की इस जकड़न से मुक्त करने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है।÷

पुलिस अधीक्षक ने जिले के युवाओं, अभिभावकों और सामाजिक संगठनों से भी अनुरोध किया कि नशे के खिलाफ इस मुहिम में प्रशासन का साथ दें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

कुल मिलाकर वर्ष 2025 में कुल्लू पुलिस द्वारा की गई यह बड़ी कार्रवाई जिले में नशा तस्करी के खिलाफ मजबूत संदेश दे रही है।

## हिमाचल ऑन सेल की फितरत से बाज नहीं आ रही है सुक्खू सरकार : जयराम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल ऑन सेल की अपनी फितरत से बाज नहीं आ रही है और आए दिन हिमाचल प्रदेश को बेचने के रास्ते तलाशती रहती है। अब सरकार शीतलपुर में 3485 बीघा ज़मीन में टाउनशिप के नाम पर प्रदेश की ज़मीन अपने करीबी कारोबारियों और मित्रों को देने की योजना बना रही है। इसे बकायदा बीते कल कैबिनेट से भी स्वीकृत दे दी है। इसमें सरकार की योजना बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की है। इस योजना के अंतर्गत आने वाली कुल ज़मीन की क़ीमत सर्कल रेट के हिसाब से 754 करोड़ रुपए के आस पास आंकी गई है, जबकि चंडीगढ़ के पास होने के कारण इस ज़मीन का बाज़ार मूल्य पाँच हज़ार करोड़ रुपए से ज़्यादा की है। इस ज़मीन पर सरकार की नज़र है। जिसके लिए सरकार बड़े खेल की तैयारी कर रही है। जिस बीबीएन क्षेत्र की ज़मीन और जंगल पर सरकार यह टाउनशिप बनाकर अपने मित्रों को सौंपने की योजना बना रही है उसका बीबीएन क्षेत्र के पारिस्थितिकी संतुलन में बहुत योगदान है। उस जगह को छेड़ना प्रदेश के पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुँचाएगा।

जयराम ठाकुर ने कहा कि इसी तरह से जिला सिरमौर के पच्छाद विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मोरनी हिल्स के माहोल जनोट पंचायत में 134 बीघा में टाउनशिप के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है। यह ज़मीन पहले हिमुडा और बाद में बड़े बिल्डर्स को देने की तैयारी में हैं। इसी तरह की योजना सरकार शीतलपुर में भी बना रही है। जहाँ पर अभी से प्रशासन द्वारा पंचायतों के प्रतिनिधियों को ज़मीन देने के लिए एनओसी देने के लिए तमाम तरह से डरा धमकाकर उन पर दबाव बनाया जा रहा है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। एनओसी देने के लिए दबाव बनाने का क्या औचित्य हैं? इस सरकार की हर योजना में भ्रष्टाचार के रास्ते बना लिए जाते हैं। जिसमें ऊपर से नीचे तक सब के सब शामिल होते हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार अपने पहले दिन से ही हिमाचल ऑन सेल के मिशन पर काम कर रही है। सत्ता में आने के साथ ही हिमाचल टूरिज्म के होटल को निजी हाथों में देने की योजना बनाई फिर प्रदेश के अन्य संसाधनों और मेडिकल डिवाइसेज पार्क की ज़मीन को बेचने में जुटी। पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय की 112 हेक्टेयर ज़मीन बेच दी। जिसे माननीय न्यायालय ने रोका। हिमाचल और हिमाचलियत की आत्मा कहे जाने वाली धारा 118 में कई बार संशोधन करके उसमें चोर दरवाज़े खोल दिए। पॉवर प्रोजेक्ट्स और औद्योगिक क्षेत्रों के बाहर उद्योगों लगाने के नाम पर ज़मीन देने का खेल अलग से चल रहा है। जिसे पूरे देश ने देखा कि किस तरह से लोग धारा 118 में छूट दिलवाने की ठेकेदारी करके पैसे वसूल रहे थे। अब टाउनशिप के नाम पर बड़ा खेल शुरू हो गया और और हजारों करोड़ की जमीनें अपने चहेतों में बंदरबांट करने का रास्ता खोल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास की विरोधी नहीं लेकिन सुक्खू सरकार की हर योजना घोटाले को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। जहां सरकार की मंशा विकास के नाम पर राज्य के संसाधनों की लूट करना और मित्र मंडली को लाभ पहुंचाने तक ही सीमित होती है।

जयराम ठाकुर ने नव वर्ष के अवसर पर प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कामना की कि नया वर्ष प्रदेश व देश के लिए खुशहाली, शांति, समृद्धि और नई संभावनाएँ लेकर आए। उन्होंने कहा कि ने कहा कि बीता वर्ष चुनौतियों और सीखों से भरा रहा, लेकिन प्रदेशवासियों ने हौसले, संयम और एकजुटता के साथ परिस्थितियों का सामना किया। साथ ही उन्होंने में ईश्वर सभी प्रदेशवासियों पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।




# कभी मिला सुकून

# तो कभी पीने पड़े कड़वे घूंट



**अर्थ प्रकाश/ आदित्य शर्मा, पंचकूला।** हरियाणा का जिला पंचकूला। खुशियों से भरा, उज्ज्वल और तरक्की की राह पर आगे बढ़ता। सर्द और कोहरे के बीच गणतंत्र दिवस पर संजोए इन सपनों के भरोसे शुरू हुआ साल 2025 ने शुरुआत में नए पुल के निर्माण ने लोगों की राह भले आसान की हो मगर दो सनसनीखेज हत्याओं के मामलों ने सबको सन्न कर दिया। वहीं, साल की शुरुआत में बरवाला के इंडस्ट्रियल एरिया में बेसमेंट की खुदाई में 5 श्रमिक मिट्टी के मलबे में पौना घंटा फंसे रहे। सेक्टर-11 में वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। रविवार के दिन शाम करीब 5 बजे सेक्टर-11 के सरकारी मकान के बाहर बैठी 72 साल की महिला के साथ स्नैचिंग हुई। कालका से मोरनी, बरवाला से रायपुरानी और रामगढ़ से सेक्टर 18 तक फैले पंचकूला की आबादी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजमर्रा की जरूरतों और सरकार की ढांचागत सुविधाओं के लिए जूझती नजर आई। हालांकि, योजनाएं बनी लेकिन सिरे नहीं चढ़ी अब नए साल में इनके पूरा होने की उम्मीद रहेगी। सेक्टर-32 में बनने वाली वर्ल्ड क्लास शूटिंग रेंज स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स का निर्माण अब 12.75 एकड़ में नहीं बल्कि 9.50 एकड़ में किया जाएगा। पीएमडीए ने नालों के दोनों तरफ से रिटेनिंग वॉल बनाने की बात कही थी। हरियाणा सरकार ने नालों के दोनों तरफ रिटेनिंग वॉल बनाने के बजाए कुछ अन्य विकल्प तलाशने के लिए कहा। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने मेनटेनेंस ऑफ पेरेंट्स एक्ट 2007 और मेनटेनेंस आफ पेरेंट्स एक्ट 2009 हरियाणा की सभी धाराएं लागू करने और सीनियर सिटीजंस के लिए हेल्पलाइन शुरू करने के मामले में केंद्र और हरियाणा सरकार को नोटिस जारी करना पड़ा। मनसा देवी कॉम्प्लैक्स सेक्टर 2 और 6 में बीते एक-डेढ़ साल में नया स्लम एरिया डेवलप हो गया।

## इन मामलों ने फैलाई दहशत







पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और उनकी पत्नी, पूर्व कैबिनेट मंत्री सहित परिवार के 4 सदस्यों पर उनके बेटे अतीक से जुड़े एक मर्डर केस में मामला दर्ज किया गया।

सेक्टर 25 में एक ही परिवार के 7 सदस्यों ने कथित तौर पर भारी वित्तीय कर्ज के कारण सामूहिक आत्महत्या कर ली।

जिले में अपराध और दुर्घटनाओं की सुर्खियां हर किसी को चिंतित करती रहीं। नेशनल कबड्डी खिलाड़ी सोनू नोल्टा की कथित तौर पर पीयूष पिपलानी और उसके साथियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

चंडीमंदिर थाना एरिया में अवैध माइनिंग के खेल को लेकर दर्ज मामले में पंचकूला आईपीएस मनप्रीत सिंह सूदन की ओर से लगातार पूछताछ की गई। पुलिस की ओर से मामले से जुड़े 82 लोगों को समन जारी कर उन्हें बयान दर्ज करवाने के लिए कहा गया। साल में मोरनी में लकड़ी चोरी, जानवरों से संपत्तियों को नुकसान और जानवरों के संरक्षण में कमी ने क्षेत्र को एक तरह से और पीछे धकेल दिया। अब मोरनी के जंगलों से भटके खूंखार जानवर शहर आबादी में भी दस्तक देने लगे हैं।


सेक्टर-25 का डंपिंग ग्राउंड कचरे के निस्तारण के लिए सुर्खियों में रहा।

## साल 2026 में देखने के लिए बहुत कुछ

नगर निगम में नई चुनी हुई बॉडी से लेकर रिनोवेटेड सिविल हॉस्पिटल, शहर के कचरा डंप की सफाई, और कई नए प्रोजेक्ट्स के पूरे होने तक, पंचकूला में साल 2026 में देखने के लिए बहुत कुछ है। मौजूदा बीजेपी-शासित नगर निगम का पांच साल का कार्यकाल जनवरी 2026 में खत्म हो रहा है, इसलिए नए चुनाव होने वाले हैं। इसके साथ ही शहर को नया मेयर और पार्षद मिलेंगे। दिलचस्प बात यह है कि मौजूदा कार्यकाल में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के लिए कोई चुनाव नहीं हुए थे, इसलिए शहर को 5 साल के गैप के बाद नए डिप्टी मिलेंगे। इसके अलावा, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में बड़े बदलाव होने की उम्मीद है, जिसमें सेक्टर 23 का डंपिंग ग्राउंड और झुरिवाला की अस्थायी मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी इस 9 साल में खत्म हो सकती है। शहर का पहला एमआरएफ अलीपुर में और इंडस्ट्रियल एरिया में पहला बागवानी कचरा प्रोसेसिंग प्लांट बनने की उम्मीद है। इस साल रिनोवेट की गई सिविल हॉस्पिटल की बिल्डिंग, जिसमें पूरी तरह से काम करने वाला मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल भी शामिल है, के भी बनने की उम्मीद है।

***राजनीतिक :*** *भले ही हरियाणा में सत्ताधारी भाजपा फिर से सत्ता में आ गई, लेकिन पंचकूला का माहौल अलग था, जहाँ कांग्रेस के चंद्रमोहन जीते, जबकि कालका से छ्रुककी शक्ति रानी शर्मा विजयी रहीं। भले ही 4 साल बाद इस साल सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव की घोषणा की गई, लेकिन वे नहीं हो पाए क्योंकि चुनाव के दिन पीठासीन अधिकारी के बीमार होने की खबर मिली थी।*

## ये भी जानें

- देश में पंचकूला शहर का सबसे खराब एक्यूआई
- इस साल की स्वच्छता रैंकिंग में पंचकूला को सबसे खराब रैंकिंग मिली
- 1 साल से बंद नाइटक्लब को सुबह 3 बजे तक खोलने की मिली अनुमति
- नगर निगम कई टेंडर जारी करने के बावजूद बंदरों को पकड़ने में नाकाम
- आवारा कुत्तों के पब्लिक फीडिंग पॉइंट्स की पहचान करने में नाकाम
- सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट की गाइडलाइंस को लागू करने में भी फेल
- पंचकूला पुलिस द्वारा 6 नशा तस्करों की संपत्तियां ध्वस्त, 4 अटैच
- रेप के 14 मामले सामने आए, साल 2024 में थे 27
- जुए के अड्डों पर छापेमारी कर 11,43,215 रुपये की नकदी बरामद
- इमिग्रेशन फ्राड में 56 फर्जी एजेंट गिरफ्तार, 1,75,04,393 रुपये बरामद
- हथियार तस्करी के 54 मामले, 77 गिरफ्तार 128 अवैध हथियार बरामद
- पुलिस की ईआरवी टीम का रिस्पांस टाइम 8 मिनट 5 सेकेंड रह गया
- साइबर सेल टीम ने 22 लाख कीमत के 150 गुमशुदा मोबाइल ट्रेस किए
- कालका तहसील में सीएम फ्लाइंग की रेड से बदहाली पर लताड़
- सेक्टर 6 सिविल अस्पताल में 60 लाख से बनी सीनियर सिटीजंस हट
- सिविल अस्पताल में इस साल दो बार डॉक्टर अपनी मांगों। को लेकर हड़ताल पर रहे।
- राज्यपाल असीम कुमार घोष ने सेक्टर 4 में सरकारी स्कूल का मुआयना किया।
- मोरनी सी भटका तेंदुआ पंचकूला आबादी में घुस आया
- पंचकूला में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ गरजे कर्मचारी
- गृह मंत्री अमित शाह ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण किया

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस शिविर में मानवता की सेवा के लिए किया प्रेरित



**पंचकूला।** संस्कृत विद्यालय सेक्टर 20 की प्राचार्या नीलू कात्याल ने एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को कर्तव्य निष्ठा और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। समाज के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सद्भाव रखना सबको मान सम्मान देना सच्ची समाज सेवा है। एनएसएस जिला समन्वयक डा. अरविंद कुमार ने विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ समुदाय की सेवा और अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव रखना यही राष्ट्रीय सेवा योजना की सच्ची संकल्पना है। 'स्वयं से पहले आप'के उद्देश्य के साथ एनएसएस के स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सेवा के साथ अपने समाज और राष्ट्र की भक्ति का अद्भुत संगम स्वयंसेवकों में देखने को मिलता है। आज एनएसएस अपनी कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना के कारण समाज में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। संस्कृति विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ कलात्मक रुचि अनुसंधान और सेवा का भी कार्य बाखूबी से कर रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी संजीव कुमार ने बताया सभी विद्यार्थी बहुत ही अनुशासित ढंग से शिविर में अपनी प्रतिभा का प्रकटन कर रहे हैं और सामूहिकता के साथ सीख रहे हैं। विद्यार्थियों ने शिविर के बारे में अपना अनुभव साझा किया और बताया कि हमें यहां बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। इंग्लिश प्रवक्ता शीला भारद्वाज ने विद्यार्थियों को वाक् निपुणता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में देवेन्द्र सिंह और यशपाल उपस्थित रहे।

### कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**पंचकूला।** कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पी?न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत उपायुक्त सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में आन्तरिक शिकायत समिति के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन के तौर पर समीक्षा झा, लीड प्रोग्रामर , मार्था फैरल फाउंडेशन व पीयूष पोद्दार, सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर मार्था फैरल फाउंडेशन ने अधिनियम, 2013 के अंतर्गत रोकथाम, निषेध और निवारण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. सविता नेहरा ने बताया कि जिन संस्थाओं/स्कूलों/कॉलेज आदि में अभी तक आन्तरिक शिकायत समिति का गठन नहीं किया गया है, उन्हें जल्द से जल्द आन्तरिक शिकायत समिति बनाकर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, पंचकूला को सूचित करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी पंचकूला डॉ. भानू गौर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कड़कड़ाती ठंड में एचपीएससी एसपिरेनटस का धरना तीसरे दिन रहा जारी, नहीं मिला आश्वसन

**जजपा नेताओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर दिया समर्थन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** कड़कड़ाती ठंड में यहां हरियाणा सरकार के खिलाफ पिछले तीन दिनों से सेक्टर 5 में हड़ताल पर बैठे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे एचपीएससी एसपिरेनटस संघर्ष समिति को तीसरे दिन भी सरकार की तरफ से किसी तरह का आश्वासन नहीं मिल पाया है। पिछले काफी समय से हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन ने प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में जो रेगुलर भर्ती करने बारे कार्यवाही की है उसमे कमिशन ने प्रदेश के होनहार युवाओं को बिल्कुल दरकिनार करते हुए बाहरी राज्यों के उम्मीदवारों को भर्ती किया है। हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन ने अच्छा पेपर होने के बावजूद ज़्यादातर उम्मीदवारों को 35 प्रतिशत से कम अंक देकर उनको फैल कर दिया गया है।

**जजपा नेताओं ने दिया समर्थन :** बुधवार को अपना समर्थन देने जजपा पंचकूला जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश इकाई की प्रभारी डॉक्टर किरण पूनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष के सी भारद्वाज, पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सतबीर धनखड़ ,हल्का अध्यक्ष राजेश निषाद एवं अन्य नेता पहुंचे। जजपा जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग एवं डॉक्टर किरण पूनिया ने कहा कि बीजेपी सरकार प्रदेश के होनहार बेरोजगार नौजवानों को उच्च पदों पर नौकरी देना ही नहीं चाहती। वो हमारे नवयुवकों को केवल चपरासी की पोस्ट देना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी की सरकार प्रदेश में बड़े पद यानि कालेजों/यूनिवर्सिटी में लेक्चरार,विभिन्न तकनीकी विभागों में अभियंता, हेल्थ विभाग में डॉक्टरों के रिक्त पदों सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के पद भी एच के आर एन माध्यम से भरना चाहती है। जजपा नेताओं ने कहा कि ये प्रदेश के होनहार, मेहनती एवं मेरिटोरीयस युवाओ के साथ बहुत बड़ा मज़ाक एवं धोखा है।

उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि सभी रिक्त पदों को रेगुलर तरीके से भरा जाए,मेरिट एवं आरक्षण का पुरा ध्यान रखा जाए तथा हरियाणा के बेरोजगारों को ही नौकरी दी जाए। जजपा नेताओ ने कहा कि पार्टी प्रदेश के युवाओ के साथ खड़ी है।

## मूक पशुओं की सेवा ही परम धर्म : सलाहकार दिनेश मुनि

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**मोहाली।** जब नववर्ष 2026 के स्वागत में देश-दुनिया आतिशबाज़ी, पार्टियों और भौतिक उल्लास में डूबी हुई थी, उसी समय मोहाली की धरती पर एक ऐसा दृश्य आकार ले रहा था जो शांति, करुणा और अहिंसा के मूल्यों को जीवंत कर रहा था। जैन संत पूज्य श्री जीनेश मुनि जी महाराज एवं श्रमण संघीय सलाहकार दिनेश मुनि जी महाराज की पावन प्रेरणा से श्री एस.एस. जैन सभा, मोहाली ने नववर्ष का आरंभ सेवा और संवेदना के संकल्प के साथ किया।

सभा के अध्यक्ष अशोक जैन, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि नववर्ष का स्वागत केवल आत्मकेन्द्रित आनंद से नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व निभाकर होना चाहिए। इसी भावना के अंतर्गत 'जीवदया' को समर्पित अनेक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर अपने आध्यात्मिक संबोधन में श्रमण संघीय सलाहकार दिनेश मुनि ने मूक पशुओं की सेवा को धर्म का सर्वोच्च स्वरूप बताया। उन्होंने कहा, ÷बेजुबान जानवरों की पीड़ा को समझना और विशेषकर इस कड़कड़ाती ठंड में उनके आहार की व्यवस्था करना ही वास्तविक सेवा धर्म है। जो जीव अपनी व्यथा शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते, उनके प्रति दया भाव रखना ही हमें श्रेष्ठ मानव बनाता है। नववर्ष के शुभारंभ पर आयोजित इन कार्यक्रमों के तहत जीव-जंतुओं की प्रकृति के अनुसार उन्हें भोजन कराया गया। जिसमें गौ सेवा÷ गायों को पौष्टिक गुड़ व चारा, श्वानों के लिए ब्रेड, बिस्कुट, पक्षियों के लिए बाजरा और चींटियों के लिए दाना (कसारी) व बंदरों के लिए केला आदि दिया गया।

इस कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि इस पूरे सेवा कार्य के लिए किसी बाहरी चंदे का उपयोग नहीं किया गया। एस.एस. जैन सभा, मोहाली के सदस्यों ने अपनी मेहनत की कमाई (स्व-अर्जित धन) से सहयोग राशि एकत्रित की और इस सेवा उपक्रम को सफल बनाया।



## पुलिस की टीम ने नुक्कड़ मीटिंग कर लोगों को सतर्क रहने के लिए समझाया

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** नयागांव के थाना प्रभारी ऐ एस आई अश्विनी चौधरी ने नेतृत्व में ऐ एस आई निंभय सिंह गिल व उनकी टीम ने नयागांव में जगह जगह नुक्कड़ मीटिंग में लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए सतर्कता, गश्त और जनता के सहयोग पर जोर दे कर समझाया । ताकि अपराधों को रोका जा सके और सुरक्षित माहौल बनाया जा सके, जिसमें साइबर अपराधों और संदिग्ध गतिविधियों की पुलिस को 112 पर सूचना तुरंत देने की अपील भी शामिल है। ऐ एस आई निंभय सिंह गिल व उनकी टीम ने खेडा ,जनता कॉलोनी व आदर्श नगर में जनता को अपने आसपास के माहौल के प्रति जागरूक रहने और संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए कहा गया है। महिलाओं को अपने गहने ,मोबाइल व पर्स आदी सम्भाल कर रखने को कहा। अपने घरों, कॉलोनियों और प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और उनकी निगरानी करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है । ऐ एस आई निर्भय सिंह गिल व उनकी टीम ने लोगो से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा जाता है, जिससे प्रभावी कार्रवाई हो सके।

## नवाचार और एकजुटता से नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ें : प्रो. रेनू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) की कुलपति प्रो. रेनू विग ने नववर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों को विश्वविद्यालय की आत्मा, शक्ति और सफलता की आधारशिला बताया।

प्रो. विग ने वर्ष 2025 को उद्देश्यपूर्ण सहभागिता, अकादमिक प्रगति तथा सामूहिक दृढ़ता का प्रतीक करार देते हुए कहा कि इस वर्ष पीयू ने ज्ञान के नए आयाम स्थापित किए, संस्थागत प्रणालियों को मजबूत बनाया, नवाचार को बढ़ावा दिया तथा उत्कृष्टता, समावेशन और सामाजिक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और गहरा किया। इन सभी उपलब्धियों का श्रेय उन्होंने साझा दृष्टि और टीमवर्क को दिया।

कुलपति ने शिक्षकों की शोध, मार्गदर्शन और बौद्धिक नेतृत्व की भूमिका की सराहना की, तो गैर-शिक्षण कर्मचारियों की कार्यकुशलता और संस्थागत संतुलन बनाए रखने के योगदान को रेखांकित किया। नववर्ष 2026 के स्वागत में प्रो. रेनू विग ने पूरे विश्वविद्यालय समुदाय से अकादमिक ईमानदारी, नवाचार, करुणा और सहयोग पर आधारित वातावरण को और मजबूत करने का आह्वान किया।

## न्यू ईयर जश्न में सादी वर्दी में तैनात रही पुलिस फोर्स

**नए साल के जश्न पर पियक्कड़ों को दबोचने, हिंसा को रोकने में 500 कर्मी रहे तैनात**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** न्यू ईयर 2026 के जश्न में मदहोश हुए युवाओं को ठिकाने पर पहुंचने के लिए पंचकूला की पुलिस फोर्स क्लबों के अंदर और बाहर पूरी तरह सचेत रही। सेक्टर 5 क्लबों, होटलों और कालका मुख्य सड़कों पर पुलिस ना सिर्फ ड्रंकन ड्राइविंग को रोकने के लिए नाकों पर तैनात रही बल्कि नाकों से बच कर चोर रास्तों से भागने वालों को दबोचने के लिए अपने वाहन स्टार्ट स्टार्ट कर पीछा करने को भी तैयार रही। हालांकि जिले के बॉर्डर सील करने के बाद पुलिस ने कई लोगों के वाहनों की चेकिंग की और वाहन जब्त भी किए।



डीसीपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि नए साल के जश्न को देखते हुए 500 कर्मचारी पूरे शहर में डिप्यूट किए गए। इनमें से दुर्गा शक्ति की 100 महिला पुलिस कर्मियों को विशेष तौर पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर क्लबों के अंदर और बाहर भेज कर व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया। उन्होंने बताया कि अक्सर क्लबों के अन्दर से क्राइम की शुरुआत होती है जो बाहर रंजिश में बदलने में देर नहीं लगती। ऐसे में पुलिस को पहले ही अलर्ट पर रखा गया और पुलिस कंट्रोल रूम में विशेष रूप से पुलिस कर्मियों को बिठाया गया, जो सीसीटीवी कैमरों और नाकों पर से आने वाली सूचनाओं को साझा कर स्थिति पर नजर रखे हुए थे।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज की ओर से पुलिस फोर्स को क्राइम डिटेक्शन पर नहीं प्रिवेंशन पर काम करने के निर्देश दिए गए है। जिसमें अपराध के घटित होने की संभावना को पूरी तरह समास करने के प्रयास सफल हो रहे हैं।

### हैप्पी न्यू ईयर संदेश पर क्लिक न करें

नव वर्ष के अवसर पर जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने आम जनता को साइबर अपराध को लेकर विशेष सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि नए साल की शुभकामनाओं की आड़ में साइबर ठग एक नया और खतरनाक तरीका अपना रहे हैं, जिसके तहत हैप्पी न्यू ईयर के नाम से फर्जी लिंक भेजकर लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा सकता है। ऐसे में बिना सोचे समझे संदेश पर क्लिक ना करें। साइबर अपराधी व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से न्यू ईयर विश भेजने के लिए क्लिक करें, न्यू ईयर गिफ्ट लिंक खोलें या ग्रीटिंग देखने के लिए ऐप इंस्टॉल करें जैसे आकर्षक संदेश भेज रहे हैं।

# समसपुर गामड़ा में 50.44 लाख के विकास कार्यों का उद्घाटन, विधायक कादियान ने किया नारियल फोड़कर शुभारंभ



**फिरनी, पार्क, गऊ घाट, खेतों के रास्ते पक्के और सीसीटीवी कैमरे लगाए; बोले विधायक–गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को गांव समसपुर गामड़ा में करीब 50.44 लाख रुपये की लागत से कम्प्लीट विभिन्न विकास कार्यों का नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन किया। इन विकास कार्यों से गांव की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और ग्रामीणों को सीधा लाभ होगा।

गांव में 10.94 लाख रुपये की लागत से फिरनी का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा एचआरडीएफ स्कीम के तहत 17.50 लाख रुपये की लागत से पार्क और गऊ घाट का निर्माण किया गया है। वहीं, 12 लाख रुपये की लागत से चार खेतों के रास्तों को पक्का कराया गया, जिससे किसानों को खेतों तक आने-जाने में सुविधा मिलेगी। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए गांव में करीब 10 लाख रुपये की लागत से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, पार्क, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाएं मजबूत होंगी, तभी ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो सकेगा। सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव में शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि लोगों को शहरों की ओर पलायन न करना पड़े।

विधायक ने कहा कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खेतों के रास्तों को पक्का कराया गया है, जिससे अब बरसात के मौसम में भी किसानों को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे लगने से गांव में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। इस अवसर पर बाबा दीपक नाथ महाराज, ओम प्रकाश वाल्मीकि, सुरेश, नरेश, कुलदीप, रामकुमार, अनिल चेयरमैन, महेश सरपंच, नरेंद्र सरपंच, प्रदीप सरपंच, प्रवीण सरपंच आदि उपस्थित रहे।

## खोया-पाया

मैं, मदनजीत सिंह संधु पुत्र दिलबाग सिंह संधु, निवासी एफ21, उप्पल मार्बल, आर्क मनीमाजरा, चंडीगढ़। मेरे इस विलेख में मेरे 6ब हिस्से के साथ क्राइट कार्यालय सं. 15, सेक्टर 35-ए, चंडीगढ़ की क्र.सं. 3244, बुक सं. 1, वॉल.सं. 164, दिनांक 23.10.2007 वाले मेरे मूल हस्तांतरण विलेख दिनांक 28.12.2025 को 13.53.00 बजे मनीमाजरा, चंडीगढ़ में गुम हो गए हैं, पुलिस यूनिट मनीमाजरा में 31.12.2025, समय 14.01.25 बजे एलएआर सं. 2025/040455 दर्ज की गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त वर्णित दस्तावेज प्राप्त हो तो कृपया मेरे पते पर संपर्क करें।

AP-6929


## खोया-पाया

मैं, मनीत सिंह संधु पुत्र मदनजीत सिंह संधु, निवासी एफ21, उप्पल मार्बल, आर्क मनीमाजरा, चंडीगढ़। मेरे इस विलेख में मेरे 6ब हिस्से के साथ क्राइट कार्यालय सं. 15, सेक्टर 35-ए, चंडीगढ़ की क्र.सं. 3243, बुक सं. 1, वॉल.सं. 164, दिनांक 23.10.2007 वाले लीज अधिकार हस्तांतरण के मेरे दस्तावेज 28.12.2025 को 14.13.00 बजे मनीमाजरा, चंडीगढ़ में गुम हो गए हैं, पुलिस यूनिट मनीमाजरा में 31.12.2025, समय 14.19.35 बजे एलएआर सं. 2025/040457 दर्ज की गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त वर्णित दस्तावेज प्राप्त हो तो कृपया मेरे पते पर संपर्क करें।

AP-6929

## सार्वजनिक सूचना

**संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारीके समक्ष**



विषयः– क्र.सं. 980, बुक सं. 1, वॉल सं., पृष्ठ सं., दिनांक 20.07.2020 पर पंजीकृत, फैमिली ट्रांसफर विलेख के आधार पर 66.66 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 12, सेक्टर 8-ए, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व हस्तांतरण के संबंध में।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्रीमती रविंदर कौर 66.66 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 12, सेक्टर 8-ए, चंडीगढ की स्वामिनी/लीजी है। श्री जसप्रीत सिंह बख्शी द्वारासूचित किया गया है कि श्रीमती रविंदर कौर 66.66 प्रतिशत हिस्से के विस्तार उक्त कथित संपत्ति की स्वामिनी हैं, ने 20.07.2020 को जसप्रीत सिंह बख्शी के पक्ष में 66.66 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक फैमिली ट्रांसफर विलेख निष्पादित की है और जो कार्यालय सब रजिस्ट्रार, यूटी, चंडीगढ़ में क्र.सं. 980, बुक सं. 1, वॉल सं., पृष्ठ सं., दिनांक 20.07.2020 पर पंजीकृत है। अब,जसप्रीत सिंह बख्शी ने फैमिली ट्रांसफर विलेख दिनांक 20.07.2020 के आधार पर अपने पक्ष में उक्त कथित संपत्ति के 66.66 प्रतिशत हिस्से के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं,जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित करदिया जाएगा एवं बाद में किसी स्तर पर कोई दावा विचारणीय नहीं होगा।

**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**

AP-6923

## पूर्व रेलवे

ई-निविदा सं.: 236_2025-26 और 237_2025-26, दिनांक 31.12.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्राधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदा/... [illegible] ... ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.: 236_2025-26, कार्य का विवरण : हावड़ा मंडल: वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधीन ... [illegible] ... 37.900 – 38.500 =0.600 किमी, 42.000–42.700 = 0.700 किमी, सेवड़ाफुली–गोघाट एसएल–51.651–52.051 = 0.400 किमी, 54.500–55.280 =0.780 किमी, सेवड़ाफुली–गोघाट एसएल–56.656–57.156=0.500 किमी, 61.516–61.916 =0.400 किमी, सेवड़ाफुली–गोघाट एसएल–62.495–63.265=0.770 किमी। अनुमानित मूल्य : रु. 6,59,40,008.54, बयाना राशि: रु. 4,79,700/–, क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.: 237_2025-26, कार्य का विवरण : हावड़ा मंडल ... [illegible] ... 20.350–21.000 =0.650 किमी, ... 20.350 – 21.000 = 0.650 किमी। अनुमानित मूल्य : रु. 2,06,53,671.35, बयाना राशि: रु. 2,53,300/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य : ... [illegible] ... निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 14.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। ... [illegible] ...

HWH-502/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

AP-6926

## न्यायालय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार जीन्द।

बिमला देवी पत्नी श्री जयभगवान निवासी विजय नगर जीन्द तह. व जिला जीन्द। बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व. श्री कृष्ण पुत्र जयभगवान एक दस्तावेज जिसमें बरूए वसीका बयनामा नम्बर 2763 दिनांक 13.10.1989 दफ्तर सब रजिस्टरार साहब जीन्द स्थानान्तरण/वसीयत पत्र पंजीकृत इस कार्यालय में पेश किया है जिसके स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पुत्र कृष्ण का स्वर्गवास 16/11/2008 को हो चुका जिसका पंजीकरण रजि. डी 219 तिथि 14.12.2008 व मेरे पति का भी देहान्त हो चुका है जोकि वसीका नम्बर इनकी मृत्यु पश्चात निम्नलिखित वारसान हैः– 1. बिमला देवी मृतक की माता, 2. सलिन्द्र कुमार मृतक का दतक पुत्र। इसके अलावा उक्त मृतक का दीगर वारिसान कोई नही है जिसके संबंध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान/ उतराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिनों के अन्दर -2 इस कार्यालय के कार्यदिवस पर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर पंजीकरण कर दिया जावेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार दिनांक 09.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर की मोहर द्वारा जारी किया जाए।

**तहसीलदार कम सब रजिस्टार जीन्द।**

AP-6913

## सार्वजनिक सूचना

**श्री पुण्यदीप शर्मा, सब-रजिस्ट्रार, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष।**

**विषयः** श्रीमती ममता शर्मा पत्नी स्व. श्री ययाती शर्मा निवासी मकान सं. 248, सेक्टर 19-ए, यूटी., चंडीगढ़ ने भारतीय पंजीकरण अधिनियम, 1908 की धारा 40 के अधीन स्व. श्री ययाती शर्मा पुत्र स्व. श्री कृष्ण प्रभाकर की अपंजीकृत वसीयत के पंजीकरण हेतु निवेदन किया है।

चूंकी, श्रीमती ममता शर्मा पत्नी स्व. श्री ययाती शर्मा निवासी मकान सं. 248, सेक्टर 19-ए, यूटी., चंडीगढ़ ने स्व. श्री ययाती शर्मा पुत्र स्व. श्री कृष्ण प्रभाकर, जिनकी 12.09.2025 को मृत्यु हो गई है, द्वारा निष्पादित अपंजीकृत वसीयत दिनांक 13.08.2025 के पंजीकरण हेतु आवेदन किया है। वसीयत के अनुसार, स्व. श्री ययाती शर्मा पुत्र स्व. श्री कृष्ण प्रभाकर ने अपनी सभी अचल संपत्तियों का अपनी पत्नी श्रीमती ममता शर्मा पत्नी स्व. श्री ययाती शर्मा निवासी मकान सं. 248, सेक्टर 19-ए, यूटी., चंडीगढ़ के पक्ष में वसीयत की है।

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को कथित वसीयत के पंजीकरण के संबंध में कोई आपत्ति अथवा दावा है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता/सकती है, जिसमें असफल रहने पर कथित वसीयत भारतीय पंजीकरण अधिनियम, 1980 की धारा 40 के अधीन पंजीकृत की जाएगी। मेरे हस्ताक्षर एवं इस कार्यालय की मोहर के अधीन जारी।

**सब-रजिस्ट्रार, यूटी, चंडीगढ़**

AP-6920

## लामडिंग मंडल में अभियांत्रिकी कार्य

निविदा सूचना संख्या : LMG/Engg/05 of 2025; दिनांक : 29-12-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। क्र.सं. 1: आइटम का संक्षिप्त विवरण : ... [illegible] ... 78/0-3 पर ... [illegible] ... सुरक्षा उपाय और अन्य सहायक कार्य। निविदा मूल्य : ₹4,71,46,676.00/-; अग्रिम राशि : ₹3,85,700/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय 22-01-2026 को 15:00 बजे और खोला जाएगा 23-01-2026 को 15:00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी 22-01-2026 को 15:00 बजे तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी।

डीआरएम (इंजी)/लामडिंग

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6913

## सार्वजनिक सूचना

यह अधिसूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर 1467पी, सैक्टर-13, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण भिवानी, जो श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी मनफूल सिंह मित्तल को अलाट किया था। श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी मनफूल सिंह मित्तल की मृत्यु दिनांक 05-12-2017 को हो चुकी है। उनकी रजिस्ट्रर्ड वसीयत नं. 155 दिनांक 24-12-1993, सब रजिस्ट्रार भिवानी है। इस वसीयत के आधार पर अब श्री भारत भुषण पुत्र मनफूल सिंह निवासी मकान नं. 156, विजय नगर भिवानी व स्वदेश भुषण पुत्र मनफूल सिंह निवासी मकान नं. ए-3/127, पश्चिम विहार, वेस्ट दिल्ली ने उपरोक्त सम्पत्ति बै हिस्सा बराबर क्लेम करते हुए अपने नाम रि अलाटमैंट करने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, भिवानी कार्यालय में आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण संबंधी किसी प्रकार की कोई आपत्ती है तो वह सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के भीतर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, भिवानी के कार्यालय में अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकता है। अन्यथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकारण पोलिसी के तहत उपरोक्त प्लाट को आवेदनकर्ताओं के नाम रि अलाट कर देगा। उसके बाद किसी भी प्रकार का क्लेम मान्य नहीं होगा।

**श्री भारत भुषण व स्वदेश भुषण**

AP-6913

## विवाह अधिकारी एवं उपायुक्त, यमुनानगर

सर्व साधारण को सूचित किया Manik Kumar S/o Sh. Raj Kumar R/o VPO Talakaur,Sub Tehsil Saraswati Nagar, Tehsil Jagadhri,Distt Yamunanagar, Haryana, India and Anjana Rani D/o Sh. Babu Ram R/o VPO Balachaur Tehsil Jagadhri, Distt. Yamunanagar Haryana India ने स्पैशल मैरिज एक्ट 1954 की धारा 5 के तहत विवाह सम्पन्न कराने हेतु नोटिस प्रस्तुत किया है। अतः यदि किसी व्यक्ति विशेष को कोई एतराज हो तो वह 30 दिन के अन्दर-अन्दर निम्नहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें। अन्यथा विवाह सम्पन्न कर दिया जाएगा।

क्रमांक /एचआरए, दिनांक

**कृतेः विवाह अधिकारी एवं उपायुक्त, यमुनानगर**

AP-6930

## सार्वजनिक सूचना

मैं, हरप्रीत सिंह पुत्र श्री जसपाल सिंह निवासी #2234, सेक्टर 21सी, चंडीगढ़ 160022 घोषित करता हूँ कि मेरे पिताजी का नाम सब रजिस्ट्रार डेराबस्सी द्वारा वसीका सं. 5900 दिनांक 01.10.2004 के अंतर्गत मेरे नाम पर पंजीकृत, कॉर्नर मकान सं. 155 जरनैल इन्कलेव, फेस 1, जीरकपुर, एसएएस नगर की रजिस्ट्री में हरप्रीत सिंह पुत्र सरदार हसपाल सिंह के तौर पर गलत लिखा गया है। मेरे पिताजी का वास्तविक नाम सरदार जसपाल सिंह है। कि उनके दस्तावेजों में उनका नाम जसपाल सिंह वर्णित है। जसपाल सिंह और हसपाल सिंह समान एवं एक व्यक्ति है, जो मेरे पिता है दोनों नाम मेरे पिता से संबंधित हैं। कि इस शपथपत्र में कुछ भी गलत नहीं है और यदि कुछ गलत पाया जाता है तो मैं उसके लिए पूरी तरह से उत्तरदायी होउंगा।

AP-6915

## नीलामी सूचना

सभी को सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रिहोड में 1 पेड़ शीशम की खुली बोली दिनांक 6/1/26 को दोपहर 1:00 बजे ग्राम सचिवालय रिहोड में होनी निश्चित की गई है। सिक्योरिटी राशि 2,000 रूपए जमा करवानी होगी। बाकी शर्तें मौके पर ही सुनाई जाएगी।

सरपंच, ग्राम पंचायत रिहोड
मो.9812514931
ब्लाक बरवाला, पंचकूला।

AP-6913

## सार्वजनिक सूचना

रायपुर रानी खण्ड की ग्राम पंचायत बहबलपुर में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है जिसके लिए इच्छुक व्यक्ति दिनांक 5-1-2026 से 9-1-2026 तक बीडीपीओ कार्यालय रायपुर रानी में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक आवेदन कर सकता है।

सरपंच ग्राम पंचायत बहबलपुर,
ब्लॉक - रायपुररानी, पंचकूला

AP-6907

## सार्वजनिक सूचना

**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी के समक्ष**
**शहरी संपदा का नाम, पंचकूला**

**विषयः–** सह-आवंटी स्व. श्री अशोक कुमार मेहता की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर निर्मित मकान सं. 1389, सेक्टर 21, शहरी संपदा, पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्व. श्री अशोक कुमार मेहता पुत्र स्व. श्री लाल चंद मेहता, जो रिकॉर्ड के अनुसार विषयगत संपत्ति के सह-आवंटी थे, जिनकी 23.06.2024 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत अथवा अपंजीकृत वसीयत नहीं है, उसने निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी पीछे छोड़े हैं–

1) श्रीमती प्रोमिला मेहता (पत्नी), 2) योगेश मेहता (पुत्र), 3) वंदना मेहता (पुत्री)

श्रीमती प्रोमिला मेहता पत्नी स्व. श्री अशोक कुमार मेहता निवासी मकान सं. 1389 सेक्टर 21, पंचकूला ने कानूनी उत्तराधिकारी के तौर पर अपने पक्ष में कथित संपत्ति में मृतक के हिस्से के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा श्रीमती प्रोमिला मेहता के नाम में पुनःआवंटन/हस्तांतरण हेतु निवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित संपत्ति के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है तो वह यह सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर समर्थक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, पंचकूला को लिखित में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार कथित संपत्ति के हस्तांतरण/पुनः आवंटन की तदनुसार स्वीकृति प्रदान करेगा तथा आगे बाद में कोई दावा, यदि कोई हुआ, विचारणीय नहीं होगा।

**कानूनी उत्तराधिकारीः प्रोमिला मेहता, योगेश मेहता, वंदना मेहता**
**संपदा अधिकारी की ओर से।**

AP-6913

## न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार ... करनाल

मन्के श्री आनंद शर्मा पुत्र श्री दयानंद शर्मा निवासी मकान नं० 880/1881, गली नं.7, श्याम नगर, करनाल ... [illegible] ... नहीं होगा।

[illegible]-कम-सब रजिस्ट्रार ... करनाल।

AP-6907

## व्यापक वार्षिक निवारक रखरखाव अनुबंध

निविदा सूचना संख्या: EL/29/59_2025/K/1287, दिनांक : 24-12-2025. निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। निविदा संख्या: 59_2025. कार्य का नाम : कटिहार मंडल में: कटिहार मंडल के एलएचबी प्रकार के पावर कार एवं टॉयल कोचों में लगाए गए आईसीईपीएल निर्मित आरडीबीपी (रेगुलेटेड कम इमरजेंसी बैटरी चार्जर) के लिए व्यापक वार्षिक निवारक एवं ब्रेकडाउन रखरखाव अनुबंध, अवधि तीन (03) वर्ष के लिए। निविदा मूल्य : ₹30,03,258/-. अग्रिम राशि : ₹60,100/-. निविदा के बंद करने की तिथि और समय 15-01-2026 को 15:00 बजे और खोलने की 15:30 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी।

सीनियर डीईई (जी एंड सीएचजी.), कटिहार

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6911

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

I Ram Chandra f/o Army No. 2712161N Rank LNK, Kamlesh Kumar, r/o Village Troh, P.O Troh, Tehsil Balh, District Mandi (H.P) have changed my name from Ram Chandra to Ram Chander vide affidavit dated 31-12-2025 before executive magistrate Nahan.

एपी-6906

I SONIA RANI W/o SHUBHAM resident of 142, BHADRA ROAD, NEAR DAROLI MAINAR ADAMPUR TEHSIL ADAMPUR DISTRICT HISAR STATE HARYANA 125052 have changed my minor son name From HARSHIT to HARSHIT BISHNOI

एपी-6909

**मैं,** मीना देवी (आयु 51 वर्ष) पुत्री राम दास तथा हाल पत्नी किशन चंद निवासी गांव झीड़ी डाकखाना नगवाईं तहसील औट जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश हूँ। मेरा नाम आधार कार्ड और सर्विस बुक में मीना देवी दर्ज है जबकि ग्राम पंचायत नगवाईं के जन्म रिकॉर्ड में मेरा नाम निरमा दर्ज हैं। अब मैंने आधार कार्ड व सर्विस बुक के अनुसार नाम ग्राम पंचायत नगवाईं के रिकॉर्ड में निरमा से मीना देवी दुरुस्त किया है आज के बाद मुझे मीना देवी के नाम से ही जाना जाए या पुकारा जाए। सभी प्रयोग हेतु।

एपी-6910

**मैं,** कुसुम मन्हास पत्नी अनिमेष मन्हास निवासी मकान नंबर- 909 सेक्टर 16 पंचकुला, हरियाणा कि मैंने अपना नाम कुसुम मन्हास से बदलकर कुसुम राजपूत कर लिया है।

एपी-6921

**मैं,** सुमंत कुमार, पुत्र स्व. राजीव कुमार, निवासी 229, ब्लॉक A/8, ग्राउंड फ्लोर, सिल्वर सिटी थीम्स, डेराबस्सी, पंजाब, ने अपना नाम सुमंत कुमार से बदलकर सुमंत कुमार इस्सर कर लिया है।

**मैं,** प्रियवर्धन पुत्र श्री योगवेन्द सिंह निवासी मकान नंबर 267 सेक्टर-27 पंचकुला हरियाणा, भविष्य के लिए अपना नाम प्रियवर्धन से बदलकर प्रियवर्धन ढिल्लों कर लिया है।

**मैं,** हिमानी हरिंदर सिंह पुत्री हरिंदर सिंह, गांव मुन्ने, डाकघर, तख्तगढ़, जिला रूपनगर, ने अपना नाम हिमानी हरिंदर सिंह से बदलकर हिमानी रख लिया है।

एपी-6913

**मैं,** छोट्टो देवी, सैन्य संख्या- जेसी-406373X रैंक- सूबेदार नाम- दिलबाग की माता हूं स्थायी पता- पीरदान, 82, कारी तोखा, कारी तोखा (47), चरखी दादरी, हरियाणा, 127308 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम छोट्टो देवी से बदलकर छोटू देवी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219747, दिनांक- 31/12/2025

**मैं,** सत्यवीर सिंह सैन्य संख्या- जेसी-406373X रैंक- सूबेदार नाम- दिलबाग स्थायी पता- पीरदान, 82, कारी तोखा, कारी तोखा (47), चरखी दादरी, हरियाणा, 127308 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम सत्यवीर सिंह से बदलकर सतबीर कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219748, दिनांक- 31/12/2025

**मैं,** शिव नाथ राजभर, सैन्य संख्या- 18011994F, रैंक- सैपर, नाम- सुनील कुमार राजभर का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 61, न्याव, वाजिदपुर, गाजीपुर, बाजिदपुर, उत्तर प्रदेश, 233310, घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम शिव नाथ राजभर से बदलकर शिवनाथ राजभर कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 05/07/1961 से 27/04/1958 कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219756, दिनांक- 31/12/2025

**मैं,** सोनाबाई, सैन्य संख्या- 15747487H, रैंक-सिग्नलमेन, नाम- दयनंद जेरे की माता हूं स्थायी पता- ग्राम/पोस्ट- जगदल, तहसील- जमखंडी, जिला- बागलकोट, राज्य- कर्नाटक, पिन- 587311, घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम सोनाबाई से बदलकर सुनंद जेरे कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/02/1976 से 01/01/1976 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219758, दिनांक- 31/12/2025

**मैं,** मल्लप्पा, सैन्य संख्या- 15747487H, रैंक-सिग्नलमेन नाम-दयानंद जेरे का पिता हुं स्थायी पता- ग्राम/पोस्ट- जगदल, तहसील- जमखंडी, जिला- बागलकोट, राज्य- कर्नाटक, पिन-587311, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम मल्लप्पा से बदलकर मल्लप्पा शिवगोंड जेरे कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219759, दिनांक-31/12/2025

**मैं,** विजयलक्ष्मी, सैन्य संख्या- 15747487H, रैंक- सिग्नलमैन, नाम- दयानंद जेरे की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी हूं स्थायी पता- ग्राम/पोस्ट- जगदल, तहसील- जमखंडी, जिला- बागलकोट, राज्य- कर्नाटक, पिन-587311 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम विजयलक्ष्मी से बदलकर विजयलक्ष्मी दयानंद जेरे कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219760, दिनांक- 31/12/2025

**मैं,** सैन्य संख्या- 15747487H, रैंक सिग्नलमैन नाम- दयानंद जेरे वर्तमान में ग्राम/पोस्ट- जगदल, तहसील- जमखंडी, जिला- बागलकोट, राज्य- कर्नाटक, पिन- 587311 घोषणा करता हूं कि मैंने अपने बेटे का नाम उसके आधार कार्ड के अनुसार अदविक से बदलकर अदविक दयानंद जेरे कर लिया है।

**मैं,** सुभाश्री सुस्मिता बिस्वाल, सैन्य संख्या जेसी-682559Y, रैंक नायब सूबेदार नाम राजेश कुमार आचार्य की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी हूं जो वर्तमान में यूनिट 282 कंपनी एएससी (सप्लाई) टाइप 'डी' में तैनात है स्थायी पता- मनपुर, बंतला, मनपुर, अंगुल, ओडिशा-759129 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम सुभाश्री सुस्मिता बिस्वाल से बदलकर सुभाश्री सुस्मिता आचार्य कर लिया है। शपथ पत्र संख्या 11एए 219749, दिनांक 31/12/2025

**मैं,** राम अवतार सिंह सैन्य संख्या- जेसी-343824पी, रैंक-सूबेदार नाम- जय प्रकाश सिंह का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 143/70डी/22, चक लाल मोहम्मद, नैनी, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश- 211008, घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम राम अवतार सिंह से बदलकर रामावतार सिंह कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219753, दिनांक- 31/12/2025

**मैं,** मिर्चन सिंह, सैन्य संख्या- जेसी-343824पी, रैंक- सूबेदार नाम- जय प्रकाश सिंह की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 143/70डी/22, चक लाल मोहम्मद, चक लाल मोहम्मद नैनी, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश - 211008 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम मिर्चन सिंह से बदलकर मिर्चन देवी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219754, दिनांक- 31/12/2025

**मैं,** निक्की सैन्य संख्या- जेसी-343824पी, पद- जय प्रकाश सिंह की पुत्री हूं जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 143/70डी/22, चक लाल मोहम्मद, नैनी, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश- 211008, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम निक्की से बदलकर निक्की सिंह कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219755, दिनांक- 31/12/2025

**मैं,** मनी देवी, सैन्य संख्या- 14846850Y, रैंक-नायक नाम- गिरधारी लाल की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट 603 एएससी बटालियन (एमए) सी/ओ- 56 एपीओ एन-एरिया, चंडीगढ़, पिन-905603 में कार्यरत है घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/07/1965 से 01/01/1959 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219750, दिनांक- 31/12/2025

**मैं,** एल्सी जॉय, सैन्य संख्या- 15752282X रैंक- सिग्नलमैन नाम- जिनिल जी जॉय की माता हूं स्थायी पता- बैथेल, मनप्पल्ली साउथ, पातुम्बा गांव, थाझावा, पोस्ट ऑफिस- एसआरपी मार्केट, जिला- कोल्लम, केरल, 690539, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम एल्सी जॉय से बदलकर एल्सी टी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219752, दिनांक- 31/12/2025

**मैं,** उज्वला रविंद्र पाटिल, सैन्य संख्या- जेसी 356571K, रैंक- नायब/सूबेदार नाम- पाटिल रविंद्र रघुनाथ की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी हूं जो वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- क्रम संख्या 98/सी, लोहेगांव रोड, सपन ब्यूटी पार्लर के पास, योजना नगर, लोहेगांव, पुणे शहर, पुणे, महाराष्ट्र, 411047 घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 02/06/1985 से 12/06/1986 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219761, दिनांक- 31/12/2025

I Shri. Baban Rambhau Gunjal is Father of Army No JC-462072 A. RANK SUB, Name Navnath Baban Gunjal Unit 16 MARATHA LI Presently RESIDING AT-Village Vaijubabhulgaon, Tal Pathardi Dist-Ahilyanagar, Pin 414106, (Maharashtra) declare that I have changed my name from Baban to Baban Rambhau Gunjal and also Correct my date of birth from 05/07/1952 to 01/01/1948. Vide Affidavit No: 64AB 727423, Dated: 15 Dec 2025.

I, RAJAMMA PN is Mother of Army No: JC-315508A Rank: NB Sub Name-Ratheesh Kumar AV Presently residing at 161 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from RAJAMMA PN to RAJAMMA P N and Also Correct my Date of birth from 01/07/1962 to 14/05/1962.

I, ANIRUDHAN VV is Father of Army No: JC-315508A Rank: NB Sub Name- Ratheesh Kumar AV Presently residing at 161 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from ANIRUDHAN VV to ANIRUDHEN V V and Also Correct my Date of birth from 01/07/1956 to 24/09/1957.

एपी-6922

**मैं,** चंद्र कांता शर्मा, पत्नी जगदीश शर्मा, निवासी मकान नंबर 1472, रामगढ़ रोड, कमला नगर, कालका, पंचकुला, हरियाणा, ने अपना नाम चंद्र कांता शर्मा से बदलकर चंद्र कांता रख लिया है।

**मैं,** कंवर आर बी एस औलख, सुपुत्र श्री बलवंत सिंह , मकान नंबर 160, सेक्टर 44-ए, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम गलती से कंवर राजिंदर बलवंत सिंह औलख दर्ज है। मेरा सही नाम कंवर आर बी एस औलख है।

एपी-6920

**मैं,** सुमित शर्मा आधार नंबर 7903 3457 9609 पुत्र जयपान सिंह निवासी गांव सरणा खेड़ी (टोडी खेड़ी) (तहसील सफीदों) जिला जींद-126112 (हरियाणा) अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मैंने अपनी बेटी सारा का नाम सारा से बदलकर सारा भारद्वाज रख लिया है। भविष्य में उसे सारा भारद्वाज के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मैं,** Kanti पत्नी Sh. Amardeep Prajapati निवासी #1354 शिव कॉलोनी, हनुमान मन्दिर गली, बिटना रोड पिंजौर, तहसील कालका जिला पंचकुला, हरियाणा, मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम Nisha से बदलकर Nisha Prajapati रख लिया है।

एपी-6913

**मैं,** संजय कुठियाला पुत्र ज्योति प्रकाश कुठियाला निवासी तुलसी कुंज, मेन बाजार, भराड़ी, शिमला, ने अपना नाम संजय कुमार कुठियाला से बदलकर संजय कुठियाला रख लिया है।

**मैं,** सुरिंदर पॉल कौर पुत्री सुरजीत सिंह निवासी सहज एन्क्लेव, गांव सिंहपुरा, डाकघर सनौर जिला पटियाला, ने अपना नाम सीमा से बदलकर सुरिंदर पॉल कौर रख लिया है।

**मैं,** मो. ऐशफ अनवर पुत्र इकबार अनवर निवासी फ्लैट नं. 767-बी, दूसरी मंजिल, सैक्टर 44-ए, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर कर मो ऐशफ अनवर रख लिया है।

एपी-6924

**मैं,** जय प्रकाश पुत्र महेन्द्र कुमार गोयल वासी मकान नं 1119 जी पी सैक्टर 33 पार्ट 1 हिसार-125001 ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर जय प्रकाश से जय प्रकाश गोयल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** वेद प्रकाश पुत्र मोहन लाल वासी मकान नं 187/20 रूप नगर कॉलोनी, नजदीक निरंकारी भवन हांसी हरियाणा-125033. ब्यान करता हूं की मैंने अपना नाम बदलकर वेद प्रकाश से वेद प्रकाश कक्कड़ रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** Ranjna बाला पत्नी वेद प्रकाश कक्कड़ वासी मकान नं 187/20 रूप नगर कॉलोनी, नजदीक निरंकारी भवन हांसी हरियाणा-125033. ब्यान करती हूं की मैंने अपना नाम बदलकर Ranjna से Ranjana बाला रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** सक्षम पुत्र Yogender कुमार वासी जी सी 446 CHD सिटी सेक्टर 45 करनाल ने अपना नाम बदलकर सक्षम कुमार से सक्षम रखा है।

**मैं,** लेख राज Dudeja पुत्र नन्द लाल वासी मकान नं 1427, अर्बन एस्टेट, नजदीक कालरा मार्किट, सेक्टर 13, करनाल ने अपना नाम बदलकर लेख राज से लेख राज Dudeja रखा है।

**मैं,** मोनिका कश्यप, श्री सुरेश कुमार की पत्नी, मकान नंबर 998, सेक्टर 21, पंचकूला 134112 हरियाणा की निवासी, ने अपना नाम मोनिका कश्यप (MONIKA KASHYAP से बदलकर मोनिका कश्यप (MONICA KASHYAP) कर लिया है।

**मैं,** अनिल कुमार Bhobhia पुत्र देवेंदर कुमार वासी गांव व डाक मौजगढ़, सिरसा, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अनिल कुमार रखा है।

**मैं,** बंटी Sukhija पुत्र रमेश कुमार वासी मकान नं.46, सैक्टर 3, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर बंटी रखा है।

**मैं,** अलका पत्नी सुमेश मुंजाल वासी मकान नं. 140 सैक्टर 3 फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर अलका मुंजाल रखा है।

**मैं,** कविता रानी पत्नी अनिल कुमार वासी गांव Dhangar जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर कविता रखा है।

**मैं,** Aanada पुत्र कृष्ण कुमार वासी गांव जंडवाला Sottar जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Aanand रखा है।

**मैं,** शिल्पा पत्नी अश्वनी सिंगल वासी मकान नं 40 अर्बन एस्टेट-II हिसार हरियाणा-125001. ने अपना नाम बदलकर शिल्पा से शिल्पा सिंगल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए

**मैं,** Isha Dewan पत्नी भानु दीवान निवासी मकान नंबर 2662, 2nd फ्लोर, हांग कांग बाजार, सेक्टर-57, वजीराबाद, गुडगाँव ने अपना नाम बदलकर Isha Deewan से Isha Dewan रख लिया है शादी के बाद।

**मैं,** Reshma देवी पत्नी हरी सिंह वासी गांव रायपुर Roran तेह. नीलोखेड़ी जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर Reshama देवी रखा है।

**मैं,** विमला देवी पत्नी खजान सिंह गांव रायपुर Roran तेह. नीलोखेड़ी जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर बिमला देवी रखा है।

**मैं,** करमजीत सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह वासी मकान नं 30 नजदीक शेड नं 6 राम नगर करनाल ब्यान करता हूँ करमजीत मेरा नाम और सिंह मेरा उपनाम रखा है।

**मैं,** अनीत कौर विर्क पत्नी तेजिंदर पाल सिंह विर्क वासी 80-ए, काछवा रोड, बिझाइड शर्मा बेकरी, राम नगर, करनाल ने अपना नाम बदलकर अनीत कौर से अनीत कौर विर्क रखा है।

एपी-6925

**मैं,** महेन्द्र पाल सिंह सुपुत्र हरभजन सिंह चौहान निवासी मकान नं टी- 4 रेलवे कॉलोनी पानीपत हल्फिया बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम महेन्द्र पाल सिंह से बदल कर मोहिंदर पाल सिंह चौहान कर लिया है। भविष्य में मुझे मोहिंदर पाल सिंह चौहान के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मैं,** कुंवर दीप सिंह सुपुत्र मोहिंदर पाल सिंह चौहान निवासी मकान नं टी- 4 रेलवे कॉलोनी पानीपत हल्फिया बयान करता हूं कि कुंवर दीप सिंह से बदल कर कुंवरदीप सिंह चौहान कर लिया है। भविष्य में मुझे कुंवरदीप सिंह चौहान के नाम से जाना व पहचाना जाए।

एपी-6927

It is for general information that I, KULDEEP SHARMA Son of MAN SINGH, R/o House No-900, VPO-Ranila, Teh-Charkhi Dadri, Bhiwani, Haryana - 127110, declare that name of my wife has been wrongly written as Leena Sharma in my minor daughter RIDDHI SHARMA aged 16 years in her 10th Class School Certificate Cum Marksheet. The actual name of my wife is Leena Kumari respectively, which may be amended accordingly.

एपी-6931

## बेदखली सूचना

**मैं,** बृज कुमार पुत्र श्री चन्द भान निवासी मकान नं. जी-459, मौहल्ला मीर सदन, नजदीक जोगी दास कोठी, चौड़ा बाजार करनाल ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र अमित राठौड़ मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। वह अपने लेन-देन, अच्छे बुरे कानूनी, गैर कानूनी कार्यो का स्वयं जिम्मेवार होगा।

एपी-6908

**मैं,** कृष्ण पुत्र श्री भीमसिंह निवासी गढ़ी झंझारा, पांची गुजरान, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत हरियाणा, ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र सागर जोकि मेरे कहने सुनने से बाहर है व गलत संगत का शिकार है। इसलिए मैं उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इससे लेन देन करने वाला या सम्बंध रखने वाला या वह कोई गैर कानूनी कार्य करता है तो स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

एपी-6917

**मैं,** मंजू पत्नी सुरजीत सिंह, निवासी मकान नंबर 52/1, मालोया, चंडीगढ़, घोषणा करती हूँ कि मेरे पुत्र रजत और उसकी पत्नी चारू मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। मैं अपनी सभी चल और अचल संपतियों से इन दोनों को बेदखल करती हूँ। इनके साथ लेन-देन करने वाला कोई भी व्यक्ति खुद जिम्मेवार होगा।

एपी-6918

**मैं,** शारदा देवी पत्नी श्री जगदीश निवासी पटटी अफगान कैथल तह. व जिला कैथल अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरी लड़की शालू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-6913

**मैं,** शेरो देवी पत्नी, स्वर्गीय सीता राम निवासी मकान न: 302 गाँव व डा. बिल्ला, तहसील व जिला पंचकुला हरियाणा घोषणा करती हू कि मै अपनी पुत्रवधू नीलम देवी पत्नी स्वर्गीय आशोक कमार को अपनी सभी चल-अचल सम्पतियों से बेदखल करती हू। भविष्य मे इससे लेन-देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

एपी-6913

**मैं,** कुमार पाल, पुत्र श्री राम प्रसाद, निवासी मकान संख्या 53, महादेवपुर, सकेत्री, जिला पंचकुला, घोषणा करता हूँ कि मैं अपने पाँचों बच्चों, देवेंद्र, राहुल, सुमन, शशि बाला और लक्ष्मी, जो बालिग हैं, को अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। जो कोई भी मेरे लड़के और लड़कियों से लेन-देन करेगा, वह अपने कानूनी और गैर-कानूनी कार्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा मैं और मेरा परिवार इनके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

एपी-6922

**मैं,** सतपाल पुत्र श्री. रिसाला राम सैणी वासी मकान नं.114, वसंत विहार-2, ढकोली, एस ए एस नगर ने अपनी पुत्री नेहा को अपनी सारी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं इससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं इसके किसी भी कार्य के लिए जिम्मेवार नही होऊंगा।

एपी-6925

**मैं,** उषा रानी पत्नी श्री बीर सिंह निवासी पीर माड़ी, रादौर, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर अपने हल्फ से बयान करती हूँ कि मेरा लड़का लवली कुमार व उसकी पत्नी ज्योति मेरे कहे अनुसार नहीं चलते है और मेरे साथ गाली गलौच व लड़ाई झगड़ा करते है। इसलिए मै अपने लड़के लवली कुमार व उसकी पत्नी ज्योति को अपनी जमीन व जायदाद से बेदखल करती हूं और आज के बाद कोई झगड़ा या लेन देन होगा तो उसके वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

एपी-6928

**मैं,** रविकांत पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नंबर 206/207 शिवपुरी -बी शिवदयाल पूरी यमुनानगर की मेरा बेटा सुगम जोकि मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं इसे अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। इससे लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा। इस संबंध में मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-6930

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व उसकी तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।



## नए साल की बेला पर फूलों से महका माता मनसा देवी मंदिर, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने टेका माथा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** नए साल पर माता मनसा देवी के दर्शनों को पहुंच रहे श्रद्धालु फूलों से सजे मंदिर और माता के दरबार को एक चित्त होकर निहार रहे हैं। कोलकाता से मंगवाए गए कई किस्मों और रंग बिरंगे फूलों की महक से पूरा मंदिर परिसर सराबोर हो उठा है। मंदिर की देर रात से सजावट शुरू हुई, जिसमें दरबार से लेकर प्रवेश द्वार तक सभी परिसर फूलों से महक उठे।

नए साल के आगमन से पहले से ही श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में शीश नवा कर माता का आशीर्वाद लिया। उधर, नए वर्ष की बेला पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ और ट्रैफिक को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। डीसीपी मनप्रीत सूदन और एसीपी सुरेंद्र ने मंदिर के इर्द गिर्द ट्रैफिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके अलावा पार्किंग स्थलों और मेन रोड को श्रद्धालुओं के लिए फ्री रखने के साथ ट्रैफिक की आवाजाही को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

### कश्मीर की खुशबू फरीदाबाद तक

# गुलिस्तान स्वयं सहायता समूह ने सरस मेले में पेश किया ऑर्गेनिक कहवा और ड्राई फ्रूट

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा के निर्देशानुसार और सीईओ जिला परिषद शिखा के मार्गदर्शन में सेक्टर-12 एचएसवीपी ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी उत्सव एवं सरस आजीविका मेला में देश के विभिन्न राज्यों से आए स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।

इसी क्रम में जम्मू-कश्मीर के जिला बारामुला के पट्टन ब्लॉक से आए मेहजुदीन ने मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मेहजुदीन गुलिस्तान स्वयं सहायता समूह से जुड़े हुए हैं और पिछले लगभग 15 वर्षों से कश्मीरी कहवा एवं कश्मीरी ड्राई फ्रूट के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।



मेहजुदीन ने बताया कि वह पहली बार फरीदाबाद आए हैं और यहां का अनुभव उनके लिए बेहद सुखद रहा है। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले ग्राहक न केवल उत्पादों में रुचि दिखा रहे हैं, बल्कि शुद्ध और ऑर्गेनिक वस्तुओं की सराहना भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लाए गए सभी उत्पाद पूरी तरह ऑर्गेनिक और शुद्ध हैं, जो सीधे कश्मीर से लाए गए हैं। कश्मीरी कहवा और ड्राई फ्रूट्स को यहां के ग्राहकों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लाभों के बारे में मेहजुदीन ने बताया कि समूह से उन्हें आर्थिक सहयोग और मार्गदर्शन मिला, जिससे वे अपना व्यवसाय खड़ा कर सके। समूह के माध्यम से मिलने वाली वित्तीय सहायता और ऋण सुविधा ने न केवल उनके काम को आगे बढ़ाया, बल्कि महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं, जिनके पास पहले पूंजी की कमी थी, अब स्वयं सहायता समूह के सहयोग से अपने पैरों पर खड़ी होकर कारोबार कर रही हैं।

मेले के आयोजन को लेकर मेहजुदीन ने हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ठहरने, व्यवस्था और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे बाहर से आए कारीगरों और विक्रेताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस तरह के मेले आयोजित किए जाएंगे और वे अगले वर्ष भी इस मेले में भाग लेने अवश्य आएंगे।

## पुलिस को और अधिक पेशेवर, संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने के लिए प्रतिबद्ध : अजय सिंघल

हरियाणा को मिला अनुभवी और सशक्त नेतृत्व, अजय सिंघल बने नए पुलिस महानिदेशक

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** वर्ष 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय सिंघल को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। हरियाणा में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अजय सिंघल वर्ष 2008 में पुलिस पदक तथा वर्ष 2017 में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हैं।

नए साल की पूर्व संध्या पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पुलिस बल को और अधिक पेशेवर, संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक तकनीक,



बेहतर समन्वय, पारदर्शिता और मानवीय दृष्टिकोण के माध्यम से पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि आम नागरिक का विश्वास पुलिस व्यवस्था में और सुदृढ़ हो सके।

गौरतलब है कि अजय सिंघल ने अपने सेवाकाल में जिला स्तर से लेकर राज्य मुख्यालय तक अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है। वे एसपी, आईजी, एडीजी तथा डीजी स्तर के पदों पर कार्य कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अधीन डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई, जहां आर्थिक अपराधों, तस्करी और संगठित अपराध से जुड़े मामलों में उनके कार्य को विशेष रूप से सराहा गया।

विजिलेंस एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रेलवे पुलिस, कमांडो विंग, सीआईडी, स्टेट विजिलेंस ब्यूरो (एसवीबी), हरियाणा मानवाधिकार आयोग (एच आर आर सी) तथा पुलिस मुख्यालय जैसे संवेदनशील विभागों में उनके नेतृत्व को प्रभावी, पारदर्शी और परिणामोन्मुख माना जाता रहा है। कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने और पुलिस प्रशासन में जवाबदेही व व्यावसायिकता बढ़ाने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है।

सिंघल मूल रूप से जिला रेवाड़ी से संबंध रखते हैं तथा उन्होंने प्रतिष्ठित आईआईटी दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त की है। अपने तीन दशकों से अधिक लंबे, उत्कृष्ट और निष्कलंक सेवाकाल में उन्होंने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, विजिलेंस, रेलवे पुलिस, सीआईडी, स्पेशल ब्रांच, साइबर अपराध तथा आंतरिक सुरक्षा जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

### आयोग ने भेजा था पैनल

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की कमेटी ने हरियाणा डीजीपी पद के लिए 3 आईपीएस असफरों के पैनल को अंतिम रूप दिया था और यह पैनल हरियाणा सरकार के पास भेजा था। जिसके बाद सरकार ने विचार करते हुए अजय सिंघल के नाम पर नियुक्ति की मुहर लगाई और उन्हें हरियाणा पुलिस की जिम्मेदारी सौंपी गई। सिंघल का बतौर डीजीपी कार्यकाल पदभार संभालने की तारीख से कम से कम दो साल या अगले आदेश तक के लिए रहेगा।

### पैनल में पूर्व डीसीपी शत्रुजीत कपूर का भी था नाम

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तरफ से जो फाइनल पैनल हरियाणा सरकार के पास भेजा गया उसमें पूर्व डीजीपी शत्रुजीत कपूर का भी नाम था। पैनल में कपूर सबसे सीनियर थे। क्योंकि वह 1990 बैच के आईपीएस अफसर हैं। लेकिन हरियाणा सरकार ने उन्हें फिर से डीजीपी बनाने पर फैसला नहीं लिया। इसके पीछे मुख्य कारण रहा कपूर को लेकर आईएएस सुसाइड केस से पैदा हुआ विवाद। जिसके चलते सीनियरिटी के बाद भी कपूर डीजीपी नहीं बन पाये। इससे पहले वह हरियाणा डीजीपी के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके थे और उन्हें पहले छुट्टी पर भेजने के बाद फिर पद से हटा दिया गया था।

## नए साल पर सुबह सुबह बारिश की उम्मीद, दिसंबर ने तोड़ा 2013 का रिकॉर्ड, बारिश की बूंद तक नहीं

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** नए साल के दिन बारिश होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 1 जनवरी को बारिश होने की संभावना है। आज अधिकतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 5 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री ज़्यादा है। उधर दिसंबर जाते जाते 2013 का रिकॉर्ड भी तोड़ गया। यह महीना 2025 चंडीगढ़ के लिए मौसम के लिहाज से एक अजीब महीना रहा, क्योंकि 2013 से रिकॉर्ड उपलब्ध होने के बाद यह एकमात्र दिसंबर महीना था जिसमें बिल्कुल भी बारिश नहीं हुई। महीने की मौसम रिपोर्ट के अनुसार, शहर में सामान्य औसत 15.6 एमएम के मुकाबले 0.0 एमएम बारिश हुई, जो 100 प्रतिशत बारिश की कमी को दिखाता है और इस महीने को बारिश नहीं की कैटेगरी में रखता है।

चंडीगढ़ मौसम विभाग की मासिक रिपोर्ट से पता चला कि पिछले कुछ दिसंबर महीनों में बहुत कम बारिश हुई थी, लेकिन पिछले 13 सालों में कोई भी महीना पूरी तरह से सूखा नहीं था। 2015, 2021 और 2022 जैसे सूखे जैसे दिसंबर महीनों में भी थोड़ी बहुत बारिश हुई थी। इसके उलट, हाल के सालों जैसे 2023 (32.4 एमएम) और 2024 (40.5 एमएम) में ज्यादा बारिश हुई, जो सर्दियों में बारिश के पैटर्न में सालाना बदलाव को दिखाता है। सबसे सूखा होने के अलावा, दिसंबर 2025 में पिछले 9 सालों का सबसे ज़्यादा औसत दिन का तापमान भी रिकॉर्ड किया गया। औसत अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 2016 के बाद से किसी भी दिसंबर से ज़्यादा है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की गैरमौजूदगी, जो आमतौर पर सर्दियों में बारिश और बादल लाते हैं, की वजह से दिन ज़्यादा गर्म रहे। हालांकि, रात का तापमान सामान्य रेंज में रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री था, जो 3 दिसंबर को रिकॉर्ड किया गया, जो दिसंबर 2014 में रिकॉर्ड किए गए 2.3 डिग्री सेल्सियस जैसे ऐतिहासिक चरम तापमान से काफी ज़्यादा है।






## नशे को जड़ से मिटाने के लिए आगे आए युवा : डीएसपी नरेंद्र सिंह

अर्थ प्रकाश/ सुभाष जैन

**पानीपत, 31 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के नेतृत्व में जिला पुलिस नशे के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। गठीत की नशा मुक्त टीम ने इसी क?ी में बुधवार को डाहर गांव में सरकारी स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशे के खिलाफ प्रेरित किया। टीम ने इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया। नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य बिग?ता है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है। विद्यार्थियों को जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही टीम ने गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया।

जिला में नशा मुक्त अभियान के नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि युवा अपने मकसद और अपने सपनों से सिर्फ इसलिए भटक रहा है क्योंकि वह नशे की गिरफ्त में जा रहा है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी क?ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों व आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है।

## सामान्य अस्पताल टीम ने एड्स व नशे के दुष्परिणामो की दी जानकारी

अर्थ प्रकाश/त्यागी

**सोनीपत।** पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह IPS, ADGP के निर्देशानुसार आज पुलिस लाईन सोनीपत के परेड ग्राउंड में सामान्य अस्पताल सोनीपत की टीम द्वारा विश्व एड्स दिवस 2025 के अवसर पर पुलिसकर्मियों को एच आई वी/एड्स व नशे के दुष्परिणामो बारे जानकारी दी गई।

सामान्य अस्पताल सोनीपत से डॉ तरुण यादव नोडल अधिकारी, जितेन्द्र ह्लस्ज्ञ काउंसलर व जयविन्द्र ढ्ढष्टञ्जष्ट काउंसलर ने एच आई वी/एड्स वायरस के लक्षण, बचाव व उपचार के संबंध में बारिकी से जानकारी दी। उन्होने पुलिस कर्मियों को बतलाया कि आपकी दिनचर्या काफी जटिल है।

## पंचकूला में मानसून से पहले बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं की उपायुक्त ने समीक्षा की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** मानसून के दौरान जलभराव जैसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग अभी से तैयारियों के डीसी सतपाल शर्मा ने निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा है कि बाढ़ नियंत्रण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में बाढ़ बचाव प्रबंधन को लेकर सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, राजस्व, लोक निर्माण तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सतपाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जारी किए गए दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में उपलब्ध सभी पंप सेटों की विस्तृत सूची तैयार की जाए। जो पंप सेट खराब हैं, उनकी समय रहते मरम्मत करवाई जाए, ताकि जलभराव की स्थिति में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के दृष्टिगत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए अग्रिम योजना तैयार करने को कहा। इन क्षेत्रों में मानसून से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएं, ताकि बाढ़ या जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न न हों। इसके साथ-साथ ड्रेनों व नालों की सफाई तथा बाढ़ प्रबंधन से संबंधित अन्य कार्य भी समय रहते पूरे किए जाएं। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्तरीय बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी बाढ़ नियंत्रण कार्य एवं परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं।




## योगी सरकार की 2026 में प्रदेशवासियों को 10 बड़ी सौगातें

# डेढ़ लाख नौकरियों से विकास को नई रफ्तार

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। वर्ष 2026 प्रदेशवासियों के लिए नई उम्मीदों का वर्ष साबित होगी। योगी सरकार वर्ष 2026 में प्रदेशवासियों को दस बड़ी सौगात देने वाली है, जो उनके जीवन को सरल, सुगम और आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी। योगी सरकार वर्ष 2026 में प्रदेश के युवाओं को डेढ़ लाख सरकारी नौकरी, आर्थिक विकास को गति देने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे, पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी और ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट समेत 10 बड़ी सौगात देगी। यह सभी सौगात पाइप लाइन में हैं, जो वर्ष 2026 में धरातल पर उतरेंगी। यह दस सौगातें इस प्रकार हैं।

**प्रदेश के युवाओं को मिलेगी डेढ़ लाख सरकारी नौकरी की सौगात:** योगी वर्ष 2026 में पुलिस और शिक्षा विभाग में करीब 50-50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी करेगी। इसके साथ ही राजस्व में 20 हजार पदों पर भर्ती करेगी जबकि कारागार, आवास विकास, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग में खाली पदों पर भी भर्ती करेगी। अलग अलग विभागों में भर्ती प्रक्रिया की विज्ञापन जाती करने के काम अंतिम चरण में है। वर्ष 2026 में पुलिस विभाग की ओर से करीब 50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया जाएगा। इसको लेकर अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वर्ष 2026 में पुलिस विभाग द्वारा 30 हजार आरक्षी, 5 हजार सब इंस्पेक्टर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा विभाग में 15 हजार विभिन्न पदों पर भी भर्ती की जाएगी। वहीं, शिक्षा विभाग के आधिकारिक सूत्रों से पता चला है कि शिक्षा विभाग में भी करीब 50 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। यह भर्ती सहायक अध्यापक से लेकर प्रधानाचार्य आदि पदों पर होगी। इसी तरह राजस्व विभाग में 20 हजार पदों पर भर्ती होगी, जिसमें सबसे ज्यादा लेखपालों के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य, आवास विकास, कारागार, बाल विकास पुष्टाहार समेत विभिन्न विभागों में 30 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी।



**नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनेगा देश का जेवर:** दिल्ली से सटे जेवर में जल्द ही भारत के सबसे बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ प्रस्तावित है। 3300 एकड़ में 7000 करोड़ की लागत से निर्मित इस एयरपोर्ट की शुरुआत एक रनवे के साथ होगी, जबकि भविष्य में इसमें 5 रनवे क्रियाशील किए जा सकेंगे। यह एयरपोर्ट प्रतिवर्ष एक करोड़ यात्रियों की क्षमता का होगा, जबकि औसतन प्रतिदिन यहां से 150 उड़ानें संचालित हो सकेंगी।

**आर्थिक विकास को नई गति देगा गंगा एक्सप्रेसवे:** भारत के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 2026 में बुनियादी ढांचे के विकास में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा, जब राज्य की अब तक की सबसे लंबी और महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना गंगा एक्सप्रेसवे का शुभारंभ होगा। यह एक्सप्रेसवे न केवल यात्रा के समय को कम करेगा, बल्कि यह राज्य के आर्थिक विकास को भी एक नई गति प्रदान करेगा। गंगा एक्सप्रेसवे लगभग 594 किलोमीटर लंबा है, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ को पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से जोड़ेगा। यह एक्सप्रेसवे यूपी के 12 जिलों और 518 गांवों से होकर गुजरेगा।

**पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से धरातल पर उतरेगा निवेश :** दुनिया भर के निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश की धरती को ड्रीम डेस्टिनेशन बनाने के बाद अब योगी सरकार का लक्ष्य निवेश को धरातल पर उतारने का है। इसी के अंतर्गत 2026 की शुरुआत में ही योगी सरकार अपनी पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) कराने की तैयारी में हैं। इसके माध्यम से 5 लाख करो से अधिक की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। योगी सरकार ने अपने दोनों कार्यकाल में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाएं धरातल पर उतारी हैं तथा 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी एवं रोजगार की गारंटी प्रदान की है।

**जीआईएस से व्यापक निवेश होगा आकर्षित:** जीबीसी के अतिरिक्त, 2026 में योगी सरकार एक और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कराने पर भी विचार कर रही है। 2023 में आयोजित जीआईएस में 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को देखते हुए 2026 में यह आयोजन और अधिक भव्य हो सकता है। इसके लिए औद्योगिक विकास विभाग और इन्वेस्ट यूपी ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है। जीआईएस में अधिक से अधिक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पिछली बार की तरह इस बार भी देश के प्रमुख राज्यों के साथ ही कई बड़े देशों में रोड शो आयोजित किए जाएंगे।

**निवेश मित्र 3.0 देगा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को रफ्तार:** ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को रफ्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में प्रदेश के प्रमुख ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम का अगला संस्करण निवेश मित्र 3.0 वर्ष 2026 में सबके सामने होगा। इसमें कई तरह के नवाचारों को जोड़ा जाएगा, ताकि यह और अधिक निवेशक हितैषी हो सके।

**आयुष अस्पतालों में होगी 53 प्रकार की छोटी-मोटी सर्जरी:** योगी सरकार सरकारी अस्पतालों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के मरीजों को आयुष अस्पतालों में सर्जरी की सुविधा वर्ष 2026 में देने जा रही है। इससे जहां एलोपैथ अस्पतालों में मरीजों का दबाव कम होगी, वहीं मरीजों को छोटी-मोटी सर्जरी के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री ने हनुमानगढ़ी और रामलला के किए दर्शन-पूजन

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को हनुमानगढ़ी पहुंचकर संकट मोचन हनुमान के दर्शन-पूजन किए। हनुमानगढ़ी से निकलने के बाद रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला मंदिर व राम दरबार में हाजिरी लगाई, विधिवत आरती उतारी तथा मंदिर की परिक्रमा की। मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री ने देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में राजनाथ सिंह बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचे। यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी ने हनुमानगढ़ी पहुंचकर संकट मोचन के चरणों में शीश झुकाया। यहां से वे सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके उपरांत राम दरबार में भी दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेश की उन्नति और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।



रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने श्रीराम की जयघोष व मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन कर मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा का आरोहण किया। दर्शन-पूजन के पश्चात रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री मंदिर बाहर निकले तो श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी ने हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया और बच्चों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

## द्रक्षारामम में शिवलिंग को नुकसान हिंदू आस्था पर सीधा हमला, मंदिर सुरक्षा में सरकार पूरी तरह विफल: वाईएसआर कांग्रेस



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**द्रक्षारामम।** वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने द्रक्षारामम में कपालेश्वर स्वामी मंदिर में पुराने शिव लिंगम को नुकसान पहुंचाने की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे हिंदू आस्था पर सीधा हमला बताया और कहा कि यह मंदिरों की रक्षा करने में गठबंधन सरकार की पूरी नाकामी है। यह घटना वैकुंठ (मुक्कोटी) एकादशी के पवित्र मौके पर सप्त गोदावरी के किनारे बसे भीमेश्वर मंदिर कॉम्प्लेक्स में हुई। नेताओं ने कहा कि ऐसी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण जगह पर लिंगम को नुकसान पहुंचाना हिंदू धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा के लिए सतर्कता, जवाबदेही और सच्चे कमिटमेंट की कमी को दिखाता है।

जगह का मुआयना करने के बाद, वाईएसआर नेताओं ने कहा कि सदियों पुराने शिव लिंगम को नुकसान पहुंचाना कोई छोटी घटना नहीं है, बल्कि करोड़ों भक्तों की आस्था और विश्वास से जुड़ा एक बहुत ही संवेदनशील मामला है। उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि इतने पुराने और पूजनीय पंचराम क्षेत्र को भी मौजूदा गठबंधन सरकार के राज में असुरक्षित छोड़ दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि अनजान लोग मंदिर परिसर में कैसे घुस सकते हैं और ऐसी हरकत कर सकते हैं, उन्होंने सिक्योरिटी और निगरानी में गंभीर कमियों की ओर इशारा किया। उन्होंने इस बात की भी आलोचना की कि कैसे एक नया शिव लिंगम जल्दबाजी में बिना आगम शास्त्र के सही तरीकों, जिसमें संप्रोक्षणम और बताए गए रीति-रिवाज शामिल हैं, का पालन किए स्थापित किया गया, और इसे धार्मिक परंपरा का उल्लंघन बताया। वाईएसआर नेताओं ने कहा कि गठबंधन सरकार में हिंदू धर्म की रक्षा करने की ईमानदारी नहीं है और उसने मंदिर प्रशासन को अराजकता में डाल दिया है। उन्होंने बताया कि बार-बार होने वाली घटनाओं के बावजूद, सरकार जवाबदेही सुनिश्चित करने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि शिव लिंगम को तोड़ना कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि मौजूदा सरकार के तहत मंदिरों के प्रति अनदेखी और असंवेदनशीलता के बढ़ते पैटर्न का हिस्सा है। उन्होंने सवाल उठाया कि पारदर्शी जांच करने और सही शुद्धिकरण रस्में करने के बजाय, शास्त्रों के नियमों का पालन किए बिना जल्दबाजी में लिंगम को बदलने की इतनी जल्दी क्यों थी। इससे जुड़े घटनाक्रम का जिक्र करते हुए, पार्टी नेताओं ने सिंहाचलम मंदिर में हुई परेशान करने वाली घटना पर भी ज़ोर दिया, जहाँ प्रसाद में एक घोंघा मिला था।

## ई-कैबिनेट में बड़ा फैसला

# आंध्र प्रदेश में जिलों के री-डिवीजन से बढ़कर होंगे 28 जिले

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रड्डी

**अमरावती।** राज्य को सेक्रेटेरिएट में हुई ई-कैबिनेट मीटिंग में जिलों के री-डिवीजन के मुद्दे पर लिए गए फैसले, राज्य के मुख्यमंत्री नारा राज्य के रेवेन्यू, रजिस्ट्रेशन और स्टाम्प मिनिस्टर अंगनी सत्य प्रसाद ने जिलों के री-डिवीजन के मुद्दे पर लिए गए।

जिलों के री-डिवीजन पर लंबी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि राज्य के कुल 26 जिलों में से लगभग 17 जिलों में बदलाव का प्रस्ताव है। इन 17 जिलों में 25 बदलाव किए गए हैं। बाकी 9 जिलों यानी विजयनगरम, पार्वतीपुरम मान्यम, विशाखापत्तनम, एलुरु, हृञ्ज्ञ्रक्ष कृष्णा, गुंटूर, पालनाडु और अनंतपुर जिलों में ऐसा कोई बदलाव नहीं है। ये बदलाव गजट जारी होने के बाद जनता से मिली रिक्वेस्ट के हिसाब से किए गए। जहाँ भी ज़रूरत थी, वहाँ मंडल और डिवीज़न बनाए गए। नया रामपचोदवरम चुनाव क्षेत्र पोवलवरम जिला बना है। पोलवरम गाँव को भविष्य में डेवलप करके रेवेन्यू डिवीज़न बनाया जाएगा।



लोगों की इच्छा के अनुसार, गुडूर के कोटा, चिलकुरु और गुडूर के तीन मंडल नेल्लोर में लाए गए हैं। नीचे के दो मंडल तिरुपति में लाए गए हैं। समरलाकोटा मंडल को पेड्डापुरम और मंडपेट को राजमुंदरी में शिफ्ट कर दिया गया है। वेस्ट गोदावरी जिले के पेनुगोंडा को वासावी पेनुगोंडा में शिफ्ट कर दिया गया है। अड्डंकी चुनाव क्षेत्र को बापटला से प्रकाशम जिले में और पूरे दारसी चुनाव क्षेत्र को अड्डंकी सब-डिवीज़न में रखकर प्रकाशम जिले में शिफ्ट कर दिया गया है। मरकापुरम, कनिगिरी, एरागोंडापालेम और गिद्दलूर को मिलाकर नया मरकापुरम जिला बनाया गया है। रेलवे कोडुर को तिरुपति जिले में और राजमपेट को कडप्पा जिले में ट्रांसफर करने का फैसला किया गया। मदनपल्ले जिला बनाने के मुद्दे पर चर्चा हुई। क्योंकि रायचोटी निर्वाचन क्षेत्र को जिला नहीं बनाया जा सकता, इसलिए इसे अन्नामय्या जिले में रखा जा रहा है और मदनपल्ले को जिला हेडक्वार्टर बनाया जा रहा है। बनगनीपल्ले को सब-डिवीजन बनाया जा रहा है। अनकापल्ले जिले में अडारोड्डा को सब-डिवीजन बनाया जा रहा है। सिद्धावतम और ओन्टिमेट्टा को कडप्पा में रखने और मदकसिरा को रेवेन्यू डिवीजन बनाने का फैसला किया गया। अडोनी में एक मंडल बढ़ाया गया है और अडोनी-1 और अडोनी-2 बनाए गए हैं। नए बने पोलावरम और मरकापुरम जिलों को मिलाकर, राज्य में कुल 28 जिले होंगे।

उन्होंने कहा कि चूंकि जिलों के दोबारा बंटवारे के बारे में गजट नोटिफिकेशन 27.11.2025 को जारी किया गया था और 27.12.2025 तक सभी आपत्तियां मिल चुकी थीं और उन पर चर्चा हो चुकी थी, इसलिए सभी बदलाव तुरंत नोटिफिकेशन जारी करके 31 दिसंबर 2025 से लागू होंगे

## बिजली बिल राहत योजना 2025: शिविरों में उमड़ी भीड़, ऊर्जा मंत्री ने की लाभ उठाने की अपील

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की बिजली बिल राहत योजना-2025 को लेकर उपभोक्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। योजना के प्रथम चरण के अंतिम दिन प्रदेशभर में लगे बिजली बिल राहत शिविरों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही उपभोक्ता शिविरों में पहुंचकर वर्षों से लंबित बिजली बिलों का निस्तारण कराते नजर आए। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने प्रदेश के सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस जनहितकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होने कहा कि यह योजना गरीब और मध्यम वर्ग के उन उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जो लंबे समय से बिजली बिल के बोझ से दबे थे। सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं को आर्थिक तनाव से मुक्त करना है।

ऊर्जा मंत्री ने संगम भवन, लखनऊ से वर्चुअल माध्यम द्वारा आजमगढ़, बलिया, मऊ, प्रयागराज सहित प्रदेश के 50 से अधिक बिजली बिल राहत शिविरों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याएं, अनुभव और सुझाव साझा किए। कई उपभोक्ता भावुक हो गए और बोले कि पिछले 15ङ्क20 वर्षों से बिजली बिल को लेकर जो मानसिक पीड़ा थी, उससे अब राहत मिल गई है। लोगों ने मंत्री जी का आभार जताते हुए कहा कि अब वे सम्मान के साथ अपना बिल जमा कर पा रहे हैं। शिविरों में स्थानीय विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग की भी उपभोक्ताओं ने सराहना की। मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए निर्देश दिए कि जब तक उपभोक्ता शिविरों में मौजूद हैं, तब तक किसी भी हालत में शिविर बंद न किए जाएं। हर पात्र उपभोक्ता को योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके साथ ही मार्च के बाद एक से अधिक किस्त जमा करने वाले उपभोक्ताओं को तकनीकी कारणों से लाभ न मिलने के मामलों पर मंत्री ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों की तत्काल समीक्षा कर योजना का दायरा बढ़ाया जाए।

## यूनाइटेड सिख्स ने शहीद जसवंत सिंह खालड़ा की 30वीं बरसी पर ग्लोबल रिपोर्ट प्रस्तुत कर मानवाधिकार संघर्ष का संकल्प दोहराया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन यूनाइटेड सिख्स ने शहीद जसवंत सिंह खालड़ा की शहादत की 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित स्मृति समारोह में अपनी यूनाइटेड सिख्स 2025 ग्लोबल रिपोर्ट उनकी धर्मपत्नी बीबी परमजीत कौर खालड़ा को भेंट की। यह कार्यक्रम रविवार, 21 दिसंबर को कनाडा के सरे स्थित ग्रैंड एम्पायर बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया। समारोह में शहीद खालड़ा के उस ऐतिहासिक योगदान को याद किया गया, जिसमें उन्होंने पंजाब में हुए हजारों फर्जी मुठभेड़ों और गुमशुदगियों का खुलासा कर मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान आज भी विश्वभर में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा बना हुआ है। बीबी परमजीत कौर खालड़ा को ग्लोबल रिपोर्ट सौंपना उनके मिशन को आगे बढ़ाने का प्रतीक बताया गया।




इस रिपोर्ट में यूनाइटेड सिख्स द्वारा दुनिया भर में किए जा रहे मानवीय राहत कार्यों, नागरिक अधिकार अभियानों, आपदा राहत, और युवा सशक्तिकरण पहलों का विवरण दिया गया है। इस अवसर पर यूनाइटेड सिख्स के अंतराष्ट्रीय मानवीय सहायता निदेशक गुरविंदर सिंह ने कहा कि यह शहीद जसवंत सिंह खालड़ा के सपने को आगे बढ़ाने का हमारा सामूहिक संकल्प है। उनका साहस हमें याद दिलाता है कि सत्य को कभी दबाया नहीं जा सकता और न्याय की खोज कभी रुकनी नहीं चाहिए। उन्होंने बताया कि यूनाइटेड सिख्स की उमीद हेल्पलाइन अमेरिका, कनाडा और भारत में कमजोर, पीड़ित और हाशिए पर खड़े लोगों को गोपनीय रूप से सहायता और संसाधन उपलब्ध कराती है, ताकि वे बिना भय के अपनी बात रख सकें। समारोह में बड़ी संख्या में समाजसेवी, मानवाधिकार कार्यकर्ता और युवा शामिल हुए। सभी ने खालड़ा की शहादत को केवल इतिहास नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए एक जीवंत प्रेरणा और कार्रवाई का आह्वान बताया। यूनाइटेड सिख्स ने कहा कि यह ग्लोबल रिपोर्ट न केवल वर्तमान संघर्षों का दस्तावेज है, बल्कि मानव गरिमा, पारदर्शिता और सामूहिक जिम्मेदारी पर आधारित भविष्य की दिशा भी तय करती है।

## जम्मू डिवीजन में ट्रेनों के समय सारिणी में बदलाव

अर्थ प्रकाश/नेटवर्क

**जम्मू।** रेलवे हर साल नियमित रूप से अपने ट्रेनों की समय सारिणी में बदलाव करता है। इस बदलाव के तहत, जम्मू मंडल में चलने वाली ट्रेनों के समय में 1 जनवरी, 2026 से बदलाव किया गया है। यह बदलाव मुख्य रूप से जनता की मांगों को पूरा करने, ट्रेनों की गति बढ़ाने और समय बचाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने, विभिन्न स्थानों पर गति प्रतिबंधों की समीक्षा करने और परिचालन बाधाओं को दूर करने के लिए किया गया है। इसका उद्देश्य ट्रेनों का समय पर संचालन सुनिश्चित करना और ट्रेनों के बीच कनेक्टिविटी बनाए रखना है।



जम्मू मंडल में चलने वाली लगभग 33 ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। ये ट्रेनें जम्मू मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से चलती हैं, जिनमें श्री माता वैष्णो देवी कटरा, शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर), जम्मू और पठानकोट शामिल हैं। यात्री इन ट्रेनों की अपडेटेड समय सारिणी भारतीय रेलवे की वेबसाइट, इंडिया रेल इन्फो, कन्फर्म टिकट या NTES जैसे अन्य ऐप पर देख सकते हैं।

ट्रेनों की समय सारिणी में बदलावों के बारे में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री उचित सिंघल ने कहा, समय सारिणी में बदलाव एक बड़े परिचालन सुधार का हिस्सा है जिसका उद्देश्य यात्रियों को तेज़, अधिक कुशल और सुविधाजनक रेल यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। यह यात्रियों के यात्रा समय में बचत और बेहतर कनेक्टिविटी को दर्शाता है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाने से पूर्व ट्रेनों की समय सारिणी रेलवे की हेल्प लाइन नंबर 139 और NTES से प्राप्त करें।

## गोल्डन ऑवर में जान बचाने की दिशा में बड़ा कदम: शैल्बी हॉस्पिटल की पॉलीट्रॉमा टीम लॉन्च



अर्थ प्रकाश संवाददाता

मोहाली। ट्राइसिटी क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं, औद्योगिक हादसों और तेज़ गति से होने वाली गंभीर चोटों के बढ़ते मामलों को देखते हुए शैल्बी हॉस्पिटल मोहाली ने समर्पित पॉलीट्रॉमा टीम की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य गंभीर रूप से घायल मरीजों को समय पर, समन्वित और विशेषज्ञ इलाज उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाना और दीर्घकालिक विकलांगता के जोखिम को कम करना है। चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला क्षेत्र तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। बढ़ता वाहन घनत्व, राष्ट्रीय राजमार्ग, औद्योगिक क्षेत्र और रिहायशी विस्तार के कारण हर साल यहां हजारों ट्रॉमा केस सामने आते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा यानी 'गोल्डन ऑवर' मरीज की जान बचाने में सबसे अहम होता है, और इसी समय त्वरित व सही इलाज से बेहतर परिणाम संभव हैं। इसी बात को आगे बढ़ाते हुए डॉ. प्रदीप अग्रवाल (चेयरमैन, ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट), डॉ. जी.एस. नट (डायरेक्टर, ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट), डॉ. रॉबिन बोहत (सीनियर कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं स्पोर्ट्स मेडिसिन), डॉ. पंकज भल्ला (सीनियर कंसल्टेंट, जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी), डॉ. मनप्रीत गिल (सीनियर कंसल्टेंट एवं एचओडी, कार्डियक एवं जनरल एनेस्थीसिया), डॉ. राकेश रेड्डू (सीनियर कंसल्टेंट, न्यूरोसर्जरी), डॉ. रजत स्वामी (कंसल्टेंट एवं हेड, आईसीयू), डॉ. लवेल गुप्ता (हेड, इमरजेंसी) और डॉ. जैस्मिन कौर (कंसल्टेंट, ईएनटी एवं हेड एंड नेक सर्जरी) ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत काम करने वाली पॉलीट्रॉमा टीम से मरीज की समय पर जांच और इलाज संभव होता है।

# एनएफआर ने बेहतर कनेक्टिविटी और यात्री-केंद्रित पहलों के साथ ट्रेनों की नई समय सारणी जारी की

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने ट्रेनों की नई समय-सारणी जारी कर दी है, जो 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होगी। इसमें यात्री केंद्रित और परिचालन रूप से कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं, जिसका मकसद पूर्वोत्तर क्षेत्र और इसके अलावा अन्य स्थानों के लिए रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना है।

नई समय-सारणी के तहत, एनएफआर ने 20 नई ट्रेन सेवाओं को नियमित किया गया है, जिसे वर्ष 2025 के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण रूटों पर शुरू किया गया था। इन सेवाओं में मेल/एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं, जो गुवाहाटी, सायरंग, डिब्रूगढ़, अगरतला, उत्तर लखिमपुर, कटिहार, जोगबनी, आनंद विहार और देश के कई अन्य प्रमुख स्थानों को जोड़ती हैं। यह सेवाएं यात्रियों को, खासकर लंबी दूरी और पहले मुश्किल से पहुंचने वाले कॉरिडोर या स्थानों के लिए यात्रा का अतिरिक्त विकल्प प्रदान करती हैं।

यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए, कुछ मौजूदा ट्रेन सेवाओं की फ्रीक्वेंसी भी बढ़ाई गई है। उदाहरण के तौर पर, सिलचर और महिषासन के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेनें, जो पहले सप्ताह में सिर्फ दो दिन चलती थीं, अब छह दिन चलेंगी। उम्मीद है कि इस सुधार से बराक घाटी क्षेत्र के रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों को अधिक लचीला और विश्वसनीय यात्रा का विकल्प मिलेगा। नई समय-सारणी में उन स्पेशल ट्रेनों को भी औपचारिक रूप से शामिल किया गया है, जो यात्रा के पीक समय में चलाई जाती हैं। महत्वपूर्ण लंबी दूरी के रूटों पर चलने वाली कुल 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों को शामिल किया गया है, जिससे त्यौहारों, छुट्टियों और ट्रेनों की अधिक मांग के समय में सीजनल भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए बेहतर योजना और तैयारी सुनिश्चित होगी।



नई समय सारणी की एक प्रमुख खासियत मौजूदा ट्रेनों के लिए बड़ी संख्या में नए ठहरावों का प्रावधान भी है। असम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, बिहार और आसपास राज्यों के स्टेशनों पर 170 से अधिक नए ठहराव प्रदान किए गए हैं। ये नए ठहराव सेमी-अर्बन और ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रियों के लिए रेल सेवाओं को और करीब लाएंगे, जिससे रेल परिवहन तक पहुंच बेहतर होगी और निर्धारित ट्रेनों में चढ़ने के लिए बड़े स्टेशनों तक लंबी सड़क यात्रा करने की ज़रूरत कम होगी।

आधुनिकीकरण और ऊर्जा दक्षता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एनएफआर ने ट्रैक्शन चेंजिंग प्वाइंट्स में भी व्यापक पैमाने पर बदलाव किए है, जिससे कई ट्रेनें एंड-टू-एंड इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर चल सकेंगी। राजधानी और कई अन्य एक्सप्रेस/मेल ट्रेन सेवाओं सहित कई महत्वपूर्ण लंबी दूरी और प्रीमियम ट्रेनों को निरंतर इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के अधीन लाया गया है। इस पहल से ट्रेन परिचालन सुचारू होगा, डीजल इंजनों पर निर्भरता कम होगी, कार्बन उत्सर्जन कम होगा और समय की पाबंदी में सुधार होगा।

इन उपायों का समग्र असर काफी प्रभावी होने की उम्मीद है। ट्रेनों की शुरुआत/शामिल करना, फ्रीक्वेंसी बढ़ाना, अतिरिक्त ठहराव, इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन का विस्तार और स्पेशल ट्रेनों को शामिल करने से कुल मिलाकर बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, यात्रा का समय कम होगा, परिचालन दक्षता बढ़ेगी और अधिक यात्री संतुष्टि मिलेगी। उक्त पहलें पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की सुरक्षित, कुशल, पर्यावरण के अनुकूल और यात्री-केंद्रित रेल सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता पूरी करने के साथ-साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में भी सहयोग करती हैं।



सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY
2026
NEW YEAR
AMIT DUDEJA
Senior Advocate
Punjab & Haryana High Court, Chd
Distt. Court, Panchkula




सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY
2026
NEW YEAR
ADVOCATE PARMOD BHARDWAJ
ADVOCATE SAPNA BHARDWAJ
DISTT. COURT, PANCHKULA




नव वर्ष
गुरु पर्व
मकरसंक्रांति
की हार्दिक शुभकामनाएं
देवराज राज




सजग सरकार, समृद्ध किसान।
मार्किट कमेटी, लाडवा
नव वर्ष 2026, लोहड़ी व गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्यादा विकल्प ज्यादा मूल्य ज्यादा फायदे,
किसानों, आढ़तियों एवं व्यापारियों के लिए
ई-नाम के फायदे
ई-नाम बहुत ही फायदेमंद है
अधिक जानकारी के लिए कृपया www.enam.gov.in पर जाएं
संत कुमार, सचिव
डॉक्टर गणेश दत्त शर्मा, अध्यक्ष




सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY
2026
NEW YEAR
Advocate Lalit Gupta
Distt. Court, Panchkula




सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY
2026
NEW YEAR
ADVOCATE RONIT SINGH
ADVOCATE NISHA MALIK
DISTT. COURT, PANCHKULA





गऊ पुत्र सैना
लाडवा की ओर से
सभी लाडवा वासियो को
नव वर्ष, लोहड़ी,
मकरसंक्रांति की
हार्दिक शुभकामनाएं




आप सभी को
विश्व हिंदू परिषद
की तरफ से
गुरु पर्व
की लाख लाख बधाई




सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY
2026
NEW YEAR
ADVOCATE MANOJ ARORA
Distt. Court, Panchkula

DAKSH
Ladwa की
NO. 1 DAKSH LIBRARY
Fully AC
NEET / UPSC / IAS / IIT
HSSC-CET / HTET / SSC /
RAILWAY / BANK
Timing
7:30am — 8:00pm
97290-77855




NATION HOSPITAL
(HEALTH FOR ALL)
24x7
DR. ANIL SAINI
98174-87121, 01744489231




नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की हार्दिक शुभकामनाएं
रणवीर छिक्कारा
आम आदमी पार्टी, जिला अध्यक्ष, सोनीपत




आप सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व
मकर संक्रांति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
देवेन्द्र कादियान
विधायक, गन्नौर
हरीश मदान
पूर्व पार्षद वार्ड नं. 15,
नगरपालिका




आप सभी को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति की
हार्दिक शुभकामनाएं
रेनू प्रवीन सैनी
निगम पार्षद (वार्ड नं. 6)
सम्पर्क सूत्र: 9253026508




नववर्ष
2026
GK Group Security
Gali No. 2, Vikas Nagar, Near Unique Garden
Murthal Road, Sonepat-131001 (Hr.)
लोहड़ी व
मकर संक्रांति की
हार्दिक
शुभकामनाएं
GK
GOVIND KUHAR DIRECTOR




आप सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की हार्दिक
शुभकामनाएं
आशीष त्यागी
सरपंच टेहा




आप सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की हार्दिक शुभकामनाएं
तरुण देवीदास जिला महामंत्री




आप सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व
मकर संक्रांति
की हार्दिक
शुभकामनाएं
विकास त्यागी (डब्बू)
जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य, भाजपा नेता, गन्नौर

# कूर्म द्वादशी व्रत से सभी बाधाएं होंगी दूर, रहेंगे संकट मुक्त

हिंदू धर्म में कूर्म द्वादशी विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु दूसरी बार कूर्म यानी कछुए के रुप में अवतरित हुए थे। कूर्म द्वादशी का दिन भगवान विष्णु के कुर्म अवतार को ही समर्पित किया गया है। कूर्म द्वादशी व्रत से व्यक्ति के सारे पापों का नाश हो जाता है और मनचाहे फलों की प्राप्ति होती है।

कूर्म द्वादशी पौष मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी की तिथि होती है। कूर्म संस्कृत का शब्द है जिसका हिन्दी में अर्थ कछुआ होता है। कूर्म द्वादशी का दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु ने समुंद्र मंथन के लिए कछुए का अवतार लिया था, जो भगवान विष्णु का दूसरा अवतार माना जाता है। जिस समय मंदराचल पर्वत समुद्र मंथन धसने लगा तब भगवान ने कच्छप रूप धारण करके इस पर्वत का भार अपनी पीठ पर लिया था। कूर्म द्वादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से और व्रत रखने से साधक को सुख, समृद्धि की प्राप्ति होती है। कूर्म द्वादशी के दिन घर में कछुआ लाने को सबसे महत्वपूर्ण बताया गया है। पंडितों के अनुसार चांदी व अष्टधातु का कछुआ घर व दुकान में रखना अति शुभकारी होता है। काले रंग का कछुआ को ओर भी शुभ बताया जाता है, इससे जीवन में हर तरह की तरक्की की संभावना बढ़ती है।

पंडितों के अनुसार कूर्म द्वादशी के दिन सुबह स्नान के आदि के बाद व्रत का संकल्प लें। उसके बाद साफ वस्त्र धारण करके घर के मंदिर की साफ सफाई करें। फिर मंदिर में साफ चौकी पर कपड़ा बिछाकर भगवान विष्णु के कूर्म अवतार की प्रतिमा स्थापित करें। उसके बाद सिंदूर, लाल फूल, धूप, दीप आदि अर्पित करें। इस दिन कुर्म स्तोत्रम् का पाठ अवश्य करें। अंत में आरती करके भोग लगाएं और सब में वितरित करें। कूर्म द्वादशी के दिन पूरे समर्पण के साथ भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। व्रत करने वाल व्यक्ति को सूर्योदय के समय उठना चाहिए और स्नान करना चाहिए। भगवान विष्णु की एक छोटी मूर्ति व कुछए की प्रतिमा को पूजा स्थल पर रखा जाता है और फल, दीपक और धूप चढ़ाते हैं। इस दिन 'विष्णु सहस्त्रनाम' और 'नारायण स्तोत्र' का पाठ करना शुभ माना जाता है। इस दिन कुर्म स्तोत्र का पाठ करना अत्यंत शुभ माना जाता है। भगवान को भोग अर्पित करें, जिसमें फल, मिठाई और विशेष रूप से तुलसी के पत्ते शामिल हों। पूजा के अंत में भगवान विष्णु की आरती करें और प्रसाद सभी में वितरित करें।

शास्त्रों में कूर्म द्वादशी के व्रत का विशेष महत्व है। कूर्म भगवान विष्णु का दूसरा अवतार माना जाता है। जो उन्होंने समुद्र मंथन के समय लिया था। भगवान विष्णु के इस रूप की पूजा करने से साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही इस दिन का व्रत करने से भक्तों से सार कष्ट दूर होते हैं और उनको मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।



पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार दैत्यों के राजा बलि ने देवताओं को हराकर स्वर्ग पर अपना अधिकार कर लिया। इसके बाद तीनों लोकों में असुरराज बलि का राज हो गया। देवताओं की शक्तियां खो गई। इसके बाद सभी देवता श्री हरि विष्णु के पास सहायता के लिए पहुंचे। भगवान विष्णु ने देवताओं को सुझाव दिया कि वो समुद्र मंथन कर अमृत प्राप्त करें और फिर उसका पान करें। ऐसा करने से उनको अपनी खोई शक्तियां मिल जाएंगी, लेकिन समुद्र मंथन का काम बहुत कठिन था। देवता काफी शक्तिहीन हो गए थे, ऐसे में इस समस्या का समाधान भी देवताओं को श्री हरि विष्णु ने दिया। भगवान विष्णु देवताओं से बोले कि वो दैत्यों को पास जाकर उनको अमृत और उससे मिलने वाले अमरत्व के बारे में बताएं। साथ ही उनको समुद्र मंथन के लिए मना लें। इसके बाद देवता दैत्यों के पास गए और मिलकर समुद्र मंथन की बात कही। पहले तो दैत्यों ने यह सोचकर मना कर दिया कि वो अकेले समुद्र मंथन करेंगे और सबकुछ प्राप्त कर लेंगे, लेकिन ऐसा करना दैत्यों के बस का भी नहीं था।

अंत में समूद्र संथन से निकलने वाली अमूल्य वस्तुओं और अमृत के लालच में दैत्यों को देवताओं के साथ मिलकर समुद्र मंथन करने पर विवश कर दिया। इसके बाद दैत्य और देवता क्षीर सागर पहुंचे। समुद्र मंथन के लिए उन्होंने मद्रांचल पर्वत को मथनी और वासुकी नाग का रस्सी की रस्सी बनाई। समुद्र मंथन शुरू होने के कुछ ही समय बाद मद्रांचल पर्वत समुद्र में धंसने लगा। तभी भगवान विष्णु कूर्म (कछुए) अवतार में मद्रांचल पर्वत के नीचे आ गए और ऐसे में पर्वत उनकी पीठ पर आ गया। भगवान विष्णु के कूर्म अवतार के कारण ही समुद्र मंथन हो पाया, समुद्र मंथन के दौरान अमृत निकला एवं जिसका पान कर के देवताओं को उनकी शक्तियां वापस मिल गई।

# किसी भी काम को कल पर न टाले, क्योंकि कल कभी नहीं आता: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** जो समय बीत गया वह वापस नहीं आता। जो समय का सदुपयोग करता है सफलता उसके कदम चूमती है पंडित या विद्वान वह नहीं जो डिग्रियों के ढेर पर खड़ा हो, बल्कि वह है जो समय का आंकलन करे। मंजिल और सफलता उन्हीं को मिलती है, जो काल के महत्व को पहचान उसका सदुपयोग करें। सफलता के लिए सभी लोगों के लिए 24 घंटे ही होते हैं। कुछ लोग समय को व्यर्थ गंवा देते हैं तो कुछ लोग समय को पहचान कर पल-पल का सार्थक उपयोग कर आईस्टीन और कलाम बन जाते हैं। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार में नववर्ष की पूर्व संध्या पर एकत्रित श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए कहे।
कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा वास्तव में हम निरंतर गतिमान समय के साथ कदम से कदम मिला कर चल ही नही पाते और पिछड़ जाते हैं। समय जैसी मूल्यवान संपदा का भंडार होते हुए भी हम हमेशा उसकी कमी का रोना रोते रहते हैं क्योंकि हम इस अमूल्य समय को बिना सोचे समझे खर्च कर देते हैं। जो व्यक्ति पल-पल को जिंदादिली से जी लेता है सफलता उसके कदम चूमती है।



हम जो बांटते हैं वही हमारे पास लौटकर आता है। गरीब वह नहीं है जो दाने-दाने का मोहताज है बल्कि गरीब वह है जिसके पास औरों को देने के लिए प्यार और हमदर्दी हो। धर्म सभी का मंगल करता है। धर्म ही आत्मा के साथ को सिद्ध करता है। मानव मन हर जगह सुरक्षा ढूंढता है। धर्म हमें सुरक्षा देता है। समय, सफलता की कुंजी है। समय का चक्र अपनी गति से चल रहा है या यूं कहें कि भाग रहा है। अक्सर इधर-उधर कहीं न कहीं, किसी न किसी से ये सुनने को मिलता है कि क्या करें समय ही नही मिलता।

विकास की राह में समय की बरबादी ही सबसे बडा शत्रु है। एक बार हाँथ से निकला हुआ समय कभी वापस नही आता है। हमारा बहुमूल्य वर्तमान क्रमश॰ भूत बन जाता है जो कभी वापस नही आता। सत्य कहावत है कि बीता हुआ समय और बोले हुए शब्द कभी वापस नही आ सकते। कबीर दास जी ने कहा है कि, काल करै सो आज कर, आज करै सो अब। पल में परलै होयेगी, बहुरी करेगा कब। किसी भी काम को कल पर नही टालना चाहिए क्योंकि आज का कल पर और कल का काम परसों पर टालने से काम अधिक हो जायेगा। बासी काम, बासी भोजन की तरह अरुचीकर हो जायेगा। समय जैसे बहुमूल्य धन को सोने-चाँदी की तरह रखा नही जा सकता क्योंकि समय तो गतिमान है। इस पर हमारा अधिकार तभी तक है जब हम इसका सदुपयोग करें अन्यथा ये नष्ट हो जाता है।

इस अवसर पर अतुल मुनि जी ने कहा समय का उपयोग धन के उपयोग से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि हम सभी की सुख-सुविधा इसी पर निर्भर है। चाणक्य के अनुसार- जो व्यक्ति जीवन में समय का ध्यान नही रखता, उसके हाँथ असफलता और पछतावा ही लगता है।समय जितना कीमती और वापस न मिलने वाला तत्व है उतना उसका महत्व हम लोग प्राय॰ नही समझते। परन्तु जो लोग इसके महत्व को समझते हैं वो विश्व पटल के इतिहास पर सदैव विद्यमान रहते हैं।

## आयुर्वेदिक दवाइयां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने व बीमारियों से बचाव में अत्यंत लाभकारी: डा. राम अवतार सिंह



गांव पुघथला में स्कूल हेल्थ एवं योग शिविर का आयोजन, 90 मरीजों की जांच


अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव पुघथला में जीएडी बजाना खुर्द के स्टाफ द्वारा एक स्कूल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 90 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। शिविर का आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार सिंह के दिशा-निर्देशन में किया गया। शिविर में डा. मनीष एवं उनकी टीम द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई।जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार सिंह ने बताया कि आयुर्वेदिक दवाइयां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, शरीर को स्वस्थ रखने तथा मौसमी बीमारियों से बचाव में अत्यंत लाभकारी हैं।

उन्होंने बढ़ती ठंड से बचाव हेतु नियमित योग, प्राणायाम, गुनगुने पानी का सेवन, संतुलित आहार तथा गर्म वस्त्रों के प्रयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वास्थ्य एवं योग शिविरों के माध्यम से आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत योग शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें आयुष योग सहायक जीत राम द्वारा प्रतिभागियों को योग क्रियाएं करवाई गई। योग प्रोटोकॉल के अनुसार शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए उपयोगी योगाभ्यास सिखाए गए। शिविर के सफल आयोजन में विद्यालय स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।

## नाम की दौलत हाथ न आई तो कंगाल ही बने रहोगे

महापुरुष हर युग में यह आवाज़ देते रहे हैं कि ऐ इन्सान, तूने इस दौलत की प्राप्ति करनी है। यह ही तुझे लोक-परलोक में मालामाल करने वाली है। अगर यहाँ इस दौलत की प्राप्ति नहीं की तो आगे क्या हासिल होगा। दास अक्सर कहता है कि किसी पूछने वाले ने अपने उस्ताद से, साधु-महात्मा से पूछा कि मौत के बाद जीवन क्या होता है? तो आगे से उस्ताद ने कहा कि आप फिक्रमन्द हैं इस मौत के बाद के जीवन के लिए लेकिन मुझे फिक्र है उस मौत से पहले के जीवन की। इस बात की अधिक अहमियत है। अगर इस जीवन की प्राप्ति यथार्थ है तो आगे की कोई फिक्र नहीं रहती। लेकिन इस जन्म में इन्सान लगा है भौतिक दौड़ में। कोई धन हासिल करने में लगा है, कोई ताकत हासिल करना चाहता है। इन्हीं प्राप्तियों के लिए ही यह कार्य करता रहा है और अन्त में इसके हाथ कुछ नहीं आता। इसलिए महात्मा कहते हैं कि ऐ इन्सान, जो चाल तू चल रहा हे, यह तुझे कहीं ले जाने वाली नहीं। इससे तो तुम चौरासी के गेड़ (बन्धन) में ही पड़े रहोगे। तुम्हारी ऑखों पर अज्ञानता की पट्टी बंधी रहेंगी, अंधकार कायम रहेगा और तुम ठोकरें खाते रहोगे। जब तक रोशनी प्राप्त नहीं होगी, ठोकरें बनी रहेगी। नाम की दौलत हाथ न आई तो कंगाल ही बने रहोगे। सांसारिक दौलतें तो अधूरेपन की ही निशानी है। जैसे सिकन्दर बादशाह की मिसाल आती है कि जब वह दुनिया को फतह करने की तैयारी में था तो उसका एक मित्र जो फिलॉस्फर (दार्शनिक) था, सूझवान था, उसको ऐसा करने से रोकने के लिए समझाने लगा लेकिन सिकन्दर नहीं माना। कहने लगा कि मैंने तो ठान लिया है कि मैंने तो दौलतों के अम्बार लगाने है, सारी दुनिया को अपने आधीन करना है। उसका मित्र कहने लगा, अगर जाने की ठान ही ली है तो एक राय मान लो। यहाँ नजदीक ही एक साधु-महात्मा है। जाने से पहले आप उससे मिल लें। दोस्त की बात मानकर सिकन्दर उस महात्मा के पास चल पड़ा। जैसे ही वह वहाँ पहुँचा, बैठे हुए सभी लोग खड़े हो गये लेकिन वह महात्मा बैठा रहा। यह देखकर सिकन्दर तिमिला उठा तथा गुस्से में आकर कहने लगा, तू जानता नहीं कि मैं राजा हूं। सारे मेरे सम्मान में खड़े हुए हैं और तू इतना अदब भी नहीं जानता, यह कहकर वह वापिस चल पड़ा। सिकन्दर के उस मित्र ने साधु महात्मा से कहा, यह आपने क्या किया। बादशाह का स्वागत भी नहीं किया। वह तो आपसे बहुत गुस्सा है। यह सुनकर आगे से वह साधु-महात्मा बोला, अगर राजा मेरे पास आता तो मैंने अवश्य उसके स्वागत में खड़ा होना था, उसके पाँव चूमने थे पर तू तो एक कंगाल को मेरे पास लेकर आया है। वह मित्र बहुत हैरान हुआ तो महात्मा ने समझाया, वह कंगाल नहीं तो और क्या था उसके पास दौलत के अम्बार तो पहले से ही लगे हुए हैं फिर भी यह दौलत इकट्ठी करने की दौड़ में लगा हुआ है पता नहीं कितने लोगों का खून चूस-चूस कर यह हीरे-जवाहरात आदि लूट कर लायेगा? कितनी अबलाओं की मांगों का सिन्दूर पोंछेगा, कितनों को अनाथ बनायेगा।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 1 जनवरी, 2026, सूर्योदयः 07:14 ए एम, सूर्यास्तः 05:35 पी एम, चन्द्रोदयः 03:14 पी एम, चन्द्रास्तः 06:07 ए एम, जनवरी 02, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः गुरुवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः त्रयोदशी - 10:22 पी एम तक, नक्षत्रः रोहिणी - 10:48 पी एम तक, योगः शुभ - 05:12 पी एम तक, करणः कौलव - 12:05 पी एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 10:22 पी एम तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः वृषभ, राहुकालः 01:42 पी एम से 03:00 पी एम, गुलिक कालः 09:49 ए एम से 11:07 ए एम, यमगण्डः 07:14 ए एम से 08:32 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 12:04 पी एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:41 ए एम से 11:23 ए एम, दुर्मुहूर्तः 02:50 पी एम से 03:31 पी एम, अमृत कालः 07:57 पी एम से 09:23 पी एम, वर्ज्यः 03:42 पी एम से 05:07 पी एम, वर्ज्यः 03:46 ए एम, जनवरी 02 से 05:11 ए एम, जनवरी 02

## भविष्य फल



**मेषः** स्वास्थ्य के सन्दर्भ में यदि कोई बीमारी पहले से चली आ रही है तो वह इस सप्ताह बढ़ सकती है। अतः पहले से ही सावधानी बरतें।

**वृषः** आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। कुछ दिनों से किसी विषय में आ रही समस्या आज आसानी से सॉल्व हो जायेगी।

**मिथुनः** प्रतिस्पर्द्धी एवं दोस्त के वेश में छिपे शत्रु अपने प्रयासों में असफल रहेंगे। वाद विवाद से आप जितना हो सके उतनी दूरी बनाये रखे।

**कर्कः** आपको अपने वरिष्ठों की सहायता के साथ आपको पुरस्कार भी प्राप्त हो सकतें हैं। आप अपने कार्यस्थल पर प्रशंसा के पात्र रहेंगे।

**सिंहः** आज जीवनसाथी के सहयोग से आपका कोई काम पूरा हो जायेगा। साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त हो सकता है।

**कन्याः** आपकी सफलताओं के साथ ही लोगों की अपेक्षाएं भी आपसे बढती जाएंगी। व्यापार-धंधे में फायदा होगा एवं परिवार में सुख-शांति बढ़ेगी।

**तुलाः** आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और अच्छी प्रगति होगी।

**वृश्चिकः** आज आपके व्यापार में लाभ होने की संभावना है। इस राशि के बच्चे अपने दोस्तों के साथ पार्क में खेलने जायेंगे।

**धनु :** आज आपके सब कामों और विचारों में एकाग्रता और शांति रहेगी। अगर आप खुले दिमाग से सोचें तो आप पाएंगे कि मुश्किल से मुश्किल निर्णय भी आसानी से लिए जा सकते हैं।

**मकरः** मां की सेहत को लेकर आपको चिंतित बनाए रखेगी। बच्चों का स्वास्थ्य भी चिंताजनक हो सकता है किन्तु भौतिक एवं आर्थिक समृद्धि के लिए आज का दिन आपके लिए बड़ा ही लाभदायक है।

**कुंभः** आज परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा।

**मीनः** आलस्य त्याग कर समय का सदुपयोग करेंगे। मनोरंजक साधनों में वृद्धि होगी। समस्याओं को हल करने के लिए समय निकालें तथा अपने लव पार्टनर के साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार करें।

## जिलाधीश सुशील सारवान ने नववर्ष के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए किए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिला में 31 दिसंबर व 1 जनवरी को नववर्ष उत्साह मनाया जाना। जिस अवसर पर जिला के होटलों, रेस्टोरेन्टों, ढाबों, रिसोर्ट, मैरिज गार्डनों व मॉल इत्यादि में आमजन द्वारा काफी सख्या में एकत्रित होकर जश्न मनाए जाने की संभावना है। जिलाधीश सुशील सारवान के द्वारा जिला में शांति व कानून व्यवस्थ को बनाए रखने के लिए 31 दिसंबर व 1 जनवरी के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए। नेरश कुमार, वरिष्ठ जिला नगर योनाकार, एसएमडीए, प्रशांत कुमार, कार्यकारी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, राजेश जाखड़, अतिरिक्त कार्यकारी अभियन्ता, एचवीपीएनएल गन्नौर, महताब सिंह, प्रबंधक, आईएमटी खरखौदा, गौतम कुमार, कार्यकारी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य विभाग, गुलशन, कार्यकारी अभियन्ता, जल सेवाएं, राहुल पुनिया, कार्यकारी अभियन्ता नगर परिषद गोहाना, अजय सिंह, कार्यकारी अभियन्ता एचएसपीसीबी, मोहम्मद आशिक, कार्यकारी अभियन्ता, एसएमडीए, को पर्यवेक्षणाधीन क्षेत्र में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी तरह जगदीश काद्यिान, वरिष्ठ प्रबंधक, एचएसआईआईडीसी थाना क्षेत्र कुण्डली, देवेन्द्र मलिक, अतिरिक्त कार्यकारी अभियन्ता, एचवीपीएनएल, थाना क्षेत्र राई, मंदीप गुलिया सहायक जिला नगर योजनाकार, थाना क्षेत्र बहालग?, हरदीप सिंह, उप नगर आयुक्त, नगर निगम सोनीपत, थाना क्षेत्र मुरथल, जसबीर सिंह वरिष्ठ प्रबंधक एचएसआईआईडीसी, खाना क्षेत्र बड़ी, श्री विनोद कुमार, एचएसआईआईडीसी, थाना क्षेत्र गनौर, दीपक कुमार प्रबंधक यातायात, सोनीपत, थाना क्षेत्र शहर सोनीपत, सुरेश कुमार, ह व से, वन मंडल अधिकारी सोनीपत, थाना क्षेत्र सिविल लाइन सोनीपत, अंकित दहिया सहायक अभियंता, एसएमडीए, थाना क्षेत्र सेक्टर 27 सोनीपत, सुरेश कुमार सहायक अभियंता नगर निगम सोनीपत, थाना क्षेत्र सदर सोनीपत, राकेश दहिया, एसओ, एचएसएएमबी, थाना क्षेत्र खरखोदा, सुनील सैनी उपमंडल अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग गोहाना, थाना क्षेत्र शहर गोहाना, नरेंद्र लाठर उपमंडल अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग गोहाना, थाना क्षेत्र सदर गोहाना, प्रशांत सहायक रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोसाइटी गोहाना, थाना क्षेत्र बरोदा, व अमित कुमार सहायक अभियंता नगर निगम सोनीपत को थाना क्षेत्र मोहाना का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया।

## जिला स्तरीय ड्रग नियंत्रक एवं समन्वयक की बैठक

# जिले में नशे को जड़ से खत्म करने के लिए समन्वय से करे संबधित विभाग कार्य: सुशील सारवान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने जिला स्तरीय ड्रग नियंत्रक एवं समन्वयक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसे समाप्त करने के लिए सभी विभागों, संस्थाओं और समाज की संयुक्त भागीदारी अनिवार्य है। प्रशासन पूरी तत्परता के साथ इस दिशा में कार्य कर रहा है। उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय ड्रग नियंत्रक एवं समन्वयक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य नशा नियंत्रण गतिविधियों की समीक्षा, अवैध ड्रग तस्करी पर प्रभावी रोकथाम तथा सभी विभागों के बीच समन्वय को और सशक्त बनाना रहा।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, एएनटीएफ/एनसीबी प्रतिनिधि, राजस्व विभाग एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी विभागों ने अपने-अपने क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

उपायुक्त ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुकानों व मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर निगरानी बढाई जाए व हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सयुक्त रूप से संबंधित विभागों के द्वारा छापेमारी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों, कॉलेजों और समुदाय स्तर पर नशा-रोधी जनजागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी एवं नियमित रूप से आयोजित किया जाए। उन्होंने नशा करने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास एवं काउंसलिंग हेतु स्वास्थ्य विभाग व सामाजिक संस्थाओं के समन्वय को ओर अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान डीसीपी नरेंद्र सिंह काद्यिान, जिला न्यायवादी सुरेश खत्री, नगराधीश डॉ. अनमोल, एसीयूटी योगेश दिल्हौर व संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### स्टार्टअप के लिए हरियाणा की महिलाओं को मिलेगा 5 लाख रुपये का ऋणः उपायुक्त

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि मातृशक्ति उद्यमिता योजना हरियाणा सरकार द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना लागू की है। इस योजना के तहत महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए बैंकों के जरिए उन्हें 5 लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत जिन महिलाओं की परिवारिक वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम और आवेदन के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होगी, वही इस स्कीम की पात्र होंगी। इसके अलावा आवेदन पहले से लिए गए किसी ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। गौर करने वाली बात ये है कि इस योजना के तहत समय पर किश्त का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा दी जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत डेयरिंग, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों और केवीआईबी को छोडकर अन्य सभी गतिविधियां शामिल हैं। इन गतिविधियों में यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढोने के वाहन, थ्री-व्हीलर, ई-रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटिक, फोटो कॉपी की दुकान, पापड़ बनाना, आचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आईसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, हैण्डलूम, बैग बनाना, कैटींन सर्विस आदि काम शुरू कर सकती हैं उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा कराने होंगे।

## सुदामा नगर पहुंचे विधायक निखिल मदान आम जन की सुनी समस्याएं



निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर के साथ सुदामा नगर की विभिन्न गलियों का किया दौरा।

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। विधायक निखिल मदान ने बुधवार को वार्ड नंबर 2 में सुदामा नगर का दौरा किया। विधायक निखिल मदान सुमेर सिंह सैनी के घर पहुंचे और उनके घर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने के बाद नुकसान का जायज़ा लिया।विधायक निखिल मदान ने मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियों को सुदामा नगर की गलियों में बिजली के नए खंबे लगाने और सभी तारों को उसे पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

ताकि घरों के ऊपर लटकी तारों में शॉर्ट सर्किट से बचा जा सके और आग लगने की घटनाओं को रोका जा सके।इसके साथ ही विधायक निखिल मदान ने बिजली के खंबे लगाने के बाद उन पर नई स्ट्रीट लाइट लगाने के भी निर्देश दिए गए।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि सुदामा नगर की सभी गलियों को सीसी से पक्का किया जा चुका है, साथ ही मुखी अस्पताल के साथ बने वाटर बूस्टर से पेयजल आपूर्ति भी नियमित समय पर की जा रही है। साथ ही ड्रेन नंबर 6 को ढकने के बचे हुए काम को भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा। इस अवसर पर निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर,निगम पार्षद नवीन तंवर,सुमेर सैनी,लखमी चंद, ओम प्रकाश, बिट्टू, हरदीप राठी, चमन सैनी, संतोष,कमला आदि लोग मौजूद रहे।

2026 नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी सभी विज्ञापनदाताओं का आभार, जिन्होंने नव वर्ष विशेषांक के प्रकाशन में अपना योगदान दिया।
कमलराम चौहान, विज्ञापन प्रतिनिधि
दैनिक अर्थप्रकाश सोलन मोबाइल 9816844275

आप सभी को नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
ISHAR SWEETS
Where life is full of sweetness.
Ishar Sweets Koti, Kalka Shimla Highway
Himachal Pradesh 7015351965, 8627901222

Happy New Year 2026
HOTEL THE CHABAL
KASAULI
Call: 01792 298081, 98822 48081
Email: htc.kasauli@gmail.com Website: www.htckasauli.com

नववर्ष की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Namastasya
ROOMS | RESTAURANT | BANQUET
Bye-Pass Road, Solan Himachal Pradesh - 173212
namastasya.solan@gmail.com
www.namastasya.in
01792-224307, 62304-82035, 62304-18035

नववर्ष की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Vinod Suri
Senior Homoeopathic Consultant
ADVANCED Homoeopathic Clinic
Mob.: 94180-48835

नववर्ष की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Onkar Furniture Ind.
Bye Pass Saproon, Solan (H.P.) 01792-221582
Vishvakarma Furniture
Near Mc Office, Rajgarh Road Solan (H.P.) 173212
01792-220382
E-mail : vfisolan@gmail.com
Mfg./Dealer
Sleepwell Mattresses, Carpets, Curtains, Sofa Material, Foam Cushions, Wooden & Steel Furniture, Gen. Order Suppliers Etc.

आप सभी को नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
OREN KASAULI
Dharampur - Kasauli Road, VPO Sanawar, Tehsil Kasauli, Distt. Solan (HP)
98161-55576, 98162-55576, 01792-298076
orenkasauli@gmail.com, booking@oren.co.in,
www.oren.co.in

HAPPY 2026 NEW YEAR
POOJA INDUSTRIES
Plot No. 73-75, Industrial Area
Sector-1, Parwanoo Solan (H.P.)

BANSAL ORTHOPAEDIC CENTRE
Near Sainik Rest House, The Mall Solan (HP)
बंसल हड्डी रोग अस्पताल
बंसल फिजियोथेरिपी सेंटर
सरकारी कर्मचारी, पेंशन धारकों, ईएसआई कर्मचारियों के लिए Reimbursement की सुविधा भी उपलब्ध है।
Ph. 98160-25018, 99965-55189

नववर्ष की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
चंद्रप्रकाश गुप्ता
चेयरमैन, मुरारी लाल मैमोरियल नर्सिंग कॉलेज सोलन हिमाचल प्रदेश।

नववर्ष की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वेद गर्ग
SHIVALIK HOTEL & RESORTS
Shivalik Hotel & Resorts Kasauli Road Dharampur, Himachal Pardesh 173209
Ph. : 92186-02335, 92186-02336
www.shavalikhotelkasauli.com

Pinegrove School
"We Aspire to Inspire..."
DHARAMPUR . SUBATHU
Distt. Solan HP
An epitome in creating exalted lives... Pinegrove is a revered "Cradle of Excellence and Leadership".
Pinegrove School is a fully-residential, co-educational, senior secondary school nestled in the most picturesque scenery of the Kasauli Hills in Distt Solan HP. The school is affiliated to the CBSE and is highly-reputed for its high standards in value education, excellent work-ethics, personality development and discipline, whilst maintaining the highest standards of academic, co-curricular and sporting excellence.
BRITISH COUNCIL ISO
Numerous Affiliations for greater exposure
USPs Unlike traditional schools, Pinegrove follows Best Practices in school education and is proud of its outstanding work-ethics, happy school environment and World Class Infrastructure.
Scan for
An Overview of the School
Some Unique Features
- Individual Benchmarks for each student
- Bully-free, substance-abuse-free, cash-free and mobile-free school
- International Exchange Programmes
- High Order Pastoral Care
- School Hospital with Resident Doctor
- Hostel facilities from Age 6 onwards
- High moral and ethical standards
- Multiple Sporting facilities
- Telephone facility for children within Hostels
Distt. Solan, Himachal Pradesh, India
Tele: +91 98050 04115 | +91 01792 264105
Email: headmaster@pinegroveschool.com | Website: www.pinegrove.in

नववर्ष की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Vinay Patyal
MBBS, HPHS-1
DCDO, Fics
(Japan & BKK)
Member Associations of Cosmetic Surgeons of India
BMO Specialist - Dermatology (Ex.)
CONSULTANT COSMETIC DERMATOLOGIST & DERMATOLOGIST
Formerly at Govt. Medical College, Tanda (Kangra)
Regional Hospital, Solan
•SKIN LASER
•SKIN TRANSPLANTATION IN VITILAGO
•HAIR TRANSPLANTATION
•SPECIALISED TREATMENT OF ACNE AND SCARS
•BOTOX AND FILLERS
•LIPOSUCTION
VVARIOUS DERMATOLOGICAL SURGERIES
Near Navjeevan Hospital, Rajgarh Road, Solan (H.P.)
Mob No. 97366-60556, 94180-20136

नववर्ष की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
HYDRAULIC ENGINEERING COMPANY
KSB PUMPS LTD., CROMPTION GREAVERS LTD., HEVELLS LTD & STANDARD ELECTRICAL CO. CLASS "A" ELECTRICAL & HYDRAULIC CONTRACTOR
Sharma Niwas, Hospital Road, Opp. Child Hospital, Solan, Mob: 94180-74221

नववर्ष की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
SHRI BALMUKAND APEX HOSPITAL
A SPECIALIZED CENTRE FOR
COMPLETE MOTHER & CHILD CARE | GENERAL & LAPROSCOPIC SURGERIES
OTHER SPECIALITIES
GENERAL SURGERY | LAPAROSCOPIC SURGERY
GENERAL MEDICINE | OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
PAEDIATRICS | AYURVEDA
ANAESTHESIA | DIALYSIS & NEPHROLOGY
RADIOLOGY | PATHOLOGY
CASHLESS TREATMENT FACILITY AVAILABLE FOR HEALTH INSURANCE HOLDERS
BEST QUALITY DIALYSIS NOW IN SOLAN
HP GOVT., AYUSHMAN, HIMCARE EMPANELLED
8091966601 / 02 / 03
www.sbah.in

नववर्ष की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
!! ॐ श्री राम !!
ADMISSION OPEN
साई संजीवनी अस्पताल सोलन
दाखिला लीजिए
जी. एन. एम. (नर्सिंग)
कक्षा 10+2 पास छात्राओं के लिए
सम्पर्क करें :
डॉ० संजय अग्रवाल 94180 87597
प्रिंसिपल 98059 45427

सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
KRISHAN KUMAR
Chief Manager V.Eagle Security & Placement Service
Mob. 8627096991

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# जगराओं के सिधवां बेट रोड पर दो मासूमों बच्चों की मौत

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगरांव, 31 दिसंबर।** जगरांव के सिधवां बेट रोड पर रहने वाले एक मजदूर परिवार पर दुखों का ऐसा पहाड़ टूट पड़ा कि हर आंख नम हो गई। आज सुबह करीब 3¬15 बजे हुए एक दिल दहला देने वाले हादसे ने हंसते-खेलते परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। एक बेकाबू ओवरलोडेड ट्रक के पलटने से सड़क किनारे झुग्गी में सो रहे दो मासूम बच्चों–7 साल की पिंकी और 5 साल के गोपाल–की दम घुटने से मौत हो गई।

हादसे का मंजर बेहद इमोशनल और दिल दहला देने वाला था। पीड़ित पिता सदासुख, जो सड़क किनारे %टेडी बियर% (खिलौने) बेचकर अपने बच्चों का पेट पालते थे, उन्हें नहीं पता था कि जिन खिलौनों से वह दूसरे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाते थे, आज उन्हीं खिलौनों के साथ उनके अपने फूल जैसे बच्चे पत्थरों के ढेर के नीचे दब जाएंगे। कुदरत का यह करतब देखकर हर कोई डर गया।

**कैसे किया गया करतब? :** मौके से मिली जानकारी के मुताबिक, सुखराम का पूरा परिवार हर दिन की तरह अपनी झोपड़ी में गहरी नींद में सो रहा था। अचानक, क्रशर (पत्थर का मलबा) से भरा एक ओवरलोडेड ट्रक बैलेंस बिगड़ने से झोपड़ी के सामने पलट गया। पलक झपकते ही, टनों वजनी क्रशर झोपड़ी में सो रहे बच्चों पर गिर गया।

अपने जिगर के टुकड़े खोने वाले बदनसीब पिता सदासुख ने भारी मन से कहा, ÷मैं बड़ी मुश्किल से मलबे से बाहर निकला। मेरे बच्चे अंदर तड़प रहे थे। मैंने ड्राइवर को ट्रक से निकलकर भागते देखा।÷ मैंने उसके लिए दुआ की, हाथ जोड़े, कहा, %भाई, रुक जाओ, मेरे बच्चे मर जाएंगे, मेरी मदद करो...% लेकिन उस बेरहम आदमी ने मेरी एक नहीं सुनी और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।÷

**राहगीरों की कोशिश भी उसकी जान नहीं बचा सकी :** पिता की चीखें सुनकर पास की फैक्ट्रियों के मजदूर और राहगीर मदद के लिए दौड़े। बड़ी मशक्कत से बच्चों को क्रैश से निकालकर तुरंत सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया। लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था; डॉक्टरों ने पिंकी और गोपाल को मृत घोषित कर दिया। हादसे में माता-पिता और दो अन्य बच्चे भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

**पुलिस कार्रवाई :** सदर जगराओं पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए कहा कि शुरुआती जांच में हादसे का कारण ट्रक का ओवरलोड होना और टायर फटना माना जा रहा है। पुलिस ने ट्रक मालिक आशीष गोयल (बरनाला निवासी) से संपर्क किया है। फरार ड्राइवर की तलाश में छापेमारी चल रही है और पीड़ित परिवार को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बयानों के आधार पर लिया गया।

# पंजाब विधानसभा का समूचा कामकाज पूर्णतः डिजिटल और पेपरलेस हुआ : डॉ. रवजोत सिंह

*वर्ष 2025 का संसदीय कार्य विभाग का लेखा–जोखा; पंजाब सरकार ने स्कूली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए श्री आनंदपुर साहिब में मॉक विधानसभा सत्र आयोजित किया

बी.बी.एम.बी. और मनरेगा मामलों से संबंधित विशेष विधानसभा सत्र आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** पंजाब सरकार ने संविधान दिवस के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के कार्यक्रमों के तहत विशेष रूप से तैयार की गई पंजाब विधानसभा में राज्य के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए मॉक विधानसभा सत्र आयोजित कर उन्हें प्रोत्साहित किया, ताकि प्रदेश के विद्यार्थी राजनीति में भागीदारी करें और भविष्य के नेता बनने के योग्य बन सकें।

इस अवसर पर पंजाब के संसदीय कार्य मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने विभिन्न नेताओं की भूमिका निभा रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के नेता हैं और पंजाब सरकार की यह विशेष पहल राज्य के बच्चों को शासन करने योग्य बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने इस मौके पर स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए राजनीति में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील भी की।

डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि चालू वर्ष के दौरान बी.बी.एम.बी. और मनरेगा मामलों से संबंधित विशेष विधानसभा सत्र भी आयोजित किए गए हैं।

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 से पंजाब विधानसभा के समूचे कामकाज को कागज-रहित कर दिया गया है और विधानसभा सत्र का पूरा कार्य पूर्णतः डिजिटल और पेपरलेस तरीके से किया जा रहा है। पंजाब विधानसभा में पहली बार नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) परियोजना लागू की गई है। विधायकों और प्रशासनिक सचिवों को नई प्रणाली के तहत कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया है। पंजाब विधानसभा के कामकाज को हाई-टेक बनाने और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए डिजिटल विंग की स्थापना की गई है। डिजिटल विंग में आईटी सेल, एनआईसी सेल, हाई-टेक ट्रेनिंग रूम (नेवा सेवा केंद्र), हाई-टेक कंट्रोल रूम और नेटवर्क कंट्रोल रूम शामिल हैं।

नेवा ऐप के उपयोग से जहां सदन की कार्यवाही की लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से जनता की भागीदारी बढ़ी है, वहीं पंजाब विधानसभा सचिवालय का कामकाज भी अधिक सुगम हुआ है। सदन में कागजात भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत किए जा रहे हैं और विधानसभा सदस्यों तथा स्टाफ को कागज-रहित सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

# बिजली व्यवस्था बदहाल, खंभों पर उलझे तार बने जानलेवा खतरा

बारिश और हवा में स्पार्किंग, बच्चों की जान पर मंडरा रहा खतरा, विभाग पर लापरवाही के आरोप

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)



**जीरकपुर।** ढकोली स्थित न्यू गणेश विहार और शक्ति नगर में बिजली व्यवस्था की बदहाली को लेकर स्थानीय निवासियों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। क्षेत्र में बिजली के खंभों पर वर्षों से उलझे तारों का खतरनाक जाल बना हुआ है, जो कभी भी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हल्की बारिश या तेज हवा चलने पर तारों में स्पार्किंग शुरू हो जाती है और कई बार खंभों के आसपास करंट फैलने की स्थिति बन जाती है। जिस स्थान पर ये खंभे लगे हैं, वहीं बच्चों का रोज़ाना आना-जाना और खेलकूद भी होता है, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस कारण महिलाओं और अभिभावकों में भय और तनाव का माहौल है।

निवासियों का आरोप है कि वे कई बार बिजली बोर्ड में इस समस्या को लेकर शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन अब तक न तो कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा और न ही तारों को सुरक्षित तरीके से व्यवस्थित किया गया। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में अभी तक मीटर बॉक्स तक नहीं लगाए गए हैं। कई जगह बिजली मीटर खुलेआम खंभों पर लटक रहे हैं, जो सीधे तौर पर जानलेवा साबित हो सकते हैं। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि लगाए गए ट्रांसफॉर्मर पर क्षमता से अधिक लोड है, जिसके चलते गर्मियों में बार-बार स्पार्किंग होती है और बिजली सप्लाई बाधित रहती है। विभाग की इस लापरवाही को लेकर लोगों में भारी रोष है। निवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे प्रशासन और सरकार के समक्ष बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि किसी अनहोनी से पहले हालात सुधारे जा सकें। इस मौके पर शक्ति एनक्लेव निवासी,राधा शर्मा, दीपाली,तिवारी, अनिता झा, गीता, रीना,कल्पना शर्मा,पूजा,अंजू, मंदीप,राकेश सहित कई अन्य स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

स्थानीय निवासियों के साथ मौके का जायजा लिया जाएगा और उनकी बिजली की तारों संबंधित जो भी दिक्कत परेशानियां हैं उनका समाधान किया जाए।

*मोहन प्रीत सिंह*

*एसडीओ बिजली विभाग जीरकपुर*

# नगर कौंसिल में पवनदीप सिंह को पदोन्नति, बने असिस्टेंट म्युनिसिपल इंजीनियर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**डेरा बस्सी।** नगर कौंसिल डेराबस्सी में कार्यरत जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) पवनदीप सिंह को पदोन्नत कर असिस्टेंट म्युनिसिपल इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) नियुक्त किया गया है। उनकी इस पदोन्नति को नगर कौंसिल में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर नगर कौंसिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए खुशी जताई।

पदोन्नति के अवसर पर नगर कौंसिल डेराबस्सी के कार्यकारी अधिकारी रवनीत सिंह ढट्ट, नगर कौंसिल की प्रधान आशु उपनेजा, उनके पति नरेश उपनेजा, दविंदर सिंह लंबरदार तथा नगर कौंसिल का अन्य स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने पवनदीप सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यकारी अधिकारी रवनीत सिंह ढट्ट ने कहा कि पवनदीप सिंह एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और अनुभवी अधिकारी हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान नगर कौंसिल के इलेक्ट्रिकल विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों को सफलतापूर्वक और समय पर पूरा किया है। उनकी पदोन्नति से नगर में विद्युत व्यवस्था और विकास कार्यों को और मजबूती मिलेगी। नगर कौंसिल की प्रधान आशु उपनेजा ने पवनदीप सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनकी तकनीकी समझ और कार्य के प्रति समर्पण से नगर के विकास कार्यों में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी निभाते हुए वे नगर कौंसिल की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

वहीं नरेश उपनेजा और दविंदर सिंह लंबरदार सहित अन्य कर्मचारियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

पदोन्नति के बाद पवनदीप सिंह ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे नगर कौंसिल डेराबस्सी के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से आगे बढ़ाते रहेंगे।




# इनर व्हील क्लब जीरकपुर ग्रीन्स द्वारा जरूरतमंद लड़कियों की शादी में मदद और कन्यादान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह (बावा)

**जीरकपुर।** इनर व्हील क्लब जीरकपुर ग्रीन्स व लीनेस क्लब द्वारा सहयोगपूर्वक गरीब ल?कियों की शादी में मदद कर कन्यादान किया गया।

कन्याओ को विवाह हेतु आवश्यक सामान जैसे बेड कवर, बेड शीट्स,मेकअप किट, ब्लैंकेट, सूट-साड़ियाँ, बर्तन, गर्म कपड़े,बेबी सूट एवं आर्टिफ़िशियल ज्वेलरी व कैश देकर कन्यादान किया । ये सब सामान उनके आगामी जीवन मे काफी मददगार रहेंगे।

अध्यक्ष निहारिका गर्ग ने बताया कि कन्या दान महा दान है अतः हमें ऐसे सेवा कार्यो में जरूर सहयोग देना चाहिए ।

इनर व्हील क्लब संस्था द्वारा समय समय पर ऐसी सेवाएं सहयोग पूर्वक दी जाती रही हैं। संस्था जरूरमंदों की सेवा और सहयोग में सदैव अग्रणी रहती है।

# गुरमीत खुड्डियां द्वारा वेटरनरी इंस्पेक्टरों की मांगों के शीघ्र समाधान का आश्वासन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 दिसंबर।** पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज राज्य के वेटरनरी इंस्पेक्टरों से उनकी लंबे समय से लटक रही मांगों के संबंध में मुलाकात की।

स. खुड्डियां ने यहां पंजाब सिविल सचिवालय में प्रधान गुरदीप सिंह बसी के नेतृत्व में पंजाब स्टेट वेटरनरी इंस्पेक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से विस्तृत विचार-विमर्श किया और एसोसिएशन को आश्वासन दिया कि उनकी जायज मांगों का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

एसोसिएशन ने बैठक के दौरान वर्ष 2011 में भर्ती हुए 400 वेटरनरी इंस्पेक्टरों की 18 महीने की सेवा को नियमित सेवा के रूप में विचार करने, तहसील स्तर पर वेटरनरी इंस्पेक्टरों के 87 नये पद सृजित करने तथा छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग रखी। स. खुड्डियां के आश्वासन के बाद एसोसिएशन ने अपनी प्रस्तावित लंबी की रैली को रद्द करने का फैसला किया है।

स. खुड्डियां ने पशुपालन विभाग के निदेशक को एसोसिएशन की मांगों से संबंधित तुरंत उचित कार्रवाई शुरू करने के निर्देश भी दिए हैं। कैबिनेट मंत्री ने एसोसिएशन को मुख्य मुद्दों के समाधान के लिए विशेष रूप से पंजाब के वित्त मंत्री स. हरपाल सिंह चीमा के साथ बैठक करवाने का भी आश्वासन दिया।

# शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** शुक्रवार को नगर परिषद जीरकपुर एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग द्वारा शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी के आदेशों पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया।

इस दौरान नगर परिषद एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग की टीम ने ढकोली एरिया पर स्थित सब्जी मंडी और मार्केट की दुकानों में छापा मारा और 10 किलो के करीब प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिफाफे बरामद किए। नगर परिषद की टीम ने ढकोली इलाके में 40 दुकानों को चेक किया जिनमें से नगर परिषद एवं पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग की टीम ने मौके पर 3 दुकानदारों के चालान कर 10400 जुर्माना वसूला। नगर परिषद के सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार और पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग के एसडीओ अतुल शर्मा ने बताया कि पॉलिथीन के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगी हुई है फिर भी कुछ दुकानदार द्वारा अवैध तौर पर पॉलिथीन का इस्तेमाल कर रहे है। उन्होंने बताया कि वातावरण को बचाए रखने के लिए पंजाब सरकार द्वारा पॉलिथीन के लिफाफों पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई हुई है। नगर परिषद द्वारा पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग के साथ मिलकर समय समय पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। इसी के तहत बुधवार को ढकोली एरिया पर स्थित मार्केट एवं सब्जी मंडी में चेकिंग की गई। विक्रेताओं से करीब 10 किलो पॉलिथीन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के तहत 3 दुकानों पर कार्यवाही की गई और 10400 रुपए का चालान किया गया। सेनेटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# अरावली पहाड़ियों की परिभाषा पर पुनर्विचार संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 31 दिसंबर।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर सरदार कुलतार सिंह संधवां ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा माइनिंग रेगुलेशन कमेटी की सिफारिशों पर अगले आदेशों तक रोक लगाने के फैसले का स्वागत किया है। स्पीकर संधवां ने कहा कि पहले सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की कमेटी द्वारा सिफारिश की गई अरावली पहाड़ियों की नई परिभाषा को मंजूरी दे दी थी, लेकिन इससे संबंधित गंभीर शंकाओं के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मुद्दे पर पुनर्विचार किया है और पिछले आदेशों पर रोक लगा दी है।

स्पीकर ने कहा कि व्यावसायिक उद्देश्यों की बजाय पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अरावली पहाड़ियों की 'परिभाषा' में बदलाव के कारण यह विवाद पैदा हुआ है। नई परिभाषा के अनुसार, केवल वही क्षेत्र पहाड़ी माना जाएगा जिसकी ऊंचाई आसपास की जमीन से कम से कम 100 मीटर अधिक हो।

पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार इस परिभाषा से अरावली क्षेत्र की लगभग 90 प्रतिशत छोटी पहाड़ियां कानूनी सुरक्षा से बाहर हो सकती हैं, जिससे वहां माइनिंग और रियल एस्टेट गतिविधियां शुरू हो सकती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अरावली पहाड़ियों को नुकसान पहुंचता है, तो रेगिस्तान से आने वाली हवाएं दिल्ली-एन.सी.आर. की ओर बहेंगी। ये पहाड़ियां 'ग्रीन वॉल' की तरह काम करती हैं जो रेत और धूल को आगे बढ़ने से रोकती हैं।

# पार्षद वार्ड के लोगों से वोट लेने तक सीमित न रहकर कूड़े का पक्का हल निकालें : अरुण गिल

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 31 दिसंबर।** नगर कौंसिल जगराओं के लिए पिछले कई सालों से कूड़ा एक गंभीर समस्या बनी हुई है। कोई भी राजनीतिक नेता या सिविल प्रशासन इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाल रहा है।

इसके लिए हमेशा सफाई कर्मचारियों को ही दोषी ठहराया जाता है। इस संबंध में सफाई यूनियन के जिला अध्यक्ष अरुण गिल ने कहा कि कूड़े के लिए केवल राजनीतिक नेता और नगर कौंसिल जगराओं का प्रशासन जिम्मेदार है, सफाई कर्मचारी नहीं। उन्होंने जगराओं के लोगों से सहयोग की मांग करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों का काम केवल गलियों और सड़कों पर झाड़ू लगाना है, जहां भी छोटी-बड़ी नालियों में रुकावट है और गैप को साफ करना सफाई कर्मचारियों का काम है। उन्होंने आगे कहा कि जब भी कूड़े की समस्या होती है तो पार्षद खूब पैसे कमाने के लिए अपने-अपने यार्ड से कूड़ा उठवाना शुरू कर देते हैं। वे बाड़ों से कूड़ा उठाकर उन डंपों पर फेंक देते हैं। लेकिन जब म्युनिसिपल काउंसिल जगराओं के सफाई कर्मचारी वही कचरा उन डंपों पर फेंकते हैं, तो उनका विरोध किया जाता है। उन्होंने साफ और स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जो पार्षद शहर के लोगों को गुमराह कर रहे हैं और सफाई कर्मचारियों की इमेज खराब कर रहे हैं, वे उनके खिलाफ लड़ने को मजबूर होंगे। उन्होंने सिविल एडमिनिस्ट्रेशन से यह भी मांग की है कि म्युनिसिपल काउंसिल में जल्द से जल्द एक एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर की नियुक्ति की जाए क्योंकि न तो कोई परमानेंट सैनिटरी इंस्पेक्टर है और न ही कोई दूसरा ऑफिसर परमानेंट पोस्टेड है और म्युनिसिपल काउंसिल जगराओं ने शहर के 23 वार्डों में घर-घर से कचरा इकट्ठा करने के लिए 23 सफाई कर्मचारियों का प्रस्ताव पास किया है और टेंडर भी हो गया है, लेकिन आज तक उनका वर्क ऑर्डर जारी नहीं हुआ है।

इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल किया जाए और अगर कचरा डंप करने की पक्की जगह और दूसरी मांगों का परमानेंट हल नहीं किया गया, तो यूनियन परमानेंट हड़ताल पर जाने को मजबूर होगी। प्रेसिडेंट अरुण गिल ने यह भी साफ कर दिया है कि जब तक कचरा डंपिंग या सेकेंडरी पॉइंट्स का परमानेंट हल नहीं हो जाता, वे कचरा नहीं उठाएंगे। अगर कूड़े की वजह से कोई बीमारी या किसी तरह की दिक्कत होती है तो इसके लिए सीधे तौर पर पार्षद और नगर परिषद के अधिकारी जिम्मेदार होंगे जो संबंधित डंप पर कूड़ा डालने से रोकते हैं। इस मौके पर सफाई यूनियन के सेक्रेटरी राजिंदर कुमार, प्रेसिडेंट सनी सुंदर, प्रदीप कुमार, सोमवीर, सुरजीत सिंह, संदीप कुमार, अनल सिंह, बिक्रम कुमार, भूषण गिल आदि मौजूद थे।

अधिकतम 18 डिग्री से.
न्यूनतम 09 डिग्री से.
सूर्योदय 7.20
सूर्यास्त 5.31
सोना 24 कैरेट: 1,36,350.00
चांदी (प्रति किलो) : 2,40,000
सेंसेक्स : 84,692.15
अमेरिका : 89.73
कैनेडियन : 65.62
आस्ट्रेलिया : 60.20

दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित


**बातों बातों में मन की बात**

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

देने के लिए दान, लेने के लिए ज्ञान और त्यागने के लिए अभिमान श्रेष्ठ है।




वर्ष 41 | चंडीगढ़, वीरवार, 01 जनवरी, 2026 | पौष शुक्ल पक्ष: द्वादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 01 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 8








# मंत्री अनिल विज का सुरजेवाला पर पलटवार, 'हम घोटाले छिपाते नहीं, उजागर करते हैं

हरियाणा में हमारी भाजपा सरकार काम करने वाली सरकार है: विज

वर्कस्लिप घोटाले मामले में मुख्यमंत्री ने आदेश दिए हैं कि शेष नौ जिलों में जांच पूरी की जाए ताकि इस पर फैसला लिया जा सके

चुनाव आते ही ममता को याद आई महाभारत, खत्म होते ही फिर 'अल्ला-हू-अकबर'



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अंबाला, 31 दिसंबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने श्रम विभाग में वर्कस्लिप घोटाले मामले कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा सरकार पर घोटाले के आरोप लगाने पर क?ा पलटवार करते हुए कहा कि ÷सुरजेवाला जी हम आप लोगों की तरह घोटालों को छिपाते नहीं है, घोटाला हुआ है, उजागर हुआ है और उसकी हाईलेवल जांच कराने के लिए मुख्यमंत्री जी को लिखा है और मुख्यमंत्री जी ने आदेश भी दे दिए कि शेष नौ जिलो में भी तुरंत जांच पूरी की जाए ताकि इस मामले में कोई फैसला लिया जा सके÷। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि बंगाल में चुनाव आते ही ममता बनर्जी को सारी महाभारत याद आ गई है, चुनाव खत्म होते ही फिर से अल्ला हू अकबर÷।

श्रम मंत्री अनिल विज ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान सुरजेवाला पर तंज कसते हुए कहा कि इस मामले में सुरजेवाला जी बीच में कहा से आ गए। हो सकता है कि यह मामला इनके (कांग्रेस) के समय का हो, यह गड़बड़ी कब से हुई है, यह अभी पता नहीं लगा और किसके समय का है, यह भी पता नहीं लगा है।

**चुनाव आते ही ममता को याद आई महाभारत, खत्म होते ही फिर 'अल्ला-हू-अकबर:** केंद्रीय मंत्री अमित शाह की पश्चिम बंगाल में एंट्री से बौखलाई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान कि शकुनी के इशारे पर दुशासन आया बंगाल,पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अपने अंदाज में तंज कसते हुए कहा कि ÷बंगाल में चुनाव आ गए है तो ममता बनर्जी को सारी महाभारत याद आ गई है, चुनाव खत्म होते ही फिर से अल्ला हू अकबर÷।

**हरियाणा में हमारी भाजपा सरकार काम करने वाली सरकार है:** वर्ष 2026 को लेकर अपने विभागों में नए रोडमैप के प्रश्न पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि यहां हर दिन नया होता है, हर दिन कुछ न कुछ नया सरकार में किया जाता है और यही कारण है कि तीसरी बार हरियाणा की जागरूक जनता ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई। ऐसा पहली बार हुआ है क्योंकि ये सरकार काम करने वाली सरकार है।

अरावली विवाद मामले में मंत्री अनिल विज का दीपेंद्र हुड्डा पर पलटवार, पूछा- क्या ये हुड्डा सुप्रीम कोर्ट पर आरोप लगा रहे हैं!

अरावली के मुद्दे पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा के आरोप कि यह सारा खेल साढ़े 10 हजार करोड़ चंदे के लिए हो रहा है जिस पर पलटवार करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा बेबुनियाद बिना आधार के बातें कर रहे हैं। अरावली में जो हुआ वह सुप्रीम कोर्ट ने किया और अपने फैसले पर रोक भी सुप्रीम कोर्ट ने लगाई है। इसका मतलब यह है कि ये सुप्रीम कोर्ट पर आरोप लगा रहे हैं। अगर यह कह रहे हैं कि यह फैसला इतने पैसे के लिए हुआ है तो ये क्या सुप्रीम कोर्ट पर आरोप लगा रहे हैं।

## अस्मिता नॉर्थ जोन महिला सब जूनियर, जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का भव्य समापन

# यही खिलाड़ी देश का भविष्य: सुभाष बराला

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 31 नवंबर।** अस्मिता नॉर्थ जोन महिला सब जूनियर एवं जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का समापन समारोह पूरे उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में खिलाड़ियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, प्रशिक्षक, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। फाइनल मुकाबलों के दौरान मैदान में दिखा रोमांच और दर्शकों का उत्साह इस बात का प्रमाण था कि महिला हॉकी को लेकर लोगों में लगातार रुचि बढ़ रही है। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद सुभाष बराला ने कहा कि हरियाणा और पंजाब की बेटियों के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक और उच्च तकनीकी स्तर के रहे। दोनों ही प्रदेशों की खिलाड़ी पूरी तैयारी, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मुकाबले यह दर्शाते हैं कि देश में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और यही खिलाड़ी आने वाले समय में देश का भविष्य बनकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का नाम रोशन करेंगी।

सांसद बराला ने कहा कि आज देश के किसी भी कोने में नजर डालें तो हमारे खिलाड़ी–चाहे लड़के हों या लड़कियां–लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। ओलंपिक, एशियन गेम्स, राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि खेलों के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों को मंच देती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करती हैं। एक सवाल के जवाब में सांसद सुभाष बराला ने कहा कि उन्हें बचपन से ही खेलों में गहरी रुचि रही है। इसी कारण वे जहां भी खेल गतिविधियां आयोजित होती हैं, वहां पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने और अपनी भूमिका निभाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इससे अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का भी विकास होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए जरूरी है।

अपने संबोधन में सांसद बराला ने सांसद खेल महोत्सव का भी विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव देश के टॉप फाइव खेल आयोजनों में शामिल रहा है, जो उनके लिए ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि उनकी लोकसभा क्षेत्र के बॉक्सर नीरज ने गोल्ड मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया था, जिस पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे बातचीत की थी। यह खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 22वां रक्तदान व मेडिकल जांच शिविर 2 जनवरी को



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद शर्मा)।** मेहरचन्द मेहंदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा कि मेहर बुक डिपो एवं लिटिल कैंपस इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में 2 जनवरी 2026 को मेहरचन्द मेहंदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी कीर्ति नगर नजदीक रेलवे क्रासिंग कुरुक्षेत्र में अपनी पूजनीय स्व. माता संतोष रानी की 78वीं जन्म वर्षगांठ को मातृछाया दिवस के रूप में बनाया जाएगा। इस पुण्य स्मृति के अवसर पर 22वां रक्तदान शिविर एवं 17वें विशाल मेडिकल जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेगा जांच शिविर बीएस हार्ट केयर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। डॉ. पवन बंसल (एम.डी.) एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा हृदय जांच, शुगर जांच व कोलेस्ट्रॉल जांच की जाएगी। डॉ. गौरव एवं उनकी टीम द्वारा हड्डी रोगों की जांच की जाएगी और डॉ. सुरभि तिवारी द्वारा स्त्री रोग जांच की जाएगी। इसके साथ ही इस मेगा हेल्थ जांच कैंप में आवश्यक दवाइयों का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

### छात्रों के आत्मविश्वास को मिली नई दिशा: हरनेक सिंह



**लाडवा (विकास कश्यप)।** लाडवा के सुगनी देवी स्कूल के कक्षा 12 वीं की छात्राओं ने आज चेतन्या कैरियर कंस्लटेंट का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसके लिए सेंटर की तरफ से एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को केवल करियर विकल्पों की जानकारी ही नहीं दी गई, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और भविष्य की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार बनाना है इसके प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यशाला का संचालन सेंटर के डायरेक्टर हरनेक ङ्क्षसह द्वारा किया गया, जिसमें स्कूली छात्राओं ने बढ़-चढ?र भाग लिया और इस कार्यशाला को प्रेरणादायक, मार्गदर्शक और भविष्य को स्पष्ट दिशा देने वाला अनुभव बताया। कार्यशाला में हरनेक ङ्क्षसह ने छात्रों को सरल और प्रभावी उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार डर, झिझक और आत्म-संदेह छात्रों के करियर और जीवन से जुड़े निर्णयों में सबसे बड़ी बाधा बन जाते हैं और कैसे सही मार्गदर्शन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के बल पर इन पर विजय पाई जा सकती है। कार्यशाला में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए, जो आगे चलकर उनके भविष्य के करियर और जॉब प्रोफाइल में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर अनेक स्कूली बच्चे व स्टाफ भी मौजूद था।

### किसान एक क्लीक से चैक कर पाएंगे अपनी जमीन: अनुभव मेहता



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा एस.डी.एम.अनुभव मेहता ने कहा कि किसानों को एग्री स्टैक योजना के तहत यूनिक आई.डी. दी जाएगी। इस यूनिक आई.डी.से किसान एक क्लिक से अपने जमीन के ब्यौरे को देख पाएंगे। इस योजना को केंद्र सरकार की तरफ से अमलीजामा पहनाया गया है। इसलिए अधिक से अधिक किसान अपना पंजीकरण करवाएं। एस.डी.एम.अनुभव मेहता अपने कार्यालय में पत्रकारों को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द किसान कृषि स्टैक पंजीकरण करवाए। प्रशासन की तरफ से अलग-अलग जगहों पर शिविर भी लगाए जा रहे है। यह रजिस्ट्रेशन आधार कार्ड आधारित ओ.टी.पी. प्रमाणीकरण प्रक्रिया के जरिए होगा, जिससे प्रत्येक किसान के लिए एक यूनिक फार्म आई.डी. बनाई जाएगी, ताकि किसानों की सटीक और पारदर्शी डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार की कृषि स्टैक पंजीकरण योजना का कार्यान्वयन किया जा सके। यह आई.डी. उन्हीं व्यक्तियों की बनेगी, जिनके नाम पर जमीन दर्ज है, चाहे जमीन पुरुष, महिला या बुजुर्ग के नाम पर ही क्यों न हो। इस आई.डी. से भविष्य में सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनिवार्य होगी। विशेष रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, विभिन्न कृषि अनुदान, बीज, खाद, फसल बीमा, मुआवजा एवं अन्य सभी किसान हितैषी योजनाओं का लाभ इसी आई.डी. के माध्यम से दिया जाएगा। किसान सी.एच.सी., अटल सेवा केंद्र, पटवारी कार्यालय, कृषि कार्यालय में जाकर भी अपनी एग्रीस्टैक आई.डी. बनवा सकता है।

### मरने के बाद भी देखेगी मृतक विनोद की आंखे

**लाडवा (विकास कश्यप)।** लाडवा में मृतक विनोद कुमार की मौत के बाद मृतक के परिजनों ने नेत्र दान कर एक मिसाल कायम की है। नेत्र दान करने के बाद अब मृतक विनोद कुमार की आंखे देख पाएंगी। अपने छोटे भाई विनोद कुमार की मृत्यू के बाद उनके नेत्रदान करने के बाद जानकारी देते हुए डा.राज छाबड़ा ने बताया कि इस गहन शोक की घड़ी में भी उनके परिवार ने जिस अद्भुत साहस, धैर्य और मानवता का परिचय दिया है वह वास्तव में समाज के लिए प्रेरणा स्वरूप है। मृतक के पिता बुटाराम, माता पुष्पा रानी, धर्मपत्नी रजनी छाबड़ा, पुत्र सारांश एवं बेटी सृष्टि ने मिलकर अत्यंत पावन निर्णय लेते हुए नेत्रदान जैसे महान कार्य को पूर्ण करवाया है। मानवता की सेवा में सदैव तत्पर नेत्रदान समिति लाडवा की टीम से डा.राज छाबड़ा लंबे समय से समाजसेवा में जुड़े हैं। इस पुण्य कार्य में डा.राज छाबड़ा ने महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। अर्पणा नेत्र बैंक द्वारा बड़ी श्रद्धा और निष्ठा से नेत्र प्राप्त किए। नेत्रदान उपरांत परिवार को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर उनकी महान भावना को सम्मानपूर्वक नमन भी किया गया। नेत्रदान जीवनदान है छाबड़ा परिवार का यह निर्णय सैकड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का दीप बनेगा।

## पंचायती भूमि पर निर्मित रिहायशी कब्जे को नियमित करवाने के लिए 15 जनवरी तक करें आवेदन: मीणा

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 31 दिसंबर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले में गैर कृषि पंचायती भूमि पर 31 मार्च 2004 से पहले निर्मित रिहायशी कब्जे को नियमित करवाने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। इस आवेदन को गूगल फार्म से किया जा सकेगा। इन आवेदनों पर सरकार की पॉलिसी के अनुसार नियमित करवाने की कार्रवाई को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला की सभी ग्राम पंचायत में गैर-कृषि पंचायती भूमि पर 31 मार्च 2004 से पहले निर्मित रिहायशी कब्जे को नियमित करवाने बारे निम्न गूगल फॉर्म पर आवेदन करवाना सुनिश्चित करें। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 है, इसके पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। यह लिंक आवेदनकर्ता स्वयं भी भर सकता है।

उन्होंने कहा कि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के माध्यम से सभी पंचायतों से इस कार्य को गंभीरता से करवाना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतें अपने-अपने गांवों की ऐसे ग्रामीणों को सूचना देना सुनिश्चित करें ताकि पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ समय रहते मिल सके और पंचायत को अनावश्यक कोर्ट केसों से निजात मिल सके।

# शिक्षा को दायित्व के साथ स्वीकारे: चौहान

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन




**करनाल, 31 दिसंबर।** धर्मार्थ समर्पण न्यास और ए आर के स्टूडियो ने जीवन की शिक्षा को अनौपचारिक से औपचारिक शिक्षा की आवश्यकता के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए स्कूल ऑफ लाइफ एजुकेशन द्वारा 30 दिसंबर को नई दिल्ली कनॉट प्लेस म्यूजियम ऑफ इल्यूजन में नववर्ष कैलेंडर के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रेरणादायक पहल धर्मार्थ समर्पण न्यास की ओर से की जा रही है, जिसका उद्देश्य जीवन के विभिन्न पहलुओं यथा हेल्थ, वेल्थ और व्यवहार की शिक्षा जो अनौपचारिक रूप हम सीखते आ रहे थे उस अनौपचारिक शिक्षा के मूल्यों का धीरे धीरे ह्रास हो रहा है जिसका दुष्प्रभाव खराब स्वास्थ्य, बदतर होता आचरण और अस्थिर आर्थिक स्थिति के रूप में देखने को मिल रहा है ऐसी स्थिति में शिक्षा से जुड़े लोगों का समाज के प्रति दायित्व बनता है कि जीवन की शिक्षा को पढ़ाए और सिखाए जाने हेतु लेख बद्ध कर समाज के समक्ष प्रस्तुत करें।

कार्यक्रम में उप आवास आयुक्त मांगे राम चौहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे शिक्षा और जीवन मार्गदर्शन के क्षेत्र में कार्यरत प्रशिक्षक एवं शिक्षाविद सीमा वशिष्ठ, कानून का कायदा कार्यक्रम के संचालक सेवानिवृत्त असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर वीरेंद्र पुंज तथा समाजसेवी डॉक्टर नीति तोमर ,फिट इंडिया अभियान की ब्रांड एंबेसडर पंखुड़ी श्रीवास्तव और व्यवसाई आर सी बंसल जी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। यह आयोजन कनॉट प्लेस स्थित म्यूजियम ऑफ इल्यूजन कैफे में संपन्न हुआ,, जिसमें सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर बॉलीवुड एक्टर अमित अंतिल, मिसेज इंडिया वर्ड वाइड डायना ,लखनऊ से मॉडल स्वाति त्रिपाठी शामिल हुई। विशिष्ट अतिथियो में डायटिशियन रक्षा साहनी, शिक्षाविद् मोनिका शर्मा, प्रवीण वर्मा, राजेश चौहान ,डॉक्टर मीनू गबरानी ,समाज सेवी विवेक गिरी,चाणक्य देव,मधुर शर्मा,अंशु मुदगिल ,आचार्य अनामिका,रश्मि जैन,रूपा शर्मा, एस्ट्रोलॉजर रीटा सिद्धौरा,गीता त्रेहान ,कविता परवानी ,हरियावी निर्देशक कुमार,शिक्षाविद राजेश कुमार शामिल हुए,सोम शेखर ,नीरज कोहली और पत्रकार हमवीर ,नृत्यांगना कल्चर सोसाइटी से गुरु विकास मौर्या शामिल हुए। मॉडल आकांक्षा, ,खुशी, और सबसे कम उम्र की भागीदार काशवी शर्मा भी इस कलेंडर लॉन्च का हिस्सा बनी। कार्यक्रम संचालन ए आर के स्टूडियो की फाउंडर नीलिमा ठाकुर ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समाचार 24 प्लस और दिव्य दिल्ली समाचार की अहम भूमिका रही । कार्यक्रम में समाचार 24 प्लस के आगामी कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च भी हुआ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन की शिक्षा को औपचारिक बनाकर अभ्यास और प्रयास के माध्यम से समाज को शसक्त करना है केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उसे जीवन मूल्यों, सामाजिक दायित्व और सकारात्मक सोच से जोड़ना है।

## आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान में नववर्ष पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा




**कुरुक्षेत्र, 31 दिसंबर।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान में नववर्ष के आगमन के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को गुब्बारों व रंगीन झंडों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे चारों ओर उत्सव का माहौल दिखाई दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने ÷हैप्पी न्यू ईयर÷ गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नाटक के माध्यम से नए साल में अच्छी आदतें अपनाने का संदेश दिया।

इस मौके पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रोबिन कुमार ने विद्यार्थियों व स्टाफ को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया साल नई उम्मीदों और नए लक्ष्यों का प्रतीक है। हमें पिछली गलतियों से सीख लेकर उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाने चाहिए।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण नववर्ष के पहले दिन जन्मदिन मनाने वाले बच्चों का सम्मान रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा इन बच्चों को मंच पर बुलाकर उपहार भेंट किए गए और सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण हिस्सा महसूस कराना था।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान सोहन लाल सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि नववर्ष केवल कैलेंडर बदलने का दिन नहीं, बल्कि नए संकल्पों और नई ऊंचाइयों को छूने का अवसर है।

### बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई मजबूती को लेकर मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक

**पानीपत (अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रदेश के सभी उपायुक्तों एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई व्यवस्था, यमुना नदी की मजबूती और आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्ता के उच्च मानकों के अनुरूप पूरी की जाएं, ताकि आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक के बाद उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि यमुना नदी को मजबूत करने और बाढ़ से बचाव के लिए लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें तटबंधों की मजबूती, मरम्मत और सुरक्षात्मक संरचनाओं का निर्माण शामिल है। उन्होंने बताया कि यमुना नदी क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई संरचना को मजबूत करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र वासियों को दी नववर्ष की शुभकामनाएं

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 31 दिसंबर।** सांसद नवीन जिन्दल ने नववर्ष 2026 के अवसर पर, कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर साल जब विदा लेता है, तो वह हमारे जीवन में सिर्फ तारीखें नहीं छोड़ता, बल्कि यादों का एक पूरा अध्याय छोड़ जाता है। कुछ यादें व्यक्तिगत होती हैं, कुछ हमारे काम और संघर्ष से जुड़ी होती हैं और कुछ समाज और राष्ट्र के सफ़र का हिस्सा बन जाती हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 ने हमें गर्व के कई अवसर भी दिए। इस वर्ष भारत ने न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को और मज़बूत किया, बल्कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया के सामने अपने शौर्य, संकल्प और सामर्थ्य का स्पष्ट संदेश रखा।

उन्होंने इस अवसर पर वर्ष 2025 में सरकार द्वारा जनता को दी गई सुविधाओं का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से स्वास्थ्य, स्किल, खेल और सेवा के कार्यक्रमों के जरिए ज़रूरतमंदों तक मदद पहुँचाने का प्रयास जारी है। साथ ही फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से हम तिरंगे के प्रति सम्मान और जागरूकता को जन-जन तक पहुँचाकर देशभक्ति का संदेश देने का काम कर रहे हैं।

सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि 2026 के लिए मेरा विश्वास स्पष्ट है कि देश आगे बढ़ रहा है और इस यात्रा में आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता और उनके परिवारों को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सकारात्मक और समर्पित रहने का आह्वान किया तथा देश को मजबूत बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

## जन-सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, बाढ़ बचाव प्रबंधन के लिए समय से तैयारी के निर्देश

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 31 दिसंबर।** जिले में कहीं भी जलभराव की समस्या होने पर उसका तुरंत समाधान किया जाए। जल निकासी से जुड़ी सभी समस्याओं का स्थायी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 57वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रदेश भर के सभी उपायुक्तों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने सूखा राहत, बाढ़ नियंत्रण, जल निकासी व्यवस्था और आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। साथ ही पिछली बैठक के एजेंडों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली।उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि कार्य तय समय सीमा में पूरे किए जाएं और आपसी तालमेल के साथ काम किया जाए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने मुख्यमंत्री के निर्देशों की सख्ती से पालना करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं चल रही हैं, उनमें तेजी लाई जाए और जिन कार्यों पर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है, उन्हें तुरंत शुरू किया जाए। उन्होंने बताया कि बाढ़ बचाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए जून माह में अगली बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि नालों की नियमित सफाई की जाए, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की स्थिति न बने। उन्होंने बाढ़ और सूखा जैसी आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए समय रहते तैयारी करने पर जोर दिया।

# किसानों को हजारों करोड़ के घोटाले का जख्म दे गया साल 2025

विधानसभा सत्र में भी नहीं उठा हजारों करोड़ का किसान घोटाला, हर जिले में खुल रही हैं धान घोटाले की परतें

किसानों से लूट, लेकिन जिम्मेदारों पर कार्रवाई शून्य

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 31 दिसंबर।** साल 2025 हरियाणा के किसानों के लिए एक ऐसा वर्ष साबित हुआ, जिसे वे शायद कभी भूल नहीं पाएंगे। यह वर्ष किसानों के संघर्ष, पीड़ा और आर्थिक शोषण का प्रतीक बनकर इतिहास में दर्ज होगा। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने आरोप लगाया कि साल 2025 में धान, बाजरा और मूंग की फसलों में हुए हजारों करोड़ रुपये के घोटालों ने किसानों की रीढ़ तोड़ दी, जबकि सरकार और राजनीतिक दल मूकदर्शक बने रहे। रतन मान ने कहा कि यह धान घोटाला इतना बड़ा और संगठित है कि इसने पूर्व के सभी बड़े घोटालों को पीछे छोड़ दिया है। हजारों करोड़ रुपये किसानों की मेहनत की फसल के नाम पर लूट लिए गए। सिर्फ किसानों ही नहीं, बल्कि सरकारी खजाने को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया। हर दिन, हर जिले से नए खुलासे सामने आ रहे हैं, जो इस घोटाले की भयावहता को उजागर करते हैं। उन्होंने कहा कि साल 2025 में किसानों का जितना आर्थिक शोषण हुआ है, वैसा पहले कभी देखने को नहीं मिला। किसानों को उनकी फसल का पूरा मूल्य नहीं मिला, भुगतान में भारी अनियमितताएं हुई और सरकारी नीतियों की बेरुखी ने किसानों को रोने पर मजबूर कर दिया। विधानसभा सत्र में भी छाया रहा सन्नाटा किसान नेता ने हाल ही में संपन्न हरियाणा विधानसभा सत्र पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष–दोनों ही इस मुद्दे पर पूरी तरह विफल रहे। विधानसभा सत्र के दौरान सभी दलों के नेता मौजूद थे। हमें उम्मीद थी कि विपक्ष इस घोटाले को मजबूती से उठाएगा और मुख्यमंत्री नायब सैनी खुद इस मामले को सदन के पटल पर लाएंगे। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह रही कि किसी भी पक्ष ने इस घोटाले पर एक शब्द तक नहीं बोला। रतन मान ने सवाल उठाया कि आखिर ऐसा क्या कारण है कि इतना बड़ा घोटाला होने के बावजूद सरकार खामोश है? आखिर मुख्यमंत्री की आंखों के सामने यह सब कैसे होता रहा और कोई जवाबदेही तय क्यों नहीं हुई? धान ही नहीं, बाजरा और मूंग में भी घोटाले उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला केवल धान तक सीमित नहीं है। इसमें बाजरा घोटाला भी है, मूंग घोटाला भी है। हर फसल के नाम पर किसानों के साथ धोखा किया गया। हर जिले में परत-दर-परत सच्चाई सामने आ रही है, लेकिन जिम्मेदार लोग चुप हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसान की फसल न होती, तो यह लूट भी संभव नहीं थी। हमारी मेहनत, हमारी फसल की वजह से ही यह घोटाला हुआ। साफ शब्दों में कहूं तो किसानों को लूट लिया गया और लूटने वाले चैन से अपने घरों में बैठे हैं। आंदोलन का समय रतन मान ने किसानों से आह्वान किया कि अब चुप रहने का समय खत्म हो चुका है। यह सोचने का, अडने का, लडने का और आंदोलन करने का वक्त है। गांव-गांव बैठकर विचार करना होगा कि यह सब कैसे हुआ और इसके खिलाफ क्या रणनीति बने। उन्होंने चेतावनी दी कि साल 2025 में किसानों को जितना रुलाया गया है, उसका राजनीतिक और सामाजिक खामियाजा भी तय होगा। जो लोग किसानों की पीड़ा को नजरअंदाज कर रहे हैं, उन्हें इसका जवाब देना पड़ेगा। 2026 से भी कम उम्मीद आने वाले साल को लेकर भी किसान नेता ने निराशा जाहिर की। जब सरकार साल 2025 का किसानों से हिसाब नहीं कर पाई, तो 2026 से हमें क्या उम्मीद रखनी चाहिए? मौजूदा हालात देखकर नहीं लगता कि नया साल किसानों के लिए कोई सौगात लेकर आएगा। उन्होंने अंत में कहा कि किसानों को अब अपनी ताकत खुद बनानी होगी। सरकार से ज्यादा उम्मीद नहीं बची है। हमें खुद मजबूत होना पड़ेगा, संगठित होना पड़ेगा और अपने हक की लड़ाई लडनी पड़ेगी।



समस्त देशवासियों को
शिवा ढाबा
की तरफ से
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की हार्दिक शुभकामनाएं
MAMA YADAV
SHIVA DHABA
NH-24, BABUGARH CHAWNI, HAPUR M.8057580442, 9837305111
FAMOUS SHIVA DHABA
SHIVA DHABA
RUDR SHIVA MAMA YADAV
NH-44, G.T. KARNAL ROAD, MURTHAL SONIPAT M.8057580442
NH- 44, G.T. KARNAL ROAD, PANIPAT KARHANS M. 9837305111
रास्ता फ्लाई ओवर के नीचे से है




चौ० नायब सिंह सैनी
माननीय मुख्यमंत्री
मोहन लाल बड़ौली
भा.ज.पा. प्रदेश अध्यक्ष
आप सभी प्रदेशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश प्रधान
सी.एम विन्डो एमिनेन्ट पर्सन




आप सभी क्षैत्रवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी,
मकर सक्रांति
व गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्रीमती कृष्णा गहलावत जी
विधायक राई
निगम पार्षद
पुनीत, राई

# नववर्ष के जश्न की आड़ में असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई होगी : एसपी

## नववर्ष 2026 के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर फतेहाबाद पुलिस की कड़ी एडवाइजरी जारी

जिलेभर में 35 नाके व 900 पुलिस कर्मी रहेंगे तैनात

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 31 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस ने जिला फतेहाबाद के समस्त नागरिकों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष का आगमन उल्लास, उमंग और खुशियों का प्रतीक है, लेकिन इसकी आड़ में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, हुड़दंगबाजी अथवा कानून व्यवस्था भंग करने के प्रयास को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसपी श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस ने बताया कि नववर्ष के दौरान आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस द्वारा 30 दिसंबर 2025 को सायं 6:00 बजे से नववर्ष उत्सव के समापन तक विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों एवं सड़कों के किनारे शराब पीने, वाहनों के साइलेंसर से पटाखे फोड़ने, तेज आवाज कर ध्वनि प्रदूषण फैलाने तथा किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नववर्ष के अवसर पर शराब के नशे में सार्वजनिक स्थानों एवं मुख्य मार्गों पर उपद्रव करने वाले शरारती तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिलेभर में व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। जिला फतेहाबाद के अंतर्गत प्रमुख होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों एवं धर्मशालाओं पर विशेष पुलिस सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है।

एसपी श्री सिद्धांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में 35 विशेष पुलिस नाके स्थापित किए गए हैं, जिन पर 140 पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए 100 यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है तथा ट्रैफिक पुलिस को सख्त एवं स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। थाना स्तर पर निगरानी के लिए 120 अतिरिक्त पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक थाना क्षेत्र में पीसीआर, राइडर एवं डायल-112 वाहनों को सक्रिय रूप से तैनात किया गया है, जिन पर थाना स्तर पर सभी थाना प्रभारियों सहित लगभग 350 पुलिस कर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में तैनात रहकर निगरानी करेंगे। इसके अलावा सभी क्राइम यूनिटों को सिविल वर्दी में तैनात कर निगरानी रखने के सख्त आदेश दिए गए हैं, ताकि नववर्ष के शुभ अवसर पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे।

नववर्ष के दौरान साइबर पुलिस भी पूरी तरह सतर्क रहेगी। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, अफवाह फैलाने वाली या आपत्तिजनक पोस्ट पर तुरंत संज्ञान लेते हुए त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस ने आमजन से अपील की कि वे नववर्ष के अवसर पर किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी से बचें तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का पूर्ण सहयोग करें। यदि कोई व्यक्ति कानून व्यवस्था भंग करता हुआ दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

उन्होंने दोहराया कि नववर्ष की आड़ में असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संदिग्ध अथवा असामान्य गतिविधि की स्थिति में नागरिक तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन, मौके पर तैनात पुलिस कर्मियों अथवा डायल-112 पर सूचना दें।

### पुलिस द्वारा जारी मुख्य निर्देश

- नववर्ष के जश्न के दौरान सभी नागरिक यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें।
- नशे में वाहन चलाने, स्टंट बाइकिंग, ओवरस्पीडिंग, जिग-जैग ड्राइविंग एवं खतरनाक ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।
- होटल एवं रेस्टोरेंट में अवैध रूप से पार्टियों का आयोजन करने वालों पर कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- इन गतिविधियों पर निगरानी हेतु विशेष टीमें गठित की गई हैं तथा सभी क्राइम यूनिटों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## वर्ष 2026 के स्वागत पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का दिल्लीवासियों को संदेश

# 2025 को बताया 'तैयारी का वर्ष'

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 31 दिसंबर।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नववर्ष 2026 के अवसर पर दिल्लीवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2025 चुनौतियों, नई जिम्मेदारियों और बड़े फैसलों का साल रहा, जबकि 2026 उन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का वर्ष होगा।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि 2025 में सरकार ने ऐसे कई अहम कदम उठाए, जिनका दिल्ली लंबे समय से इंतजार कर रही थी। उन्होंने बताया कि नया एजुकेशन बिल लागू कर अभिभावकों को मोटी स्कूल फीस से राहत देने की दिशा में ठोस पहल की गई। वहीं, आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराकर आम जनता को बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा दी गई।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अटल कैंटीन योजना के तहत मात्र 5 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया गया, जिसे गरीब मजदूर और जरूरतमंद वर्ग ने खूब सराहा। इसके साथ ही दिल्ली में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में एंड-टू-एंड कारपेटिंग सड़कों, नई सफाई मशीनरी, खुले में आग जलाने पर रोक और प्रदूषण कम करने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए। उन्होंने माना कि ये सभी प्रयास शुरुआत हैं और अभी बहुत काम बाकी है।

कचरा प्रबंधन पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में शुरू किए गए पहले बायोगैस प्लांट के बाद अब और भी प्लांट लगाए जाएंगे। इसके साथ ही ई-वेस्ट प्रबंधन प्लांट की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने दो टूक कहा कि 2026 में दिल्ली के कूड़े के पहाड़ खत्म किए जाएंगे, और इस दिशा में सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में वर्षों से चली आ रही समस्याओं और लिगेसी इश्यूज़ का समाधान 2026 में प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2025 केवल तैयारी का साल था, जबकि 2026 में सभी योजनाओं को उनके मुकाम तक पहुंचाया जाएगा।

अपने संदेश के अंत में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार 2047 विजन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी और दिल्लीवासियों की उम्मीदों के अनुरूप काम करेगी। उन्होंने कामना की कि वर्ष 2026 सभी के जीवन में नई खुशियां, नया सवेरा और नई ऊर्जा लेकर आए और आश्वस्त किया कि दिल्ली सरकार हर कदम पर जनता के साथ खड़ी है।

## ई-लर्निंग पाठशाला किडज़ोन में पेरेंटिंग सेमिनार आयोजित

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** वर्ष के अंतिम दिन बुधवार को ई-लर्निंग पाठशाला किडज़ोन में पेरेंटिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. देवेंद्र आर्य एवं नीरज आर्य उपस्थित रहे। उन्होंने अभिभावकों के साथ बच्चों की सही देखभाल, परवरिश, व्यवहार प्रबंधन तथा मानसिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। डॉ. देवेंद्र आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर अभिभावक-शिक्षक बैठक के माध्यम से बच्चों की शिक्षा, शैक्षणिक प्रदर्शन, व्यवहार एवं सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई, ताकि विद्यालय और घर के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके और विद्यार्थी बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि सेमिनार में बच्चों के परिणाम, कमजोर पक्षों तथा सीखने की गति जैसे विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विद्यालय की ओर से तान्या त्यागी ने अभिभावकों से अपील की कि वे घर पर पढ़ाई के लिए सकारात्मक और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराएं तथा विद्यालय के साथ मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग करें। सेमिनार में बच्चों के अनुशासन, सकारात्मक सोच, मानसिक विकास तथा आधुनिक समय की चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अभिभावकों ने सेमिनार की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों की बेहतर परवरिश और विकास में अत्यंत सहायक होते हैं तथा इन्हें समय-समय पर आयोजित किया जाना चाहिए।

## राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरी में एनएसएस विशेष शिविर का दूसरा दिन उत्साहपूर्वक सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**पुंडरी, 31 दिसंबर।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पुंडरी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रातःकालीन सत्र में योगासन एवं प्राणायाम के साथ किया गया। स्वयंसेवकों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन तथा अनुलोम-विलोम प्राणायाम कर अपने शरीर व मन को ऊर्जावान बनाया।

इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा फीडबैक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने शिविर के पहले दिन के अनुभव साझा किए और शिविर के उद्देश्यों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम अधिकारी सुनील दत्त आत्रेय ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की मजबूत नींव है और स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को विद्यालय, घर और सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई रखनी चाहिए। जल संरक्षण पर प्रभावशाली जानकारी देते हुए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील दत्त ने कहा कि जल है तो कल है।उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर मीठे जल का प्रतिशत अत्यंत कम है, इसलिए प्रत्येक बूंद का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, नल की टोंटी खुली न छोड़ने, पानी की टंकियों के रिसाव को रोकने तथा जल के पुनः उपयोग पर विशेष जोर दिया।

दोपहर भोजन के बाद पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, स्वच्छ भारत और पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषयों पर सुंदर एवं प्रेरणादायक चित्र प्रस्तुत किए। वहीं दिव्या गोयल द्वारा स्वयंसेवकों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें कबड्डी, दौड़, खो-खो एवं रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन और उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम के दौरान कपिल सिंहमार, सुरेंद्र शर्मा, सलिन्दर सिंह, सुशील सैनी, तन्नु रानी सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। एनएसएस शिविर का दूसरा दिन अनुशासन, जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## 10 दिवसीय ई कंटेंट सृजन एवं विकास कार्यशाला का सफल आयोजन

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 31 दिसंबर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला एवं जिला शिक्षा कार्यालय, कुरुक्षेत्र के संयुक्त प्रयासों से आज जिला कुरुक्षेत्र में 10 दिवसीय ई- कंटेंट सृजन एवं विकास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया, जिसमें पूरे राज्य भर से लगभग 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।10 दिन की इस कार्यशाला का आयोजन राज्य परियोजना समन्वयक, पंचकुला के आदेश अनुसार तथा डॉ सुधीर कुमार, सहयोगी सलाहकार ( शिक्षक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र विनोद कौशिक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने कंप्यूटर एवं इंटरनेट की मदद से विभिन्न प्रकार के इ कंटेंट को न सिर्फ बनाने में महारत हासिल की बल्कि उसे अपने शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में प्रयोग करके अपने शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को बेहतर बनाने की किवायत को सीखा। कार्यक्रम के मार्गदर्शक कुरुक्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने इस कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए तथा सभी संसाधन व्यक्तियों को इस कार्यशाला के उसके उद्देश्यों को बेहतर रूप से प्राप्त करने के लिए सराहा। कार्यशाला का आयोजन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र से जसविंदर सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक, तथा प्राध्यापक डॉ रघुवीर तनेजा, धर्मेंद्र कश्यप एवं कुलदीप सिंह का अहम योगदान रहा। विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के की इस कार्यशाला को यादगार बनाने में प्राचार्य अनिल गर्ग तथा प्यारे लाल और संस्थान व्यक्ति के तौर पर कुलदीप बिरवाल, राजेंद्र शर्मा, राकेश कुमार, सुशील कुमार, संजय कामरा तथा अरुण कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खाद-बीज की दुकान में चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार, गल्ले से 1.20लाख रूपए की नगदी चोरी की थी

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 31 दिसंबर।** थाना बापौली पुलिस ने बपौली में बहरामपुर रोड पर स्थित खाद-बीज की दुकान से 1.20लाख रूपए चोरी करने के दो आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान अशोक विहार कॉलोनी निवासी फरमान व सद्दाम के रूप में हुई है। दोनों आरोपी चोरी की अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे।

थाना बापौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर विरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि बापौली में हनुमान चौक के पास संदिग्ध किस्म के दो युवक घूम रहे है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों युवकों ने मिलकर 18 दिसंबर को दोपहर करीब 1.30 बजे बापौली अनाज मंडी गेट के नजदीक बहरामपुर रोड पर स्थित खाद बीज की एक दुकान में गल्ले से 1 लाख 20 हजार रूपए की नगदी चोरी करना स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना बापौली में अतौलापुर गांव निवासी सुरेश पुत्र सेवाराम की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में अपनी पहचान फरमान पुत्र तौफिक व सद्दाम पुत्र नफीस निवासी अशोक विहार कॉलोनी के रूप में बताई।

**चोरी की अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में धूम रहे थे:** प्रभारी सब इंस्पेक्टर विरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसो की जरूरत पड़ी तो उन दोनों ने मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया मंगलवार शाम को वह चोरी की अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में पानीपत से बाइक पर बापौली आए थे। बाइक हनुमान चौक से करीब 100 मीटर पहले खड़ी कर दी थी और पैदल दुकानों को रेकी कर रहे थे। तभी पुलिस ने उन दोनों को काबू कर लिया। आरोपियों ने खाद बीज की दुकान में चोरी करने की वारदात में भी उक्त बाइक का प्रयोग किया था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर बुधवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के साथ चोरी की नगदी बरामद करने का प्रयास करेगी।

**एक आरोपी का पहले भी आपराधिक रिकार्ड:** आरोपी सद्दाम का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2023 में थाना समालखा में चोरी का एक अभियोग दर्ज है। आरोपी उक्त मामले में जेल से बेल पर आया हुआ है।

## मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण बने साईं भगत पति-पत्नी प्रिया व ललित लक्की

अर्थ प्रकाश/विनीत गर्ग

**कैथल, 31 दिसंबर।** मानव सेवा को ही साईं सेवा मानकर निरंतर कार्य कर रहे साईं भगत पति-पत्नी प्रिया व ललित 'लक्की' को हरियाणा के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नवीन मल्होत्रा द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा, करुणा और समर्पण भाव से किए जा रहे कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

श्री साईं रसोई सेवा समिति की अध्यक्ष प्रिया एवं उनके पति ललित लक्की प्रतिदिन प्रातः कड़ाके की सर्दी में भी शहर के श्रमिकों व मजदूरों को चाय-बिस्कुट वितरित कर सेवा कार्य में जुटे रहते हैं। इसी क्रम में आज उन्होंने नगर परिषद कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों को भी चाय-बिस्कुट वितरित कर उनका हौसला बढ़ाया।

वरिष्ठ पत्रकार नवीन मल्होत्रा ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता को मजबूत करते हैं। उन्होंने साईं रसोई संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था वास्तव में मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण है

प्रिया व ललित लक्की ने कहा कि साईं बाबा की कृपा से उन्हें यह अवसर मिलता है और आगे भी वे इसी तरह निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करते रहेंगे। सबका मालिक एक के संदेश के साथ साईं रसोई सेवा समिति निरंतर सेवा पथ पर अग्रसर है।

## छात्राओं को साइबर सुरक्षा और सुरक्षा उपायों के प्रति किया जागरूक

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 31 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत महिला सुरक्षा टीम की इन्चार्ज निरीक्षक मन्जु के नेतृत्व में आज गांव खाराखेडी स्कूल में छात्राओं के लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया सुरक्षित उपयोग और व्यक्तिगत सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

निरीक्षक मन्जु ने छात्राओं को इंटरनेट और सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, छात्राओं को यह भी समझाया गया कि न केवल ऑनलाइन बल्कि दैनिक जीवन में भी अपनी सुरक्षा के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है, जैसे अनजाने लोगों से संपर्क, घर से बाहर जाने पर सतर्कता और आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस या परिवार से संपर्क करना।

छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा एवं सुरक्षा संबंधी जागरूकता दिखाई। निरीक्षक मन्जु ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को सुरक्षित, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

फतेहाबाद पुलिस का उद्देश्य है कि नियमित रूप से शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता सत्र आयोजित कर छात्राओं को साइबर और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति सतर्क और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित किया जाए।

इस अभियान के माध्यम से फतेहाबाद पुलिस यह संदेश देती है कि सुरक्षा, जागरूकता और स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता हैं, और जिले के सभी छात्रों और छात्राओं तक यह संदेश पहुँचाने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

## प्रदर्शनी बच्चों की रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने में निभाती है अहम भूमिका : हरपाल तंवर

ज्ञानदीप सी. सै. स्कूल क्योड़क में भव्य विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन

प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना और व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना : नेहा तंवर

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**पुंडरी, 31 दिसंबर।** जिले के गांव क्योड़क स्थित ज्ञानदीप सी. सै. स्कूल में आज पैरेंट्स मीटिंग के साथ-साथ विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व लेक्चरर एवं भारत विकास परिषद क्योड़क शाखा के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर सुरेश शर्मा ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए प्रत्येक मॉडल को ध्यानपूर्वक देखा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दस चयनित मॉडलों के विद्यार्थियों को अपनी ओर से नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कठवाड़ उदासीन डेरे के महंत त्रिवेणी दास ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर बच्चों को आशीर्वाद दिया।

प्रदर्शनी में सैकड़ों विद्यार्थियों ने अपने विज्ञान, गणित, अंग्रेजी एवं कला से जुड़े मॉडल व प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने मानव हृदय, जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, वायु प्रदूषण, ज्वालामुखी, मिसाइल, आरओ, एटीएम, सोलर सिस्टम आदि विषयों पर जीवंत वर्किंग मॉडल बनाए, जिन्हें अभिभावकों ने खूब सराहा।

वहीं अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने हिंदी में संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण व विराम चिह्नों पर आधारित मॉडल, फुटबॉल, वॉलीबॉल व कबड्डी ग्राउंड, योगासन, चिड़ियाघर, हड़प्पा सभ्यता, अंग्रेजी एवं गणित के आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। उपस्थित माता-पिता ने बच्चों की रचनात्मकता और शिक्षकों के प्रयासों की जमकर प्रशंसा की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान, अंग्रेजी एवं गणित शिक्षकों की विशेष भूमिका रही। स्कूल प्रिंसिपल नेहा तंवर ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक हरपाल तंवर आर्य ने विज्ञान प्रदर्शनी के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी बच्चों की रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल यह दर्शाते हैं कि आज का छात्र केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान में भी आगे बढ़ रहा है। श्री आर्य ने शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही बच्चों की प्रतिभा निखरकर सामने आती है। उन्होंने अभिभावकों का भी आभार जताया, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रबंधक ने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक एवं रचनात्मक आयोजनों का निरंतर आयोजन करता रहेगा। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# नववर्ष 2026 : जश्न से नहीं, भक्ति से बने जीवन का सबसे अहम साल

नववर्ष 2026 को सेलिब्रेट करने के लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति में नए साल को लेकर काफी उत्साह देखने को मिलता है। 31 दिसंबर की रात से प्रारंभ होने वाला नववर्ष का जश्न कई दिनों तक चलता है। लोग नए साल पर जानना चाहते हैं कि वह क्या पहनें, क्या खाएं, कहां पार्टी करें, क्या गिफ्ट दें, क्या संकल्प लें, स्वस्थ कैसे रहें, बीमारियों से कैसे बचाव करें, कौन सी पुस्तकें पढ़ें, कहां की यात्रा करें आदि-आदि।

परंतु व्यक्ति नए साल की खुशी में अपने मनुष्य जीवन के मुख्य उद्देश्य को भूला होता है। आज हम आपको बताने वाले हैं कि इस नववर्ष को ज़िंदगी का सबसे अहम साल कैसे बनाएं और किन संकल्पों के साथ हम अपने मनुष्य जीवन के मूल उद्देश्य को पूरा कर सकते हैं। क्योंकि हम सभी जानते हैं कि यहां एक पल का भरोसा नहीं है कि कब किसके साथ कौन सी दुर्घटना घट जाए अर्थात यह लोक जश्न मनाने लायक नहीं है। यहां हर रोज लाखों बेगुनाह मारे जाते हैं यहां से तो भक्ति करके बस निकलने के बारे में विचार करना चाहिए।

जिस प्रकार आज का दिन समाप्त होने के पश्चात नया दिन यानी कल आता है और यह महीना समाप्त होने के पश्चात अगला महीना आता है ठीक इसी प्रकार निर्धारित 12 महीनों की समाप्ति के पश्चात एक वर्ष समाप्त होता है और नया वर्ष (नववर्ष) प्रारंभ होता है। बड़ी ही दिक्कतों, परेशानियों, बीमारियों, संघर्षों और थोड़ी सी खुशी और ढेर सारे ग़मों को झेलने के बाद आखिर 2025 भी समाप्त हो ही गया परंतु यह नया साल/नववर्ष सुकून भरा होगा या चुनौतियों भरा यह तो समय आने पर ही पता चलेगा।

ऐसा नहीं है कि नया साल हमेशा से ही 1 जनवरी से मनाया जाता रहा हो, 1582 से पूर्व नए साल की शुरुआत मार्च महीने से हुआ करती थी। प्रारंभिक रोमन कैलेंडर में 10 महीने और 304 दिन शामिल थे, परंपरा के अनुसार, यह रोम के संस्थापक रोमुलस द्वारा बनाया गया था। आठवीं शताब्दी ई.पू. बाद के राजा नुमा पोमपिलियस (पोंपिलस) ने रोम कैलेंडर में कुछ जरूरी बदलाव किये, जिससे जनूअरियस (जनवरी) और फियोरूरी (फरवरी) के महीनों को जोड़ने का श्रेय उन्हें दिया जाता है। 46 ई.पू. सम्राट जूलियस सीज़र ने अपने समय के सबसे प्रमुख खगोलविदों और गणितज्ञों के साथ परामर्श करके एक नया कैलेंडर बनाने का विचार किया। उन्होंने जूलियन कैलेंडर पेश किया, जिसमें 12 महीने और 365 दिन किये। यह कैलेंडर अधिक आधुनिक ग्रेगोरियन कैलेंडर जैसा दिखता है जो आज दुनिया भर के अधिकांश देश उपयोग करते हैं। सीज़र ने 1 जनवरी को वर्ष के पहले दिन के रूप में स्थापित किया।

बेबीलीयन कैलेंडर के अनुसार, नव वर्ष का यह दिन आमतौर पर 12 दिनों तक चलता था, जिसमें विभिन्न प्रकार की पूजा, रैलियां, और उत्सव होते थे। यह उत्सव देवताओं की कृपा प्राप्त करने के लिए था, ताकि वर्ष भर में अच्छी फसल और समृद्धि हो। बाद में, रोमन सम्राट जूलियस सीज़र ने अपने द्वारा बनाए गए जूलियन कैलेंडर के अनुसार 1 जनवरी को नए साल की शुरुआत का दिन घोषित किया, जो बेबीलोन की परंपराओं से प्रभावित था। यह दिन रोमन देवता जनुस को समर्पित था, जो द्वारों और नई शुरुआत का देवता था, और 1 जनवरी को नए साल का दिन घोषित करने का निर्णय सीज़र ने इसलिए लिया क्योंकि यह समय नए अवसरों और जीवन के नये रास्तों का प्रतीक था।

साल 1582 से पूर्व नया साल कभी 25 दिसंबर (यीशु के जन्म की सालगिरह) और कभी 25 मार्च (उत्सव का पर्व) जैसे धार्मिक महत्व के दिन को मनाया जाता था। वर्ष 1582 में पोप ग्रेगरी को जूलियस कैलेंडर में लीप वर्ष को लेकर कुछ गलती मिली, जिसके बाद एक नया कैलेंडर बनाया गया जिसे ग्रेगोरियन कैलेंडर के रूप में जाना जाता है। और पोप ग्रेगरी ने 1 जनवरी को वर्ष 1582 में नए साल के दिन के रूप में स्थापित किया।

नया साल आपको खुद को जानने, पहचानने और नए तरीके से जीवन को जीने का एक नया मौका देता है। इस नए साल में ऐसा संकल्प लीजिए कि जीवन जन्म सफल हो जाए और आपका यह साल आपके लिए हमेशा के लिए यादगार साल बन जाए। यह संसार अंगारों का घर है जहां विकार, काम वासना, लोभ, आलस, बीमारी, आकांक्षाएं और धन की कमी व अधिकता व्यक्ति को सदा विचलित रखते हैं। ऐसे में केवल एक ही शक्ति है जो आपको हर विकार, दुःख, तकलीफ, आपदा से बचा सकती है। वह है परमेश्वर। उस एक परमेश्वर की पहचान होना और उस एक परमेश्वर पर आपकी पक्की




## नववर्ष पर जानें मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य

हमारे धर्म शास्त्र बताते हैं कि मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य भक्ति करके भगवान को पाना है अर्थात जन्म मृत्यु से मुक्ति पाना है, पूर्ण मोक्ष प्राप्त करना हैं। पवित्र श्रीमद्भागवत गीता जी के अनुसार मनुष्य जीवन को मोक्ष का द्वार कहा गया है व मनुष्य जीवन पाने वाला व्यक्ति तत्वदर्शी संत से पूर्ण परमात्मा की जानकारी प्राप्त करके, नामदीक्षा लेकर व उसकी भक्ति करके मोक्ष को पा सकता है यानी पूर्ण परमात्मा के लोक में जा सकता है जहां सर्व सुख हैं यानी उस सुखमय स्थान पर जा सकता है जहां कभी किसी की मृत्यु नहीं होती और न ही कोई वृद्ध (बूढ़ा) होता, वहां पर न कोई राग द्वेष है और न ही किसी भी प्रकार का कोई विकार, न ही वहां पर किसी चीज की कोई कमी है।

उस सुखमय स्थान को सतलोक कहा गया है जो शाश्वत स्थान है। इस स्थान को प्राप्त करना ही पूर्ण मोक्ष कहलाता है। यहां जाने के बाद आत्मा कभी लौटकर इस संसार में नहीं आती इसलिये मनुष्य जीवन प्राप्त सभी पुण्यात्माओं को जन्म मरण का दीर्घ रोग समाप्त करवाने के लिए सतभक्ति करनी आवश्यक है।

आज संपूर्ण विश्व अनेक प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहा है। चारों ओर नशे, महामारी और जानलेवा बीमारियों का फैलाव है तथा कुरीतियां और विकार अपनी चरम सीमा पर हैं। लोगों का आपसी प्रेम समाप्त होता जा रहा है और धन को एकत्रित करने की दौड़ में हर इंसान लगा हुआ है। चारों तरफ रोगों का पहरा है कोई भी इंसान आज सुखी नज़र नहीं आता। इस दौड़ धूप में जीव अपने अस्तित्व को भूलता जा रहा है और अपने जीवन को केवल बर्बाद कर रहा है। विश्व के समक्ष मौजूद इन सभी चुनौतियों और विकारों को तत्वज्ञान के आधार से दूर किया जा सकता है।

तत्वज्ञान का अर्थ उस सच्चे और विशेष ज्ञान से होता है जो जीवन का आध्यात्मिक आधार है और सभी पवित्र सदग्रंथों में विद्यमान है। ऐसे तत्वज्ञान को तत्वदर्शी संत बताते हैं जो स्वंय पूर्ण परमात्मा ही होते हैं। तत्वज्ञान के आधार से जीवन व्यतीत करने वाला व्यक्ति ही वास्तविक रुप में जीवन के उद्देश्य से परिचित होता है और पूर्ण मोक्ष प्राप्ति के लिये पूर्ण परमात्मा की भक्ति करता है। केवल पूर्ण परमात्मा ही संपूर्ण विश्व के विकारों, चुनौतियों व समस्याओं को दूर कर सकता है। इसलिये मनुष्य को तत्वदर्शी संत की खोज करके उनके द्वारा बताए तत्वज्ञान को समझ कर पूर्ण परमात्मा की भक्ति करनी चाहिए जो सर्व सुख दायक है।

## नये वर्ष पर जानिए कैसे होगा सर्व दुःखों का अंत?

इस मृत्युलोक में जीव कर्म बंधनों से बंधा हुआ है और गलत व बुरे कर्मों के कारण जीव पर कष्ट आते हैं परंतु जब जीव पूर्ण परमात्मा की भक्ति तत्वदर्शी संत से प्राप्त करके विधिवत तरीके से करता है तो जीव को उसके गलत कर्म परेशान नहीं करते क्योंकि वह पूर्ण परमात्मा की भक्ति करने से कट जाते हैं अर्थात समाप्त हो जाते हैं। केवल पूर्ण परमात्मा की भक्ति करने से ही जीव सुखी हो सकता है और पूर्ण मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। पवित्र यजुर्वेद अध्याय 8 मंत्र 13 और ऋग्वेद मण्डल 10 सूक्त 161 मंत्र 2 में इस बात का प्रमाण भी है कि जो पूर्ण परमात्मा है वह साधक के सर्व दुखों को काट देता (समाप्त कर देता) है और यदि साधक मृत्यु के निकट है या उसकी मृत्यु भी हो गई हो तो पूर्ण परमात्मा अपने साधक की आयु भी बढ़ा देता है तथा उसके सारे पापों को क्षमा कर सकता है।

अक्षीभ्यां ते नासिकाभ्यां कर्णाभ्यां छुबुकादधि ।
यक्ष्मं शीर्षण्यं मस्तिष्काज्जिह्वाया वि वृहामि ते ॥
ऊँ ऋग्वेद मण्डल 10 सुक्त 163 मंत्र 1

अर्थात परमात्मा पाप कर्म से हमारा नाश करने वाले हर कष्ट को दूर कर विषाक्त रोग को काटकर हमारे नाक, कान, मुख, जिह्वा, शीर्ष, मस्तिष्क सभी अंग-प्रत्यंगों की रक्षा कर सकते हैं। ऋग्वेद मंडल 9 सूक्त 82 मंत्र 1, 2 और 3 में प्रमाण है कि परमेश्वर पापों का नाश करते हुए साधक को प्राप्त होते हैं तथा ऋग्वेद मण्डल 9 सूक्त 86 मंत्र 26 व 27 में प्रमाण है कि परमात्मा अपने भक्तों के विघ्नों (संकटों) को नष्ट करते हुए उन्हें प्राप्त होता है।

## मनुष्य जीवन बहुत ही ज़्यादा महत्वपूर्ण है



बदलाव प्रकृति का नियम है जिस प्रकार दिन बदलता है और नया दिन आता है इसी प्रकार वर्ष बदलता है और नये वर्ष का आगमन होता है। नया वर्ष नई ऊर्जा व उमंग का स्त्रोत होता है। जब तक मनुष्य जीवन है तब तक व्यक्ति मनुष्य जीवन के मूल उद्देश्य को जानकर उसको पाने का प्रयास कर सकता है इसलिए मनुष्य जीवन के मूल उद्देश्य को समझकर अपने जीवन को सफल बनाने के लिये तत्पर होना चाहिए।

मानुष जनम दुर्लभ है, ये मिले ना बारंबार।
जैसे तरुवर से पत्ता टूट गिरे, बहुर ना लगता डार।।

यानि जिस प्रकार एक पेड़ से पत्ता टूट कर नीचे गिर जाता है और वह पुनः उस पेड़ पर ज्यों का त्यों नहीं लग सकता, ठीक इसी प्रकार यह मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है यह बड़ी मुश्किल से 84 लाख प्रकार की योनियां भोगने के बाद मिलता है। यदि यह एक बार छूट गया तो फिर हाथ नहीं आएगा।

## कैसे मिलेगा जन्म मरण से सदा के लिए छुटकारा?



जीव को एक सबसे बड़ी बीमारी लगी हुई है जन्म मरण की, मनुष्य जन्म का मिलना फिर कुछ समय इस धरती पर बिताना और अचानक कभी भी मृत्यु हो जाना। यह जो जन्म मृत्यु का विधान बना हुआ है आखिर इससे छुटकारा कैसे पाया जा सकता है, इसकी संपूर्ण जानकारी तत्वदर्शी संत (पूर्ण संत) बताते हैं। मनुष्य जब पूर्ण संत से सतभक्ति विधि प्राप्त करके पूर्ण परमात्मा की भक्ति आरंभ करता है तो केवल उसी विधि से यह जीव इस जन्म मरण के चक्र से छुटकारा प्राप्त कर सकता है और उसका पूर्ण मोक्ष हो जाता है अर्थात वह उस अमर पद (स्थान) को प्राप्त कर लेता है जहां जाने के बाद साधक की कभी जन्म मृत्यु नहीं होती। उस सुखमय स्थान पर कोई दुःख नहीं है, न तो कोई वहां पर वृद्ध (बूढ़ा) होता है।

वहां बगैर किये ही सारे सुख और वैभव की प्राप्ति होती है, उस सुखमय स्थान को सतलोक कहते हैं जहां जीव वास्तव में अमरपद प्राप्त कर लेता है और मृत्युलोक (धरती) से छुटकारा हमेशा हमेशा के लिये पा लेता है तो हुआ न यह असली उत्सव का प्रारंभ और कभी न मिटने वाली खुशी की प्राप्ति।

इस क्षणभंगुर संसार में जहां आप जानवरों जैसी उछल कूद करने को नाचना, गाना, नशा करने को आज़ादी, आधे अधूरे कपड़े पहनने को आधुनिकता और जानवर का मांस खाने को कुछ भी खाने का हक़ और यात्रा करने को एंजायमेंट समझते हो, आपकी यह इच्छाएं आपको कहीं का नहीं छोड़ेगी। नए साल के आगमन पर ऐसी ऊल-जलूल हरकतें करने और अनगिनत इच्छाएं पालने से अच्छा है कि एंकात में बैठकर यह सोचिए कि ऐसा काम क्यों करना जिसको करने से न तो शरीर को कोई लाभ मिलेगा और न ही आत्मा को मुक्ति। पार्टी, जश्न, उत्सव, गेट टूगेदर, लंच-डिनर और देश-विदेश यात्रा को ही नए साल को मनाने की परिभाषा मान चुके लोगों को हम यह बताना चाहेंगे कि ज़िन्दगी का मकसद इसी शरीर में रहते हुए पहचान लीजिए क्योंकि आपका फायदा आपको खुद सोचना है। नए साल पर परमात्मा को पहचानने और विश्व विजेता संत रामपाल जी महाराज से जुड़ी भविष्यवाणियां जानने के लिए आप साधना चैनल पर प्रतिदिन शाम 7:30-8:30 बजे संत रामपाल जी महाराज के अनमोल अद्वितीय सत्संगों का श्रवण कीजिये और नए साल का शुभारंभ सत्संग सुनकर कीजिए।

# आखिर 1 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है नया साल, क्या है न्यू ईयर का इतिहास



नए साल की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन कोरोना महामारी ने लोगों के जश्न पर ग्रहण लगा दिया है। फिर भी नए साल के स्वागत के लिए लोग तैयार हैं और 1 जनवरी 2022 का इंतजार कर रहे हैं। कई लोग पुरानी यादों को छोड़कर नए साल में एक नई शुरुआत करने चाहते हैं। आईए जानते हैं कि आखिर 1 जनवरी को ही क्यों नया साल मनाया जाता है।

आपको जानकर हैरानी होगी कि पहले नया साल 1 जनवरी को नहीं मनाया जाता था। 1 जनवरी को नया साल मनाने की शुरुआत 15 अक्तूबर 1582 में हुई थी। पहले नया साल कभी 25 मार्च को, तो कभी 25 दिसंबर को लोग मनाते थे। रोम के राजा नूमा पोंपिलस ने रोमन कैलेंडर में बदलाव कर दिया जिसके बाद जनवरी को साल पहला महीना माना गया। इससे पहले मार्च को साल का पहला महीना कहा जाता था। मार्च का नाम मार्स ग्रह पर रखा गया है। मार्स यानी मंगल ग्रह को रोम में लोग युद्ध का देवता मानते हैं। सबसे पहले जिस कैलेंडर को बनाया गया था उसमें सिर्फ 10 महीने होते थे। ऐसे में एक साल में 310 दिन होता था और 8 दिन का एक सप्ताह माना जाता था।

बताया जाता है कि रोमन शासक जूलियस सीजर ने कैलेंडर में बदलाव किया। सीजर ने ही 1 जनवरी से नए साल की शुरुआत की थी। जूलियस द्वारा कैलेंडर में बदलाव करने के बाद साल में 12 महीने कर दिए गए। जूलियस सीजर ने खगोलविदों से मुलाकात की, जिसके बाद पता चला कि धरती 365 दिन और छह घंटे में सूर्य की परिक्रमा करती है। इसको देखते हुए जूलियन कैलेंडर में साल में 365 दिन कर दिया गया।

पोप ग्रेगरी ने साल 1582 में जूलियन कैलेंडर में लीप ईयर को लेकर गलती खोजी थी। उस समय के मशहूर धर्म गुरू सेंट बीड ने बताया कि एक साल में 365 दिन, 5 घंटे और 46 सेकंड होते हैं। इसके बाद रोमन कैलेंडर में बदलाव किया गया और नया कैलेंडर बनाया गया। तब से ही 1 जनवरी को नया साल मनाया जाने लगा।

## नववर्ष 2026 हर नया साल, एक नई उम्मीद, नए संकल्प और नए अवसर




हम नए साल की दहलीज पर खड़े हैं। हमारे लिए हर दिन नया है, हर साल नया है और हर नया साल एक नई उम्मीद, नया संकल्प और नये अवसर लेकर आता है। यह वह समय होता है जब हम अपने अतीत को पीछे छोड़कर भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हैं। यह न केवल समय की एक और परिभाषा है, बल्कि हमारे भीतर छुपे उन अनगिनत संभावनाओं और सपनों की शुरुआत भी है, जिन्हें हम अब साकार करने का दृढ़ संकल्प लेते हैं। नए साल की दस्तक के साथ, हम हर दिन को एक नए अवसर के रूप में अपनाते हैं, जो हमें न केवल अपनी खुशियों को संजोने बल्कि अपनी जिंदगी को और बेहतर बनाने की प्रेरणा भी देता है।


आप सभी देशवासियों को
नववर्ष
2026
लोहड़ी व
मकर संक्रांति
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
माईराम कौशिक
वरिष्ठ नेता, भाजपा
अशोक भारद्वाज
जिलाध्यक्ष, सोनीपत
मनोज त्यागी
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा
अजय दहिया
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा
नीरज ठरु
जिला महामंत्री, भाजपा
पंडित मोहन लाल बड़ौली
प्रदेश अध्यक्ष
हरियाणा भाजपा


आप सभी को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सरिता-राकेश
जिला पार्षद, नाथुपुर (राई)


HRERA-PKL-SNP-258-2021 DATED 03.09.2021
HRERA-PKL-SNP-259-2021 DATED 02.09.2021
PROMOTER NAME: RAMA KRISHNA BUILDWELL PVT LTD
WWW.HARYANARERA.GOV.IN
Divine Group
we build with a vision
NH-1, GANAUR, SONEPAT, HARYANA
Divine Group
we build with a vision
RESIDENTIAL
COMMERCIAL
HOSPITALITY
5 projects delivered
90 ACRES area delivered
1100 happy families residing
100 ACRES area to be delivered
DIVINE CITY
Integrated Township
PRESIDIA HEIGHTS
High-Rise Luxury Apartment
THE DESTINATION
High-Street Commercial
नववर्ष 2026 लोहड़ी व मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
Location Advantages
• Direct excess from NH-1
• 5 Minutes from International Horticulture Market
• 10 Minutes from Omaxe, Eldeco and Ansal Township
• 20 Minutes from Delhi Border
नववर्ष 2026 लोहड़ी व मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
For More Information Call: 704-2360-777
Divine Group
we build with a vision
Corporate Office: B-79, Wazirpur Industrial area, Delhi -110052
Site Office: Divine City, NH-1, Ganaur, Sonepat, Haryana
*T&C apply

# छाती में दर्द के हो सकते हैं कई कारण इस तरह कर सकते हैं आप बचाव

पसलियों में चोट जैसे खरोंच आना, टूटना या फिर फ्रैक्चर होने पर भी व्यक्ति छाती में दर्द का अनुभव करता है। जब व्यक्ति की पसली चोटिल होती है तो उसके कारण व्यक्ति को असहनीय दर्द व पीड़ा का अनुभव होता है और कभी-कभी इससे छाती में भी दर्द होता है।

ठंड का मौसम हृदय रोगियों के लिए घातक माना जाता है। इस मौसम में अकसर हृदय संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं और कई लोगों की ठंड बढ़ने पर छाती में दर्द की समस्या भी हो सकती है। जब कभी छाती में दर्द की समस्या बढ़ती है तो इसे हार्ट अटैक समझ लिया जाता है, परंतु वास्तव में अन्य कई कारणों के चलते भी सीने में दर्द की समस्या होती है।



**मांसपेशियों में खिंचाव :** हर बार छाती में दर्द का संबंध हृदय से नहीं जुड़ा होता। कई बार मांसपेशियों में सूजन व पसलियों के आसपास टेंडन्स के कारण भी सीने में दर्द की समस्या हो सकती है। वहीं अगर यह दर्द काफी हद तक बढ़ जाए तो यह मांसपेशियों में खिंचाव का भी लक्षण हो सकता है।

**पसली का चोटिल होना :** पसलियों में चोट जैसे खरोंच आना, टूटना या फिर फ्रैक्चर होने पर भी व्यक्ति छाती में दर्द का अनुभव करता है। दरअसल, जब व्यक्ति की पसली चोटिल होती है तो उसके कारण व्यक्ति को असहनीय दर्द व पीड़ा का अनुभव होता है और कभी-कभी इससे छाती में भी दर्द होता है।

**पेप्टिक अल्सर :** आमतौर पर, पेट की परत में घाव को ही पेप्टिक अल्सर कहा जाता है। हालांकि इससे तीव्र दर्द नहीं होता लेकिन फिर भी यह छाती में दर्द पैदा कर सकते हैं। दरअसल, पेट में अल्सर और गैस्टिक जब ऊपर छाती की तरफ जाती है तो इससे छाती में दर्द होता है। इससे निजात पाने के लिए दवाइयों का सहारा लिया जा सकता है।

**अस्थमा :** सर्दी का मौसम अस्थमा रोगियों के लिए तकलीफदेह माना जाता है क्योंकि इस मौसम में उनकी समस्या बढ़ जाती है। इतना ही नहीं, अस्थमा के चलते सीने में दर्द की शिकायत का भी व्यक्ति को सामना करना पड़ सकता है। अगर आपको सीने में दर्द के साथ-साथ सांस लेने में तकलीफ, खांसी, आवाज में घरघराहट हो तो यह अस्थमा के कारण हो सकता है।

**फेफड़ों में परेशानी :** जब फेफड़ों और पसलियों के बीच की जगह में हवा बनती है तो फेफड़ों में समस्या उत्पन्न होती है और जिससे सांस लेते समय अचानक सीने में दर्द होने लगता है। इतना ही नहीं, इस स्थिति में व्यक्ति को सांस लेने में तकलीफ, थकान व हृदय गति के बढ़ने का भी अनुभव होगा।

**एसोफैगल सकुंचन विकार:** एसोफैगल संकुचन विकार वास्तव में भोजन नली में ऐंठन या सूजन को कहा जाता है। इन विकारों के चलते भी व्यक्ति को सीने में दर्द होता है। एसोफैगसे वह नली है जो गले से पेट तक जाती है। एसोफैगस जहां पेट से जुड़ती है, वहां पर इसकी परत की एक अलग प्रकार की कोशिकीय बनावट होती है और उसमें विभिन्न केमिकल्स का रिसाव करने वाली अन्य कई तरह की संरचनाएं होती हैं। कभी-कभी जब इनमें समस्या होती है तो व्यक्ति को छाती में दर्द का अनुभव होता है।

**निमोनिया :** निमोनिया जैसे फेफड़ों के संक्रमण से सीने में तेज दर्द होता है। निमोनिया होने पर व्यक्ति को सीने में दर्द तो होता है ही, साथ ही बुखार, ठंड लगना और बलगम वाली खांसी की शिकायत भी होती है।

# बढ़ती तोंद ने कर दिया है परेशान तो अवश्य करें यह योगासन



मोटापा आज के समय में एक महामारी का रूप ले चुका है। भारत में चाहे बच्चे हों या बड़े, पुरूष हों या महिला, हर कोई इसकी जद में आ चुका है। कुछ लोग तो मोटापे से निजात पाने के लिए डाइटिंग, दवाइयां या अन्य कई तरह के तरीके अपनाते हैं लेकिन बहुत अधिक लाभ नहीं होता। अगर आपका नाम भी ऐसी ही लिस्ट में शुमार है तो आप कुछ योगासनों का अभ्यास करके अपने वजन को बेहद आसानी से नियंत्रित कर सकते हैं।


**ताड़ासनः** ताड़ासन सिर्फ लम्बाई बढ़ाने में ही मददगार नहीं है, बल्कि योगासन के प्रारंभ में इसका अभ्यास किया जा सकता है क्योंकि इससे पूरे शरीर की स्ट्रेचिंग होती है और व्यक्ति का शरीर व्यायाम के लिए तैयार होता है। साथ ही साथ इससे मोटापा कम करने में भी मदद मिलती है।

इसके अभ्यास के लिए सर्वप्रथम दोनों पैरों को मिलाकर सीधे खड़े हो जाएं। अब दोनों हाथों को कंधे की सीध में फैलाएं और फिर ऊपर की ओर उठाएं। इस स्थिति में आपके हाथ ऊपर की ओर तने हुए हों और आपके एड़ी भी जमीन से ऊपर हों। अब पंजों पर बल देते हुए शरीर को ऊपर की ओर खींचे। इस दौरान शरीर का सारा भार पंजों पर ही हो। कुछ क्षण इस स्थिति में रूकने के बाद सामान्य अवस्था में लौट आएं।

**पादहस्तासनः** पादहस्तासन का अभ्यास करने के दौरान पेट के सभी अंगों का मसाज होता है, जिससे पाचन क्रिया बेहतर तरीके से काम करती है। पेट बढ़ने की एक मुख्य वजह पाचन क्रिया का सही तरह से काम न करना भी होता है। इसलिए पेट को कम करने के लिए पादहस्तासन का अभ्यास अवश्य किया जाना चाहिए। इस आसन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर दोनों पैरों को आपस में मिला लें। अब सांस भरते हुए हाथों को ऊपर उठाएं। याद रखें कि इस दौरान कंधे कानों से सटे हों। अब सांस बाहर छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और माथे को घुटनों के बीच में लगाने की कोशिश करें लेकिन इस प्रक्रिया में घुटने को बिल्कुल भी न मोड़ें। अब जितनी देर संभव हो, इस स्थिति में रहें और फिर वापिस सामान्य अवस्था में लौट आएं।

**धनुरासनः** धनुरासन पेट कम करने के साथ-साथ कब्ज व थॉयराइड के मरीजों के लिए भी बेहद लाभकारी है। यह न सिर्फ पेट व पीठ को मजबूती देता है, बल्कि उनके शरीर में लचीलापन भी बढ़ाता है। धनुरासन का अभ्यास करने के लिए पेट के बल लेट जाएं। अब घुटनों को मोड़ते हुए कमर के पास लेकर आएं और टखनों को हाथों की मदद से पकड़ने का प्रयास करें। इस अवस्था में अपनी छाती को भी जमीन से ऊपर उठाएं व चेहरे को सामने की तरफ रखें। इस तरह शरीर एक धनुष की भांति दिखाई देता है। कुछ क्षण इस अवस्था में रहने के बाद वापिस लौट आएं।

# गाय के दूध से दिमाग तेज़ होने साथ ही दूर होती है बच्चों की गैस की समस्या



आजकल शहरों में ज़्यादतर माएं बच्चों को पैकेट का ही दूध पिलाती हैं क्योंकि कई जगह गाय का शुद्ध दूध उपलब्ध नहीं होता और जहां उपलब्ध होता भी है तो मांओं को लगता है कि उनके बच्चे के लिए पैकेट का ही दूध सही है, उन्हें गाय के दूध के गुण और फायदों के बारे में जानकारी नहीं होती है।

गाय का दूध बहुत पौष्टिक होता है और एक साल का होने के बाद आप अपने बच्चे को यह दूध पिला सकती हैं। गाय के दूध में आयरन की भरपूर मात्रा होती है इसलिए उसे पीने से बच्चों को एनिमिया का खतरा नहीं रहता। इसके अलावा इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, विटामिन बी12, विटामिन बी2 भी होता है।

**मानसिक विकास :** छोटे बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए गाय का दूध बहुत ज़रूरी है। रोज़ाना गाय का दूध पीने से आपका बच्चा बुद्धिमान और स्मार्ट बनेगा।

**नहीं होती गैस की समस्या :** छोटे बच्चों को गैस की समस्या भी बहुत होती है, ऐसे में उन्हें गाय का दूध पिलाएं। इससे पेट ठीक रहेगा और गैस की परेशानी नहीं होगी। दूध में थोड़ा-सा शक्कर मिलाकर बच्चे को पिलाएं।

**पाचन शक्ति ठीक रहती है :** बच्चों को अक्सर डाइजेशन से संबंधित समस्याएं होती हैं ऐसे में उनके लिए गाय का दूध बहुत अच्छा रहता है। बच्चों को दस्त होने पर भी गाय के दूध में एक चुटकी दालचीनी मिलाकर पिलाने से फायदा होता है।

**आंखों की रोशनी बढ़ती है :** गाय के दूध में कैरोटीन भी होता है जो बच्चों की आंखों की रोशनी बढ़ाने में मददगार है।

**रिकेट्स या सूखा रोग दूर करने में मददगार :** जिन बच्चों को रिकेट्स या सूखा रोग हुआ हो उनके लिए गाय का दूध बहुत फायदेमंद होता है। इस बीमारी में बच्चों को गाय के दूध के साथ ही बादाम खिलाने से भी फायदा होता है, इससे बच्चों की रक्त कोशिकाएं बढ़ती हैं।

**हड्डियां मजबूत बनाता है :** गाय का दूध बहुत हल्का होता है जिससे यह आसानी से पच जाता है और बच्चों के इम्यून सिस्टम को मज़बूत बनाता है। बीमारियों से बचाने के साथ ही गाय का दूध पीन से हड्डियां भी मजबूत बनती हैं। गाय का दूध बच्चों के साथ ही बड़े-बुजुर्गों के लिए भी बहुत पौष्टिक होता है। इसलिए बच्चों के साथ ही खुद भी रोज़ाना गाय के दूध का सेवन करें।

# दिन में थोड़ी देर सो लेने से सेहत को होते हैं कई बहुत बड़े फायदे

वास्तव में दिन के समय कुछ देर के लिए लिया गया नैप सेहत के लिए कई मायनों में लाभदायक भी होता है। बहुत से लोगों को दिन में सोने की आदत होती है और लोग इसे बुरा मानते हैं। महिलाओं के अतिरिक्त अक्सर पुरूष भी ऑफिस में उबासियां या झपकी लेते हुए दिख जाते हैं। लेकिन वास्तव में दिन के समय कुछ देर के लिए लिया गया नैप सेहत के लिए कई मायनों में लाभदायक भी होता है।



**मेमोरी को करे बूस्टअप :** दिन के समय कुछ देर के लिए लिया गया नैप मस्तिष्क की कार्यक्षमता में वृद्धि करने का काम करता है। दिन में अगर 20 से 30 मिनट तक नैप लिया जाए तो इससे याददाश्त व एकाग्रता बढ़ती है।

**नसों को करे शांत :** जब आप दिन में कुछ देर के लिए सोते हैं तो इससे दिमाग शांत होता है। आमतौर पर, जिन लोगों को ज्यादा गुस्सा आता है, उन्हें दिन में कुछ देर के लिए अवश्य सोना चाहिए। दिन में सोने की आदत सिर्फ गुस्से ही नहीं, डर या अन्य तरह के भावों को भी नियंत्रित करने का काम करती है।

**बढ़ाएं क्रिएटिविटी :** शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन दिन में सोने की आदत मनुष्य की रचनात्मकता पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। दिन में कुछ देर सोने से जब नसें शांत होती हैं तो व्यक्ति का मस्तिष्क बेहतर तरीके से काम करता है, जिससे क्रिएटिव थिंकिंग व संज्ञानात्मक प्रोसेसिंग को भी बढ़ावा मिलता है।

**ब्लडप्रेशर करे नियंत्रित:** दिन के समय में सोना ब्लडप्रेशर को नियंत्रण में रखने का एक आसान तरीका है। वैज्ञानिक अध्ययनों से भी यह बात साबित हुई है कि रक्तचाप के रोगियों के दिन में सोने से ब्लडप्रेशर काफी हद तक नियंत्रित होता है।

**पाचन शक्ति बनाए बेहतर :** दिन में सोने से पाचन शक्ति बेहतर होती है। इसलिए दिन में कुछ देर आराम अवश्य करें। हालांकि इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि खाना खाने के तुरंत बाद न लेटें। इससे भोजन के पचने में समस्या उत्पन्न हो सकती है।

**इनके लिए है घातक :** जहां दिन में सोना सेहत के लिए लाभकारी माना गया है, वहीं कुछ लोगों को दिन में सोने से बचना चाहिए। सबसे पहले तो मोटापे से ग्रस्त लोगों के लिए दिन में सोना उचित नहीं होता। वहीं अगर कोई व्यक्ति इनसोमनिया से पीड़ित है तो भी दिन में नैप न लें। इससे रात को नींद आने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

# गले की हर तरह की समस्या को दूर कर देते हैं गरारे

गले की किसी भी तरह की समस्या होने पर अक्सर गरारे करने की सलाह दी जाती है। गले में खराश या अन्य तरह की परेशानी होने पर लोग गर्म पानी से गरारे करते हैं या फिर गर्म पानी में नमक डालकर। सिर्फ नमक ही गले को आराम नहीं पहुंचाता बल्कि इसके अतिरिक्त भी कई तरह से गरारे किए जा सकते हैं।

**पुदीने का पानीः** पुदीने में पाया जाने वाला मेन्थॉल न सिर्फ गले को आराम पहुंचाता है, बल्कि बंद नाक को खोलने में भी मदद करता है। इसकी एंटीसेप्टिक प्रॉपर्टीज बैक्टीरिया को दूर करने में मदद करती है। इसके इस्तेमाल के लिए एक कप उबलते पानी में दो से तीन पेपरमिंट टी बैग्स डालें या फिर पुदीने की पत्तियों का इस्तेमाल करें। अब इसे ठंडा होने दें और फिर इस गुनगुने पानी की मदद से गार्गिल करें।

**अदरक का पानी :** अगर किसी व्यक्ति को गले में खराश के साथ-साथ सूजन भी है तो उसे अदरक के पानी से गरारे करने चाहिए। दरअसल, इसके एंटी-इंफलेमेटरी गुण गले की सूजन को कम करने के साथ-साथ इंफेक्शन को दूर करके गले को आराम पहुंचाते हैं। आप चाहें तो गुनगुने पानी में अदरक का पाउडर मिलाकर गरारे करें या फिर पानी में अदरक उबालें और जब वह पानी गुनगुना रह जाए तो उससे गरारे करें।

**नमक का पानीः** नमक के पानी से गरारे करने का तरीका बेहद पुराना है।



नमक में पाए जाने वाले एंटीसेप्टिक और एंटी-बैक्टीरियल गुण गले की खराश को दूर करने के साथ-साथ काफी आराम पहुंचाता है। इसके इस्तेमाल के लिए एक गिलास गुनगुने पानी में नमक मिलाएं और फिर उस पानी से गरारे करें।

**हल्दी का पानी :** हल्दी के औषधीय गुणों से तो हर कोई वाकिफ है। चोट लगने से लेकर कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने पर हल्दी का सेवन करने की सलाह दी जाती है। इसके प्रयोग के लिए एक गिलास गुनगुने पानी में चुटकीभर हल्दी मिलाएं और फिर उस पानी से गार्गिल करें।

**सेब का सिरका :** आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन सेब के सिरके के पानी से गार्गिल करने पर भी गले की समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। दरअसल, सेब के सिरके में भी एंटी-बैक्टीरियल गुण जाते हैं जो बैक्टीरिया को दूर करके गले को आराम पहुंचाते हैं। इसके लिए आधा गिलास गर्म पानी में एक चम्मच सेब का सिरका मिलाएं और दिन में दो बार गरारे करें। आपको काफी आराम महसूस होगा।

# रोजाना एक कप ग्रीन टी पीने से शरीर में होते हैं यह बड़े बदलाव

ग्रीन टी को अगर डायबिटीक लोगों के लिए वरदान कहा जाए तो गलत नहीं होगा। इसमें मौजूद पॉलीफेनोल्स शरीर में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करते हैं। जिससे डायबिटीज का खतरा भी कम होता है। आज के समय में हर व्यक्ति अपनी हेल्थ के प्रति अधिक सचेत हो गया है और शायद यही कारण है कि व्यक्ति व्यायाम से लेकर खान-पान तक हर चीज में अधिक सजगता बरतने लगा है। वर्तमान में, लोग ऐसे खाद्य सामग्री व पेय पदार्थों को डाइट में शामिल करते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हों। ऐसा ही एक स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ मानी गई है ग्रीन टी। यूं तो ग्रीन टी को हमेशा ही वजन कम करने से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन इसके अतिरिक्त भी ग्रीन टी के कई लाभ हैं।



**मुंह के लिए लाभदायक :** यह बात बहुत कम लोग ही जानते हैं कि ग्रीन टी का सेवन ओरल हेल्थ के लिए बेहद लाभकारी है। इसका सेवन करने से पेरियोडोंटल, बैक्टीरियल प्लॉक आदि को नियंत्रित होता है। जिससे दांतों या मसूड़ों की बीमारी नहीं होती। साथ ही इसमें मौजूद फ्लोराइड दांतों को खराब होने से बचाता है।

**वजन करे कम :** ग्रीन टी का सेवन करने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्टअप होता है, जिससे वजन कम करने में सहायता मिलती है। इसके अतिरिक्त इसमें कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो फैट बर्निंग प्रोसेस को तेज करते हैं और वजन जल्द कम होने लगता है।

मधुमेह रोगियों के लिए वरदान : ग्रीन टी को अगर डायबिटीक लोगों के लिए वरदान कहा जाए तो गलत नहीं होगा। इसमें मौजूद पॉलीफेनोल्स शरीर में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करते हैं। जिससे डायबिटीज का खतरा भी कम होता है। साथ ही इसमें पाए जाने वाले एंटी-डायबिटीक तत्व मधुमेह रोगियों को कई मायनों में लाभ पहुंचाते हैं।

**मजबूत करे इम्युन सिस्टम :** ग्रीन टी शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर व्यक्ति को बीमारियों से लड़ने के लिए सक्षम बनाता है। ऐसा इसमें मौजूद कैटेकिन के कारण होता है। चूंकि ग्रीन टी व्यक्ति के इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाती है, जिसके कारण ऑटोइम्युन रोगों के होने की संभावना कई गुना कम हो जाती है।

**बेहतर होगा पाचन तंत्र :** शरीर की पूरी कार्यप्रणाली कहीं न कहीं पाचन तंत्र से जुड़ी है। अगर इसमें समस्या होती है तो व्यक्ति कई तरह के रोगों से घिर जाता है। लेकिन ग्रीन टी में पाए जाने वाले एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन बी, सी और ई पाचन तंत्र को सही तरह से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

# ज्यादा पतले-दुबले लोग भी हो सकते हैं मधुमेह का शिकार

एक आम धारणा है कि मोटापे से ग्रस्त लोग मधुमेह का शिकार ज्यादा होते हैं, लेकिन भारतीय लोगों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि सामान्य वजन वाले दुबले-पतले लोग भी टाइप-2 मधुमेह का शिकार हो सकते हैं। पश्चिमी देशों में मधुमेह सामान्यतः अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त लोगों को होता है। वहीं, भारत में मधुमेह के 20 से 30 प्रतिशत मरीज मोटे नहीं होते, बल्कि इनमें अत्यधिक दुबले-पतले लोग भी शामिल रहते हैं। इस नए अध्ययन से अब यह मिथक टूट गया है कि सिर्फ मोटापा बढ़ने से ही मधुमेह हो सकता है।

टाइप-2 डायबिटीज इंसुलिन के प्रतिरोध से होता है। ग्लूकोज को रक्त प्रवाह से हटाकर कोशिकाओं में स्थापित करने के लिए इंसुलिन हार्मोन संकेत भेजता है। शरीर में मौजूद मांसपेशियां, फैट एवं यकृत जब इन संकेतों के खिलाफ प्रतिरोधी प्रतिक्रिया देते हैं तो इंसुलिन प्रतिरोध की स्थिति पैदा होती है। इंसुलिन प्रतिरोध से ही मधुमेह होता है, जिसे डॉक्टरी भाषा में टाइप-2 डायबिटीज मेलेटस (डीएम) या फिर टी2डीएम कहते हैं।

इस अध्ययन में 87 मधुमेह रोगियों (67 पुरुष और 20 महिलाओं) के इंसुलिन के साथ सी-पेप्टाइड के स्तर को भी मापा गया है। अग्न्याशय में इंसुलिन का निर्माण करने वाली बीटा कोशिकाएं सी-पेप्टाइड छोड़ती हैं। सी-पेप्टाइड 31 एमिनो एसिड युक्त एक पॉलीपेप्टाइड होता है। सी-पेप्टाइड शरीर में रक्त शर्करा को प्रभावित नहीं करता। पर, डॉक्टर यह जानने के लिए इसके स्तर का पता लगाते हैं कि शरीर कितनी इंसुलिन का निर्माण कर रहा है।

इस अध्ययन से यह भी पता चला है कि सी-पेप्टाइड का स्तर इंसुलिन के स्तर की तुलना में अधिक स्थिर होता है, जो बीटा कोशिकाओं की प्रतिक्रिया के परीक्षण की सुविधा प्रदान करता है। मरीजों के शरीर में



वसा के जमाव, पेट की चर्बी और फैटी लिवर जैसे लक्षण देखने को मिले हैं, जो आमतौर पर बाहर से दिखाई नहीं देते हैं।

शोध में सामान्य वजन (25 से कम बीएमआई) और दुबले (19 से कम बीएमआई) भारतीयों के शरीर में वसा का उच्च स्तर, लिवर एवं कंकाल मांसपेशियों में अतिरिक्त वसा मापी गयी है। मधुमेह रोगियों के शरीर और आंत में उच्च वसा के स्तर के साथ-साथ इंसुलिन और सी-पेप्टाइड का स्तर भी अधिक पाया गया है। जबकि, प्रतिभागियों की मांसपेशियों का द्रव्यमान बेहद कम पाया गया है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इस तरह लोगों के लिवर और अग्न्याशय में छिपी वसा कम उम्र में भी इंसुलिन प्रतिरोध को बढ़ावा देकर मधुमेह को दावत दे सकती है। इंसुलिन सक्रियता बढ़ाने वाली दवाओं के उपयोग और वजन कम करने के तौर-तरीके अपनाने से ऐसे मरीजों को फायदा हो सकता है। इस अध्ययन का नेतृत्व कर रहे फॉर्टिस-सीडॉक के चेयरमैन डॉ. अनूप मिश्रा ने इंडिया साइंस वायर को बताया कि भारतीय लोगों में आमतौर पर सामान्य वजन के बावजूद उच्च शारीरिक वसा और मांसपेशियों का द्रव्यमान कम होता है। उनका मोटापा बाहर से देखने पर भले ही पता न चले, लेकिन चयापचय से जुड़े महत्वपूर्ण अंगों, जैसे- अग्न्याशय और लिवर में वसा जमा रहती है। ऐसी स्थिति में इंसुलिन हार्मोन अपनी भूमिका ठीक से नहीं निभा पाता और रक्त शर्करा का स्तर बढ़ने लगता है। शोधकर्ताओं में डॉ. अनूप मिश्रा के अलावा, शाजित अनूप, सूर्य प्रकाश भट्ट, सीमा गुलाटी और हर्ष महाजन शामिल थे।


आप सभी को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
जसबीर दोदवा
पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, सोनीपत


समस्त देशवासियों को
नववर्ष
2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक : सियानन्द त्यागी हल्का अध्यक्ष जे.जे.पी. गन्नौर


आप सभी को
नववर्ष
2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति की
हार्दिक शुभकामनाएं
नवीन शर्मा
(एडवोकेट)


आप सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुंडू
SHRI KRISHNA MANAGEMENT
ALL KIND OF LABOUR CONTRACTOR
Plot No. 189, Sector Shri Ram Residency, Sonipat


समस्त देशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
बजरंगी प्रोपर्टीज
बजरंगी प्रोपर्टीज मुरथल, नजदीक राय हस्पताल
M. 9813123054, 9813123702


आप सभी को
नववर्ष
2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति की
हार्दिक शुभकामनाएं
महेश त्यागी, सरपंच घसौली
एमिनेंट पर्सन, सीएम विंडो


आप सभी को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की हार्दिक शुभकामनाएं
रामशरण शर्मा ताजपुर (M) 9813836772


आप सभी को नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
रजनीश त्यागी
ठेकेदार


समस्त देशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति की
सोनू त्यागी
हार्दिक शुभकामनाएं
मंगला वैष्णों ढाबा


आप सभी को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
देवेन्द्र कादियान
विधायक, गन्नौर
अंकित मल्होत्रा
पूर्व पार्षद
नगरपालिका, गन्नौर


आप सभी को
नववर्ष 2026
अभय सिंह चौटाला
लोहड़ी व मकर संक्रांति की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश त्यागी
पूर्व हल्का अध्यक्ष, गन्नौर
इ.ने.लो. पार्टी


समस्त देशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र शर्मा सरपंच प्रतिनिधि ताजपुर


आप सभी को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सोमबीर शास्त्री जिला सह-मीडिया प्रभारी, सोनीपत


आप सभी को
नववर्ष
2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति की
हार्दिक शुभकामनाएं
भगता ठेकेदार, बड़ौली
M. 9813973029, 9991241741


आप सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुन्दर सरपंच शाहपुर तगा


आप सभी को नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की हार्दिक
शुभकामनाएं
बबीता कौशिक
त्रिभुवन कौशिक


आप सभी को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति की
हार्दिक शुभकामनाएं
आजाद सिंह नेहरा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, हरियाणा


समस्त देशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति की
हार्दिक शुभकामनायें
सुरेन्द्र पंवार
पूर्व विधायक, सोनीपत


आप सभी देशवासियों को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज कुमार ठरू


आप सभी को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
नितिन कौशिक
नीलम कौशिक
पार्षद नगरपालिका कुंडली


आप सभी को
नववर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सोनिया मोर